छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY
रायपुर, रविवार, 10 दिसंबर 2023
वर्ष - 65 | अंक -235 | पृष्ठ - 12
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in ताजी खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

चुनाव में हार से पार्टी के मोल-भाव की शक्ति कम नहीं होगी : कांग्रेस पृष्ठ 2

मड़ई
▸ बिगड़े झन लोक गीत-संगीत : जयंती यादव पृष्ठ 6

▸ भारत अब द. अफ्रीका में भी जीत का सिलसिला जारी रखने को बेताब जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा पर दो मैच की पाबंदी पृष्ठ 8

देश विदेश
▸ सबसे बड़े शहर खान यूनिस को घेर रहा इजराइल
▸ भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट कैनसस प्रांतीय सीनेट के लिए एक बार फिर मैदान में
▸ यूएई के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाया वीटो पृष्ठ 7

सार संक्षेप

दिव्यांगजन को सहानुभूति नहीं, मान्यता का पात्र मानना चाहिए : धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति का पात्र नहीं बल्कि उन्हें उनके ज्ञान, योग्यता, शुक्रवार और विशेषज्ञता के लिए मान्यता का पात्र माना जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा, एक ऐसा इको-सिस्टम बनाने की आवश्यकता है जिससे हम अपने दिव्यांग जनों को सशक्त बना सकें जिनके पास अपार प्रतिभा है। विकलांगता मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक चुनौतियों के दायरे तक फैली हुई है। वे गुरुग्राम में विकलांगता पर 10 वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सुकमा में बीस नक्सलियों ने किया समर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के अति नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में एक साथ 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें पाँच महिलाएं शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण कर पुनर्वास योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इसी कड़ी में इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 3.59 करोड़ का नामांकन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत 3.59 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का नामांकन किया गया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की संसद में रखी एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में इस योजना के प्रारंभ होने से लेकर दो दिसंबर 2023 तक 3.21 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 14,428.35 करोड़ रुपये से अधिक के मातृत्व लाभ वितरित किए गए हैं। इसमें केंद्र और राज्य दोनों के हिस्से शामिल हैं।

दिल्ली से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के वसंत कुंज के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि दोनों की पहचान हरियाणा के मूल निवासी अनीश (23) और 15 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों जबरन वसूली के लिए दक्षिण दिल्ली इलाके में एक प्रसिद्ध पांच सितारा होटल के पास गोलीबारी करने जा रहे थे।

सरकार के छह सलाहकारों को बर्खास्त किया

हैदराबाद। पद संभालने के तीन दिन के भीतर एक और महत्वपूर्ण फैसले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सरकार के छह सलाहकारों को बर्खास्त कर दिया है। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने एक सरकारी आदेश जारी कर तीन मुख्य सलाहकारों और तीन सलाहकारों की नियुक्ति या विस्तार को रद्द कर दिया। सभी सलाहकारों की नियुक्ति के. चंद्रशेखर राव की अध्यक्षता वाली पिछली बीआरएस सरकार द्वारा की गई थी। उसमें पूर्व मुख्य सचिव राजीव शर्मा और सोमेश कुमार, पूर्व डीजीपी अनुराग शर्मा, पूर्व आईपीएस अधिकारी ए.के. खान, सेवानिवृत्त आईईएस जी.आर. रेड्डी और सेवानिवृत्त आईएफएस आर. शोबा शामिल थे।

भाजपा विधायक दल की बैठक आज, पार्टी ने 54 सीटों पर जीत की है दर्ज

छत्तीसगढ़ में नए मुख्यमंत्री के नाम पर आज लगेगी मुहर

रायपुर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनावों में सत्ता में धमाकेदार वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों की विधायक दल का नेता चुनने के लिए कल यहां बैठक होंगी। भाजपा आलाकमान ने छत्तीसगढ़ में विधायक दल का नेता चुनने के लिए आहूत बैठक के लिए केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं सर्वानंद सोनोवाल और पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को छत्तीसगढ़ के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। तीनो पर्यवेक्षकों के कल सुबह यहां पहुंचने की संभावना है नवनिर्वाचित विधायकों की प्रदेश भाजपा मुख्यालय में बैठक होंगी।

राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 54 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा ने सत्तारूढ़ कांग्रेस को अप्रत्याशित रूप से शिकस्त कर सत्ता में वापसी की है। कांग्रेस को महज 35 सीटों पर सन्तोष करना पड़ा।

डा.रमन सिंह रेस में आगे

भाजपा नेतृत्व ने अभी तक किसी को मुख्यमंत्री बनने के संकेत नहीं दिए है, लेकिन राजनीतिक जानकारों के अनुसार रेस में पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह आगे बताए जा रहे है। उनके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विष्णुदेव साय एवं रेणुका सिंह के भी रेस में होने की चर्चा है। इस बीच प्रदेश भाजपा कार्यालय और वरिष्ठ भाजपा नेताओं के आवास पर बधाई देने के लिए लोगो का तांता लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री डा.सिंह के आवास पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई है। उन्हे रात्रभर से बधाई देने लोग पहुंच रहे है।

अरुण साव, विष्णुदेव साय और रेणुका सिंह की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के 6 दिन बाद भी इस बात पर' सस्पेंस' जारी है कि छत्तीसगढ़ का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। वहीं बड़ी खबर सामने आ रही है कि पुलिस प्रशासन को अरुण साव, विष्णुदेव साय और रेणुका सिंह की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। तीनों ही छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद के कद्दावर दावेदार बने हुए है।

वहीं खबर यह भी है कि कोर कमेटी की बैठक के बाद कभी भी सीएम के नाम की घोषणा हो सकती है।

मध्य प्रदेश व राजस्थान में कल हो जाएगी तस्वीर साफ

भोपाल। मध्य प्रदेश व राजस्थान में मुख्यमंत्री पद को लेकर कल तस्वीर साफ हो जाएगी। दोनों राज्यों में सोमवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है।

भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज बताया कि आगामी 11 तारीख को विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें पार्टी की ओर से नियुक्त किए गए तीनों पर्यवेक्षक शामिल होंगे। श्री शर्मा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि सोमवार 11 तारीख को शाम चार बजे विधायक दल की बैठक होगी, जिसके लिए

सोमवार को होगी बैठक

विधायकों को आमंत्रण चला गया है। तीनों पर्यवेक्षक 11 तारीख की सुबह यहां पहुंचेंगे, जिसके बाद संगठन की पद्धति के अनुरूप प्रक्रिया होगी। मुख्यमंत्री पद की दौड़ के संबंध में श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ही सब कुछ तय करेगा। राज्य के विकास को आगे बढ़ाने और 2024 में श्री मोदी को पुन- प्रधानमंत्री बनाने के लिए, राज्य की दृष्टि से जो सर्वश्रेष्ठ होगा, वही होगा। राजस्थान का नया मुख्यमंत्री चुनने को लेकर भी दिल्ली से लेकर जयपुर तक भाजपा में गहमागहमी का माहौल है। भाजपा के विधायक दल की बैठक सोमवार को होगी। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभी विधायकों से बातचीत करेंगे।

बसपा ने सांसद दानिश अली को पार्टी से निकाला

लखनऊ, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अमरोहा से सांसद दानिश अली को पार्टी से निकाल दिया है। उन्हें निलंबित करने के पीछे पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होना बताया जाता है।

बसपा के महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने पत्र जारी करके कहा कि 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के कहने पर दानिश को टिकट दिया गया था। टिकट देने के साथ ही उन्हें पार्टी की रीति-नीति के बारे में अच्छी तरह से बता दिया गया था। लेकिन, वह लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। इसी कारण उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया। अमरोहा से सांसद दानिश अली हाल ही में काफी सुर्खियों में रहे थे। दिल्ली से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उन पर संसद के अंदर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। दूसरी ओर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए बिधूड़ी से पूछा था कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। गौरतलब है कि 2019 में लोकसभा चुनाव में बसपा ने दानिश अली को अमरोहा सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। दानिश अली ने भी मायावती की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विजय प्राप्त की थी।

बसपा सुप्रीमो का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण : दानिश

बहुजन समाज पार्टी से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। दानिश अली की यह कहते हुए बीएसपी से निकाला गया है कि उन्होंने पार्टी की विचारधारा, नीतियों और अनुशासन का पालन नहीं किया है। दानिश अली ने कहा, मैं इतना ही कहूंगा कि बहन कुमारी मायावती जी का हमेशा मैं शुक्रगुजार रहूंगा कि उन्होंने मुझे बहुजन समाज पार्टी का टिकट देकर लोकसभा का सदस्य बनने में मेरी मदद की। बहन जी ने मुझे बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा में संसदीय दल का नेता भी बनाया. मुझे सदैव उनका असीम स्नेह और समर्थन मिला है। उनका आज का फैसला जरूर दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जन-विरोधी नीतियों का विरोध जरूर किया है और आगे भी करता रहूंगा। चंद पूंजीपतियों द्वारा जनता की संपत्तियों की लूट के खिलाफ मैंने आवाज उठाई है और आगे भी उठाता रहूंगा क्योंकि यही सच्ची जनसेवा है।

हार के बाद कांग्रेस में घमासान

चंदन यादव ने टिकट के लिए मांगे सात लाख : विनय जायसवाल

रायपुर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस में घमासान मचा है। प्रदेश प्रभारी महासचिव कुमारी सैलजा के बाद अब प्रभारी सचिव चंदन यादव पर पूर्व विधायक विनय जायसवाल ने टिकट के एवज में सात लाख रु मांगने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस की हार के बाद अब कांग्रेस नेताओं का गुस्सा फूट रहा है बृहस्पत सिंह के बाद अब विनय जायसवाल ने भी पार्टी पदाधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए विनय जायसवाल ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिव चंदन यादव ने उनसे टिकिट के एवज में पार्टी फंड के लिए सात लाख रुपए लिए थे। इसके अलावा पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर भी विनय जायसवाल ने गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने राजदरबारियों को टिकट देने का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि रमेश सिंह और जतिन

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

■ पूर्व विधायक ने कांग्रेस नेताओं पर लगाए कई गंभीर आरोप

नेताओं को पार्टी फोरम में रखनी चाहिए बात : भगत

विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस की अंतरकलह सामने आ रही है। पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह ने प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर गंभीर आरोप लगाए थे। साथ ही कुमारी सैलजा को हटाने मांग की थी. वहीं कांग्रेसी नेता विनय जायसवाल ने भी पार्टी पदाधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने प्रभारी सचिव चंदन यादव पर रुपए लेने का बड़ा आरोप लगाया है। नेताओं के इस रवैये की वजह से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में खासी नाराजगी है। इसी बीच पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बड़ा बयान दिया है। अमरजीत भगत ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार किसी भी सूरत-ए-हाल में बनानी थी। लेकिन कई कारणों से हम चुनाव हार गए। विधानसभा चुनाव में मिली हर की समीक्षा जारी है। लेकिन बृहस्पत सिंह और विनय जयसवाल का दर्द भी छलक

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



सैलजा व अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बयान बाजी करने वालो पर कार्रवाही की नसीहत : डॉ. महंत

प्रदेश कांग्रेस इलेक्शन कम्पेन कमेटी के चेयरमैन व विधानसभा अध्यक्ष व सबी के नव निर्वाचित विधायक डॉ. चरणदास महंत ने चुनाव 2023 में मिले जनादेश का सम्मान करते हुए प्रदेश भर के मतदाताओं का आभार जताया। डॉ. महंत ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के खिलाफ दिये गए बयानबाजी की तल्ख लहजे में निंदा करते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

आदिवासी विधायको को हराने का षड्यंत्र रचा गया : ओहितराम



कांग्रेस में जारी बयानबाजी के बीच अब एक और पूर्व विधायक ने पार्टी नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पाली तानाखार से पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने नेताओं पर बड़ा आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि आदिवासी विधायकों को हारने का षडयंत्र किया गया है। पार्टी के अंदर के कुछ नेताओं ने मिलकर षड्यंत्र रचा है। केरकेट्टा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भी गुमराह किया गया। बैज को चुनाव लड़ाने का काम

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

दिलीप षड़ंगी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा, लगाया उपेक्षा का आरोप



छत्तीसगढ़ी कलाकार और कांग्रेस नेता दिलीप षड़ंगी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही उन्होंने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। दिलीप षड़ंगी ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप भी लगाया है।

षड़ंगी ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को लिखे अपने पत्र में कहा है कि' मैं साढ़े पांच वर्ष पहले नौकरी छोड़कर कांग्रेस में कलाकारों की सेवा,

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सबूत है मेरे पास,दिल्ली जाकर आलाकमान को सौंपूंगा : बृहस्पत



कांग्रेस में कलह थमने का नाम नहीं ले रहा है. प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और टीएस सिंहदेव को लेकर की गई बयानबाजी पर बृहस्पत सिंह को कांग्रेस ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी होने के बाद बृहस्पत सिंह का बयान सामने आया है। बृहस्पत सिंह ने कहा, मैं दिल्ली जा रहा हूं, हाईकमान के पास। जो मैं बयान दिया हूं, उसका पुख्ता सबूत है मेरे पास। एक-एक शब्द सही है। बृहस्पत सिंह ने कहा, मैं राष्ट्रीय

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

भारत विश्व पटल का चमकता सितारा : अमित शाह

देहरादून, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आज का शक्तिशाली भारत विश्व के पटल का चमकता सितारा है, जिसके प्रकाश पुंज से चहुं दिशाएं जगमग हैं। पर्यावरण से लेकर आर्थिक मोर्चा हो या शांति स्थापित करने के प्रयास हों, सभी जगह भारत दुनिया का नेतृत्व करता दिखाई देता है और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संभव हो पाया है। एफआरआई में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के समापन सत्र को संबोधित करते हुए करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित करता जा रहा है।

आज भारत दुनिया में आर्थिक विकास का इंजन बनकर उभरा है। पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। दिल्ली में हुए जी 20 सम्मेलन की सफलता और दिल्ली डिक्लेरेशन इस ओर बखूबी करता है कि विश्व के सभी देशों को एकजुट रखने में भारत पूर्ण रूप से सफल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है कि भारत 2047 तक एक विकसित देश बने। शाह ने कहा कि पर्यावरण हो या फिर शांति की बात भारत सभी देशों को एक मंच पर लाने में कामयाब हुआ है।

बस्तर में फिर एक भाजपा नेता हुआ टार्गेट किलिंग का शिकार

नारायणपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग के भाजपा नेताओ को नक्सली एक के बाद एक निशाने पर ले रहें हैं नक्सली चुन-चुनकर भाजपा नेताओं की हत्या कर रहे हैं। संभाग के छोटे डोंगर थाना क्षेत्र में पूजा करने मंदिर पहुंचे भाजपा नेता कोमल मांझी को नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से काट डाला। चंद माह के भीतर नक्सली दो भाजपा नेताओं को मौत के घाट उतार चुके हैं। इन घटनाओं से जाहिर होता है कि नक्सली भाजपा नेताओं की टार्गेट किलिंग कर रहे हैं तथा वे हिंदुत्व विरोधी भी हैं।

पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों व की जा रही कार्रवाई से नक्सली निराश हो उठे हैं। वे अपनी भड़ास आमग्रामीणों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं पर उतार रहे हैं। चंद माह पहले ही नक्सलियों ने नारायणपुर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष सागर साहू की हत्या कर दी थी। आज शनिवार को एकबार फिर नक्सलियों ने नारायणपुर जिले के ही दूसरे भाजपा नेता की जान ले ली। नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंडाटिकाया गांव के निवासी भाजपा नेता कोमल मांझी गांव के शीतला मंदिर में पूजा करने गए थे तभी वहां कुछ नक्सली आ धमके। नक्सलियों ने भाजपा नेता कोमल मांझी को निको जायसवाल कंपनी का एजेंट बताते हुए उन पर टंगिए से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। कोमल मांझी के शरीर पर अनगिनत वार किए गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। श्री मांझी पूजा के लिए जो जल कलश साथ लेकर गए थे, वह उनके हाथ से छिटक कर दूर जा गिरा। वारदात को अंजाम देने के बाद नक्सली बाकायदा वारदात वाली जगह पर बैनर टांग व पर्चा छोड़ गए हैं।

■ मंदिर में पूजा करते भाजपा नेता कोमल मांझी का नक्सलियों ने किया हत्या
■ जिला भाजपा उपाध्यक्ष सागर साहू की हत्या के बाद यह दूसरी वारदात

देश में ब्लॉक हुई तकरीबन 37 हजार वेबसाइट

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने बीते पांच साल में देश विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की और तकरीबन 37 हजार वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय के राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दी। राज्यसभा में सीपीआई सांसद जॉन ब्रिटास के एक सवाल के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि जनवरी 2018 से अक्टूबर 2023 के बीच मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 ए के तहत 36,838 वेबसाइटों को प्रतिबंधित किया। सर्वाधिक वेबसाइटों के यूआरएल ब्लॉक करने में एक्स पहले स्थान पर रहा।

पॉक्सो के 2.43 लाख मामले अदालतों में लंबित

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में दो लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे। एक शोधपत्र जस्टिस अवेदूस 'ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' के अनुसार अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में औसतन नौ साल का समय लगेगा। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। वर्ष 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई।

तेलंगाना सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा शुरू की

हैदराबाद, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में लोगों को दी गई छह में से दो गारंटियों को लागू करने की शुरुआत की है।

सीएम ने राज्य के मालिकाना हक वाली टीएसआरटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा और राजीव आरोग्यश्री योजना के तहत कवरेज को मौजूदा 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की योजना का उद्घाटन किया। महिला मंत्री सीताक्का और कोंडा सुरेखा ने विधानसभा परिसर में पूरे मंत्रिमंडल और कांग्रेस विधायकों की मौजूदगी में बस को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने सोनिया गांधी को तेलंगाना की मां बताया।

उन्होंने दोहराया कि तेलंगाना को एक कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए सभी छह गारंटी 100 दिनों में पूरी की जाएंगी। सभी आयु वर्ग की लड़कियों, महिलाओं और ट्रांसजेंडर, जो तेलंगाना के मूल निवासी हैं।

प्रदूषण

चेन्नई में 2023 में प्रदूषण में आई 23 प्रतिशत की कमी , मुंबई में भी पिछले चार वर्षों में हुई बढ़ोतरी

दिल्ली दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में चौथे स्थान पर

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत के 1.3 अरब लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं जहां वार्षिक औसत कण प्रदूषण स्तर डब्ल्यूएचओ दिशानिर्देश से अधिक है। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में पीएम 2.5 के स्तर के मामले में दिल्ली दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में चौथे स्थान पर है।

मुंबई में पिछले चार वर्षों में 110 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि लखनऊ, पटना, बेंगलुरु और चेन्नई में पीएम 2.5 के स्तर में गिरावट देखी गई, चेन्नई में 2023 में 23 प्रतिशत की कमी देखी गई। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने शनिवार को पटियाला स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज द्वारा 'वायु प्रदूषण से उत्पन्न खतरों' विषय पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करने के बाद मीडिया संवाददाताओं को बताया कि वायु प्रदूषण बढ़ते अदृश्य संकट में एक मूक सहयोगी के रूप में उभरा है। इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए प्रसिद्ध महामारी विशेषज्ञ डॉ. पुरोहित ने कहा कि वायु प्रदूषण भारत में कई मौतों का एक मूक हत्यारा है। यह एक रहस्यमयी धुंध है जो आमतौर पर फसल जलने, वाहनों के उत्सर्जन, निर्माण गतिविधि के कारण धूल भरी आंधियों और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण होती है। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण कोई अकेला दुश्मन नहीं है, बल्कि प्रदूषकों का एक जटिल मिश्रण है, जिसे संख्यात्मक रूप से पएमएई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) के रूप में आंका जाता है। सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम2.5), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, ओजोन और वाष्पशील कार्बनिक यौगिक एक जहरीला मिश्रण बनाते हैं जो हर सांस के साथ फेफड़ों में प्रवेश करता है। शोधकर्ताओं के अनुसार ये प्रदूषक श्वसन प्रणाली और यहां तक कि मानव मस्तिष्क को भी प्रदूषित करते हैं।-

देश

उवाच

हमारा गठबंधन भाजपा की तरह नहीं है, जहां केवल नरेंद्र मोदी और अमित शाह ही सारी सत्ता पर नियंत्रण रखते हैं। यह कहना कि राहुल गांधी दूल्हा हैं, ऐसा नहीं है। हमारा स्पष्ट मानना है कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद प्रधानमंत्री चुना जाएगा।

–चितरंजन गगन, राजद के वरिष्ठ नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	25.0	11.0
मुंबई	25.0	24.0
कोलकाता	23.0	16.0
चेन्नई	28.0	27.0

चुनाव में हार से पार्टी के मोल–भाव की शक्ति कम नहीं होगी : कांग्रेस

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। भले ही कांग्रेस हाल ही में तीन हिंदी भाषी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हार गई, लेकिन पार्टी नेताओं का कहना है कि इस हार ने इंडिया गठबंधन में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए सबसे पुरानी पार्टी की संभावनाओं और मोल–भाव की शक्ति को कम नहीं किया है। नाम न छापने की शर्त पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, तीन राज्यों के नतीजे बेशक गिरावजनक हैं, लेकिन इससे यह साबित नहीं होता कि कांग्रेस का सफाया हो गया है। आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस अभी भी भाजपा के खिलाफ मुख्य ताकत बनी हुई है और सबसे पुरानी पार्टी की मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उपस्थिति है, जहां क्षेत्रीय दलों की कोई पकड़ नहीं है। जब उन्हें याद दिलाया गया कि कांग्रेस उत्तर भारत में केवल हिमाचल प्रदेश में सत्ता में है और झारखंड तथा बिहार में वह क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ गठबंधन में है, तो पार्टी नेता ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमें बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में गठबंधन में चुनाव लड़ना होगा क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल (यूनाइटेड), झारखंड मुक्ति मोर्चा और समाजवादी पार्टी जैसी क्षेत्रीय पार्टियां वहां मजबूत हैं। पार्टी के एक सूत्र ने भी नेता की भावनाओं से सहमति जताई और कहा, हमें जमीनी हकीकत को स्वीकार करना होगा कि इन राज्यों में क्षेत्रीय दल मजबूत हैं और कांग्रेस को उनका समर्थन हासिल करने की जरूरत है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के बाद कांग्रेस

- लोकसभा चुनावों में अभी भी भाजपा को चुनौती देने का भरा दम
- मप्र, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में सबसे पुरानी पार्टी की है उपस्थिति

की मौजूदगी बाकी सभी राज्यों में है और विशेष रूप से पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में यह भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी उत्तर भारत में भाजपा के लिए सीधा खतरा पेश करती है और वह उसे चुनौती जरूर देगी।

सूत्रों ने कहा कि जब इंडिया गठबंधन में राज्यों के लिए सीट बंटवारे की बातचीत शुरू होगी, तो हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों का सबसे पुरानी पार्टी के मोल–भाव की शक्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस बीच, पार्टी के एक अन्य नेता ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में खराब संबंधों को देखते हुए आप और समाजवादी पार्टी से निपटना आसान नहीं होगा। इंडिया ब्लॉक की 14 सदस्यीय समन्वय समिति में कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, एनसीपी के शरद पवार, डीएमके के टीआर बालू, झामुमो के हेमंत सोरेन, शिवसेना के संजय राउत, राजद के तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, आप के राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान, जेडीयू के ललन सिंह, सीपीआई के डी. राजा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। सीपीआई (एम) कमेटी के लिए अपनी पार्टी के नेता का नाम बाद में देगी।

सीट बंटवारे पर गठबंधन सहयोगियों के बीच चर्चा शीघ्र

पार्टी नेता ने आगे कहा कि सीट बंटवारे पर बातचीत के दौरान गठबंधन सहयोगियों के बीच सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बुधवार शाम को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन फ्लोर नेताओं के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की थी और 2024 की रणनीति तैयार करने तथा सीट बंटवारे के लिए बातचीत शुरू करने के लिए दिसम्बर के तीसरे सप्ताह में गठबंधन की अगली बैठक बुलाने का निर्णय लिया। 31 अगस्त और 1 सितम्बर को मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक के बाद, घोषणा की गई थी कि वह 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए 14 सदस्यीय समन्वय समिति और 19 सदस्यीय चुनाव रणनीति समिति बनाएगी।

मोदी ने किसान निजामा से की बातचीत

गांधीनगर, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के भरूच के वीबीएसवाई लाभार्थी, आईटीआई–प्रमाणित किसान अल्पेशभाई चंद्रभाई निजामा के साथ शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के लाभार्थियों से बातचीत के दौरान आईटीआई–प्रमाणित किसान और हार्डवेयर इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक गुजरात में भरूच के वीबीएसवाई लाभार्थी निजामा से परस्पर बातचीत के बाद कृषि क्षेत्र में शामिल होने के उनके निर्णय के बारे में पूछा। निजामा ने उत्तर दिया कि उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ने और 40 एकड़ की अपनी पैतृक भूमि पर किसान बनने का निर्णय लिया। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार दोनों द्वारा प्रदत्त लाभों का उपयोग किया जहां उन्होंने रियायती कीमतों पर कृषि उपकरण खरीदे। उन्होंने ड्रिप सिंचाई तकनीक में तीन लाख रुपए की सब्सिडी का लाभ उठाया। मोदी ने कहा कि आपकी उम्र में मुझे नहीं पता था कि लाख रुपए कैसे दिखते हैं और आप लाखों के बारे में बात कर रहे हो। उन्होंने निजामा को प्राप्त सब्सिडी पर संतोष व्यक्त किया और उनसे अपने साथी किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और आधुनिक उपकरणों के बारे में सलाह देने का भी आग्रह किया। निजामा ने 2008 से एटीएमए परियोजनाओं के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बात की, जहां उन्होंने अन्य क्षेत्रों और राज्यों की कृषि तकनीकों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया।

युवाओं के सहयोग से झारखंड की बदलेंगे तकदीर : हेमंत सोरेन

रांची, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य वर्ष 2025 तक एक ताकतवर प्रदेश बनाएंगे। मुख्यमंत्री सोरेन ने देवघर जिले के गौरीपुर पंचायत में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार के चल रहे तीसरे चरण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं से कहा झारखंड एक युवा राज्य है। ऐसे में आपके सहयोग से झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदल सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब यह सरकार गांव–गांव पंचायत–पंचायत पहुंच रही है। बल्कि वर्ष 2021 और 2022 के बाद लगातार तीसरी बार इस वर्ष आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम के तहत मैं भी कई शिविरों में शामिल हो रहा हूं और यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि लोगों को सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ किस तरीके से मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का 23 वर्ष से ज्यादा

- देवघर के गौरीपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

हो चुके हैं। लेकिन, इस दौरान अधिकारीकर आपके गांव नहीं गए। क्षेत्र के भ्रमण नहीं किया। वे आज योजनाओं की गठरी लेकर आपके दरवाजे पर आ रहे हैं। आपको सिर्फ इतना करना है कि इस गठरी से अपनी जरूरत की योजनाओं को चुनें और अपने घर के अंदर ले जाएं तथा खुद को सशक्त बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार वजूद में आई तो उसके कुछ ही महीने बाद कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। सारी व्यवस्थाएं ठप हो गई ।

शिविरों में लोगों के जुड़ने पर जताई खुशी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे खुशी है कि सभी शिविरों में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं और अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ रहे हैं। सोरेन ने कहा कि पंचायतों में लग रहे शिविरों के सकारात्मक और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। विभिन्न माध्यमों से जन सेवा करना ही राज्य सरकार का लक्ष्य है। उनकी समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ इसका लाभ भी प्रदान करना है।

सार संक्षेप

तेलंगाना कांग्रेस ने मनाया सोनिया का जन्मदिन

हैदराबाद। तेलंगाना कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को यहां गांधी भवन में संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का 77वां जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने इस अवसर पर अपने पूर्ववर्ती अध्यक्ष वी हनुमंत राव के साथ 78 किलोग्राम का केक काटा। रेड्डी ने इस मौके पर कहा कि पृथक तेलंगाना राज्य की घोषणा नौ दिसम्बर–2009 को सोनिया गांधी के जन्मदिन पर की गई थी।

जम्मू-कश्मीर के तापमान में गिरावट, शीत लहर जारी

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में तापमान शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जिससे पूरी घाटी में शीत लहर जारी है। दक्षिण कश्मीर का शोपियां कश्मीर में सबसे ठंढा स्थान रहा, यहां तापमान शून्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे था। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में रात का तापमान शून्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

मऊ दीवार हादसे में मरने वालों की संख्या हुई सात

मऊ। उत्तर प्रदेश में मऊ जनपद के घोसी कोतवाली क्षेत्र में दीवार गिरने के कारण हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवार को 2 लाख व घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि जारी किए जाने की घोषणा की। एक वैवाहिक कार्यक्रम के हल्दी रसम में शुक्रवार की शाम शामिल होने जा रही महिलाओं के ऊपर दीवार गिरने से महिलाएं वह बच्चे दीवाल के नीचे दब गए थे। इस दर्दनाक हादसे में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है।

अखिल भारतीय लेखा सम्मेलन शुरू

तिरुवनंतपुरम। केरल के प्रधान महालेखाकार बीजू जेकब ने करियावट्टोम परिसर में शनिवार को लेखांकन शिक्षा व अनुसंधान पर दो दिवसीय 45वें अखिल भारतीय लेखा सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। डॉ. जेकब ने कहा कि उन्होंने लेखांकन को एक बेहद सकारात्मक पेशे के रूप में रेखांकित किया, जहां व्यक्तियों और राष्ट्रों की समृद्धि आपस में जुड़ी हुई है व एकाउंटेंट के लिए खुशी लाती है क्योंकि वे धन और सफलता में योगदान करते हैं।

दिव्यांगजन को सहानुभूति नहीं चाहिए : धनखड़

दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने पर दिया जोर

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति का पात्र नहीं बल्कि उन्हें उनके ज्ञान, योग्यता, शुकाव और विशेषज्ञता के लिए मान्यता का पात्र माना जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि एक ऐसा इको-सिस्टम बनाने की आवश्यकता है जिससे हम अपने दिव्यांग जनों को सशक्त बना सकें जिनके पास अपार प्रतिभा है। विकलांगता मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक चुनौतियों के दायरे तक फैली हुई है। गुरुग्राम में विकलांगता पर 10 वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने उन सामाजिक धारणाओं में आए बदलाव का उल्लेख किया और कहा कि जो लोग बाहरी तौर पर शारीरिक रूप से सक्षम दिखते हैं उनमें किसी न किसी प्रकार की विकलांगता हो सकती है। उन्होंने प्रमुख कॉर्पोरेट संस्थाओं से अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड को समाज के इन वर्गों को सशक्त बनाने के लिए देने का आग्रह किया।

अनुच्छेद 370 पर शीर्ष अदालत के निर्णय से पहले बोले उमर

जम्मू-कश्मीर के लोगों के पक्ष में फैसला आने की उम्मीद

श्रीनगर, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि वह केवल आशा और प्रार्थना कर सकते हैं कि अनुच्छेद 370 याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय का फैसला जम्मू–कश्मीर के लोगों के पक्ष में होगा। उमर ने कहा कि ऐसा कोई नहीं है जो अधिकार के साथ कह सके कि सोमवार को क्या होना है। उमर ने कुलगाम में पार्टी के एक सम्मेलन के बाद संवाददाताओं से कहा, मेरे पास ऐसा कोई तंत्र या तरीका नहीं है जिससे मुझे आज यह पता चल सके कि पांच माननीय न्यायाधीशों के मन में क्या है, या उन्होंने फैसले में क्या लिखा है। मैं केवल आशा और प्रार्थना कर सकता हूं कि निर्णय हमारे पक्ष में हो, लेकिन, मैं न तो यह दावा कर सकता हूं कि सफलता हमें मिलेगी और न ही कोई और बता सकता है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष ने कहा कि वे फैसले का इंतजार कर रहे हैं और इसे आने दीजिए। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भविष्य की कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर

कश्मीर के राजनेताओं को नजरबंद कर सकती है सरकार : उमर अब्दुल्ला

उन्होंने कहा, हम निर्णय आने के बाद प्रतिक्रिया देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आशंका व्यक्त कि शीर्ष अदालत के निर्णय से पहले सरकार कश्मीर के राजनेताओं को नजरबंद कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमें नजरबंद करने का उन्हें बहाना चाहिए और उनके पास एक बहाना है। जैसा कि हम नहीं जानते कि निर्णय क्या होगा, वे भी नहीं जानते हैं और अगर वे जानते हैं तो इसी जांच होनी चाहिए। इससे पहले रैली में अब्दुल्ला ने कहा कि 11 दिसम्बर को संग्रामा बारामूला में पार्टी के एक सम्मेलन की योजना थी और अधिकारियों ने शुक्रवार शाम उन्हें सूचित किया कि कार्यक्रम के लिए दी गई अनुमति वापस ले ली गई है। उन्होंने कहा कि सोमवार को संग्रामा में हमारा एक कार्यक्रम होने वाला था। हम एक–दूसरे से चर्चा कर रहे थे कि क्या हमें कार्यक्रम को आगे बढ़ना चाहिए और इस बीच हमें सरकार से एक पत्र मिला जिसमें कहा गया कि उन्होंने कार्यक्रम की अनुमति रद्द कर दी है। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अनुमति क्यों रद्द की गई। उन्हें किस बात का डर है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सहयोगियों से कहा गया है कि उन्हें सोमवार को अपने घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ पांच अगस्त, 2019 की केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय पर सोमवार को फैसला सुनाएगी, जिसके माध्यम से जम्मू–कश्मीर के संवैधानिक प्रावधान को समाप्त कर दिया गया था।

संविधान पीठ कल सुनाएगी फैसला

सुप्रीम कोर्ट की ऑनलाइन कार्य सूची में 11 दिसम्बर को अनुच्छेद 370 हटाने से जुड़े मामले को सूचीबद्ध किया गया है। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ अपना फैसला सुनाएगी। इससे पहले जत शुक्रवार को कश्मीर घाटी में पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक कर कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में सभी दस जिलों के उपायुक्तों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को किसी भी शरारत या सोशल मीडिया के दुरुपयोग में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया : राजनाथ

फिक्की की वार्षिक आम बैठक को किया संबोधित

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि आर्थिक विकास लिंग तटस्थ होना चाहिए। सरकार ने पहले की उस कहानी को सफलतापूर्वक बदल दिया है जिसमें अर्थव्यवस्था के विकास का श्रेय अकेले पुरुषों के योगदान को दिया जाता था। शीर्ष व्यापार मंडल फिक्की की 96वीं वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता रही है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि भारत का आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास न केवल पुरुषों के बल पर हो, बल्कि नारी शक्ति के आधार पर भी हो। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों को गिनाते हुए सिंह ने कहा कि लड़कियां अब सैनिक स्कूलों में

पढ़ रही हैं, जबकि महिला अधिकारियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

अब महिलाओं को लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, युद्धपोतों पर तैनात किया जा रहा है और सीमा पार अग्रिम चौकियों पर तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा, अग्निपथ योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा लड़कियां सशस्त्र बलों में शामिल हो रही हैं। मंत्री ने कहा कि भारत एक वैश्विक विकास इंजन के रूप में उभरा है और दुनिया को एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय विकास की कहानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक अरब से अधिक भारतीयों की कड़ी मेहनत और क्षमता का परिणाम है।

हमने हरित विकास का रास्ता चुना

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने प्रतिबद्धता जताई है कि उसका विकास पर्यावरणीय क्षरण की कीमत पर नहीं होगा। हमने हरित विकास का रास्ता चुना है। हमने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किये। हमने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन बनाया है। हमने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पहल की है। हमने जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता भी कम कर दी है।

मराठवाड़ा में सूखे की निगरानी करेंगी केंद्रीय टीम

छत्रपति संभाजीनगर, 9 दिसबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र सहित राज्य के प्रभावित हिस्सों में केन्द्रीय टीमें सूखे की निगरानी के लिए जाएंगी। राजस्व एवं वन विभाग और राहत एवं पुनर्वास सूत्रों के शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, संयुक्त सचिव प्रिया राजन के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया है। उनके नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्रालय की 12 सदस्यीय टीम राज्य में सूखे और खरीफ नुकसान की समीक्षा करने के लिए मराठवाड़ा के विभिन्न जिलों का दौरा करेगी। केंद्रीय टीम 13 और 14 दिसम्बर को मराठवाड़ा के चार जिलों का निरीक्षण करेगी। यह टीम छत्रपति संभाजी नगर, जालना, बीड और धाराशिव जिलों के कुछ तालुकों और गांवों का दौरा करेगी।

साथ ही निरीक्षण के बाद टीम 15 दिसम्बर को पुणे में बैठक करेगी और केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। मराठवाड़ा में इस साल अपेक्षित बारिश नहीं होने से सभी आठ जिलों के कई हिस्सों में सूखे जैसे हालात बने हुए हैं। इससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है।

बिहार के टॉपर्स घोटालेबाज के आवास पर ईडी ने की छापेमारी

पटना, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को बिहार के टॉपर्स घोटालेबाज अमित कुमार उर्फ बच्चा यादव के आवास और एक कॉलेज भवन पर छापेमारी की। ईडी अधिकारियों ने कितरपुर राजारास में आरोपी के आवास और भगवानपुर ब्लॉक में भी तलाशी ली, जहां आरोपी ने कॉलेज का निर्माण किया है। 2016 में, अमित कुमार बिहार टॉपर घोटाले में शामिल थे, जब उम्मीदवारों ने जाली दस्तावेजों के साथ विभिन्न परीक्षाएं पास की थीं।



उन पर ईडी द्वारा जब्त की गई जमीनों पर इमारतें बनाने का भी आरोप है। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने आरोपियों के पास से कई दस्तावेज जब्त किए हैं। इससे पहले ईडी ने भगवानपुर में 42 डिसमिल जमीन (18293.52 वर्ग फुट) जब्त की थी और साथ ही एक बोर्ड भी लगाया था। इसके बावजूद अमित कुमार ने जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया। कितरपुर मीजा में अमित के पिता राजदेव राय के नाम पर 42 डिसमिल जमीन दर्ज थी। ईडी ने 15 अक्टूबर 2018 को मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत संपत्ति जब्त कर ली थी।

ईडी के अतिरिक्त निदेशक राजीव रंजन ने 18 नवंबर को पटना पुलिस और वैशाली के जिला मजिस्ट्रेट को भी सूचित करते हुए भगवानपुर थाने में एफआईआर दर्ज करायी थी। भगवानपुर के थाना प्रभारी परमहंस कुमार ने कहा, हमें ईडी से एक आवेदन प्राप्त हुआ है और तदनुसार जमीन के वेरिफिकेशन के बाद अमित कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जहां उन्होंने अवैध रूप से इमारत का निर्माण किया था। जांच चल रही है।

चिंता

कश्मीर में एक बार फिर मानक संचालन प्रक्रिया चर्चा में

सुरक्षाबलों को ही भुगतना पड़ा है लापरवाही का खामियाजा

- सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। करीब 39 दिनों के उपरांत जिस पुलिस अधिकारी को डाबरटों ने सिर में गोली लगने के कारण मृत घोषित कर दिया उसकी मृत्यु के उपरांत कश्मीर में एक बार फिर एसओपी अर्थात मानक संचालन प्रक्रिया चर्चा में है। यह चर्चा में इसलिए है क्योंकि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने फिर दोहराया है।

कि पुलिस को एसओपी का सख्ती से पालन करना होगा। पर यह एक कड़वी सच्चाई है कि कश्मीर में पुलिस पर हुए प्रत्येक आतंकी हमले के उपरांत ऐसे दिशा निर्देशों को हमेशा ही नजरअंदाज किया जाता रहा है। ज्यादा पुरानी बात न करें तो भी 13 दिसम्बर 2021 को आतंकियों ने श्रीनगर के जेवान चौक में एक उस पुलिस बस पर हमला बोल कर तीन पुलिसवालों को मार डाला था जो बिना किसी सुरक्षा कवच के

- हवा में उड़ते रहे हैं एसओपी पालन के दिशा निर्देश

अपनी ड्यूटी निभा कर वापस आ रही थी। इस हमले के उपरांत जब बहुत हो हल्ला मचा तो यह फैसला लिया गया था कि भविष्य में पुलिसकर्मियों को बुलेट प्रूफ वाहन मुहैया करवाने के अतिरिक्त उन्हें एस्कार्ट भी दिए जाएंगें। और इस साल 31 अक्टूबर को आतंकियों ने एक पुलिसकर्मी गुलाम मुहम्मद डार को पटन में उस समय गोली मार कर मार डाला जब वह अपने घर आया हुआ था। ऐसे कई मामले हैं जिसमें छुट्टी पर घर आए पुलिसकर्मियों पर आतंकियों ने हमले कर मार डाला था। और प्रत्येक ऐसी घटना के लिए एसओपी का पालन न करने की बात कही गई और फिर से दोहराया गया कि सभी को एसओपी का सख्ती से पालन करना होगा।

जिस पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर वानी को श्रीनगर के खेल मैदान में गोली मार दी गई थी उसके प्रति अब विरष्ठ पुलिस अधिकारी दावा करते थे कि उन पर हमला किए जाने के इनपुट थे लेकिन मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था जो एक भारी भूल थी। ऐसे ही एसओपी की अनदेखी 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले के दौरान भी सामने आई थी जब केरिपुब के 47 से अधिक जवान कश्मीर में आज तक के हुए सबसे भयानक विस्फोट में मारे गए थे। यह एक कड़वी सच्चाई है कि कश्मीर में 36 सालों से फैले हुए पाक समर्थित आतंकवाद के दौर में न जाने कितनी बार मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश निकाले गए होंगें और कितनी बार उनकी अनदेखी की गई होगी, इसका कोई रिकार्ड ही नहीं है। लेकिन इतना जरूर था कि हर बार ऐसी कथित लापरवाही का खिमयाजा सुरक्षाबलों को ही भुगतना पड़ा है। देश के सम्मान, एकता और अखंडता और ऐसी अन्य चीजों की रक्षा करने वाले सैनिकों को सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम और वास्तविक सैन्य कब्जे के पूरे तंत्र के बारे में शहर के सवालों का जवाब देने के बजाय गोली मारकर हत्या करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

साहित्य

वह गीतकार जिसने गुलाम भारत में अंग्रेज़ों को ललकारा

'दूर हटो ऐ दुनिया वालों...'

संदर्भ : 11 दिसम्बर, गीतकार प्रदीप का स्मृति दिवस

■ ज़ाहिद खान

हिंदी सिनेमा में गीतकार प्रदीप वह हस्ती हैं, जो अपने देश प्रेम और देशभक्ति गीतों की वजह से सारे देश में जाने-पहचाने जाते हैं। साल 1943 में फ़िल्म 'किस्मत' में लिखे उनके क्रांतिकारी गीत %दूर हटो ऐ दुनिया वालों...' की लोकप्रियता से घबराकर, बर्तानिया हुकूमत ने गीतकार प्रदीप के खिलाफ़ गिरफ़्तारी वारंट जारी कर दिया था। जिसके चलते प्रदीप कई दिनों तक अंडरग्राउंड रहे, लेकिन न तो फ़िल्म से यह गाना हटाया गया और न ही उन्होंने अंग्रेज़ी हुकूमत से माफ़ी मांगी। उस ज़माने में यह गीत इस क़दर लोकप्रिय हुआ कि सिनेमाघरों में दर्शक इसे बार-बार सुनने की फ़रमाइश करते थे। आलम यह था कि दर्शकों की फ़रमाइश पर फ़िल्म के आखरि में इस गीत को दोबारा सुनाया जाने लगा। गीतकार प्रदीप के देशभक्ति गीत की बात हो, और 'चल चल रे नौजवान...'का ज़िक्र न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। फ़िल्म 'बंधन' (1940) में लिखे उनके इस गीत को, तो राष्ट्रीय गीत का मर्तबा मिला। वह दौर, देश की गुलामी का दौर था। सिंध और पंजाब असेंबली ने इस गीत को राष्ट्रीय गीत की मान्यता दे दी और ये गीत वहां की असेंबली में गाया जाने लगा। अदाकार बलराज साहनी, उस वक़्त लंदन में बीबीसी हिंदी रेडियो में एनाउंसर थे, वे भी इस गीत को वहां प्रसारित करने से अपने आप को नहीं रोक पाये। स्वतंत्रता दिवस हो या गणतंत्र दिवस 'ऐ मेरे वतन के लोगों...' गीत के बिना अधूरा होता है।

साल 1954 में आई फ़िल्म 'जागृति' में भी गीतकार प्रदीप ने कई यादगार गीत लिखे। 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की...', 'हम लाए हैं तूफ़ान से कश्ती निकाल के...,' और 'दे दी हमें आज़ादी बिना खड़ग बिना ढाल...' आदि गीतों ने बच्चों में जितनी धूम उस ज़माने में मचाई थी, उतनी ही मक़बूलियत आज भी क़ायम है। एक के बाद एक आये इन देशभक्ति भरे गीतों ने कवि प्रदीप को राष्टकवि का मर्तबा दिला दिया। प्रदीप को सिर्फ़ देशभक्ति भरे गीत लिखने में ही अकेले महारत नहीं थी, बल्कि उन्होंने अनेक धार्मिक और दार्शनिक गीत भी सफलता से लिखे। उनकी मधुर आवाज़ ने इन गीतों को और नई ऊंचाईयां दीं। 'देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान' (फ़िल्म-नास्तिक), 'तेरे द्वार खड़ा भगवान' (फ़िल्म-वामन अवतार), 'काहे को बिसारा हरी नाम...', 'माटी के पुतले...' (फ़िल्म-चक्रधारी), 'पिंजरे के पंक्षी रे...' (फ़िल्म-नागमणि), 'कोई लाख करे चतुराई...' (फ़िल्म-चंडीपूजा), 'दूसरों का दुखड़ा दूर करने वाले' (फ़िल्म-दशहरा), 'सुखड़ा देख ले प्राणी' (फ़िल्म-दो बहन), 'सुख दुःख दोनों रहते' (फ़िल्म-कभी धूप कभी छांव)। प्रेरणास्पद गीत लिखने में भी प्रदीप का कोई सानी नहीं था। फ़िल्म 'पैग़ाम' का 'इंसान का इंसान से हो भाईचारा...' और फ़िल्म 'संबंध' का 'चल अकेला चल अकेला तेरा मेला पीछे छूटा....' ऐसे ही कुछ नग़में हैं, जिनके ज़रिए उन्होंने समाज को एक पैग़ाम देने की कोशिश की। यह गाने आज भी अंधेरे में हमें एक नई राह दिखलाते हैं।

> **साल 1954 में आई फ़िल्म 'जागृति' में भी गीतकार प्रदीप ने कई यादगार गीत लिखे। 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की...', 'हम लाए हैं तूफ़ान से कश्ती निकाल के...,' और 'दे दी हमें आज़ादी बिना खड़ग बिना ढाल...' आदि गीतों ने बच्चों में जितनी धूम उस ज़माने में मचाई थी, उतनी ही मक़बूलियत आज भी क़ायम है। एक के बाद एक आये इन देशभक्ति भरे गीतों ने कवि प्रदीप को राष्टकवि का मर्तबा दिला दिया। प्रदीप को सिर्फ़ देशभक्ति भरे गीत लिखने में ही अकेले महारत नहीं थी, बल्कि उन्होंने अनेक धार्मिक और दार्शनिक गीत भी सफलता से लिखे।**

कवि प्रदीप ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की। अपने कॉलेज के दिनों में वह आनंद भवन के नज़दीक रहते थे। पं. जवाहरलाल नेहरू का घर होने की वजह से यह स्थान उस वक़्त सियासत का मरक़ज था। जहां आये दिन सियासी बैठकें होती रहतीं। नौजवान रामचन्द्र नारायण द्विवेदी भी इनमें शामिल होते। उन्हें बचपन से ही लिखने का भी बड़ा शौक़ था। साहित्यिक दिलचस्पी बढ़ी, तो गीत-कविताएं लिखने लगे। इलाहाबाद के साहित्यिक वातावरण ने उनके इस शौक़ को और बढ़ाया। वह कवि सम्मेलनों में शिरकत करने लगे और उन्होंने अपना उपनाम %प्रदीप% रख लिया। अपने उत्कृष्ट लेखन और सुरीली आवाज़ से वह थोड़े से ही अरसे में साहित्यिक जगत में लोकप्रिय हो गए। यहां तक कि महाकवि निराला भी उनके गीत-कविताओं की तारीफ़ करने से अपने आप को नहीं रोक पाए। कवि प्रदीप फ़िल्मों में कैसे आये ?, इसका मुखतर सा क़िस्सा कुछ इस तरह से है, एक बार वह कवि सम्मेलन के लिए मुंबई गए, तो उनकी मुलाक़ात 'बॉम्बे टॉकीज' से जुड़े निर्देशक एनआर आचार्य से हुई। उन्होंने प्रदीप को 'बॉम्बे टॉकीज' के मालिक हिमांशु रॉय से मिलवाया। उन्होंने प्रदीप को अपनी फ़िल्म 'कंगन' के लिए साइन कर लिया। हर महीने उनकी तनख़्वाह 200 रुपए मुकर्रर की गई। ज़ाहिर है वह इस नौकरी के वास्ते मुम्बई में ही शिफ़्ट हो गए। बतौर गीतकार प्रदीप ने इस फ़िल्म में चार गाने लिखे और इनमें से तीन को अपनी आवाज़ भी दी। साल 1939 में आई इस फ़िल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिल्वर जुबली मनाई। फ़िल्म में उनके लिखे गीत 'हवा तुम धीरे बहो...', 'हम आज़ाद परिंदों को..' खूब लोकप्रिय हुए।

'कंगन' फ़िल्म की कामयाबी के बाद गीतकार प्रदीप 'बॉम्बे टॉकीज' का अभिन्न हिस्सा हो गए। बाद में 'बॉम्बे टॉकीज' की ही फ़िल्म 'बंधन', 'पुनर्मिलन', 'झूला', 'नया संसार' और 'किस्मत' में भी उन्होंने गाने लिखे। अपने गानों की वज़ह से इन फ़िल्मों ने एक नया इतिहास रचा। यह वह दौर था, जब देश में चारों ओर 'भारत छोड़ो आंदोलन' की गूंज थी। प्रदीप के लिखे गीत 'दूर हटो ऐ दुनियावालों हिंदुस्तान हमारा है' ने उन्हें बड़ा गीतकार बना दिया। %भारत छोड़ो आंदोलन% में ये गीत सत्याग्रहियों के लिए एक नारा बन गया था। फ़िल्म 'किस्मत' के बाक़ी गीत भी सुपर हिट साबित हुए। ख़ास तौर से 'धीरे-धीरे आ रे बादल...', 'पपीहा रे मेरे पिया से', 'अब तेरे सिवा कौन मेरा..' गानों ने देश के घर-घर में धूम मचा दी। अपने गीत-संगीत की वज़ह से ही 'किस्मत' देश की पहली गोल्डन जुबली फ़िल्म बनी। फ़िल्म 'पैग़ाम' में प्रदीप ने अलग ही रंग के गीत लिखे। ख़ास तौर पर 'ओ अमीरों के परमेश्वर'। इस गाने के ज़रिये उन्होंने अमीरों की दुनिया में ग़रीबों की परेशानियों को बड़े ही संवेदनशीलता से दिखलाया है, ''ऐसा लगता ग़रीबों के जग में/आज रखवाला कोई नहीं/ऐसा लगता के दुखियों के आंसू/पोछने वाला कोई नहीं/ओ अमीरों के परमेश्वर।''

साल 1954 में आई फ़िल्म 'नास्तिक' के गीतों से प्रदीप को धार्मिक गीतकार के तौर पर नई पहचान मिली। इस फ़िल्म में उन्होंने न सिर्फ़ गीत लिखे, बल्कि उन्हें गाया भी। ज़ाहिर है कि यह फ़िल्म भी कामयाब रही। साल 1975 में आई छोटे बजट की फ़िल्म 'जय मां संतोषी' भी गीतकार प्रदीप के गीतों की वजह से पूरे देश में खूब चली। 'मैं तो आरती उतारूं मां', 'यहां वहां जहां तहां', 'करती हूं मैं तुम्हार व्रत मैं' और 'मदद करो संतोषी मां' फ़िल्म के सारे गानों ने लोकप्रियता की नई मिसाल पेश की। साल 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान कवि प्रदीप ने सैनिकों की शहादत और उनके सम्मान में 'ऐ मेरे वतन के लोगों....' लिखा। इस गाने को पूरे देश में क्या मक़बूलियत मिली, अब यह एक इतिहास है। कवि प्रदीप के ही सुझाव पर इस गाने से हुई कमाई को युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं के कल्याण के लिए दिया जाता है।

गीतकार प्रदीप ने इकहत्तर फ़िल्मों में तक़रीबन सत्रह सौ गाने लिखे। साल 1958 में एचएमवी ने उनकी तेरह कविताओं से सजा एक एलबम 'राष्ट्रकवि' निकाला। प्रदीप वैसे तो कई पुरस्कार-सम्मानों से नवाज़े गए। साल 1961 में उन्हें 'संगीत नाटक अकेदमी अवार्ड' तो साल 1997 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सम्मान 'दादा साहेब फ़ाल्के सम्मान' से नवाज़ा गया। मध्य प्रदेश जहां प्रदीप ने जन्म लिया, यहां की सरकार ने उनकी स्मृति में 'राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान' स्थापित किया है। जो हर साल किसी गीतकार को दिया जाता है। 'राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' और 'संत ज्ञानेश्वर सम्मान' से भी वह सम्मानित किए गए, लेकिन देश की सरकारों ने उन्हें अपने सबसे बड़े नागरिक सम्मानों 'पद्म श्री', 'पद्म भूषण' आदि के क़ाबिल नहीं समझा। जबकि उनसे कई दर्जे जूनियर और कम

कविता

वर्णमाला

■ मंगलेश डबराल

एक भाषा में अ लिखना चाहता हूँ
अ से अनार अ से अमरूद
लेकिन लिखने लगता हूँ अ से अनर्थ अ से अत्याचार
कोशिश करता हूँ कि क से कलम या करुणा लिखूँ
लेकिन मैं लिखने लगता हूँ क से क्रूरता क से कुटिलता
अभी तक ख से खरगोश लिखता आया हूँ
लेकिन ख से अब किसी खतरे की आहट आने लगी है
मैं सोचता था फ से फूल ही लिखा जाता होगा
बहुत सारे फूल
घरो के बाहर घरों के भीतर मनुष्यों के भीतर
लेकिन मैंने देखा तमाम फूल जा रहे थे
ज़ालिमों के गले में माला बन कर डाले जाने के लिए
कोई मेरा हाथ जकड़ता है और कहता है
भ से लिखो भय जो अब हर जगह मौजूद है
द दमन का और प पतन का सँकेत है
आततायी छीन लेते हैं हमारी पूरी वर्णमाला
वे भाषा की हिंसा को बना देते हैं
समाज की हिंसा
ह को हत्या के लिए सुरक्षित कर दिया गया है
हम कितना ही हल और हिरन लिखते रहें
वे ह से हत्या लिखते रहते हैं हर समय ।

बोधकथा

मिट्टी ने मटके से पूछा- 'मैं भी मिट्टी तू भी मिट्टी, परंतु पानी मुझे बहा ले जाता है और तुम पानी को अपने में समा लेते हो. वह तुम्हें गला भी नहीं पाता, ऐसा क्यों ?' मटका हंसकर बोला- 'यह सच है कि तू भी मिट्टी है और मैं भी मिट्टी हूं. पर मेरा संघर्ष अलग है. पहले मैं पानी में भीगा, पैरों से गूंथा गया फिर चाक पर चला कुम्हार के. थापी की चोट, आग की तपन को झेला. संघर्ष झेलकर पानी को अपने में रखने की ताकत मैंने पायी. मंदिर की सीढ़ियों पर जड़े पत्थर ने मूर्ति के पत्थर से पूछा- 'भाई तू भी पत्थर मैं भी पत्थर पर लोग तुम्हारी पूजा करते हैं और मुझे पैरों से रौंदकर, बिना ध्यान दिये चलते हैं. ऐसा क्यों ?
मूर्ति के पत्थर ने उत्तर दिया- क्या तू मेरे संघर्ष को जानता है ? मैंने इस शरीर पर कितनी छैनियों के प्रहार सहे हैं, मुझे कई बार घिसा गया है, मार और संघर्ष की पीड़ा को सहकर ही मैं इस रूप में आया हूं. संघर्षों की भट्टी में तपकर ही 'जीवन' स्वर्ण बनता है.

प्रस्तुति : श्रीकांत कुलश्रेष्ठ

व्यंग्य

■ जश्रीलाल शुक्ल

दो आदमी पुराने

कुछ दिन हुए, रामानंदजी और राकेशजी अपने-अपने पेशे से रिटायर हो कर सिविल लाइन्स में बस गए थे। अपने यहाँ का चलन है कि रिटायर होने के बाद और इस लोक से ट्रांसफर होने के पहले बहुत से लोग सिविल लांइस में बँगले बनवा लेते हैं। इन्होंने भी वहाँ अपने-अपने बँगले बनवा लिए।

रामानंदजी किसी समय में चोरी किया करते थे। वे पुराने स्कूल के चोर थे। इस कारण उनका विश्वास तांत्रिक क्रियाओं में भी था। बाद में चोरी सिखलाने के लिए उन्होंने एक नाइट स्कूल भी खोला। कुछ समय बीतने पर चोरी के माल के क्रय-विक्रय की उन्होंने एक दुकान कर ली। इस सबसे अब वे रिटायर हो चुके थे और अपने को रिटायर कहा करते थे।

राकेशजी रिटायर तो हो चुके थे, पर चूँकि वे कवि थे इस कारण वे अपने को रिटायर मानने को तैयार न थे। कभी उन्होंने एम.ए. पास किया था; और फिर वे एक कॉलेज में प्रोफेसर हो गए थे। उस पेशे में तो वे ज्यादा नहीं चल पाए पर कवि की हैसियत से उन्हें ऊँचा स्थान मिल गया था। अर्थात अब तक उनके पास उनकी अपनी कविताएँ थी, अपने प्रकाशक थे, अपने ही आलोचक थे, अपने ही प्रशंसक और पुरस्कारदाता थे। इधर कुछ आलोचक उन्हें कविता के क्षेत्र में भी रिटायर कहने लगे थे।

दोनों पड़ोसी थे। दोनों को एक-दूसरे के पुराने व्यवसाय का ज्ञान था। उनमें मित्रता हो गई। दोनों प्रायः हर बात में एकमत रहते थे। दोनों यही समझते थे कि इस युग में योग्यता और कला का ह्रास हो रहा है और आज की पीढ़ी बिल्कुल जाहिल, निरर्थक और अयोग्य है।

इसीलिए एक दिन लॉन में टहलते-टहलते राकेशजी ने कहा, 'आज की पढ़ाई में रक्खा ही क्या है? मैं आठवें दर्जे में हिंदी कविता का अर्थ अंग्रेजी में लिखता था। अब बी.ए. में अंग्रेजी कविता का अर्थ हिंदी में लिखाया जाता है।'

रामानंदजी बोले, 'आप ठीक कहते हैं। हमारे जमाने में कुछ लोग फर्श पर डंडा ठोंक कर जमीन में गड़े हुए धन का हाल जान लेते थे। आज के दिन सामने कपड़े से ढँकी तिजोरी रक्खी रहती है और लोग उसे मेज समझ कर बिना छुए ही निकल जाते हैं।'

राकेशजी ने कहा, 'और जम कर साधना करने का तो समय ही चला गया है। आजकल...।'

बात काट कर रामानंदजी बोले, 'साधना अब कौन कर सकता है? हम लोगों ने अमावस की रात में मसान जगाया था। मुर्दे की खोपड़ी में चावल पका कर उसे जिस घर में डाल देते वहाँ का माल...।'

> **राकेशजी रिटायर तो हो चुके थे, पर चूँकि वे कवि थे इस कारण वे अपने को रिटायर मानने को तैयार न थे। कभी उन्होंने एम.ए. पास किया था; और फिर वे एक कॉलेज में प्रोफेसर हो गए थे। उस पेशे में तो वे ज्यादा नहीं चल पाए पर कवि की हैसियत से उन्हें ऊँचा स्थान मिल गया था। अर्थात अब तक उनके पास उनकी अपनी कविताएँ थी, अपने प्रकाशक थे, अपने ही आलोचक थे, अपने ही प्रशंसक और पुरस्कारदाता थे। इधर कुछ आलोचक उन्हें कविता के क्षेत्र में भी रिटायर कहने लगे थे।**

राकेशजी ने उत्तेजित हो कहा, 'नहीं नहीं, वैसी साधना से मेरा मतलब नहीं है। मैं साहित्य-साधना की बात कर रहा हूँ। आजकल लोग व्याकरण, पिंगल, काव्यशास्त्र का नाम तक नहीं जानते और नई-नई बातों के आविष्कारक बन जाते हैं। कोई दो-दो पंक्तियों को लिए मुक्तक लिख रहा है, अतुकांत चला रहा है, कोई क्रियाओं के नए-नए प्रयोग भिड़ा रहा है : और पूछ बैठिए कि अकर्मक क्रिया और सकर्मक क्रिया में क्या भेद है तो अंग्रेजी बोलने लगेंगे।'

एक गहरी साँस खींच कर रामानंदजी बोले, 'आप सच कहते हैं, अपने यहाँ भी यही दशा है। दीवाल की कौन कहे, कागज पर कायदे की सेंध नहीं लगा सकते और बात करेंगे सिटकनी खोलने की, रोशनदान तोड़ने की, जेब काटने की। नई-नई तरकीबों की डींग हाँकेंगे। और पुरानी...।'

राकेशजी अपनी धुन में कहते गए, 'और विनम्रता तो रही ही नहीं। कुछ सिखाओ तो सीखेंगे नहीं। कुछ बताओ तो बिना समझे-बूझे अकड़ने लगेंगे। आज के साहित्यिक, साहित्यिक नहीं – लठैत हैं, लठैत।'

रामानंदजी समर्थन करते हुए बोले, 'साहित्यिकों के क्या पूछने राकेशजी। यहाँ तो अबके चोर नहीं रहे। वे तो डकैत हैं, डकैत। अपना पुराना तरीका तो यह था कि घर में घुसे और बच्चे ने खाँस दिया तो विनम्रतापूर्वक बाहर निकल आए। पर आजकल के ये लोग किसी को जागता हुआ पा जाएँ तो...' सहम कर उन्होंने वाक्य पूरा किया, '%बाप रे बाप..'

अब राकेशजी उत्साहित हो गए और बोले, 'ये सब जाहिल हैं, निरर्थक हैं। पहले तो लिखते-लिखते हाथ ऐसा मँज जाता था कि पाठक बिना पढ़े ही दूर से समझ जाते थे कि अमुक कवि की कविता है। उस पर उनका व्यक्तित्व झलकता था...।'

रामानंदजी ने धीरे से कहा, 'यही तो। सेंध की शकल देख कर लोग कह देते थे कि यह फँला ने लगाई है। अब तो सिटकनी खुली पड़ी है...।'

उपमा राकेशजी को पसंद आ गई। 'बोले, 'आजकल यही तो है भी। साहित्य के दरवाजे की सिटकनी अंदर से खोल-खोल कर न जाने कितने लोग घुस आए हैं।'

बिन समझे हुए, रामानंद जी ने कहा, 'जी हाँ, पहले तो सेंध का ही चलन था।'

राकेशजी ने जल्दी से कहा, 'जी, आप मेरा मतलब नहीं समझे। मैं कहा रहा था कि...।'

अकस्मात उन्होंने चौंक कर कुरते की जेब पकड़ ली। रामानंदजी का हाथ उनकी मुट्ठी में आ गया। नाराजगी से राकेशजी बोले, 'यह क्या? आप मेरी जेब काट रहे थे।'

रामानंदजी ने विनम्रता से हाथ छुड़ा कर कहा, 'यही समझ लीजिए। बात यह है कि...बात यह है कि ये नौसिखिए कुछ काम तो बड़ी सफाई से कर दिखाते हैं। मैं आपस में वही देख रखा था कि यह जेब वाला काम मुझसे भी चल पाता या नहीं।'

रामनंदजी नर्म पड़े। बोले, 'देख लिया आपने।'

बिना उत्साह के, रामानंदजी साँस खींच कर बोले, 'देख लिया राकेशजी यह सब के बूते की बात नहीं। जो हमने कर लिया वह आज वाले नहीं कर पाते हैं। पर इनके भी कुछ ऐसे खेल हैं जो हम नहीं खेल पाते। अपना-अपना जमाना है।'

सहसा राकेशजी बिगड़ कर बोले, 'यह सब आप ही के यहाँ चलता होगा। अपने यहाँ तो अब भी जो कहिए, करके दिखा दूँ। रामानंदजी, यह तो करने की विद्या है। चाहे कवित्व हो, चाहे कविता हो, या हो नई कविता। लिखूँगा तो अब भी आजकल वालों से अच्छा ही लिखूँगा।'

रामानंदजी राकेशजी की ओर देखते रहे। उनमें कभी मतभेद नहीं हुआ था। पहली बार उन्हें लगा कि कुछ ऐसी भी बातें हैं जहाँ उनकी राय हमेशा एक नहीं होगी।

हाना

दूसर ला सिखौना देय, अपन बैठ के लौनिया लेय।
दूसर ल सिखौना देबे के घाम में बइठे ले तबियत खराब हो जाथे अउ उही काम ल अपन करथे तब ये हाना ल केहे जाथे।

शब्द अरथ

1. चौरी- छोटा चबूतरा
2. चौंसेला- चाउर पिसान के सोंहारी
3. चौकीनियां-चतुष्कोण, चार कोने वाला
4. चौंखूटिया- चौकोना
5. चौखंडा- चार खंडों का
6. चौखट- चार लकड़ियों का वह ढांचा जिसमें किवाड़ के पल्ले लगाए जाते हैं
7. चौखना- लाल रंग गमछा
8. चौतरा- चबूतरा
9. चौथिया- विवाहोपरांत कन्या को प्रथम बार वापस लाने के लिए जाने वाली बरात।' देपहली'।
10. चौमसिया- चार मासे का बाट।

बारिश अउ धान

हर बछर फसल बहुत बढ़िया होवत हाय। अकाल.के छाया घलो नइ परय। बढ़िया देवारी के.समय म धान कटाई शुरु होथे। ओखर बाद मिंजाई होथे। आजकल तो मशीन म धान कटाई होवत हावय फेर देशी सुगंधित धान ल हाथ में ही काटे जाथे। कमतर किसान मन अपन हाथ म धान के कटाई मिंजाई कर लेथें। जेन मशीन म करिस तेखर धान ह बोरा म भरा जथे फेर बियारा म या खेत म रखाये रहिथे।

बरसात के बादर ह तो बिदा हो जथे फेर कोनो न कोनो डाहर ले तूफान आ जथे अउ पानी बरसे ले लग जथे। देवारी म खेत म कटाये धान ह भींज जथे या फेर खेत म पूरा पानी भर जथे। धान म जरइ आ जथे। सालभर के मेहनत खराब हो जथे। किसान कर्ज म बूड़ जथे। एकादशी तक ओखर बाद तक धान ह बियारा म आथे या फेर बोरी मन म भरा के रखा जथे। अतेक धान ल जब तक नइ बेचाय तब तक बाहिर ही रखे बर परथे। धीरे-धीरे धान मंडी ले बेचावत जाथे। मंडी म खुला धान रखाये रहिथे।

अब हर बछर के नियम बनगे हावय पानी गिरना। कई टन धान के बरबादी। मंडी के धान भी खुला रखाये रहिथे वहू ह भींज जथे जरइ आ जथे अउ सड़ जथे। एखर एके इलाज हावय धान ल ऊंच जगह म रखे जाये। एखर बर चबूतरा बनाये जाये। दूसर एला ढके जाये। ढके बर बड़े-बड़े तालपत्री रखे जाये।

हर बछर के नुकसान ह बंद हो जही। फेर खर्चा तो एक बेर करे बर ही परही। किसान ह ये बात ल समझय काबर.नहीं। हर बछर अपन नुकसान कराथे। जतका नुकसान होथे ओतका म तो तालपत्री आ सकथे। मंडी म चबूतरा बनाये के काम ल पंचायत ह कर सकथे। पूरा गांव ल एक बछर सोच के ये सब के इंतजाम कर लेवय त हर बछर के नुकसान ले बांच जही।

बादर ये सब ल देखके मुंह बिचका के अइसने भाग जही। चबूतरा म रखे धान तालपत्री म ढकाये रहिही तब पूरा सुरक्षित रहिही। किसान भाई मन ल चबूतरा अउ तालपत्री बर सोचना चाही।

सुधा वर्मा

बिगड़े झन लोक गीत-संगीत : जयंती यादव

छत्तीसगढ़ के हर खास-आम के जुबान म जिंखर गाए गीत ह रचे बसे हे तेमा जयंती यादव के नाम ह अव्वल हे। नानपन ले गरीबी म गुजरे जयंती अउ ओखर खानदान ह छत्तीसगढ़ी गीत बर बड़ मया दया राखिस हे। ओखर बेटी अंग्रपूर्णा ह खानदानी गुन ल आघु लेगे म लगे हे।

पचास बछर ले ऊपर होगे जयंती जी के गायकी के बानगी ह सुनीईय के कान ले सीधा हिरदे म उतर जाथे। मया-दया,धरम- करम,लोक जीवन के गीत उंखर अवाज म अइसे झनके निकलथे जइसे अमरईया म कोयली के कुक हर आथे। इही साल के छत्तीसगढ़ शासन ह जयंती जी ल बछर 2022 म कला जगत के सबले बड़का पुरस्कार दाऊ मंदराजी दीस।

कलाग्रढ़ दुर्ग म जयंती जी अपन जिनगी के सुरता के संदूक ल रगंमंच दिन म खोलत बताईन-धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ के मालगुजार दाऊ दुलार सिंग मंदराजी के पारखी आंखी ह सबले पहिली चिनहीस। ओहर छत्तीसगढ़ी नाचा रवेली साज पार्टी चलावत रहिस। मोर ददा ले ओहर मोला बेटी कस मांग लीस। मोर ददा ल टीबी के बीमारी रहिस। ओखर मुंह ले लहू आए लागय। एला देखके दाऊ जी हर इलाज, घर खर्चा सहित मोर कला ल बड़े मंच देहे के वादा करीस तब मोर ददा ह राजी होगे। दाऊ जी हर मोला बेटी कस अपन घर म राख के हीरा तराशे बर जौहरी कस काम करीस।

थोरिक सोंचत जयंती जी बोलिन-एक दिन दाऊजी मोला बोलिस ,बेटी नचई के दुनिया चार दिन के होथे फेर गायक-गायिका मन के पहचान ह अमिट होथे। जनमन के हिरदे म तोर गायकी ह जल्दी पहिचान बनाही। दाऊ जी के ए बात ल धरके ओखरे गुरूवाई म गायन के दुनिया म समा गेवं। मोर गायकी के डंका बाजे लागिस। दाऊ जी के संगे संग मोला मदन निषाद, गोविंदराम, बाबूदास भुलवाराम, लालूराम, गणेश यादव, फिदा बाई, माला बाई, राधा बाई असन खांटी कलाकार मनके संगत मिलगे।

राज्य अंलकृत गायिका जयंती संग विजय मिश्रा के गोठबात

गोठ -बात ल बढ़ावत में ह बोलेवं- जिनगी भर सुरता राखे लाईक कोनो कार्यक्रम के बारे म कांहि बतावव न । तब हांसत उन बोलिन -विजय भईया, बछर सत्तर के बात आए। रायपुर म हमर कार्यक्रम चलीस त टिकट लेके देखोईया के भीड़ ह मेला मड्डई कस उमड़े। सिनेमा हॉल म तको माछी झूमे के नौबत आ जावय। अइसन बेरा म नामी नाट्य निर्देशक हबीब तनवीर हमर कला ल देख के अपन संग म दिल्ली ले गीस। ओखर निर्देशन म हमन चोर चरनदास, मोर नाव दमाद गांव के नाव ससुरार, आगरा बाज़ार, नाटक ल खेलेन।

गायन कला के रद्दा म बड़े राहगीर कोन-कोन मिलीन पूछेंवं त बताइन कि- मोहम्मद रफी, सुमन कल्याणपुर, लता मंगेश्कर, राजब्बर, शिव छोटा, पाटिल, मनु नायक, मलय चक्रवर्ती कस कलागुरू के मया दुलार मिलिस अउ छत्तीसगढ़ म सांस्कृतिक क्रांति जगाईया दाऊ रामचंद्र देशमुख के चंदैनी गोंदा, दाऊ महासिंह चंद्राकर के सोनहा बिहान, केदार यादव के नवा बिहान,अउ खुद के संस्था आमा मंउर के मंच म गाए मोर कतको गीत के रिकार्ड बनीस। जेमा कि -तें अरझे कहां परबुधिया रे, देखे देवर बाबू तोर भइया के चाल, अंचरा ल रे-रो भिजोंवत हंव, जिनगी पहाड़ होगे रे, आते जाते रहिबे रे छैला बाबू मोर गांव कस गीत मन ह आजो धूम मचावत हे।

जिनगी म आए बदलाव के का कथा हे जयंती जी कहेवं त बताइन- कला यात्रा म बाढ़त मोला गणेश यादव उर्फ गब्बू जी ह जीवन साथी के रूप म मिलीस। तबला-ढोलक वादन अउ छत्तीसगढ़ी गीत ल संगीतबद्ध करे म ओखर मास्टरी रहिस। विहाव के पहली एक घवं हमन सब कलाकार डोंगा म चढ़के नदिया नाहकत रहेन। तभे डोंगा ह टूटगे। अइसन बिपत के बेरा म गब्बू जी ह मोला बूड़े ले बंचाईस। ओ बेरा हमर दूनों के दिल ले अवाज निकलीस ' तें मोला बांध लेहूं... एखर पाछू जयंती मरकाम ले मेहर जयंती यादव बन गेवं।

आज दुनिया म मोर गुरुपति ह नई हे कहत जयंती जी के आंखी डबडबाये। तब भरभराए अवाज म गब्बू जी के संगीतबद्ध, बढीवेशाल परमानंद जी के लिखे गीत ल गुनगुनाए लागीन- ' चोला चूरत रहिगे, जिनगी घूरत रहिगे, सुरता के सपना म, माड़े मूरत रहिगे '...। जयंती जी के बेजोड़ गायिकी ल सुनके अचंभित होगे रहेवं। पछतर बछर ले ऊपर पार उमर म तको ऊंखर गायकी के मुकाबला करोईया छत्तीसगढ़ म दिखे नहीं। मोर आघू म कई टिन गीत गावत, हाव भाव के संग अंगरी ल नचावत जयंती जी के चेहरा म थोरको थकान नी झलकीस।

जेला देख के ताली बजावत में हर सवाल करेवं- आप ल थकासी नी लागय ? तब खिलखिला के हांसत ओमन बोलिन – कलाकार के जिनगी म अराम कहां विजय बाबू। संगीत हर तो अइसे ओखद आए जेहर तन मन ल ताजा बनाके राखथे। गावत नाचत बजावत कहूं कोनो कलाकार थकते त तय मानो कि ओखर भीतर कलाकारी भोथरा गिस है। रात-रात भर हमन बिना थके नाचन गावन। तब हमर ताजगी के दीवाना मन के ताली थमबे नी करय। विदेशी मन ह बधाई देवत मोर गांव चीमट लेवयं। अइसन मया पाना ईमानदार कलाकार के सबले बड़े कमाई आए।

बेहद सरल स्वभाव के जयंती अपन जिनगी के एक ठिन अउ मजेदार बात बताईन कि नानपन ले मोला सजना-संवरना रत्ती भर भावत नी रहिस। संगीत ले सजे मोर तन मन सदा सुंदर हे। कलाकार के हुनर हर ही ओला आम ले खास बनाथे। बिचार करे लायक बात हे कि दरपन के आघू म संवरना सब चाहथें, फेर दरपन कस साफ दिल कोनो-कोनो राखथें। अइसन साफ दिल के जयंती जी के 'बाडी लेंग्वेज' हर बतावत रहीस-

ठूंठ हो चुकी हूं,पर बेजान मत समझना।
लोकगीत संगीत के लहू मेरी रगों में आज भी बहते हैं।।

जिनगी के कोनो पीरा हे जेहर रोज पेरत होही पूछेवं त आंखी ले आगी उगलत बोलिन -मोला अपन जिनगी ले जादा जमाना ले शिकायत हे। छल कपट करके मोरे गाए गीत ल गाके, रिकॉर्ड करके लोगन नाम, दाम अउ ईनाम पा गिन। अइसन टांग खिचोंईया मन के नाम ल बताहूं त अपन बड़प्पन ल गवां देहूं। फेर अतका जान लेवव कि मोला गिरोईया मोर अतका अपन रहिन कि संभले बर तको मेहर उही मन के उपर भरोसा करेवं।

नवा पीढ़ी बर संदेसा देवत बोलिन- सीखे के लकल जिनगी भर बनाए राखें, रिकॉर्ड करके लोगन द सतही करके कभू झन बिगाड़व। अइसन सुग्घर गोठ बात करके उठेवं तभे बहुरानी ह चाय लानिस। चाय पीयत गुनेवं-

'पुराने लोग नया हौसला देंगे, बुजुर्गों से मिलते रहें वे दुआ देंगे।'

विजय मिश्रा 'अमित' हिंदी -लोकनाट्य निर्देशक, सुंदर नगर,रायपुर

मील के पथरा बनही महाकाव्य श्री सीतारामचरित

प्रभु श्रीराम के जीवन गाथा ला सबले पहिली आदिकवि बाल्मीकि संस्कृत म लिखिन। 16 वीं सदी मा महाकवि तुलसीदास जी रामचरित मानस ला अवधी मा लिख के जन-जन म लोकप्रिय कर दिन।

यकर अलावा सैंकड़ों के संख्या मा कई भाषा म रामायण लिखे गिस। छत्तीसगढ़ी भाषा म घलो ये उदिम होइस। छत्तीसगढ़ी भाखा म कपिलनाथ कश्यप सहित कुछ अऊ लेखक मन के रामायण आ चुके हावय फेर वोमा छन्द के अभाव रहिस। परंतु बादल जी के महाकाव्य पूर्णत: छन्दबद्ध अउ व्याकरण के दृष्टिकोण ले पूर्णत: परिमार्जित हवय।

ये महाकाव्य म कुल 9 सर्ग (पूजा के फूल) हवय जेमा श्रीराम जन्म से लेके रावण के वध अउ श्रीराम के राज्याभिषेक तक के संपूर्ण घटना के चित्रण हवय। महाकाव्य के आधार छंद दोहा अउ चौपाई हवय। कुल 98 प्रकार के छन्द के प्रयोग ये महाकाव्य मा होय हवय। मानस मर्मज्ञ बादल जी के अथक मेहनत अउ भागीरथ प्रयास ये महाकाव्य मा साफ दिखाई देथे। महाकाव्य के शुरुवात गणपति वंदना से होथे। तदुपरांत श्रीराम, हनुमान, माता सरस्वती, भोलेनाथ आदि शक्ति मां दुर्गा,अउ गोस्वामी तुलसीदास जी के वंदना हवय। महाकाव्य मा रामायण के संपूर्ण घटनाक्रम के चित्रण करत श्रीराम के राज्याभिषेक के संग महाकाव्य के समापन करे हवय। मर्मस्पर्शी चित्रण होय के कारण पाठक शुरू ले अंत तक भावुक होके येला पढ़ही।

महाकाव्य 309 पेज के हवय जेमा कुल 98 प्रकार के छंद- दोहा, सोरठा, चौपाई, अनुष्टुप छंद, अमृतध्वनि, कुण्डलिया, त्रिभंगी, आल्हा, ताटक,रूपमाला,हरिगीतिका,सरसी, कामरूप, जनक, सार छंद, उल्लाला, पद पादालुक, जयकारी, प्रमाणिका, आनंदवर्धक, वीर छंद, कज्जल, शक्ति, विधाता, कुकुभ, लावणी, मंगलवत्थु,मधु वल्लरी, बरवै, त्रिभंगी, शार्दुल विक्रडीत, विष्णुपद, मधु मालती, रोला, शंकर छंद, जयकारी छंद, वसंत तिलिका, डिल्ला, मालिनी, शोभन, भुजंग प्रयात, पुनीत, कुण्डल, हाकलि, रास, राधिका, मनोरम, मुक्तामणि छंद, शुद्ध गीता, सिंह छंद, तोटक, सिंधु छंद, सुखदा छंद, गोपी, गगनांगना छंद, दिगपाल, मानव, चण्डिका, त्रिलोकी छंद, अखण्ड छंद, अनुगीत, विंध्यकमाला, वंशस्थ, कामना, वर्णिक, गधिका, तोमर, निश्छल,दीप, आनंदवर्धक, सुगति, श्रृंगार, पद्धरी छंद, डिल्ला, छप्पय, विजात छंद, त्रोटक, अरिल्ल, तामरस छंद, शशि वंदना, तोमर, गीतिका, उपजाति, भुजंगप्रयात वर्णिक छंद के अलावा मनहरण घनाक्षरी, रूप घनाक्षरी बड़रे ये हवय। सवैया में -दुर्मिल,मदिरा, बागीश्वरी, अरविंद सवैया, सुन्दरी, मुक्तिहरा, मत्तगयन्द,सर्वगामी,सुमुखी,चकोर, महाभुजंगप्रयात, मोद, वाम, मत्तत, अरसात अऊ सुखी सवैया कुल 12 प्रकार के सवैया के सुग्घर प्रयोग हवय।

महाकाव्य के भाषा सरल अऊ बोधगम्य हवय। रस छन्द अउ अलंकार के प्रयोग ले महाकाव्य के खूबसूरती म चार चांद लगगे हवय। घटना के कलात्मक चित्रण मा बादल जी माहिर हवय। बादल जी के ये अनुपम कृति छत्तीसगढ़ी साहित्य मा अपन अलग स्थान बनाही। ये महाकाव्य मा अतेक अकन छंद के प्रयोग करके छत्तीसगढ़ी साहित्य ला पोट करके के सुग्घर उदिम बादल जी करे हवय। छत्तीसगढ़ी म प्रकाशित उत्कृष्ट महाकाव्य खातिर बादल जी ला अंतस ले बधाई अऊ शुभकामना।

समीक्षा

कृति - श्री सीताराम चरित
लेखक- चोवाराम वर्मा 'बादल'
प्रकाशक -शिक्षादूत ग्रंथागार प्रकाशन, नई दिल्ली
समीक्षक - अजय अमृतांशु

बदरहा जाड़

बादर बदली ढंके ह्वे
सुर-सुर-सुर पुरवाई चलत हे
ठंड के मारे ठुरठुरासी लागे
जाड़ नंगत करत हे

मउंसम घलो बेईमान होगे
जाड़ दिन म पानी टपकत हे
आषाढ़ के अकरसु कस
ओईसना चुहुर्रत दरपत हे

लकड़ी छेना भुर्री तापे
अंगेठा आगी भभकत हे
ए बईरी जुड़ जाड़ तोला
अतिक काबर हटकत हे

नांन्हे नांन्हे लईका मन
बबा के कोरा म लपकत हे
सुवेटर कनचप्पी साल पल्टि
हुं हुं हुं करत कंपकंपात हे।।

सोनू नेताम माया
रुद्री नवागांव धमतरी

सबले बड़े गंगा हे समाज गंगा

संझाती बेरा मटासी खार में भारा बांधत बांधत धनसिंग ल देखेंव, अपन खेत के बंबरी रुख म डोरी ल बांधत रहय। भारा बीड़ा ल छोड़के पल्ला दौडेंव। तोर मति बौरा गेहे धनसिंग ? उतर ये रुख ले, बइहा होगेस तेहा, फांसी डोरी लेवथस। धनसिंग रोवत कथे- मोला मर जावन दे रैन भईया मैं समाज में मुंहु देखाये के काबिल नई हंव। मोर ले गलती होगे हे गांव भर के नजर में मैं गिर गेहो। गांव के जम्मो घर ऊं-नीच लड़ाई -झगड़ा, चोरी-हारी के फैसला गांव के सचिव होये के सेती सियानी करत रहेंव। दुनिया में शिक्षा देवत रेहेंव जेकर चाल-चलन बिगड़ गे तेकर दुनिया में कुछु नई हे अउ आज मोरे चाल म कीरा परगे अऊ गियानी मन कथे धन सिरगे त कुछु सिरगे, तबियत बिगड़े ले थोड़ा बहुत कुछ सिरगे लेकिन जेकर इज्जत सिरगे तेकर दुनिया में सब सिरगे। अब मोर इज्जत नई है त मैं जी के का करहुं? मैं केहेंव- ये मरइ हरई ले कोनो समस्या के समाधान नई होवय धनसिंग, जीना-मरना भगवान के हाथ मे हे। का बात हरे कुछु बताबे घलो, धनसिंग कथे- भईया तैं तो जानत हस गांव के सचिव के पद कतका दिन के सम्हालत आवत हंव फेर लोभ में आके मैं पाप कर डरेंव। जगह-जगह पारा-मोहल्ला, खोर-चंवरा में मोर चर्चा चलत हे। मैं ये सब सुन के नई जी सकवं। का गोठ होवत हे बने फरिहा के बता? कहिके पुछेंव। धनसिंग कथे- रैन भइया तैं तो जानत हस गांव में जग जंवारा, रमायन-भागवत, मन्दिर देवाला सबके देखरेख, हिसाब-किताब खर्चा अउ लेवइ-देवई के जिम्मेदारी मोर रथे। जतका चढ़ोतरी में धान-चाउर सकलाथे सबके हिसाब ल मिहि देवत आथो। दस बछर ले गांव वाला मन मोर ऊपर आंखी मुंदे के विस्वास करत आवत हे। फेर ये साल में लोभ में आके रामकोठी के धान के हिसाब में हेरफेर कर डरेंव। चार खाड़ी धान ल राम कोठी के हिसाब में गबन कर देव अउ गांव के सामाजिक बइठका में का जवाब दुहुं? कहिके संसो में मोर जीव छटपटात रहिस। जिनगी भर इज्जत कमाये रेहेंव आज लालच में बईमानी कर परेव, काली मोर खानगी निकल जहि त मोर का इज्जत रइही गांव समाज के नजर में मैं चोर बन जाहुं। इज्जत गंवाये के डर में फांसी लेवत रहेंव किंतु मैं ओकर बात त समझेव अउ केहेंव- गलती तो तोर से होय हे धनसिंग फेर गलती करैया से छमा करने वाला बड़े होथे अउ गलती करके हमला लोट ल छुपाये के बदला अपन गलती स्वीकार करे के जे चार समाज में छमा मांग ले ओमे बुधिमानी हे। तैं तो मर जबे फेर जीवन भर तोर चोला में बईमानी के दाग पड़ जाहि। मैं केहेंव ते फिकर झन कर काली बस्ती समाज में ते अपन बात रखबे में तोर पक्ष लुहु देखथों कोन तोर हांसी-फजीता अउ चारि निंदा करहि तेला। बिहनिया बेर कोतवाल हांका पारिस। हर पाछू एक-एक आदमी हिसाब के बइठका में बाड़ा कर जावत जाहु कहिके। में धनसिंग ल घर के गेंहो ले धनसिंग हिसाब-किताब ल बता रामकोठी में कतका धान हे कहिके। धनसिंग रजिस्टर धरके आये रिहिस चार समाज में हाथ जोड़ के अपन बात ल रखिस- मोर से गलती होगे ददा भइया हो, लालच में मोर आंखी चौंधियागे। रामकोठी के चार खाड़ी धान ल बेंच परेव। फेर छमादान ल घलो बड़का दान केहे गेहे कोनो ल छमा करके ओकर जीवन सुधार करे जा सकत हे ओला सही रद्दा में लाने के परयास करे जा सकत हे। धनसिंग गलती करे हे अउ अपराध के सजा तो जरूर मिलना चाहिए। पांच झन सियान उठके जाओ अउ जो भी फैसला हे बना के लानो कहिके। पांचो सियान गिस अउ समाज मे अपन फैसला सुनाइस एक ठन श्रीफल अउ एक सौ इंकावन रुपया समाज तोला डाढ़ लेवत हे ,समाज मे रखबे अउ चार खाड़ी धान ल फसल काटके चार समाज के बीच रामकोठी में भरबे कहिके। धनसिंग अपन गलती के प्रायश्चित करिस। समाज गंगा के पांव परिस अउ समाज में एक श्रीफल एक सौ इंकावन रुपया रखके समाज के पांव परिस। महु समाज मे अपन बात रखेव - गलती सब मनखे से हो जथे फेर जब तक समाज ह कोनो अपराधी ल सुधरे के मौका नई दिही त तब तक समाज ले अपराध अउ अपराधी के कमी नई होये। कोनो आदमी पेट भीतर ले चोरहा लबरा बनके नई आये न कोनो हुशियार अउ ईमानदार बनके आथे। कब काकर नियत बिगड़ जाये ककरो ठिकाना नई है कोनो ल दूध के धोये नई केहे जा सके।आदमी के बनाये अउ बिगड़े में समाज के बहुत बड़का योगदान रथे।कोनो अपन गलती स्वीकार करत हे तब हम हांसी निंदा ल छोड़के ओला जीवन जिये के अउ अच्छा मनखे बने के मौका दे सकत हन आज हम धनसिंग ल नई समझतेन ते आज धनसिंग फांसी में झुलके अपन परान तियागा दे रतीस अउ अइसन कई मनखे अपन गलती के डर से लोकलाज के भय में गलत रद्दा म चल देथे या अपन परान त्याग देथे जेमे सुधार लाना आम जनता के अउ समाज के कर्तव्य हरे काबर के सबले बड़े गंगा समाज गंगा हरे जिहा सबके पाप अवगुण धोवाथे अउ एक सुग्घर बिचार के साथ गलत रद्दा में भटके मनखे ल सही रद्दा में लाने जा सकथे।

कहिनी

हमर जीवन में जो भी घाटा -फायदा होये, जीना-मरना अउ नाम बदनाम होना ब्रम्हा के हाथ में हे। येमा कोनो ल दोष लगाना बुधिमानी नई है। धनसिंग ह अपन गलती ल चार समाज ले स्वीकार करत हे अउ समाज ल गंगा कहे जाथे ये गंगा में जतका पाप बुराई गलती हे सबला धोये के मौका मिलथे अउ समाज के घलो कर्तव्य होये के जेन आदमी अपन गलती स्वीकार करके चार समाज के पांव में गिरत हे ओला सुधरे के मौका दिया जाए न कि ओकर फजीत्ता करे।

वेदप्रकाश नगारची (शिक्षक)
ग्राम खुटेरी (फिंगेश्वर)

गोरसी तापत अंगाकर खाए के दिन

तब जाड़ ह हमर मन बर तिहार बरोबर जनावय। अघ्घन-पूस दू महीना तो गजबे निक जनावय। हमर गांव-गंवई म ए बेरा ह धान मिंजई के बेरा होथे। धान मिंजई माने बेलन खेदना अउ बीच-बीच म बेलन ले उतर के चारों मुड़ा बरथे पैरा म उलानबाटी खेलना।

गांव म किसान-किसानीन, बनिहार-कमईया सबोच के दिनचर्या बिरावा म पैरा बगराना, बेलन फांदना, कलारी म खोभा मारना, धान के दाना मन झरझें, त पैरा ल झर्रावत हेरना अउ पैरावट म गांजत जाना, पैरा के झरे जम्मो धान मनला सकेल के एक तीर म रास मढ़ाना, फूल-पान नरियर चघा के हुम-धूप देना। तेकर पाछू फेर बोला काठा म राम ले लेके सरा (1 ले 20) तक के गिनती गिनत नापना। एक सरा माने एक खांड़ी पूर जाय त फेर एक बाजू म वोकर खातिर एक मुठा धान के कुढ़ेना मढ़ा देना। अइसने एकक मुठा करत बीस मुठा हो जावय, त फेर एक गाड़ा (बीस खांड़ी) के वो सबो कुढ़ेना ल एक तीर सकेल दिए जाय।

घर के सियान-सियानीन मन तो अतकेच म चिथियाय राहंय, फेर हमन कूद-फांद अउ एती-वोती घूम-धड़ाका म राहन। सुत के उठत ताहं ले बियारा के आगू म गड्ढा खान के बनाए कौड़ा म आगी तापना। थोकिन चरचराए असन लागिस तहां लो मुखारी चगलत तरिया जाना, फेर उहां नहाए के पहिली घठौंदा म बगरे चिरी मनला सकेल के भुर्री बारना। भुर्री के दगत ले धरा रपटा तरिया म कूद के निकलना अउ झटपट कपड़ा पहिर के फेर भुर्री तापना।

घर म आवन त थोंघि चुपरे अंगाकर रोटी बर झपेट्टा मारन अउ देखन त अंगाकर के फोकला अतका मन बरंग बांटा म राहय अउ वोकर जम्मो गुदा मनला हमर बिन दांत के भोभला बबा खातिर अलगिया दे राहय। हमन बस गोरसी तापत फोकला अतका ल झड़कन

तहां फेर स्कूल के बेरा हो जावय।

संझा स्कूल ले लहुटे के पाछू फेर बियारा म धान मिंजाय बर बगरे पैरा म चलत बेलन म चढ़ना, बीच-बीच म उलानबाटी खेलना चालू हो जावय। कभू-कभू बियारा म गाड़ा ल पैरा म तोप के रतिहा के रखवाली करइया मन बर बनाए कुंदरा म खुसरना, उहां माढ़े जिनिस मनला देखना-हुदरना बस अतकेच म बेरा पहा जावय।

मुंधियार असन जनावय त फेर घर कोती जाना, चिमनी अंजोर म गुरुजी मन घर म लिखे-पढ़े बर कुछु अढ़ोय राहय तेला सिध पारन। फेर रतिहा बियारी के पाछू डोकरी दाई जगा कहानी सुनना। सबो भाई-बहिनी गोरसी के आंवर-भांवर बइठ के कहानी सुनन। एक झन कोनो ह हुंकारू देवय। हमर तो कहानी सुनत ही नींद पर जावय, कतका जुवर कोन ह हमला खटिया म ढनगा देतिस तेकरो गम नइ मिलय।

इतवार के छुट्टी के दिन के दिनचर्या ह थोरिक अलगे राहय। ए दिन बिहनिया गोरसी तापत अंगाकर रोटी दमोरे के पाछू खेत डहार जावन। कोनो मिटहूं असन बोइर के पेड़ म चढ़ना, कोनो पाके असन दिखत बोइर वाले डारा ल हलाना, फेर खाल्हे म उतर के पेंट के दूनों खीसा म खसखस के बोइर ल भरना तहां ले खेत म उल्होए तिंवरा भाजी ल सुरर-सुरर के हकन के कोल्हान नरवा कोती बढ़ जावन। कभू-कभू ती सबो संगी तिंवरा भाजी ल रांध के खाए खातिर तेल-फूल जइसे जम्मो जिनिस मनला अपन-अपन घर ले धर ले राहन अउ नरवा खंड़ म आगी सिपचा के वोला रांध के खावन। ए किसम वो छुट्टी के दिन हमर मन के तिंवरा भाजी के पिकनिक पार्टी हो जावय।

-सुशील भोले, संजय नगर, रायपुर

देश विदेश

इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह नेता का बेटा मारा गया

तेल अवीव। हिजबुल्लाह ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी सीरिया में संगठन के संचालन के प्रभारी अली मूसा डकडौक का बेटा हसन अली डकडौक कथित तौर पर इजरायली ड्रोन हमले में मारा गया। अली मूसा डकडौक अमेरिकी सेना पर हमला करने के लिए इराक में ईरानी समर्थक लड़ाकों को प्रशिक्षण देने के लिए जिम्मेदार था। उसे 2007 में इराक में अमेरिकी सेना ने हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया था। मारे गए चार लोग हिजबुल्लाह के थे। जबकि, एक सीरियाई था।

चार सप्ताह में समाप्त हो सकता है इजरायल का अभियान

सबसे बड़े शहर खान यूनिस को घेर रहा इजराइल

यरूसलम, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। इजरायली सेना का दक्षिणी गाजा पट्टी के सबसे बड़े शहर खान यूनिस में सैन्य अभियान तीन से चार सप्ताह में समाप्त हो सकता है। यह जानकारी शनिवार को एक वरिष्ठ इजरायली रक्षा अधिकारी के हवाले से दी। रक्षा अधिकारी के मुताबिक खान यूनिस में अभियान अभी शुरू हुआ है और इजरायली सेना का मानना है कि फिलिस्तीनी आंदोलन हमास का नेतृत्व वहां स्थित है। इजराइल और हमास के बीच संघर्ष का उच्च-तीव्रता वाला चरण तीन से चार सप्ताह तक चलेगा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने इजरायल गाजा में अभियान समाप्त करने की कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं दी है, लेकिन कहा है कि समय सीमित है और लड़ाई को जल्द से जल्द और कम नागरिकों के नुकसान के साथ समाप्त करना आवश्यक है। इससे पहले मंगलवार को इजरायलथी जनरल स्टाफ के प्रमुख हर्जी हलेवी ने कहा कि इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) का जमीनी अभियान गाजा पट्टी में तीसरे चरण में चल रहा है और खान यूनिस को घेर रहा है। गत 07 अक्टूबर को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया गया और सीमा का उल्लंघन किया गया।

बंधकों को छुड़ाने के दौरान दो इजरायली सैनिक घायल

गाजा। फिलिस्तीनी समूह हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को छुड़ाने के अभियान के दौरान दो इजरायली सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को छुड़ाने के लिए रात भर चलाये गये एक ऑपरेशन के दौरान आईडीएफ के दो सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑपरेशन के दौरान बंधकों के अपहरण और बंधक बनाने में भाग लेने वाले कई आतंकवादी मारे गए। इसमें कहा गया कि इस अभियान में किसी बंधक को बचाया नहीं जा सका है।

सबसे पुरानी व सबसे बड़ी मस्जिद को किया नष्ट

गाजा। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को गाजा शहर की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी मस्जिद को नष्ट कर दिया। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने 'शिन्हुआ' को बताया, 'गाजा पट्टी की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी मस्जिद अल-ओमारी ग्रैंड मस्जिद इजरायली हमलों में बड़े पैमाने पर नष्ट हो गई। ओमारी मस्जिद की स्थापना 1,400 साल से भी पहले हुई थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग 4,100 वर्ग मीटर है। तीन सप्ताह पहले इज़रायली तोपखाने के हमले में इसकी मीनार नष्ट हो गई। गाजा पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह हमास ने गाजा शहर में एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्मारक और एक धार्मिक स्थल को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों की निंदा की।

यूएई के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाया वीटो

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की ओर से गाजा में तत्काल युद्धविराम को लेकर जारी प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो लगा दिया है। इस दौरान, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से 13 ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के दो प्रांतों में जारी संघर्ष को रोकने के अथाह प्रयास को अमेरिका ने रोक दिया। पंद्रह सदस्यीय परिषद में एकमात्र अरब राज्य संयुक्त अरब अमीरात द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव पर शुक्रवार को मतदान हुआ। इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत रॉबर्ट ए वुड ने स्पष्ट कर दिया था कि उनका देश तत्काल युद्धविराम का समर्थन नहीं करता है।

सुडोकू 6401

	2	5			8			6
		8			2			
	6		3		7			5
	9							7
		3		4		6		
1							9	
5			8		3		6	
			1			7		
4			9			5	1	

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6401

१		२		■	३		४	
	■			५		■		■
६					■		७	८
	■			९				
■	१०		११			१२		
		■		■	१३			■
१४		१५		■		■	१६	१७
	■			१८		१९		■
२०					२१			२२
	■	२३				■	■	

बायें से दायें:-

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का कृतांत
३. रुपनायक
५. बल्कि, लेकिन, फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. लालक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात-मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. सस्ीला
२३. सधिवर्ग (ब्लड ग्रुप)

ऊपर से नीचे:-

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी संज्ञानभरी बातेंकरना, मूहावरा हैं भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वरीरह
१४. चोखला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऊगी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 10 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 13

राशिफल

मेष - आज आप सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में लोगों की प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। धन की बेहद आवक होगी। पारिवार्कि और दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। वाहन सुख मिलेगा।

वृषभ - शारीरिक मानसिक स्वस्थता के साथ आप अपने काम निर्धारित रूप से पूरे कर सकेंगे। बीमार व्यक्ति आज स्वास्थ्य में सुधार का अनुभव करेंगे। नन्हिहाल पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे।

मिथुन - नए कामों की शुरुआत के लिए दिन अनुकूल नहीं है। जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरुरत है। चर्चा, वाद-विवाद के दौरान मानहानि न हो। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा।

कर्क - आप में आज आनंद और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में खिन्नता रहेगी। छाती में दर्द या किसी कारण से तकलीफ होगी। अनिद्रा सताएगी। सार्वजनिक रूप से स्वाभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन खर्च होगा।

सिंह - कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय मिलने से मन में प्रसन्नता छाई रहेगी। भाई-बहनों के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ किसी रमणीय पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे।

कन्या - आपके लिए आज का दिन शुभ रहेगा। वाणी की मधुरता से दूसरे लोगों के मन पर अपनी सकारात्मक छाप छोड़ सकेंगे। पारिवार्कि वातावरण भी अच्छा रहेगा। वाणी पर संयम बरतने से वाद-विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

तुला - आपके प्रत्येक काम में आत्मविश्वास छलकता हुआ दिखेगा। आर्थिक योजनाएं भी सरलतापूर्वक बना सकेंगे। शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। वस्त्राभूषण और आनंद-प्रमोद के पीछे खर्च होगा।

वृश्चिक - स्वभाव में उग्रता और वाणी पर संयम रखने की जरुरत है। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यथित रहेगा। वाहन चलाते समय दुर्घटना हो सकती है। संभव हो तो ऑपरेशन या नई चिकित्सा को आज टाल दें।

धनु - आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आपको आर्थिक, सामाजिक और पारिवार्कि क्षेत्र में भी लाभ होने की संभावना है। मित्रों और परिजनों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने से खुशी मिलेगी।

मकर - परिवार और संतान के विषय में आपको आनंद और संतोष का भी अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ हुई भेंट से आपका मन प्रसन्न हो उठेगा। व्यापार में धन की ज्यादी के लिए बाहर जाना लाभप्रद रहेगा।

कुंभ - विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक रूप से अव्यवस्था बनी रहेगी। शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। मानसिक रूप से प्रसन्नता बनी रहेगी।

मीन - आकस्मिक धन लाभ का योग है। व्यापरीवर्ग को हके हुए पैसे मिलेंगे। आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अधिक परिश्रम करने पड़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1582-फ्रांस ने ग्रेगोरियन कैलेंडर का इस्तेमाल करना शुरु किया।
1887 – आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन के बीच बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
1902 – तस्मानिया में महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्रदान किया गया।
1903 – पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञानके लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
1936 – चीन जापान के बीच हुए युद्ध में चीन की सहायता के लिए भेजे गए भारतीय चिकित्सा सहायता दल के प्रमुख थे।
1947 – सोवियत संघ और चेकोस्लोवाकिया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर।
1961 –सोवियत संघ और अल्बानिया के बीच राजनयिक संबंध समाप्त।
1963 – अफ्रीकी देश जंजीबार ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1994 – यासिर अराफात, विल्जाक राबिन एवं शिमोन पेरेज संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित।
1998 – अमर्त्य सेन को स्टॉकहोम में अर्थशास्त्र के लिए 1998 का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
1999 – अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ समझौते के अनुसार आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन उपलब्ध कराना आर्थिक अपराध घोषित।
2000 –नवाज़ शरीफ़ सपरिवार पाकिस्तान से दस साल के लिए निर्वासित।

ईएईयू व ईरान मुक्त व्यापार समझौते पर करेंगे हस्ताक्षर

तेहरान, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन (ईएईयू) के सदस्य देश दिसंबर में ईरान के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। रूस के उप प्रधान मंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने यह जानकारी दी। श्री नोवाक ने रोसिया वन टीवी पर कहा, निकट भविष्य में कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। दिसंबर में ईरान और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार क्षेत्र पर एक समझौता होगा और हम जल्द ही एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ पर भी पहुंचेंगे - यह एक अंतरराज्यीय समझौता है, । इसके एक दिन पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति में बातचीत की और फिर क्रेमलिन में वर्किंग लंच के प्रारूप में बातचीत जारी रही।

श्री नोवाक ने कहा, राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति रायसी ने वित्तीय और बैंकिंग संबंधों और बस्तियों से लेकर व्यापार और आर्थिक संबंधों की पूरी श्रृंखला पर विस्तार से चर्चा की, जिस पर निपटान को आसान बनाने के लिए बहुत ध्यान दिया गया।

भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट कैनसस प्रांतीय सीनेट के लिए एक बार फिर मैदान में

न्यूयॉर्क, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। इस साल की शुरुआत में कैंसास में सीनेटर के रूप में शपथ लेने वाली भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट उषा रेड्डी ने अमेरिकी प्रांत के 22वें

अमेरिकी प्रांत के 22वें जिले से चुनाव लड़ने के लिए पर्चा दाखिल किया

जिले से चुनाव लड़ने के लिए पर्चा दाखिल किया है। रेड्डी 18 वर्षों तक एक पब्लिक स्कूल शिक्षक रही हैं। उनका कार्यकाल जनवरी 2025 में समाप्त हो रहा है। उन्होंने 2013 से 2023 तक मैनहट्टन शहर के लिए नगर आयुक्त के रूप में कार्य किया है।

उन्होंने इस सप्ताह अपने एक्स हैंडल पर कहा, 2024 के चुनाव में कैंसास के प्रांतीय सीनेट के लिए एक उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। सार्वजनिक सेवा मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा है और मैं आपके प्रांतीय सीनेटर के रूप में लोगों के लिए काम करना जारी रखने के लिए समर्पित हूं। यह कहते हुए कि कैंसास प्रांतीय सीनेट में जिला 22 का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान की बात है, रेड्डी ने कहा कि समुदाय के साथ

उनका मजबूत रिश्ता है और उन्होंने वर्षों से उनका विश्वास अर्जित किया है। रेड्डी ने अपनी अभियान वेबसाइट पर लिखा, एक लोक सेवक के रूप में, मेरा मानना है कि एक प्रभावी नेता बनने के लिए सहयोग, साझेदारी और विचारशील निर्णय लेना आवश्यक है। उनका परिवार 1973 में भारत से अमेरिका आ गया, जब वह आठ साल की थीं, और अपने दो भाइयों के साथ कोलंबस, ओहियो में पली-बढ़ीं। उनके पास ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी से विकासात्मक मनोविज्ञान में कला स्नातक की डिग्री है, और प्राथमिक शिक्षा में विज्ञान स्नातक की डिग्री और कैनसस स्टेट यूनिवर्सिटी से शैक्षिक नेतृत्व में मास्टर ऑफ साइंस है।

मध्य मेक्सिको में सशस्त्र संघर्ष, 11 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। मेक्सिको में टेक्सकल्टिटलान नगर पालिका में एक सशस्त्र समूह और स्थानीय निवासियों के समुदाय के बीच हुये संघर्ष में शुक्रवार को कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। राज्य सुरक्षा सचिवालय ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि मृतकों में से आठ कथित तौर पर सशस्त्र समूह के सदस्य हैं जबकि अन्य तीन निवासी थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि संघर्ष भूमि अधिकारों के संग्रह को लेकर हुआ जो लौटिन अमेरिका में जबरन वसूली का एक आम चलन है। स्थानीय मीडिया आउटलेट 'मिलेनियो' के अनुसार, गोलीबारी कथित तौर पर एक असफल बातचीत के बाद हुई, जिसमें आपराधिक संदिग्धों ने निवासियों



से ली गई राशि बढ़ाने की मांग की थी।

सीरिया में आईएस आतंकवादियों के हमले में सात की मौत

दमिश्क। सीरिया की राजधानी दमिश्क के पूर्वी प्रांत दीर अल-जौर में सैन्य स्थलों पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में सात सैनिक और सरकार समर्थक लड़ाके मारे गए। एक युद्ध निगरानीकर्ता ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी।

इंडोनेशिया का मेरापी ज्वालामुखी फटा

जकार्ता, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। सेंटर फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑफ जियोलॉजिकल डिजास्टर टेक्नोलॉजी के अनुसार, इंडोनेशिया का मेरापी ज्वालामुखी फट गया है, जिससे आसमान में 3,500 मीटर तक मोटी राख निकल रही है। निगरानी अधिकारी त्रियोनो ने शुक्रवार को कहा, चूंकि राख के बादल दक्षिण-पश्चिम में गिर रहे हैं, इसलिए लोगों को खतरे वाले क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी जाती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इंडोनेशिया आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने कहा कि भारी बारिश के साथ ज्वालामुखी की राख मेरापी के आसपास के गांवों, खासकर बोयोलाली और मैगेलंग जिलों में गिरी। मेरापी की चोटी पर भारी बारिश से ठंडा लावा भी गिरा और अधिकारियों ने लोगों को क्रेटर से 7 किलोमीटर तक के दायरे में आने से दूर रहने की सलाह दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

चंदन यादव ने टिकट के लिए...

जायसवाल सब राज दरबारी हैं। भाजपा और आरएसएस के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा गया।फर्जी सर्वे रिपोर्ट तैयार की गई।जिस विधायक का काम अच्छा था जानबूझकर खराब सर्वे रिपोर्ट का डर फैलाया गया।इससे विधायक दिल्ली की दौड़ लगाने लगे। जायसवाल ने कहा मैं जितने वाला प्रत्याशी था राजदरबारी नही इसलिए टिकट काटी गई।पार्टी फोरम में सब बात बताऊंगा।किस होटल में कितने बजे रूपए मांगे।हमेंने दोनो प्रभारी सचिव और टी एस सिंहदेव को पार्टी से बाहर निकलने मांग की है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने बृहस्पत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 3 दिन में लिखित में जवाब मांगा गया है। उन पर पार्टी की छवि धूमिल करने का आरोप लगा है। जिसके चलते उन्हें नोटिस जारी किया गया है।

नेताओं को पार्टी फोरम में...

रहा है। पार्टी के नेताओं को पार्टी फोरम में बात रखनी चाहिए। हमें संगठन को पहले की तरह मजबूत करने की जरूरत है। बदलाव की आवश्यकता हो तो उस पर विचार करना चाहिए।

सैलजा व अन्य कांग्रेस नेताओं के...

तरह की बयानबाजी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की जरूरत है। डॉ. महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को तोड़ने-बांटने व कमजोर करने वालो की अब कांग्रेस में कोई जरूरत नही है ! इस तरह के लोगों के खिलाफ अनुशासन का डंडा चलाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व कुमारी शैलजा व प्रदेश के सह प्रभारियों ने कांग्रेस को एकजुट रखा, बावजूद किसी को अपनी बात रखना है तो पार्टी फोरम में रखे, पार्टी के बाहर बात रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जरूरत है। डॉ. महंत ने कहा कि पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस बाबा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बयानबाजी करने वालों को बर्दाश्त नही किया जाएगा।

आदिवासी विधायको को ...

षड्यंत्रकारियों ने किया है।केरकेट्टा ने अपने विधानसभा क्षेत्र पाली तानाखार में प्रदेश महामंत्री प्रशांत मिश्रा द्वारा पार्टी विरोधी काम करने का आरोप भी लगाया है। वहीं बड़ी संख्या में सिटिंग विधायकों की टिकट काटने को भी नुकसान बताया है।पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव की जरूरत है।

इससे पहले भी कई विधायकों ने अपने ही पार्टी के नेताओं को टारगेट किया है।

इन पूर्व विधायकों ने इशारों-इशारों में छत्तीसगढ़ के आला नेताओं को ही हार का जिम्मेदार बताया है। वहीं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने तो यहां तक कह दिया है कि मंत्रियों को पावर नहीं दिया गया, एक ताकत ही सरकार चला रही थी।

दिलीप षड़ंगी ने ...

एवं कलाकारों के माध्यम से कांग्रेस की सेवा करने हेतु कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया था। किन्तु लगातार पांच वर्षो तक मैं कांग्रेस के समर्थन में गाना बनाता रहा, गाता रहा, एवं कलाकारों के सम्मेलन हेतु लगातार प्रयास करता रहा।

तदुपरान्त मैं मुख्यमंत्री , संस्कृति मंत्री, एवं कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से निवेदन करता रहा किन्तु केवल आश्वासन मिला। किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिला जिस वजह से छत्तीसगढ़ के बहुत सारे कलाकार हमारी पार्टी से एवं हमारे सांस्कृतिक प्रकोष्ठ से दूर होते गए।जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

अत: इस तरातम्य में मैं अपने आपको समस्त दायित्वों सहित कांग्रेस के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस के प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं।अत: मेरा त्याग पत्र स्वीकृत करें।

सबूत है मेरे पास...

अध्यक्ष से मिलूंगा, राहुल गांधी, सोनिया गांधी से मिलकर सबूत उनके हाथ में सौंपूंगा। जिसने गलत किया उसको यह नोटिस दिए होते तो सरकार नहीं जाती। गलत को गलत कहने पर नोटिस दिया गया है। इस तरह के गीदड़भभकी से डरने वाला नहीं हूं। पार्टी से बाहर निकालने की धमकी से नहीं डरूंगा, जो सच है वही कहूंगा। प्रदेश प्रभारी इसके लिए ज़िम्मेदार है।बृहस्पत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं 3 दिन के भीतर पार्टी ने लिखित में जवाब मांगा है।

वर्ग पहेली-6400

१ अ	र्स	२ तृ	ध्र	■	३ को	षा	४ ल	य
प	■	ई	■	५ षा	व	ला	■	ह
६ ला	ग	त	मृ	ल्य	■	७ ह	र	८ जा	ना
भ	■	■	■	१९ का	ज	ल	■	■	मु
■	१० अ	ल्ला	११ च	ल	■	१२ अं	त	रा
■	ग्र	■	रि	■	१३ नि	य	ति	■	द
१४ रा	ज	१५ प	ज	■	प	■	१६ म	१७ न	■
म	■	र	■	१८ कं	ट	क	१९ क	■	क
२० रा	ध	व	■	ग	■	२१ टा	ल्स	टा	२२ य
ज्य	■	२३ श	य	न	क	क्ष	■	■	दि

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दुनिया को जानें

बांग्लादेश में पहली बार महिलाएं 'फायर फाइटर' में शामिल

ढाका, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा (एफएससीडी) के इतिहास में पहली बार, 15 महिलाओं को 'फायरफाइटर' के लिये चयनित किया गया हैं। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बंगलादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल ने गुरुवार को ढाका में एक समारोह में नवनियुक्त महिला अग्निशामकों का स्वागत किया। 2,707 आवेदकों में से उन 15 महिलाओं को प्रारंभिक स्क्रीनिंग, शारीरिक फिटनेस, चिकित्सा परीक्षण, लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा के माध्यम से अग्निशामक के रूप में चुना गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने, वे आधिकारिक तौर पर ढाका के बाहरी इलाके पुरबाचल में स्थित बल में शामिल हो गईं। पहले, महिलाएं एफएससीडी में अधिकारी के रूप में काम करती थीं, लेकिन किसी भी महिला को फायर फाइटर पद पर नियुक्त नहीं किया जाता था। लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री शेख हसीना के आदेशानुसार हाल ही में देश में 'फायरमैन' का पद बदलकर 'फायरफाइटर' कर दिया गया है।

खेल जगत

दो या तीन श्रृंखलाओं में, हमें टी20 विश्व कप के लिए भारत के संयोजन का पता चल जाएगा : पुज्ञान ओझा

सूरत, 9 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा को लगता है कि बीसीसीआई प्रबंधन और चयनकर्ता 2024 में टी20 विश्व कप से पहले टीम का पूरी तरह से आकलन करने के लिए दो या तीन और टूर्नामेंट ले सकते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार से शुरू होने वाली टी20 सीरीज में आमने-सामने होने के लिए तैयार हैं। मेहमान कमोबेश उसी टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका गए हैं, जिसने बनडे विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान टीम से जुड़ेंगे। हालांकि, ओझा को लगता है कि भारत की सीमित ओवरों की टीम में कोहली और रोहित के भविष्य के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

भारत अब द. अफ्रीका में भी जीत का सिलसिला जारी रखने को बेताब

■ जडेजा व शुभमन टीम के जुड़ने से भारत द. अफ्रीका से निपटने के लिए बेहतर तौर पर तैयार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। सूर्य कुमार यादव बतौर कप्तान और बल्लेबाज अनुकरणीय खेल दिखा अपने घर में भारत को मजबूत मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की क्रिकेट सीरीज 4-1 से जिताने के बाद अब मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के डरबन में रविवार को खेले जाने वाले पहले मैच में जीत दिला कर जीत का सिलसिला जारी रखने को बेताब होंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बीते बरस खेले गए पिछले पांच मैचों में दोनों टीमों ने दो -दो मैच जीते जबकि एक बेनतीजा अधूरा खत्म हुआ। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे धुरंधरों के वन डे विश्व कप के बाद आराम लेने के बावजूद भारतीय टीम ने सूर्य की अगुआई में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से टी-20 सीरीज दमदार ढंग से जीती। सूर्य की अगुआई वाली अपेक्षाकृत नौजवान भारतीय टीम मौजूदा दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए बतौर उपकप्तान अनुभवी उपकप्तान रवींद्र जडेजा, शुभमन गिल व मोहम्मद सिराज के टीम से जुड़ने से मेजबान दक्षिण अफ्रीका से निपटने के लिए जेहनी तौर बेतहर तैयार नजर आती है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों के लिए रविवार से शुरू हो रही तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की यह सीरीज अगले साल के मध्य में वेस्ट इंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप की तैयारियों और सभी विकल्पों को आजमाने का बड़ा मौका है। ऐसे में टी-20 विश्व कप के लिए बतौर फिनिशर सबसे मजबूत दावेदार बताए जा रहे रिंकू सिंह और जीतेश शर्मा के दक्षिण अफ्रीका में उसकी तेज पिचों

पर प्रदर्शन पर करार पूरा होने के बाद टीम इंडिया के चीफ कोच की जिम्मेदारी जारी रखने वाले राहुल द्रविड़ की खासतौर पर निगाहें रहेंगी। रिंकू सिंह और जीतेश शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा जिगरा दिखा छोटी पर मैच जिताउ पारी खेल कर सभी का ध्यान खींचा है। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में बल्ले से दमदार करने वाली बाएं हाथ के यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी व अपने बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चीफ कोच कितने मैचों में मौका देंगे।

भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ के सामने सबसे बड़ी चुनौती दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन में पहले टी-20 मैच के लिए सर्वश्रेष्ठ एकादश चुनने की रहेगी। कप्तान सूर्य, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर ,इशान किशन व रवींद्र जडेजा के अनुभव के साथ शीर्ष क्रम में नौजवान यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी की मौजूदगी में भारत की बल्लेबाजी खासी दमदार और दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उसके स्पिनर महाराज और तबरेज शम्सी से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम नजर आती है। भारत के पास रिंकू के रूप में आखिर में दस गेंदों में दक्षिण अफ्रीका से मैच छीनने में सक्षम फिनिशर भी हैं। दरअसल भारत को अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर खासी माथापच्ची करनी होगी कि क्योंकि उसक पास शीर्ष क्रम में दो नहीं बल्कि चार सलामी बल्लेबाज हैं। यशस्वी और ऋतुराज के बढिया फॉर्म के मद्देनजर भारत को मजबूरन शुभमन गिल को तीसरे नंबर पर और श्रेयस को चौथे और फिर कप्तान सूर्य को पांचवें नंबर पर उतारना पड़ सकता है। बेशक चीफ कोच द्रविड़ और कप्तान सूर्य आपस में मिल बैठ कर इस बाबत जरूर गंभीरता से चर्चा करेंगे।

दक्षिण अफ्रीका ने अपने तुरुप के अनुभवी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा के साथ निर्यामित कप्तान तेंबा बाबुमा को टेस्ट सीरीज के लिए तरोताजा रहने के लिए भारत के खिलाफ इस टी-20 सीरीज के लिए आराम दिया है। वहीं तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी टखने में चोट के बाहर हो गए हैं जबकि आंदे नोकिया चोट के चलते पहले ही बाहर हैं। एंगिडी के बाहर होने पर दक्षिण अफ्रीका ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्यूरन हेंड्रिक्स को अपनी टीम में शामिल किया है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालने वाले एडन मरक्रम के पास अपने तीन शीर्ष तेज गेंदबाजों एंगिडी, रबाडा और नौकिया की गैरमौजूदगी के बावजूद मार्को येनसन, जेराल्ड कोइत्जी, लिजार्ड विलियम्स, ओटोनेल बार्टमैन, ब्यूरन हेंड्रिक्स के साथ ऑलराउंडर नेंड्रे बर्जर और एंडले फेलुकायो के रूप में अपनी तेज गेंदबाजी की मुफीद पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों का इम्तिहान लेने के लिए पर्याप्त विकल्प हैं। तेज गेंदबाजों के साथ दक्षिण अफ्रीका के पास बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज , लेग स्पिनर तबरेज शम्सी और अपनी ऑफ स्पिन से भारतीय बल्लेबाजों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटकाने का दम रखने वाले कप्तान एडन मरक्रम भी हैं।

भारत के पास खुद कप्तान सूर्य कुमार यादव के साथ अलग अलग अंदाज में पारी को बढ़ाने वाले यशस्वी जायसवाल व ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर , इशान किशन अथवा जीतेश शर्मा, रिंकू सिंह, स्पिन ऑलराउंडर उपकप्तान रवींद्र जडेजा, ऑफ आठवें नंबर तक मजबूत बल्लेबाजी है। भारत यदि तीन तेज गेंदबाज के साथ उतरता है तो फिर बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और मुकेश के साथ उतरना होगा क्योंकि दीपक चाहर अपने पिता के अस्वस्थ होने के कारण उपलब्ध नहीं हैं। भारत यदि तीन तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला करता है तो फिर वह यह देखना दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 9 विकेट चटका मैन ऑफ द' सीरीज रहे रवि बिश्नोई , अनुभवी कुलदीप यादव और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर में किस एक को शामिल करेगा। अपने अनुभव के चलते केवल एक स्पिनर को एकादश में शामिल करने की स्थिति में उपकप्तान रवींद्र जडेजा से बेहतर भारत के लिए कोई अन्य स्पिनर नहीं है। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान सूर्य कुमार यादव के लिए सबसे बड़ी चुनौती डरबन की पिच के मुताबिक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ संतुलित एकादश चुनने की होगी।

जिम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर रजा पर दो मैच की पाबंदी

दुबई 9 दिसंबर (एजेंसियां)। आयरलैंड के खिलाफ मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिसंघ (आईसीसी) की आचार संहिता की लेवल-1 का उल्लंघन के दोषी पाये जाने जिम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर राजा पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है।

जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में हुए पहले टी20 मैच मे रजा के अलावा आयरलैंड के खिलाड़ी कर्टिस केम्फर और जोस लिटिल को भी आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था, इसलिये उन दोनो पर भी दो मैच खेलने पर पाबंदी लगायी गयी है। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा पर उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और दो डिमेरिट अंक दिये गये है , जिसका अर्थ है कि उनके नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके सांचित डिमेरिट अंक चार तक पहुंचने के बाद उन्हें मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला के शेष दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि इन तीनों को आईसीसी आचार संहिता की लेवल-1 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'खेल की भावना के विपरीत आचरण' से संबंधित है। कप्तान रजा के हरफनमौला खेल की बदौलत जिम्बाब्वे ने यह मैच एक विकेट से जीत लिया है।

आईसीसी ने बयान जारी कर कहा कि कैंपर और लिटिल पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और प्रत्येक को एक डिमेरिट अंक प्राप्त हुआ है, जो 24 महीने के भीतर एक मैच खेलने से वंचित रहेंगे। कैंपर और लिटिल ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और आईसीसी मैच रेफरी के एमिरेट्स एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित मंजूरी को

स्वीकार कर लिया और इस तरह से अब औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं रही। सिकंदर रजा ने भी अपनी गलती मान ली है, लेकिन पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार नहीं किया है। इस मामले में शुक्रवार को औपचारिक सुनवाई में मंजूरी की पुष्टि की गई। रजा ने कहा कि कैम्फर और लिटिल ने उस पर हमला करने के उद्देश्य से अपना बल्ला दिखाने और अंपायर को दूरी बनाने को बोला था। जिन्होंने स्थिति को शांत करने की कोशिश की थी।

मैदानी अंपायर फोर्सटुर मुतिज़वा और इकोनो चाबी, तीसरे अंपायर लैंगटन रूसेरे और चौथे अधिकारी क्रिस्टोफर फिरी ने आरोप लगाए। आईसीसी की आचार संहिता की लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक काटने होते हैं।

रजा की अनुपस्थिति में शनिवार और रविवार को आयरलैंड के खिलाफ बाकी दो टी20 मैचों के लिए सीन विलियम्स को जिम्बाब्वे के कप्तान होंगे। कैंपर और लिटिल पर उनकी संबंधित मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और प्रत्येक को एक डिमेरिट अंक प्राप्त हुआ है। क्योंकि 24 महीने के भीतर यह उनका पहला अपराध है।

बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की महिला वनडे टीम घोषित

केप टाउन, 9 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका ने अपनी महिला वनडे टीम का ऐलान कर दिया है।

टीम में तीन प्रमुख खिलाड़ी तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका, ऑलराउंडर मारिजैन कप्प और नादिन डी क्लार्क की वापसी हुयी है। ये खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं थे। टी20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुयी थी। हालाँकि, चोट के कारण टी20 श्रृंखला से बाहर होने वाली अनुभवी क्लो ट्रायोन को वनडे टीम में भी जगह नहीं मिल सकी है। टी20 सीरीज के जरिये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली 20 वर्षीय एलिज़-मैरी मार्क्स के अलावा मिके डी रिडर भी वनडे टीम में जगह बनाने में सफल रही हैं। टीम का नेतृत्व हाल ही में नियुक्त पूर्णकालिक कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट करेंगी। चयनकर्ताओं की प्रोटियाज़ महिला संयोजक क्लिंटन डु प्रीज़ ने कहा, हम बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी ने असाधारण कौशल, प्रतिबद्धता और सफल होने की भूख का प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से एलिज़-मैरी मार्क्स , जिन्होंने मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। टीम की मुख्य कोच हिल्टन मोरेंग ने कहा मुझे बहुत खुशी है कि हम अपने अनुभव को बढ़ाने के लिए युवाओं को लाना जारी रख सकते हैं। हम जानते हैं कि दांव पर क्या है, दोनों टीमों ने हाल ही में सफल एकदिवसीय श्रृंखला जीती है, इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना है कि जिस तरह से हमने टी20ई की शुरुआत की है, उसके बाद हम उसमें सुधार कर सकते हैं।

टीम- लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, ताज़मिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, मिके डी रिडर*, लारा गुडॉल, सिनालो जाफ्ता, मारिज़ैन कप्प, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज़-मारी मार्क्स*, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, डेल्मी टकर।

बीबीएल छोड़ने का मकसद अपनी गेंदबाजी में सुधार करना : शादाब खान

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी शादाब खान ने अपने गेंदबाजी कौशल को निखारने और टेस्ट टीम में वापसी के उद्देश्य से चार दिवसीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) अनुबंध से अलग होने के पीछे के कारण का खुलासा किया है। शादाब ने क्रिकेट पाकिस्तान से कहा, बिग बैश कॉन्ट्रैक्ट छोड़ने के पीछे का मकसद सबसे पहले चार दिवसीय क्रिकेट खेलकर अपनी गेंदबाजी में सुधार करना है और दूसरा अच्छा प्रदर्शन करके टेस्ट टीम में वापसी करना है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, 25 वर्षीय खिलाड़ी को भरोसा है कि लंबे खेल प्रारूप में खेलने से उन्हें अपने कौशल को और अधिक बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, मैंने राष्ट्रीय टी20 खेलने के कारण बिग बैश अनुबंध नहीं छोड़ा; बल्कि मेरा ध्यान चार दिवसीय क्रिकेट खेलने पर अधिक था। क्योंकि मुझे लगा कि मुझे अपनी गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, और वह चार दिवसीय क्रिकेट खेलने से आएगा। शादाब ने यह भी कहा कि वह खुद को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह टेक्ट पर वापस आने और राष्ट्रीय टीम में महत्वपूर्ण योगदान

देने के लिए उत्सुक हैं। शादाब ने बताया, मैंने चार दिवसीय क्रिकेट खेलने और अपनी गेंदबाजी में सुधार करने के लिए खुद में निवेश करने की कोशिश की है। अगर मेरी गेंदबाजी में सुधार होता है और इसके साथ ही अगर मेरी बल्लेबाजी में भी सुधार होता है, तो यह पाकिस्तान टीम के लिए फायदेमंद होगा। आगामी विश्व कप के साथ अपने उद्देश्यों को सरंखित करने के लिए, शादाब ने कहा कि वह चार दिवसीय क्रिकेट खेलने को एक स्मार्ट कदम और अपने कौशल में निवेश के रूप में देखता है। प्रयास चार दिवसीय क्रिकेट के माध्यम से खुद को बेहतर बनाने और अपनी फॉर्म वापस लाने का है। क्योंकि विश्व कप नजदीक आ रहा है और अगर मैं अच्छी फॉर्म में रहा तो इससे पाकिस्तान को फायदा होगा। शादाब खान ने बाबर आजम के सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने के फैसले पर भी अपने विचार साझा किए। शादाब ने बाबर की पसंद के प्रति सम्मान के साथ-साथ अपनी ईमानदार इच्छाओं को भी व्यक्त किया। लेग स्पिनर ने टीम के हाल ही में नामित टी20 कप्तान शाहीन शाह आफरीदी के लिए भी आभार व्यक्त किया। देखिए, हर किसी का अपना निर्णय है, और बाबर ने पद छोड़ दिया है। हम उन्हें अपनी शुभकामनाएं भेजते हैं। हमने पाकिस्तान के कप्तान के रूप में उनके साथ बहुत अच्छा समय बिताया है। अब, शाहीन ने भूमिका निभा ली है, और हम इसे लेकर उत्साहित हैं। हमने पीएसएल में उनकी (शाहीन की) कप्तानी देखी है और यह बहुत अच्छा लगता है। आइए देखें कि पहली बार उनकी कप्तानी में खेलना कैसा होता है; इससे अंदाजा लगेगा कि यह कितना मजेदार है और मैं शाहीन की कप्तानी में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

डब्ल्यूएफआई का चुनाव 21 दिसंबर को होगा, परिणाम भी उसी दिन

नई दिल्ली, 9 दिसंबर (एजेंसियां)। रिटर्निंग पोलिंग ऑफिसर ने शनिवार को पुष्टि की कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव 21 दिसंबर को होंगे और वोटों की गिनती के बाद उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को रद्द करने के बाद आया है, जिससे नए डब्ल्यूएफआई गवर्निंग बॉडी के चुनाव की प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची की तैयारी और प्रदर्शन तक के सभी चरण (7 अगस्त को) पूरे हो चुके थे और मतदान, वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा जैसी विभिन्न गतिविधियां बाकी हैं।

इसमें आगे कहा गया है, डब्ल्यूएफआई के चुनावों पर मतदान से ठीक एक दिन पहले 11.08.2023 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगा दी गई थी और इसलिए, 12.08.2023 को मतदान नहीं हो सका... सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन आदेश हटा दिया है और इसलिए शेष चरण जैसे मतदान आदि अब निम्नलिखित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 21.12.2023 को फिर से शुरू होंगे।

चुनाव प्रक्रियाएं डब्ल्यूएफआई के अनुसमर्थित संविधान की आवश्यक आवश्यकताओं और शर्तों के साथ-साथ भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रकाशित मॉडल दिशानिर्देश, 2011 का अनुपालन करेंगी।

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्लूडब्लू) ने समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को अस्थायी रूप से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। राष्ट्रीय कुश्ती संचालन संस्था को जून में चुनाव कराने थे। दुर्भाग्य से, विभिन्न राज्य इकाइयों द्वारा पेश की गई कई कानूनी चुनौतियों के कारण इन चुनावों में कई देरी का सामना करना पड़ा।

फिर, नए प्रशासकों को चुनने के लिए चुनाव 12 अगस्त को होने थे, लेकिन हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) की एक याचिका के बाद पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा अगले आदेश तक डब्ल्यूएफआई चुनावों पर रोक लगाने के बाद इसमें और देरी हो गई।

न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को चार विकेट से हराया

मीरपुर 9 दिसंबर (एजेंसियां)। रलेन फिलिप्स के (31 रन पर तीन विकेट और 87 एवं 40 नाबाद) के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से न्यूजीलैंड ने शनिवार को दूसरे और अंतिम टेस्ट में मेजबान बांग्लादेश को चार विकेट से हरा कर श्रृंखला को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम पर टॉस जीत कर बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 172 रन बनाये जिसके जवाब में फिलिप्स के 80 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 180 रन बनाकर आठ रन की लीड हासिल की और एजाज पटेल (57 रन पर छह विकेट) की घातक गेंदबाजी से बांग्लादेश की दूसरी पारी को 144 रनों पर समेट दिया। कीवी टीम को जीत के लिये 136 रन का आसान

लक्ष्य मिला जिसे मेहमान टीम ने छह विकेट खोकर हासिल कर लिया।

मात्र तीन दिनो तक चले टेस्ट में गेंदबाजों का बोलबाला रहा। टेस्ट का दूसरा दिन बारिश के कारण प्रभावित रहा। बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम को टेस्ट श्रृंखला में 15 विकेट लेने के कारण मैन आफ द सीरीज घोषित किया गया। उन्होने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में दो विकेट चटकाये।

डब्ल्यूपीएल नीलामी : वृंदा को पछाड़ कर काशवी बनी सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी

मुंबई, 9 दिसंबर (आईएएनएस) अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों काशवी गौतम और वृंदा दिनेश ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की नीलामी के दूसरे सत्र में गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स के बीच बड़ा बोली युद्ध शुरू कर दिया और उन पर दांव लगाने के लिए बैंक तोड़ दिया। काशवी गौतम को 2 करोड़ रुपये में खरीदा गया, जबकि कर्नाटक की बल्लेबाज वृंदा दिनेश को 1.3 करोड़ रुपये में चुना गया।

गुजरात जायंट्स ने चंडीगढ़ की 20 वर्षीय ऑलराउंडर काशवी गौतम के लिए 2 करोड़ रुपये की विजयी बोली लगाई, जिससे वह डब्ल्यूपीएल 2024 नीलामी के पहले चरण में ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं।

दाएं हाथ की बल्लेबाज और दाएं हाथ की मध्यम तेज गेंदबाज, काशवी ने हाल ही में मुंबई में इंग्लैंड ए महिला टीम के खिलाफ तीन टी20 मैचों में भारत ए के लिए खेला है और ऐसा

प्रतीत होता है कि फ्रेंचाइजी के स्काउट्स ने कुछ ऐसा देखा है जो उन्हें लगता है कि खिलाड़ी को मेचा बनाता है। गुजरात ने यूपी वारियर्स के साथ एक भयंकर बोली युद्ध के बाद उसे जीता, जो इस नीलामी में गहरे पर्स वाली फ्रेंचाइजी में से एक है। वृंदा को एक निरंतर बल्लेबाज के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने कर्नाटक में स्थानीय लीगों में अच्छा प्रदर्शन किया है और यूपी वारियर्स ने गुजरात, मुंबई इंडियंस और दिल्ली को पछाड़ते हुए उन्हें चुना है। छह विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 17 खिलाड़ियों को अब तक की कार्रवाई में बेचा गया है, जिसमें अब तक कुल 10.25 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

अन्य महत्वपूर्ण बोलियों में, एकता बिष्ट 60 लाख रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास गईं, जिन्होंने 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर इंग्लैंड की स्पिनर केट क्रॉस को भी खरीद लिया। गुजरात जायंट्स को अब अपनी 18 सदस्यीय टीम पूरी करने के लिए पांच खिलाड़ियों को चुनने की जरूरत है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को चार खिलाड़ियों की जरूरत है। दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वारियर्स के पास 17-17 खिलाड़ी हैं और उन्हें अपनी टीम पूरी करने के लिए एक और खिलाड़ी की जरूरत है। मुंबई इंडियंस के पास अब 16 खिलाड़ी हैं और नीलामी के शेष दौर में दो और खिलाड़ियों की जरूरत है।

महिला प्रीमियर लीग 22 फरवरी से शुरू होगी : रिपोर्ट

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए एक समय सीमा की पहचान की है, जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च के बीच होने की संभावना है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल), जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च तक होने की संभावना है। हालांकि पांच टीमों की लीग के लिए विशिष्ट स्थान को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि लीग एक केंद्र के बजाय कई स्थानों पर आयोजित की जा सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में शनिवार को होने वाली डब्ल्यूपीएल नीलामी से पहले इस जानकारी पर चर्चा की गई। ऐसा माना जाता है कि पांच प्रतिद्वंद्वी टीमों- दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वारियर्स को बीसीसीआई द्वारा इस अस्थायी समय सारिणी के बारे में सूचित कर दिया गया है। लीग के उद्घाटन संस्करण में, मुंबई ने सभी मैचों की मेजबानी की।

सार संक्षेप

प्रो टेनिस लीग : सांकरा स्टैग बबोलट योद्धा की बड़ी जीत

नई दिल्ली। इंछिहबान समुराई व हार्वेन प्रो टेनिस लीग (पीटीएल) के पांचवें सत्र में इंद्रप्रस्थ वॉरियर्स को हरा कर अपनी दूसरी जीत हासिल की, वहीं संकरा स्टैग बबोलट योद्धा और पैरामाउंट प्रोक टाइगर्स ने अपने अपने मैच जीते। डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को इंछिहबान समुराई ने इंद्रप्रस्थ वॉरियर्स को हराया।संकरा स्टैग बबोलट योद्धा ने शुरुआती दिन की हार से उबरते हुए लखनऊ एविएटर्स को 30 अंकों के बड़े अंतर से हराया। पैरामाउंट प्रोक टाइगर्स शाम को डीएमजी दिल्ली वरूसेडर्स पर करारी जीत के साथ रुशव बी स्टॉर्डिग में शीर्ष पर पहुंच गया। वैंपियन सांकरा स्टैग बाबोलट योद्धाओं ने लखनऊ एविएटर्स को 95-65 से हराया। इस बीच, लखनऊ एविएटर्स को अपनी बुवौती को जीवित रखने के लिए पैरामाउंट प्रोक टाइगर्स के खिलाफ एक बड़ी जीत की आवश्यकता होगी।

चीन के चेंगदू में होगी कलात्मक जिमनास्टिक विश्व चैंपियनशिप

बीजिंग। दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत की राजधानी चेंगदू, 2027 कलात्मक जिमनास्टिक विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगी। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 22 और 23 नवंबर को बांग्लादेश के ढाका में अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) की कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसके बाद एफआईजी ने घोषणा की थी कि उन्हें चीनी जिमनास्टिक एसोसिएशन से 55वीं विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की पेशकश मिली है। बाद में, एफआईजी के महासचिव निकोलस बुओम्पेन ने एक आधिकारिक पत्र के जरिये बताया कि एफआईजी की कार्यकारी समिति ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के जरिये चीन के चेंगदू शहर को चैंपियनशिप आवंटित करने का निर्णय लिया है। यह चैंपियनशिप 28 सितंबर से 6 अक्टूबर 2027 तक होगी।

सुडोकू 6401 का हल

3	2	5	4	9	8	1	7	6
7	1	8	5	6	2	3	4	9
9	6	4	3	1	7	8	2	5
8	9	6	2	3	1	4	5	7
2	5	3	7	4	9	6	8	1
1	4	7	6	8	5	2	9	3
5	7	1	8	2	3	9	6	4
6	8	9	1	5	4	7	3	2
4	3	2	9	7	6	5	1	8

अर्थ जगत

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

एचसीएल टेक	2.69 प्रतिशत
जेएसडब्ल्यू स्टील	2.44 प्रतिशत
इंफोसिस	1.67 प्रतिशत
एचडीएफसी बैंक	1.38 प्रतिशत
एक्सिस बैंक	1.17 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

आईटीसी	1.95 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	1.48 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	1.00 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.73 प्रतिशत
टाटा स्टील	0.62 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटूर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा अनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
कबुली चना	3500-4000

चावल

डीजी एस	3640-3740
डीजी एम	3800-3900
मिल क्लिनिंग	3520-3620
गुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर डाली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

देश, देशवासियों के हित पर आधारित सरकार की नीतियों का फल है ऊंची वृद्धि : मोदी

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत की जोरदार आर्थिक वृद्धि दर का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि देश की यह तेज वृद्धि उनकी सरकार को देश और देशवासियों के हित पर आधारित आर्थिक नीतियों का नतीजा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड 19 महामारी के दौरान भारत के सुडबूझ भरे राजकोषीय और मौद्रिक कदमों तथा विकासमूलक बुनियादी सुधारों का फायदा देश की अर्थव्यवस्था को आज मिल रहा है। श्री मोदी फिनटेक पर एक वैश्विक विचार नेतृत्व मंच, इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 7.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि का उल्लेख किया और कहा, 'आज भारत की आर्थिक वृद्धि की गाथा ने दुनिया को दिखाया है कि जब नीति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जब सुशासन के लिए पूरी ताकत लगायी जाएग, जब देश और देशवासियों का हित ही आर्थिक नीतियों का आधार हो , तो क्या नतीजे मिलते हैं।' सरकार के तत्वावधान में इन्फिनिटी फोरम का यह कार्यक्रम आगामी वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के पहले के कार्यक्रम के रूप में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) और गिफ्ट सिटी, अहमदाबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। 'गिफ्ट-आईएफएससी- नर्व सेंटर फॉर न्यू एज ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन को आडियो विज़ुअल माध्यम से संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि दिसंबर 2021 में इन्फिनिटी फोरम के पहले संस्करण के आयोजन के दौरान वैश्विक आर्थिक स्थिति कोविड19 महामारी और अनिश्चितता से प्रभावित थी। उन्होंने कहा कि वे चिंतांएं अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। श्री मोदी ने भू-राजनीतिक तनाव,

देश की यह तेज वृद्धि उनकी सरकार की देश और देशवासियों के हित पर आधारित आर्थिक नीतियों का नतीजा है। कोविड 19 महामारी के दौरान भारत के सुझबूझ भरे राजकोषीय और मौद्रिक कदमों तथा विकासमूलक बुनियादी सुधारों का फायदा देश की अर्थव्यवस्था को आज मिल रहा: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ते ऋण स्तर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, गत सितंबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने कहा था कि वर्ष 2023 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि में अकेले 16 प्रतिशत का योगदान भारत का होगा। विश्वबैंक का भी कहना है कि 'वैश्विक चुनौतियों के बीच, भारत से काफी उम्मीदें हैं।' श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के इस बयान को भी स्वीकार किया कि भारत वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। उन्होंने देश में लालफीताशाही कम होने से निवेश के बेहतर अवसर पैदा होने के बारे में विश्व आर्थिक मंच की टिप्पणी पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भारत दुनिया के लिए आशा की किरण है, यह इसकी मजबूत अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों के परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दुनिया जब (महामारी के दौर में) राजकोषीय और मौद्रिक राहत में लगी थी , भारत के दीर्घकालिक विकास और आर्थिक क्षमता विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया। देश को आज उसका फायदा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण बढ़ाने के महत्व को जानता है, देश में कई क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की नीति में ढील दी गयी है, नियम प्रक्रियाओं के अनुपालन के बोझ में कमी लायी गयी है और भारत ने 3 नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी और आईएफएससीए भारतीय और वैश्विक वित्तीय बाजारों को एकीकृत करने के लिए एक बड़े सुधार का हिस्सा है। श्री मोदी ने कहा, 'गिफ्ट सिटी नवाचार, दक्षता और वैश्विक सहयोग के नए मानक स्थापित करेगा।'

नवम्बर तक श्रीलंका का पर्यटन राजस्व 1.8 अरब डॉलर दर्ज किया गया

कोलंबो, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, श्रीलंका ने इस साल नवंबर तक 1.8 अरब डॉलर का पर्यटन राजस्व दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी अवधि से 78.3 प्रतिशत अधिक है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2023 में पर्यटन से अर्जित राजस्व बढ़कर 20.53 करोड़ डॉलर हो गया, जो नवंबर 2022 के मुकाबले दोगुना है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री अली साबरी ने गुरुवार को संसद को बताया कि देश में अधिक एयरलाइंस आने से 2024 में पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में श्रीलंका में 1,51,496 अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए जो 2023 में आने वाले पर्यटकों की सबसे अधिक मासिक संख्या है।

श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण के अनुसार, वर्ष के पहले 11 महीने में श्रीलंका में कुल 12.7 लाख है। पर्यटन श्रीलंका के शीर्ष विदेशी राजस्व स्रोतों में से एक है। नवंबर के अंत में, सरकार ने आने वाले मौसम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चीन, भारत, इंडोनेशिया, रूस, थाईलैंड, मलेशिया और जापान के नागरिकों के लिए वीज़ा शुल्क माफ कर दिया।

सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए अगले साल मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है ताकि कीमतें नियंत्रण से बाहर न हो।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीटीएफ) ने एक अधिसूचना में कहा, 'प्याज के लिए निर्यात नीति को 31 मार्च 2024 तक प्रतिबंधित कर दिया गया है।' हालांकि, डीजीएफटी ने कहा कि अन्य देशों को उनके अनुरोध के आधार पर सरकार द्वारा दी गई अनुमति के तहत प्याज के निर्यात की अनुमति दी जाएगी। प्याज के शिपमेंट, जिनकी लोडिंग इस अधिसूचना से पहले शुरू हो गई थी, को निर्यात करने की अनुमति है। इसके अलावा ऐसे मामलों में जहां शिपिंग बिल दाखिल किया गया है और जहाजों ने प्याज की लोडिंग के लिए पूरी तरह से ही भारतीय बंदरगाहों पर रखा है। इस अधिसूचना से पहले उनकी रोटेशन संख्या आवंटित की गई है कि निर्यात के लिए शिपमेंट की भी अनुमति है। सरकार ने पहले बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास में निर्यात को हतोत्साहित करने के लिए 31 दिसंबर 2023 तक 800 डॉलर प्रति मीट्रिक टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाया था।

अमेज़न ने फर्जी रिटर्न से लाखों डॉलर की चोरी करने वाले घोटालेबाजों पर मुकदमा किया

सैन फ्रांसिस्को, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेज़न ने आरईकेके नामक एक समूह पर मुकदमा दायर किया है, जो व्यवस्थित रिफंड दुरुपयोग के माध्यम से अमेज़न के ऑनलाइन स्टोर से लाखों डॉलर के उत्पाद चुराने के लिए जिम्मेदार है। मुकदमे के माध्यम से, अमेज़न ने कहा कि मुकदमे का मकसद साजिश को उजागर करना और उन्हें उनकी धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार ठहराना है। ग्राहकों की सुरक्षा करना और बिक्री भागीदारों का विश्वास अर्जित करना अमेज़न के मुख्य मूल्य हैं। खुदरा चोरी हमेशा से एक समस्या रही है जो ऑनलाइन और भौतिक खुदरा विक्रेताओं को समान रूप से परेशान करती है।

मुकदमा में कहा गया है, 'खुदरा चोरी के एक रूप में व्यवस्थित रिफंड धोखाधड़ी शामिल है, जो ग्राहकों और बिक्री भागीदारों को कुशलतापूर्वक सेवा देने की अमेजन की क्षमता को कमजोर करती है। जो ग्राहक अमेज़न के ऑनलाइन स्टोर से खरीदारी करते हैं, उन्हें अपनी खरीदारी से प्रसन्न होना चाहिए, और अगर वे नहीं हैं, तो उन्हें आसानी से उत्पाद वापस करने में सक्षम होना चाहिए।' आरईकेके एक टेलीग्राम चैनल संचालित करता है जिसके 30,000 से अधिक फॉलोअर हैं, जहां वे बेशर्मी से रिफंड सेवाओं का विज्ञापन करते हैं, जिन्हें वे पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि वे धोखाधड़ी हैं।

आरईकेके रिफंड प्राप्त करने के लिए कई तरीकों का उपयोग करता है, जिसमें सोशल इंजीनियरिंग अमेजन ग्राहक सेवा, अमेज़न कर्मचारियों को फिशिंग करना, अनधिकृत पहुंच के माध्यम से अमेज़न के सिस्टम में हेरफेर करना और रिफंड देने के लिए अमेजन के अंदरूनी सूत्रों को रिश्वत देना शामिल है। यह योजना अमेजन को वादे के अनुसार उत्पादों को वापस करने के बजाय, उन उत्पादों के लिए रिफंड संसाधित करने के लिए प्रेरित करती है जो कभी वापस नहीं किए जाते हैं।

सार संक्षेप

गोल्ड लोन मेला के विजेताओं को सोने के सिक्के वितरित

नई दिल्ली। बॉन-वैंकिंग फाईनेंस कंपनी आईआईएफएल फाईनेंस ने सितंबर में भिन्न-भिन्न जगहों पर आयोजित अपने 'एक दिवसीय गोल्ल लोन मेला' कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कार में सोने के सिक्के वितरित किए हैं जिनमें पंजाब की जशनदीप कौर, दिल्ली से आयुष सोनी, उत्तर प्रदेश से सोनू श्रीवास्तव और महाराष्ट्र से रजनीकांत लटके शामिल हैं। आईआईएफएल फाईनेंस ने 5 सितंबर को भारत के सबसे बड़े एक दिवसीय गोल्ड लोन मेला का आयोजन किया था, जिसमें रिकॉर्ड स्तर पर लोन का वितरण दर्ज हुआ। कंपनी ने आज यहां कहा कि आईआईएफएल फाईनेंस लोन एस्सेट की दृष्टि से भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन कंपनी है, और यह लाखों ग्राहकों की पसंदीदा गोल्ल लोन प्रदाता है। आईआईएफएल फाईनेंस में ज़ोनल हेड, गोल्ल लोन, मनीष मयंक ने कहा 'हम अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझते हैं और उसके अनुरूप ही अपने उत्पाद व सेवाएं पेश करते हैं। गोल्ड लोन मेला हमारे ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय कार्यक्रम है, जिसमें लोन लेने वाले सभी लोगों को उपहार मिलता है। कुछ विजेताओं को हम सोने के सिक्के जैसे बड़े पुरस्कार भी देते हैं। हम सभी विजेताओं को बधाई देते हैं, और भविष्य में भी इस तरह के गोल्ल लोन मेलों का आयोजन करते रहेंगे।' आईआईएफएल फाईनेंस अगला एक दिवसीय गोल्ड लोन मेला सोमवार (11 दिसंबर) को आयोजित कर रहा है और यह इस दिन गोल्ड लोन लेने वाले हर व्यक्ति को उपहार एवं आकर्षक ब्याज दर के साथ पुनर्भुगतान में लचीलापन भी प्रदान करेगा। आईआईएफएल भारत में अपनी 4,400 शाखाओं के साथ काम करता है। यह ग्राहकों के साथ पारदर्शी व्यवहार या 'सीधी बात' के लिए मशहूर है, जो कंपनी की ब्रांड और बिज़नेस फिलॉसफी भी है।

चीन में नागरिक उड्डयन सेवा में परिवर्तन

बीजिंग। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन दिवस 7 दिसम्बर को मनाया गया। चीन की वेस्ट एयर कंपनी की पर्सर (केबिन मैनेजर) ह्वांग मेईय्याओ का जन्म वर्ष 1991 में हुआ। अब तक उन्होंने 11 सालों तक सुरक्षित उड़ान पूरी की और उड़ान का कुल समय 8,000 घंटे से भी अधिक है।

ह्वांग मेईय्याओ चीन में नागरिक उड्डयन सेवा में परिवर्तन की साक्षी बनीं। वर्ष 2012 में ह्वांग मेईय्याओ वेस्ट एयर कंपनी में शामिल हुईं। काम करने से अब तक 11 वर्ष हो चुके हैं। वे युवा फ्लाइट अटेंडेंट से परिपक्व पर्सर बन चुकी हैं। इस दौरान वेस्ट एयर कंपनी के विमानों की संख्या 8 से बढ़कर 39 तक पहुंची। विमान में सुविधाएं आधुनिक होती जा रही हैं और केबिन सेवा में काफी बदलाव हो गया है। इससे चीन के नागरिक उड्डयन उद्योग का तेज विकास जाहिर हुआ। सेल्फ चेक-इन और बुद्धिमान सुरक्षा जांच आदि तकनीक लोकप्रिय होने लगे। यात्रा के व्यापक तरीकों का निर्बाध कनेक्शन सामने आया। टर्मिनल में विभिन्न उपभोक्ता वस्तुएं उपलब्ध हैं।

एआई लैंडस्केप पर पूर्व-ट्विटर इंडिया प्रमुख के साथ काम कर रहा ओपन एआई

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। सैम ऑल्टमैन का ओपनएआई कथित तौर पर पूर्व-ट्विटर इंडिया प्रमुख ऋषि जेटली के साथ काम कर रहा है ताकि चैटजीपीटी डेवलपर को एआई के लेकर भारत सरकार की नीतियों और विनियमों को समझने में मदद मिल सके। टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जेटली एआई नीति के बारे में सरकार के साथ बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए ओपनएआई के साथ वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में शनिवार को बताया गया, 'ओपनएआई भारत में एक स्थानीय टीम स्थापित करने पर भी विचार कर रहा है।'

ओपनएआई या जेटली ने अभी तक रिपोर्ट पर टिप्पणी नहीं की है। जेटली ने 2012 में ट्विटर (अब एक्स) में जाने से पहले 2007 से 2009 तक भारत में गूगल के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी के प्रमुख के रूप में कार्य किया। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वह देश में कंपनी के पहले कर्मचारी थे। जेटली ने 2016 के अंत में ट्विटर छोड़ दिया और द टाइम्स ग्रुप की वैश्विक निवेश शाखा, टाइम्स ब्रिज के सह-संस्थापक और सीईओ बन गए। ओपनएआई के वैश्विक मामलों के उपाध्यक्ष अन्ना मकांजू अगले सप्ताह दिल्ली में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के लिए तैयार हैं।

ओपनएआई की वर्तमान में देश में आधिकारिक उपस्थिति नहीं है। जून में, ऑल्टमैन ने अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके साथ भारत के टेक इकोसिस्टम पर चर्चा की।

ऑल्टमैन, जिन्होंने इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईआईटी-दिल्ली) में छात्रों और अन्य लोगों की भी संबोधित किया, ने कहा कि उनकी पीएम मोदी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। ऑल्टमैन ने एक्स पर पोस्ट किया था, 'भारत के टेक इकोसिस्टम और एआई से देश कैसे लाभान्वित हो सकता है, इस पर चर्चा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के साथ शानदार बातचीत हुई।' ऑल्टमैन ने भारतीय स्टार्टअप्स को नए रास्ते तलाशने और दुनिया में नवीन विचारों का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जेरोधा के संस्थापक कामथ ब्रदर्स का मुआवजा वित्त वर्ष 2022-23 में 200 करोड़ तक पहुंचा

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। ऑनलाइन ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म जेरोधा के संस्थापक नितिन और निखिल कामथ ने वित्त वर्ष 2022-23 में मुआवजे के रूप में सामूहिक रूप से 195.4 करोड़ रुपए की कमाई की। एनट्रैकर की एक रिपोर्ट के अनुसार, जेरोधा के सह-संस्थापकों और निदेशकों ने अपने वार्षिक पारिश्रमिक के रूप में प्रत्येक को 72-72 करोड़ रुपए लिए। रिपोर्ट में कहा गया है, 'वित्त वर्ष 2021-22 में, जेरोधा के बोर्ड ने अपने तीन निदेशकों में से प्रत्येक को 100 करोड़ रुपए तक के पारिश्रमिक को मंजूरी देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया।' वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, जेरोधा के लिए कर्मचारी लाभ लागत वित्त वर्ष 2021-22 में 459 करोड़ रुपए की तुलना में 35.7 प्रतिशत बढ़कर 623 करोड़ रुपए हो गई। कंपनी ने निदेशकों सहित कर्मचारियों को कुल 380 करोड़ रुपए का वेतन दिया।

जेरोधा के सह-संस्थापकों और निदेशकों ने अपने वार्षिक पारिश्रमिक के रूप में प्रत्येक को 72-72 करोड़ रुपए लिए

कंपनी का मूल्य अब 3.6 अरब डॉलर है। निखिल कामथ हाल ही में 37 साल की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के अरबपति बने। फोर्ब्स की भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की ताजा सूची के अनुसार, भाई नितिन और निखिल कामथ 5.5 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ देश के सबसे अमीर लोगों में 40वें स्थान पर थे। कामथ ब्रदर्स ने 2010 में जेरोधा की स्थापना की, जिसने शून्य-लागत इक्विटी निवेश में क्रांति ला दी। जेरोधा ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 6,875 करोड़ रुपये का राजस्व और 2,907 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में राजस्व और लाभ में क्रमशः 38.5 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 4,964 करोड़ रुपए का राजस्व और 2,094 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया था।

जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में दाल दलहन और खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

'डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा भारतीय स्टार्टअप के विकास को गति दे रहा'

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। उद्योग जगत के लीडर्स ने शनिवार को कहा कि पिछले दशक में भारत में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के विकास ने देश में स्टार्टअप को रफ्तार दी है। इन्फो एज इंडिया लिमिटेड के संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने फिक्की की वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, भारत में अनुसंधान और विकास वर्तमान में एक दशक पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में है, जिसने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्टार्टअप आईपीओ के एक समूह को बढ़ावा दिया है।

हालांकि, शुरुआती चरण के स्टार्टअप के लिए फंडिंग की कोई कमी नहीं है, लेकिन रखा-तकनीक, ड्रोन जैसे क्षेत्रों में संभावित ग्राहक बाजार उपलब्ध कराने में सरकार का समर्थन प्रासंगिक है, क्योंकि सरकार ही मुख्य खरीदार है। मामाअर्थ (होनासा कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड) की सह-संस्थापक गजल अलघ ने कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र उद्यमिता के पक्ष में विकसित हो रहा है।

उन्होंने कहा, 'भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग उपभोक्ता हितैषी कंपनियों के लिए एक बड़ा समर्थक रहा है। सरकार द्वारा स्थापित राज्य-स्तरीय इन्क्यूबेशन केंद्र छात्रों को अपना स्टार्टअप बनाने के लिए सशक्त बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।' टाइटन कैपिटल और ऐरो वेक्टर रुप के सह-संस्थापक रोहित बंसल के अनुसार, देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए कराधान (टैक्सेशन) के मामले में सार्वजनिक और निजी कंपनियों के बीच समान अवसर प्रदान करने जैसे उपाय आवश्यक हैं। एस्टेरिया एयरोस्पेस लिमिटेड के निदेशक और सह-संस्थापक नील मेहता ने कहा कि रक्षा, अंतरिक्ष, एआई/एमएल और बायोटेक जैसे क्षेत्र डीपटेक के प्रमुख लाभार्थी हैं।

उन्होंने कहा, 'पिछले दशक में भारत में ड्रोन के उपयोग के संबंध में सार्वजनिक जागरूकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। डीपटेक क्षेत्र में नए दौर की नौकरियों का सृजन भी देखा गया है, और सही थीम पर निर्माण और उचित निष्पादन सुनिश्चित करना एक स्टार्टअप की सफलता की कुंजी हो सकता है।'

अश्वत्थामा का किरदार निभाएंगे शाहिद कपूर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर सिल्वर स्क्रीन पर अश्वत्थामा का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। निर्देशक आदित्य धर ने इम्मोर्टल आफ अश्वत्थामा बनाने की घोषणा की थी और उनका इरादा विक्की कौशल को अश्वत्थामा की भूमिका में लेने का था। लेकिन बजट की दिक्कतों की वजह से उन्हें इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डालना पड़ा। चर्चा है कि वासु भगनानी और जैकी भगनानी इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि शाहिद कपूर को फिल्म के लिए पहले ही साइन कर लिया गया है।यह फिल्म हिंदू महाकाव्य महाभारत पर आधारित है और गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा की जिंदगी को चित्रित करेगी। अश्वत्थामा के पात्र को निभाने के लिए शाहिद कपूर को गहन शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना होगा।

वैज्ञानिकों ने अध्ययन में किया खुलासा

फेफड़ों में 2 साल तक रह सकता है कोविड वायरस



- कोविड वायरस का बने रहना जन्मजात प्रतिरक्षा की विफलता
- पशु मॉडलों के जैविक नमूनों का विश्लेषण, वायरस से संक्रमित मिले पशु

लंदन, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन में पता चला है कि कोविड-19 का कारण बनने वाला वायरस सार्स सीओवी-2 कुछ व्यक्तियों के फेफड़ों में संक्रमण के बाद 18 महीने तक रह सकता है।

नेचर इम्यूनोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि कोविड वायरस का बने रहना जन्मजात प्रतिरक्षा की विफलता से जुड़ा हुआ है।

कोविड से संक्रमित होने के एक से दो सप्ताह बाद, सार्स सीओवी-2 वायरस आमतौर पर ऊपरी श्वसन नली में पता नहीं चल पाता है।

लेकिन, कुछ वायरस संक्रमण पैदा करने के बाद शरीर में गुप्त और अज्ञात तरीके से बने रहते हैं। वे उस स्थान पर बने रहते हैं, जिसे वायरल भंडार के रूप में जाना जाता है, भले ही यह ऊपरी श्वसन पथ या रक्त में अवांछनीय रहता है। यह एचआईवी का मामला है, जो कुछ प्रतिरक्षा कोशिकाओं में गुप्त रहता है और किसी भी समय पुन: सक्रिय हो सकता है।

इंस्टीट्यूट पाश्चर की टीम ने कहा कि यह सार्स सीओवी 2 वायरस का भी मामला हो सकता है, जो कोविड-19 का कारण बनता है, जिसने पहली बार 2021 में सिद्धांत की परिकल्पना की थी, और अब एक नॉन-ह्यूमन प्राइमेट के प्री-क्लिनिकल मॉडल में इसकी पुष्टि की है। सार्स सीओवी 2 वायरस की दृढ़ता का अध्ययन करने के लिए, वैज्ञानिकों ने उन पशु मॉडलों के जैविक नमूनों का विश्लेषण किया, जो वायरस से संक्रमित थे।

उन्होंने पाया कि फेफड़ों में लगातार बने रहने वाले वायरस की मात्रा मूल सार्स सीओवी 2 स्ट्रेन की तुलना में ओमिक्रॉन स्ट्रेन के लिए कम थी।

इंस्टीट्यूट पाश्चर की एचआईवी, सूजन और दृढ़ता इकाई के शोधकर्ता निकोलस हुओट ने कहा कि हम वास्तव में इतनी लंबी अवधि के बाद और जब नियमित पीसीआर परीक्षण नकारात्मक थे, कुछ प्रतिरक्षा कोशिकाओं वायुकोशीय मैक्रोफेज में वायरस पाकर आश्चर्यचकित थे।

इसके अलावा, हमने इन वायरस का संवर्धन किया और एचआईवी का अध्ययन करने के लिए विकसित किए गए उपकरणों का उपयोग करके यह देखने में सक्षम हुए कि वे अभी भी प्रतिलिपि बनाने में सक्षम थे। इन वायरल भंडारों को नियंत्रित करने में जन्मजात प्रतिरक्षा की भूमिका को समझने के लिए, वैज्ञानिकों ने फिर अपना ध्यान एनके कोशिकाओं की ओर लगाया।

म्युलर-ट्रस्टविन ने कहा कि जन्मजात प्रतिरक्षा की सेलुलर प्रतिक्रिया, जो शरीर की रक्षा की पहली पंक्ति है, का अब तक सार्स सीओवी 2 संक्रमणों में बहुत कम अध्ययन किया गया है। फिर भी यह लंबे समय से ज्ञात है कि एनके कोशिकाएं वायरल संक्रमण को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

अध्ययन से पता चलता है कि कुछ जानवरों में, सार्स सीओवी 2 से संक्रमित मैक्रोफेज एनके कोशिकाओं द्वारा विनाश के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं। जबकि अन्य में, एनके कोशिकाएं संक्रमण के प्रति अनुकूलन करने में सक्षम होती हैं और प्रतिरोधी कोशिकाओं को नष्ट कर देती हैं।

टीम ने कहा कि इसलिए जन्मजात प्रतिरक्षा लगातार सार्स सीओवी 2 वायरस के नियंत्रण में भूमिका निभाती प्रतीत होती है।

सारा अली खान ने कभी नहीं दिया 'एनिमल' के लिए ऑडिशन

मुंबई, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। रणबीर कपूर-स्टारर एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में तृप्ति डिमरी की बहुचर्चित भूमिका के लिए सारा अली खान को कास्ट करने की मीडिया रिपोर्टों के बीच, एक अंदरूनी सूत्र ने अफवाहों को खारिज कर दिया और खुलासा किया है कि उन्होंने कभी फिल्म के लिए ऑडिशन भी नहीं दिया था।

वायरल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसी चर्चा थी कि सारा को 'एनिमल' में जोया वहाब रियाज की भूमिका के लिए कास्ट करने पर विचार किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा सारा के ऑडिशन से 'उत्साहित' नहीं थे, और उन्होंने तृप्ति को जोया के किरदार के लिए बेहतर पाया।

अफवाहों पर विराम लगाते हुए, इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्र ने खुलासा किया, 'सारा अली खान ने कभी भी 'एनिमल' के लिए ऑडिशन नहीं दिया।'

संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'एनिमल' में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म एक बिजनेस मैग्नेट बलबीर सिंह (अनिल) और उनके बेटे अर्जुन सिंह (रणबीर) के जटिल रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। तृप्ति ने 'एनिमल' में एक छोटी सी भूमिका से बड़ा प्रभाव डाला है। यह फिल्म हिंसा, रोमांस और अंतरंगता से भरपूर है।

सारा को आखिरी बार 'जरा हटके, जरा बचके' में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म विजय वर्मा के साथ 'मर्डर मुबारक', आदित्य रॉय कपूर के साथ 'मेट्रो इन दिनों' और 'ऐ वतन मेरे वतन' है।

धर्मेंद्र ने पहना फैन्स का गिफ्ट किया हुआ साफा

मुंबई, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। दिग्गज बॉलीवुड स्टार धर्मेंद्र का शुक्रवार को जन्मदिन था। उन्होंने इस खास दिन पर मिले प्यार के लिए आभार व्यक्त किया। शनिवार को, अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को धन्यवाद देते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। लगता है वीडियो उनके घर पर रिकॉर्ड किया गया था। इसमें उन्हें साफा पहने और फूल का गमला पकड़े हुए दिखाया गया है, जो उनके प्रशंसकों द्वारा भेजा गया है। वीडियो में वह कहते हैं, 'दोस्तों, हर जगह से, गांव से, ऐसे प्यारे-प्यारे तोहफे आए हैं, साफा आया है, मैं पहन के देख रहा हूं कैसा लगता हूं।' उन्होंने आगे कहा कि इसमें प्यार ही प्यार है। बहुत अच्छा लगता है। सब आपका प्यार, दुआएं हैं। जीते रहो, खुश रहो। जिस तरह से आप प्यार दे रहे हो, आपको जी जान से प्यार देता हूं मैं भी। मैं आप सभी से प्यार करता हूं। ठीक है। तुमसे प्यार है। एक्टर ने फ्लाइंग किस के साथ वीडियो खत्म किया।

कश्मीर की पेपर-मैचे कला का पुर्नद्धार

पहली बार 80 फीसदी ऑर्डर केवल मध्य पूर्व से और 20 फीसदी ऑर्डर यूरोप से

श्रीनगर, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कारीगर कश्मीरी पेपर-मैचे कला को बरकरार रखने और आकर्षक बनाने के लिए अपने उत्पादों में ईरानी कलाकृति का मिश्रण कर रहे हैं।

अख्तर मीर एंड ब्रदर्स पेपर-मैचे फैक्ट्री चलाने वाले श्रीनगर में जदीबल इलाके के निवासी कारीगर नईम मीर (32) ने कहा कि पहले यह कला हजारा (हजारों फूल) और गुलंदर गुल सहित कुछ डिजाइन कार्यों तक ही सीमित थी, लेकिन जब से इसे सोने के स्पर्श के साथ फारसी कला के साथ मिलाया गया है तब से यह बड़े पैमाने पर फिर से पुनर्जीवित हो गया है। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में परास्नातक करने वाले मीर ने कहा कि पहले कश्मीर से पेपर-मैचे की वस्तुएं केवल क्रिसमस त्योहार के दौरान यूरोपीय देशों में निर्यात की जाती थीं, लेकिन ईरानी कला को गोल्ड टच वर्क के साथ मिलाने के बाद, इसे पहली बार मध्य पूर्व से ग्राहक मिले हैं। कारीगर मीर ने कहा कि हमें पिछले साल से मध्य पूर्व से ऑर्डर मिल रहे हैं और इस साल हमें पहली बार 80 फीसदी ऑर्डर केवल मध्य पूर्व से और 20 फीसदी ऑर्डर यूरोप से मिले हैं। उन्होंने कहा कि पेपर-मैचे कला ने भी भारत में फिर से अपना बाजार ढूंढना शुरू कर दिया है और लोग अपने घरों की सजावट के लिए चीनी या सिरेमिक उत्पादों का उपयोग करने के बजाय, अब पेपर-मैचे उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं जो उन्हें लगता है कि अधिक आकर्षक और पर्यावरण-अनुकूल भी हैं।

इसके अलावा लोग न केवल कश्मीर में बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भी अपने घरों के इंटीरियर डिजाइन बनाने में पेपर-मैचे कला का उपयोग करते हैं। निदेशक हस्तशिल्प महमूद शाह ने कहा कि हम कारीगरों के समर्थन में हैं और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।

'शिव शक्ति' में कार्तिकेय का जन्म दर्शकों को करेगा प्रभावित : राम यशवर्धन

मुंबई, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। शो 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले एक्टर राम यशवर्धन ने कार्तिकेय के जन्म को दर्शाने वाले मौजूदा ट्रैक के बारे में बात की और कहा कि यह भावना दर्शकों को प्रभावित करेगी। भगवान शिव के रूप में राम और देवी पार्वती के रूप में सुभा राजपूत द्वारा अभिनीत, यह पौराणिक शो ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी को बताता है। वर्तमान ट्रैक में, भगवान शिव और देवी पार्वती का मिलन दैवीय सद्भाव के युग की शुरुआत करता है, और उनके बेटे कार्तिकेय का जन्म ब्रह्मांड की नियति में एक नया अध्याय जोड़ता है। कार्तिकेय, राक्षस तारकासुर को हराने के लिए पैदा हुए थे। वह अपनी उम्र से परे वीरता और ज्ञान का प्रतीक हैं।

इस बारे में बात करते हुए, राम ने कहा कि कार्तिकेय का जन्म हमारे शो की कहानी में नया मोड़ लाएगा। हर पिता की तरह, कार्तिकेय के जन्म पर भगवान शिव भी गर्व, खुशी और जिम्मेदारी की भावना महसूस करते हैं। वह अपने दिव्य वंश की निरंतरता और ब्रह्मांडीय संतुलन के बारे में सोच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वह उन पाठों पर विचार करते हैं जो वह अपने बेटे को देना चाहते हैं, यह सोचकर कि उनका बेटा अस्तित्व की व्यापक योजना में बड़ी भूमिका निभाएगा।

'उदय' फेम अभिनेता ने आगे कहा कि एक बेटे के रूप में यह मुझे अपने पिता के बारे में सोचने पर मजबूर करता है, जो मुझसे पहले ही मेरे जीवन का उद्देश्य जानते थे और अभिनेता बनने के मेरे सपने का समर्थन करते थे। आश्चर्यजनक रूप से, माता-पिता के पास अक्सर बेहतर दूरदर्शिता होती है, जब यह विचार करने की बात आती है कि उनके बच्चों के लिए सबसे अच्छा क्या है। मुझे यकीन है कि यह भावना दर्शकों को प्रभावित करेगी। 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' कलर्स पर प्रसारित होता है।

फेसबुक पर पुलिस जवान को हुआ प्यार, रचाई शादी

- प्रेमिका यूपी से पहुंची बिहार, आईपीएस अधिकारी ने मंदिर में कराई शादी
- पुलिस जवान ने मजबूरी बताते हुए पहले शादी से किया था इनकार

मुजफ्फरपुर, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। कहा जाता है कि अगर सच्चा प्यार हो तो उसे मंजिल भी मिल ही जाती है। ऐसा ही एक मामला बिहार के मुजफ्फरपुर में देखने को मिला, जहां एक पुलिस के जवान को यूपी की लड़की से फेसबुक के जरिए ही प्यार हो गया।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के बलिया की रहने वाली और लखनऊ में रहकर पढ़ाई करने वाली एक लड़की को बिहार के मुजफ्फरपुर में तैनात रेलवे पुलिस के सिपाही से फेसबुक के जरिए ही प्यार हो गया। बताया गया पहले इन दोनों की फेसबुक पर मुलाकात हुई और बातचीत शुरु हो गई। धीरे-धीरे ये सिलसिला प्यार में बदल गया और दोनों ने शादी करने का फैसला किया। इसके बाद रेलवे में तैनात पुलिस जवान ने कुछ मजबूरी बताते हुए शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद लड़की यूपी से मुजफ्फरपुर रेल एसपी के कार्यालय में गुहार लगाने पहुंच गई। इसके बाद रेल एसपी डॉक्टर कुमार आशीष को पूरी बात बताई गई। दोनों में सच्चे प्यार को देखते हुए रेल एसपी के आदेश पर दोनों की शादी रेल थाने में शुक्रवार की रात कराई गई। मंदिर और कोर्ट में भी दोनों की शादी पूरी विधि-विधान से करवाई गई।

81 साल की हुई सलमान की मां सलमा खान

- अर्पिता ने कहा, 'दुनिया की सबसे अच्छी मां और नानी'

मुंबई, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की मां सलमा खान शनिवार को 81 साल की हो गईं। उनकी सबसे छोटी बेटी अर्पिता खान शर्मा ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। अर्पिता ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी मां सलमा की दो नातिन-नातियों के साथ खेलते हुए एक तस्वीर साझा की।कैप्शन के लिए, अर्पिता ने लिखा कि दुनिया की सबसे अच्छी मां और नानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हम आपसे प्यार करते हैं। सलमा ने दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान से शादी की है। उनकी शादी 1964 में हुई। दोनों के चार बच्चे हैं - सलमान खान, अरबाज खान, सोहेल खान और अलवीरा। उनकी एक बेटी अर्पिता खान भी हैं। सलीम ने दिग्गज अभिनेत्री हेलेन से भी शादी की है। वे 1981 में शादी के बंधन में बंधे।

रश्मिका 13 को अल्ल अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2-द रूल' की शूटिंग करेंगी शुरू

मुंबई, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में रिलीज हुई रणबीर कपूर-स्टारर फिल्म 'एनिमल' में अपने काम के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया पाने वाली रश्मिका मंदाना 13 दिसम्बर को तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ अपनी फ्रेंचाइजी फिल्म 'पुष्पा 2-द रूल' की शूटिंग शुरू करेंगी। इंडस्ट्री के एक सूत्र के मुताबिक, एक्ट्रेस हैदराबाद में सीक्वल की शूटिंग करेंगी।

फिल्म के पहले पार्ट में, एक्ट्रेस ने श्रीवल्ली की भूमिका निभाई और नेशनल क्रश बन गईं, अल्लू अर्जुन के शानदार डांस ने गाने को एक बड़ा हिट बना दिया।

एक्ट्रेस के शूटिंग शेड्यूल के बारे में बात करते हुए, सूत्र ने कहा कि फिल्म 'एनिमल' के लिए मिल रहे प्यार और तारीफ से रश्मिका मंदाना बेहद खुश हैं। 'पुनिमल' की भारी सफलता के तुरंत बाद, रश्मिका 13 दिसम्बर को हैदराबाद में ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग शुरू करेंगी। एक्ट्रेस अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म में श्रीवल्ली के अपने आइकॉनिक किरदार को दोहराएंगी। रश्मिका ने हाल ही में फिल्म में गीतांजलि के अपने किरदार के लिए एक लंबा नोट लिखा और उसके लिए अपना प्यार व्यक्त करते हुए उसे परिवार का शक्ति केंद्र बताया।

प्राची बंसल ने पौराणिक पात्रों को निभाने की चुनौतियों का किया खुलासा

मुंबई, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस प्राची बंसल अपकमिंग शो 'श्रीमद रामायण' में देवी सीता का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने साझा किया कि उन्हें इस भूमिका के लिए कैसा महसूस हो रहा है, और उन्होंने पौराणिक पात्रों को निभाने की चुनौतियों का भी खुलासा किया। यह शो भारतीय महाकाव्य को नए सिरे से बताने का वादा करता है और निर्माताओं ने अब अगला प्रोमो जारी किया है जिसमें जन-जन के आदर्श, मन-मन के आराध्य सिया राम का खुलासा किया गया है।

सीता का किरदार प्राची द्वारा निभाया जाएगा, वहीं अभिनेता सुजय रेड भगवान राम के रोल में दिखाई देंगे। भक्तिपूर्ण प्रोमो भगवान राम के प्रति सीता की अटूट आस्था और प्रशंसा को उजागर करता है, उन्हें न केवल एक राजकुमार के रूप में बल्कि एक आदर्श जीवन साथी के प्रतीक के रूप में मानता है।

इस भूमिका को निभाने के बारे में बात करते हुए, प्राची ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है जैसे मैंने यह भूमिका अपने लिए प्रकट की है और यह एक ऐसा हिस्सा है, जिसे केवल कुछ ही अभिनेता अपने जीवनकाल में निभाने के लिए भाग्यशाली होते हैं। प्राची ने कहा कि हम रामायण या उसके विभिन्न पहलुओं की कहानियां सुनते हुए बड़े हुए हैं, इसलिए चुनौती इस ज्ञात कहानी को जीवन में लाना है, और स्थायी प्रेम, दृढ़ निष्ठा और अटूट विश्वास को सौंदर्यपूर्ण रूप से चित्रित करना है जिसके लिए राम और सीता जाने जाते हैं और उनकी पूजा की जाती है। श्रीमद रामायण का प्रीमियर 1 जनवरी को सोनी पर होगा।

उत्तर और दक्षिण भारत के बीच महासेतु बनेगा रामोत्सव

लखनऊ, 9 दिसम्बर (एजेंसियां)। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम के मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इस समारोह के स्वर्णिम पलों को इतिहास के पन्नों पर दर्ज कराने के लिए योगी सरकार कई प्रकार के आयोजन में जुटी है। सरकार की ओर से श्रीराम मंदिर उद्घाटन से पहले पूरे देश को राममय करने की तैयारी भी है। इसमें रामचरण पादुका यात्रा निकालने के लिए वृहद स्तर पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इस दौरान सांस्कृतिक झांकियों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार डेढ़ करोड़ की धनराशि खर्च करेगी। इसके अलावा कई और विश्व रिकार्ड भी बनाने की तैयारी है।

सांस्कृतिक विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन से पहले उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक पूरे देश को एकसूत्र में बांधते हुए रामचरण पादुका यात्रा निकलेगी। यह यात्रा राम वनगमन पथ से गुजरती हुई पूरे देश में निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान राम वनगमन पथ के विभिन्न पड़ावों जैसे श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट आदि में भजन, कीर्तन,

- रामचरण पादुका यात्रा निकलेगी

रामायण पाठ के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक झांकियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों की झलकियां देखने को मिलेगी ताकि देशवासी उनके आदर्शों को अपनाकर अपने जीवन को सफल बना सकें।

वहीं, प्रदेश के 826 नगर निकायों में विभिन्न संकीर्तन मंडली प्रतिदिन संकीर्तन का आयोजन करेंगे। इसके लिए नगर विकास विभाग संकीर्तन मंडलियों की सूची और रूट तय करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहा है। यह आयोजन प्रदेश के रामायण परंपरा से जुड़े हुए मंदिरों, स्थलों एवं हनुमान मंदिरों में मकर संक्रांति से लेकर राम मंदिर उद्घाटन तक लगातार भजनों, सुंदरकांड और अखंड रामायण का पाठ किया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार 50 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इस दौरान 1111 शंखों के नाद से विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। इसके लिए उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) की मदद ली जाएगी। इसके अलावा शौर्यगाथा कार्यक्रम के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा तलवार रास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 2,500 महिलाएं प्रतिभाग कर विश्व रिकार्ड बनाएंगी। यह कार्यक्रम रामकथा पार्क अयोध्या में आयोजित किया जाएगा।

पर्यटन एवं सांस्कृतिक प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि रामचरित मानस एक महाकाव्य है। इससे जुड़े हुए प्रसंग आज भी प्रासंगिक है। कलयुग में जीवन में एक द्वंद उत्पन्न हो गया है, जीवन मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने के लिए जन जागरण बहुत जरूरी है। उसके लिए सांस्कृतिक आयोजन और विधाएं सशक्त माध्यम हैं। उसी कड़ी में सभी कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ, केंद्र की योजनाओं का करेगा प्रचार-प्रसार

कलेक्टर रघुवंशी ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

धमतरी, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित कर केन्द्र शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। वहीं विविध कार्यक्रम आयोजित कर इन जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ ग्राम पंचायतों में पहुंचकर केंद्र की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा।

कलेक्टर श्री रघुवंशी ने बताया कि केन्द्र की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए केंद्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ तैयार किया गया है। यह रथ जिले में आगामी 26 जनवरी 2024 तक गांव-गांव में जाकर केंद्र की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। योजनाओं के लाभार्थी उसकी कहानी, उसकी जुबानी के माध्यम से इन योजनाओं के बारे में बताएंगे। वहीं इस के भ्रमण के दौरान गांव-गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के लिए जोड़ा जाएगा। इसके लिए अधिकारी ग्राम सभाओं का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगें। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिले में रूट-चार्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक में बताया गया कि जिले में 7 चलित वाहन प्रदान किये जायेंगे। उक्त वाहन ग्राम-गांव जाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती यादव ने तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही यात्रा का कार्यक्रम तय होने के बाद गांवों में ग्रामसभाओं का आयोजन करवाने एवं केंद्र की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर उनका लाभ दिलाने के लिए योजनाओं से जोड़ने कहा। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम 26 जनवरी 2024 तक चलेगा। इस संबंध में सभी विकासखंडों में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोकिमा यादव, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम धमतरी विनय पोयाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

योग संघ के 70 सदस्य दंव संस्कृति विवि हरिद्वार में ज्ञान अर्जित कर रहे हैं

बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के 70 सदस्य उत्तर भारत योग-यात्रा भ्रमण कार्यक्रम के तहत हरिद्वार पहुँच गए है। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से प्रदेश महासचिव, पदाधिकारी व समस्त सदस्य सम्मिलित है। शान्ति कुंज की बस सेवा के माध्यम सभी सदस्य हरिद्वार स्टेशन से शान्ति कुंज पहुंचे। यहाँ सभी सदस्य नचिकेता भवन में रुके है। सभी सदस्य शांतिकुंज तीर्थ व देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार का ज्ञानलाभ ले रहे है। इस अवसर पर सभी सदस्यों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। प्रथम दिवस में सभी सदस्यों ने योग यज्ञ, अखंड दीप दर्शन के साथ-साथ हर की पौड़ी में माँ गंगा आरती करते हुए कनखल मंदिर, माँ चंडी मंदिर, मनसा देवी मंदिर का आदि का भ्रमण लाभ प्राप्त किया।

सोमावार से पुनः शुरू होगा साप्ताहिक कलेक्टर जनचौपाल

बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के कारण स्थगित साप्ताहिक कलेक्टर जनचौपाल अब पुनः आगामी सोमवार से शुरू होगा। जनचौपाल का आयोजन प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक कलेक्टर कक्ष में होगा।

गौरतलब है कि शासन की मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से साप्ताहिक कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन किया जाता है।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

सूचना-पत्र

क्रमांक/बाबत/म.रा.प्र./2022-2023
रायपुर, दिनांक 23.11.2023

1- मौजूदा साइ वाहा/ग्राम-पिलर/पति फागुराम राम साहू उर्फ अमृतराम पता चारभाठोड़ 2. दयाराम साहू वाल/ग्राम/पति गोपीराम साहू उर्फ अमृतराम पता चारभाठोड़ 3. मौजूदा वाल/ग्राम/पति फागुराम राम साहू वाल/ग्राम/पति गोपीराम साहू उर्फ अमृतराम पता चारभाठोड़ 4. दुखुराम वाल/ग्राम/पिलर/पति राम पता चारभाठोड़ 5. दुखुराम वाल/ग्राम/पति राम पता चारभाठोड़ 6. नवाबाई वाल/ग्राम/पति राम पता चारभाठोड़ 7. नोनाबाई वाल/ग्राम/पति राम पता चारभाठोड़ 8. जयराम वाल/ग्राम/पिलर/पति राम पता चारभाठोड़ 9. विश्वनाथ वाल/ग्राम/पिलर/पति राम पता चारभाठोड़ 10. राम वाल/ग्राम/पिलर/पति अमृतराम पता चारभाठोड़ 11. खोलबाई वाल/ग्राम/पिलर/पति फागुराम पता चारभाठोड़ 12. बाई वाल/ग्राम/पिलर/पति मोतीराम पता चारभाठोड़ 13. दुलारी वाल/ग्राम/पिलर/पति मोतीराम पता चारभाठोड़

विषय- राजस्व न्यायालय क्रमांक/2023101 15600023 /म.रा.प्र./ वर्ष 2022-2023 पक्षकार भगतसिंग पिता राम की राजगुरानगर सर्किल निवासी ग्राम बुढ़ा. बलौदाबाजार पता चारभाठोड़ पि.ई. 44 वर्षीय के विरुद्ध नायब तहसीलदार रायपुर में प्रकरण दर्ज कराया।

दंतेवाड़ा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा ने नई सरकार बनने पर जिलाध्यक्ष संतोष मिश्रा के नेतृत्व में दंतेवाड़ा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दी।

संघ के जिलाध्यक्ष संतोष मिश्रा ने कहा कि विधान सभा चुनाव के पहले भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी -2023 के नाम से प्रदेश के शिक्षकों के लिए कुछ वादे किए हैं। इसमें सरकार बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान डीए देने, पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अदेय केंद्र के समान महंगाई भत्ता को भविष्य निधि राशि में समायोजित करने, सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर करने, सभी कर्मचारियों को क्रमोन्नति का लाभ देना शामिल हैं। हमें इन सभी वादों को अविलंब पूरा किए जाने की अपेक्षा है। साथ ही शिक्षक एलबी संवर्ग को संविलियन से पहले शिक्षाकर्मी के रूप मे किये गये सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन देने, पूर्ण पेंशन के लिए 33 साल की निर्धारित सेवा अवधि को घटाकर केंद्र के समान 20 वर्ष करने की भी मांग है। श्री मिश्रा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नई सरकार के गठन होते ही शिक्षकों के मुद्दे पर त्वरित निर्णय होगा।

इस अवसर पर गजलु पोडियम, पलकेश सोनी ,धनेंद्र सोनी, पुरुषोत्तम लाल साहू, इनोर कवासी, राकेश मिश्रा, रजनीश ओसवाल, अंकित गुप्ता, जितेंद्र चौहान , प्रदीप गर्ग, दिनेश गबेल , नितिन विश्वकर्मा, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, नारायण साहू, राकेश नाग, योगेश सोनी, मोहेन्द्र मंडावी, महेंद्र मंडावी, श्रीचंद नाग, नंदकिशोर बरेठ, आशुतोष शिवहरे, देवांशु यदु, चन्द्रशेखर साहू, अजय राठिया, नरसिंग पटेल, मनीषा सोनी, आशा सोनी, मंजू ठाकुर कौशल्या बघेल व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

वादे से मुकरने वाली कांग्रेस को जनता ने हराया : चैतराम

- संविदा कर्मियों ने दी नव निर्वाचित विधायक को बधाई
- अटामी ने कहा भाजपा सरकार सदैव कर्मचारियों के साथ

दंतेवाड़ा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी एवं सदस्यों ने दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनके आवास पंहुच कर सदस्यों ने उनका मुंह मीठा कर फूल माला एवं पुष्पगुच्छ से बधाई दी। बधाई कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को देख नव-निर्वाचित विधायक ने सभी को मिठा खिलाकर अपनी जीत की खुशी मनाई एवं आश्वस्त किया कि ये जीत मेरी नही आप सभी की है, 5 साल जो आप सभी कर्मचारी शोषित हुए, मानसिक रूप से प्रताड़ित हुए हैं। कांग्रेस की सरकार ने आपसे वायदा कर आप सभी को छला उसका परिणाम कांग्रेस को भुगतना पड़ा। श्री अटामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सभी कर्मचारियों के साथ है साथ ही मैं आप के मुद्दो को राज्य सरकार तक लेकर जाउंगा साथ ही स्थानीय मुद्दो को आपके साथ बैठकर निराकरण करेंगे साथ ही क्षेत्र के विकास में आप सभी के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे। बधाई एवं शुभकामना कार्यक्रम में प्रांतीय मीडिया सलाहकार सूरज सिंह ठाकुर, कार्यवाहक जिला संयोजक सुरज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू, महासचिव मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष दिनेश कराटिया, महेन्द्र राणा, दीपक नाग, गुलसन देखमुख, शुभम, राकेश साहू, प्रषांत शर्मा, मुकेश अहिरवार सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे ।

बारसूर में नव निर्वाचित विधायक का भव्य स्वागत

- समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने लड्डू से तौला
- कार्यकर्ताओं को दिया ऐतिहासिक जीत का श्रेय

दंतेवाड़ा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित भाजपा विधायक चैतराम अटामी आज ऐतिहासिक नगरी बारसूर पहुंचे जहा सर्वप्रथम उन्होंने अपनी धर्मपत्नी मलिका अटामी के साथ माता सोनादाई मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

बारसूर पहुंचने पर समर्थकों व कार्यकर्ताओ ने जगह जगह आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। भाजपा बारसूर मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर जीत की बधाई दी। विधायक श्री अटामी ने धन्यवाद् देते हुए कहा कि आप सभी लोगो के प्यार एवं अपार समर्थन के कारण ये ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री द्वय संतोष गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप, बारसूर मण्डल प्रभारी सत्यनारायण महापात्र, बारसूर मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर भारद्वाज, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला विनय नाग, जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान, जसवीर नेगी, गीदम जनपद अध्यक्ष अंति वेक, जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी, मुन्ना मरकाम, बारसूर नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश्वर पुजारी, उपाध्यक्ष बद्रीनाथ पुजारी, राजन महेश्वरी, सरपंच संध्या शुक्ला, कामो कुंजाम, कृष्णकांत शिवहरे, जितेंद्र वट्टी, उरदो ठाकुर, मोहन ठाकुर,रवि भदौरिया, योगेश शुक्ला, किरण, कमल ठाकुर, पुष्पा, पंडित, राजेश नाग एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

किसानों ने सुना पीएम मोदी का संबोधन

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन
- कृषि विज्ञान केन्द्र में जुटे किसान और वैज्ञानिक

दंतेवाड़ा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के दंडकारण्य सभागर में आज किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में विभिन्न योजनाओं से लोगो को जोड़ना है। आज के इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन से शुरूआत हुई।

श्री मोदी द्वारा देश के अलग-अलग स्थानों पर उपस्थित किसान से बात की गई कि उन्हें देश में चल रही विभिन्न योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, घरेलू आवास, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि इत्यादी से किसान को किस प्रकार लाभ हो रहा है, के बारे में उनसे सीधे संपर्क कर चर्चा किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रगति शील कृषक बोसा राम अटामी ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख अनिल कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया है। साथ ही कार्यक्रम में कृषि विभाग सहायक संचालक कृषि आई.सी. पैकरा एवं धीरज बघेल एवं जिले के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के 80 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के एस.के. पोडियाम (कार्यक्रम सहायक कंप्यूटर), कु. वंदना चडार (कार्यक्रम सहायक प्लांट पैथोलॉजी) और डॉ. अंजुलता सुमन पात्रे (एस.आर.एफ.,चिराग) के माध्यम से किया गया।

स्कूली बच्चों ने अपनी विधायक को खिलाई मिठाई

दंतेवाड़ा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित भाजपा विधायक चैतराम अटामी का समर्थको व कार्यकर्ताओ ने गीदम बस स्टैंड में आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान गीदम बस स्टैंड में स्कूल के नन्हे छात्र छात्राओं ने भी विधायक चैतराम को मिठाई खिलाकर बधाई दी। तस्वीर में मासूम नन्हे छात्र व छात्रा विधायक चैतराम को मिठाई खिलाते नजर आ रहे हैं। विधायक श्री अटामी भी भीड़ में मौजूद बच्चो को देखकर अपने आप को रोक नहीं पाये व खुद उनसे मिलने पहुंचे और नन्हे बच्चो से मुलाकात कर कहा कि जैसा प्यार मुझे यहाँ जनता से मिल रहा है उसके लिये वे जिले के समस्त नागरिको के सदैव ऋणी रहेंगे।

पिथौरा के खेल मैदान में लगेगा विद्युत लाइट

पिथौरा, 9 दिसंबर। नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव के सराहनीय प्रयास से पहले पिथौरा खेल मैदान में चारों ओर विद्युत पोल लगाकर खेल मैदान को आकर्षक बनाया। अब पिथोरा नगर के खिलाड़ियों के लिए एक और खुशखबरी है पिथोरा नगर के खेल मैदान में फ्लड लाइट लगाने का कार्य आरंभ किया गया। आज नगर के सभी खिलाड़ियों के उपस्थिति में अध्यक्ष आत्माराम यादव ने मैदान में फ्लड लाइट कार्य आरंभ किया। नगर के सभी खिलाड़ियों ने पिथोरा का खेल मैदान की इस उपलब्धि के लिए अध्यक्ष आत्मा राम यादव, नगर पंचायत अधिकारी श्री महेंद्र महेंद्र गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

शिक्षकों के समस्या निवारण के लिए जिला स्तरीय शिविर

- नव निर्वाचित विधायक ने शिक्षकों को दिया आश्वासन
- टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की भेंट मुलाकात

दंतेवाड़ा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन दंतेवाड़ा के द्वारा जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला शैनी रविन्द्र के नेतृत्व में दंतेवाड़ा नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से संगठन पदाधिकारियों द्वारा सौजन्य भेट कर गुलदस्ता भेट कर बधाई शुभकामनाएं दी गई।

प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, सूर्यकान्त सिन्हा जिला सचिव नोहर साहू ने बताया कि संगठन की परम्परा रही है कि हम नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से लगातार भेट ज्ञापन के माध्यम से अपनी बातों को रख सरकार तक पहुचाने का प्रयास करते हैं। वर्तमान में आ रही समस्याओं उनके समाधान पर चर्चा परिचर्चा की जाती है। इसी क्रम में यह सौजन्य भेंट थी, जिसमे शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे पदाधिकारियों ने विधायक से जिला स्तर पर गीदम आडिटोरियम में समस्याओ के निवारण हेतु शिविर आयोजित करने पर अपनी बातों को रखा। समस्याओ के समाधान हेतु बहुत समय से शिविर आयोजित नही हुए है। कई समस्याओ से आये दिन कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस पर विधायक श्री अटामी ने ने अपनी सहमति जताई है। इस दौरान जी. आर. नाग,पोरस बिझेकर, अमित देवनाथ,विनोद शर्मा,कोकिला ठाकुर, विजय साहू, ओपी कैवर्त, खोमेंद्र देवांगन, नागेश जायसवाल, उषा देवांगन,रमा कर्मा, साजिद भारती, फुलेश्वरी शोरी, कविता भोगामी आदि उपस्थित थे।

नशे के खिलाफ खरोरा पुलिस प्रशासन मुस्तैद

69 पौव्वा देसी शराब के साथ पुलिस ने 2 कोचिए को पकड़ा

खरोरा, 9 दिसंबर। इलाके में शराब की अवैध बिक्री को रोकने पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। इसके तहत शुक्रवार को खरोरा पुलिस ने 2 गांवों में 2 कोचियों से 69 पौव्वा देसी शराब जब्त की है। इसकी कीमत 8,370 रुपए बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने सबसे पहले असौंदा गांव में मांठ कॉलेज के पास 19 साल के चंद्रहास निर्मलकर से 32 पौव्वा शराब जब्त किया। इसकी कीमत 3.520 रुपए बताई गई है। जबकि, दूसरी कार्रवाई कोरासी गांव में रतवा तालाब के पास की गई। यहां 45 साल के शत्रुहन सेन से 35 पौव्वा शराब जब्त की गई है। इसकी कीमत 3,850 रुपए बताई जा रही हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। टीआई केके कुशवाहा ने बताया, कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी। जो भी शराब बिक्री, जुआ, सट्टा, गांजा या दूसरे अनैतिक काम में लिप्त है, उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। गांववालों ने इस कार्रवाई पर कहा कि पुलिस ने जिस तरह से कोचियों की धरपकड़ शुरू की है, यह सराहनीय है। इसकी शिकायत हम लगातार करते आ रहे थे। कुछ लोगों ने डराया-धमकाया। फिर भी हम पीछे नहीं हटे। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई से शराब बिक्री कर गांव का माहौल खराब करने वालों में दहशत है। ये कार्रवाई आगे भी जारी रहनी चाहिए।

प्रादेशिकी का शेष...

एक कांग्रेसी सांसद के पास...

में मई 2022 में इडी की छापेमारी में अधिकारियों के घर से 20 करोड़ से अधिक कैश बरामद हुए। कानपुर में आयकर छापे में बंद हो चुके 500-1000 के 95 करोड़ बरामद हुए। झारखंड सरकार में मनरेगा में 550 करोड़, कोयला आबंटन घोटाला, अवैध खनन में 1,500 करोड़, ग्रामीण विकास निधि में 1,500 करोड़, भूमि घोटाला में 3,000 करोड़, शराब में। 1500 करोड़ के घोटाला सहित कई घोटालों के मुद्दों को भारतीय जनता पार्टी ने प्रमुखता से उठाया। पत्रकार वार्ता के दौरान विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय,प्रदीप देवांगन, अनिल शर्मा, आर्येन्द्र आर्य, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी,मनोज पटेल, संजय मिश्रा,सतीश बाजपेयी मौजूद रहे।

जिले नक्सल प्रभावित क्षेत्र....

उक्त क्षेत्र के कैम्पों में तैनात सुरक्षाबलों के जवानों को मोबाईल नेटवर्क की समस्या नही होगी। टॉवर लगने पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया गया। जिले के शेष अंदरूनी क्षेत्रों में जियो के नवीन टावर स्थापना का कार्य सुकमा पुलिस के सायबर सेल की निगरानी में तीव्र गति से प्रगतिरत् है।

जनता का जनादेश स्वीकार...

माध्यम से स्थानीय भर्ती की पर कुछ लोगों के कोर्ट में जाने से स्थानीय भर्ती रुक गई। कोरोना के कारण हमें ज्यादा समय नहीं मिल पाया अगर हमें पूरे पांच साल का समय मिलता तो हम कोर्ट में अच्छे से केस लड़कर स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराते, और हमे आशा है कि भाजपा सरकार स्थानीय भर्ती को शिथिल कर युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाएंगे।

अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में होगा कार्यक्रम

फिंगेश्वर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। आज फिंगेश्वर नगर में श्री राम मंदिर अयोध्या से आने वाले अक्षत कलश का वितरण के संबंध में आवश्यक बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं सभी समाज के लोगो के साथ रखा गया था जिसमे 22 जनवरी 2024 को होने वाले श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं अयोध्या से आये अक्षत एवं आमंत्रण कार्ड को प्रत्येक घरों में वितरण की वितरित किया जाएगा । इस महाअभियान में हमारा फिंगेश्वर विकासखण्ड के प्रत्येग ग्राम के प्रत्येक घरों में मनाने का आग्रह इस समिति के माध्यम से किया जाएगा।

वितरण के लिए प्रत्येक ग्राम तक समिति का निर्माण एवं 22 जनवरी 2024 को भगवान राम जी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने पर प्रत्येक ग्राम, नगरों के प्रत्येक घरों में दीपावली जैसा माहौल हो इस अवसर को दीपोत्सव हो, आतिशबाजी हो इस निमित्त सभी स्थानों पर समिति का निर्माण के माध्यम इस कार्य होना है। बैठक ले रहे विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री श्री वेद राम नन्दे जी ने बताया कि राम मंदिर 500 सालों की तपस्या का परिणाम है। हिन्दू समाज ने आनेक बलिदान दिए जिसके कारण आज राम जी का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ और हम सभी हिन्दू समाज के लोगो से अपील करने आये हैं कि आप सभी इस प्राण प्रतिष्ठा को भव्य तरीके से मनाए। फिंगेश्वर नगर समिति में संतोष पूरी गोश्वामी को नगर संयोजक, मोहन शर्मा को नगर सह संयोजक, धनञ्जय हरित को नगर सह संयोजक बनाया गया है। महिला समिति के लिए श्रीमती शीतल राजपूत को मातृशक्ति संयोजिका, श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव को सह संयोजिका, श्रीमती मंजुलता हरित को सह संयोजिका बनाया गया। विकासखण्ड समिति में संयोजक श्री भानुप्रताप ध्रुव, सह संयोजक जयप्रकाश साहू जी, कुणाल साहू को सह संयोजक बनाया गया। बैठक के बाद सभी ने 7 का उच्चारण कर सहमति बनी एवं सभी ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने अस्वस्थ किया। बैठक में फिंगेश्वर नगर सहित विकासखण्ड के लोग उपस्थित रहे।

इंटरनेशनल लेवेल आर्ट कॉम्पटिशन में एबीसी पब्लिक स्कूल के 28 विद्यार्थी हुए क्वालीफाय

खरोरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। रंगोत्सव सेलेब्रेशन महाराष्ट्र द्वारा हुये नेशनल लेवेल आर्ट कांपीटीशन में एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव के 28 विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। रंगोत्सव सेलेब्रेशन के हैंड राइटिंग कांपीटीशन में कक्षा 6वीं के अंजलि वस्त्राकर को आर्ट मेरिट अवार्ड, जीविका साहू (कक्षा 1ली), मित निषाद, रीतिका वर्मा (कक्षा 2री), आकृति ओगरे (कक्षा 3री), जागृति सिंह, अनिमेष यादव (कक्षा 5वीं), गुड़िया कुमारी (कक्षा 6वीं), मुस्कान चक्रधारी (कक्षा 12वीं) को गोल्ड मेडल अवार्ड, प्रियंका थवैत (कक्षा 9वीं) को ब्रोंज मेडल अवार्ड, कलरिंग कांपीटीशन में शिवम वर्मा, पहल देवांगन (कक्षा 1ली), तोशिका पाल (कक्षा 2री), साक्षी वर्मा (कक्षा 3री), नमन निर्मलकर (कक्षा 3री), ऐशानी ओगरे, नगमा फ़ातिमा (कक्षा 4थी), सुमन वर्मा, अंशिका वर्मा (कक्षा 7वीं), प्रिया वर्मा (कक्षा 8वीं), मानसी पांडे (कक्षा 9वीं) को गोल्ड मेडल अवार्ड, जिज्ञासा यादव (कक्षा 1ली), रिया वर्मा (कक्षा 5वीं), आयुष नायक (कक्षा 7वीं) को ब्रोंज मेडल अवार्ड, ग्रीटिंग कार्ड कांपीटीशन में मो. ताबिश (कक्षा 3री) को गोल्ड मेडल अवार्ड, दिव्यान्श यादव (कक्षा 5वीं) को ब्रोंज मेडल अवार्ड मिला 7 कलरिंग कांपीटीशन में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए आराध्य वर्मा उर्मि वर्मा को सरप्राईज गिफ्ट प्राप्त हुए। प्राचार्य एवं डायरेक्टर्स ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए।

आत्मानंद विद्यालय बहीगांव में आयुर्विद्या- एक विद्यार्थी आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम

कोण्डागांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। आयुर्वेद के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवन शैली का प्रचार करने के उद्देश्य से आयुर्विद्या- एक विद्यार्थी आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम का आयोजन शास.उ.मा.आत्मानंद विद्यालय (हिंदी) बहीगांव में हुआ।

संचालक आयुष नम्रता गांधी के दिशानिर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी बस्तर डॉ.जे.आर नेताम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम के तहत आयुर्विद्या- एक विद्यार्थी आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम का आयोजन आयुष केंद्र बहीगांव के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक आत्मानंद विद्यालय (हिंदी) बहीगांव में शनिवार को हुआ।

कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम द्वारा आहार विधि, दिनचर्या, ऋतुचर्या, स्वस्थवृत्त, आचार रसायन, पोषण, वनौषधि, हस्तप्रक्षालन, स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य में आयुर्वेद, स्वास्थ्य जागरूकता, प्रकृति परीक्षण, योगाभ्यास आदि सभी घटकों को समाहित करते हुए आयुर्विद्या कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन किया गया।

डॉ.वर्मा द्वारा बच्चों को दिनचर्या, ऋतुचर्या आहार आदि के विषय में जानकारी देकर आयुर्वेद अपनाने प्रेरित करने के साथ ही प्रकृति परीक्षण और स्वस्थ वृत्त की जानकारी दी गई। डॉ.मंडावी ने मुखरोग के साथ ही स्वच्छता के महत्व की बात बताई गई।

डॉ.वर्षा द्वारा पनीमिया के लक्षण एवं बचाव के उपायों के साथ ही बालिका स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बच्चों को हाथ धुलाई के स्टेप बताते हुए भोजन के पहले और शौच के बाद अच्छी तरह हाथ धोने के लिए प्रेरित किया गया।

आयुर्विद्या अंतर्गत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.जननी सिदार ने विद्यार्थियों को वनौषधियों की पहचान गुणधर्म और उपयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए योग प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया।

कोंडागांव जिला में आयुर्विद्या कार्यक्रम के प्रभारी एवं जिला आयुष नोडल अधिकारी डॉ.चंद्रभान वर्मा ने बताया कि आयुर्विद्या कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता के साथ स्वस्थ जीवन शैली का प्रचार करना है।

कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सी.बी.वर्मा, डॉ. सी.एस. मंडावी, डॉ.वर्षा रात्रे, योग चिकित्सक डॉ. जननी सिदार सहित प्राचार्य अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

अंतर्राज्यीय डामर चोर गिरोह के खिलाफ केशकाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई

कोण्डागांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। अंतर्राज्यीय डामर चोर गिरोह के खिलाफ केशकाल पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए एक अंतर्राज्यीय आरोपित चोर से एक डामर टैंकर एवं एक बलेनो कार जप्त करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना केशकाल क्षेत्र निवासी प्रार्थी यासीन मेमन ने 8 दिसम्बर की रात्रि 03 बजे थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे हॉट मिक्स प्लांट ग्राम कोहकामेटा तहसील केशकाल में स्थित है। मेरे फैक्ट्री के मुंशी मोहम्मद शकील की मदद से अंतर्राज्यीय डामर चोर गिरोह के द्वारा फैक्ट्री से डामर चोरी किया जा रहा है,

एक डामर टैंकर व बलेनो कार जप्त कर एक अंतर्राज्यीय आरोपी हुआ गिरफ्तार

प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय.अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन एंव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में तत्काल पुलिस टीम रवाना किया गया। मौके पर से अंतर्राज्यीय डामर चोर मोहम्मद इसरफील के कब्जे से एक डामर टैंकर एवं बलेनो कार जप्त किया गया। आरोपी से पुछताछ करने पर उसने अपना नाम मोहम्मद इसरफील निवासी रानीगंज उत्तरप्रदेश का होना बताया। इनके द्वारा घुम-घुमकर डामर प्लांटों में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ मिलकर डामर चोरी किया जाता था। उक्त डामर प्लांट का आरोपी मोहम्मद शकील निवासी हाट गांव जिला किशनगंज बिहार घटना स्थल से फरार हो गया है। मोहम्मद इसरफील को घटना स्थल से गिरफ्तार किया गया है, जिसके खिलाफ थाना केशकाल में अपराध क्रमांक 113/2023 धारा 457, 380, 34 भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी केशकाल आनंद सोनी, उपनिरीक्षक शोभितराम साहू, सहायक उपनिरीक्षक निहार रंजन मंडल, कर्वल सिंह शोरी, प्रधान आरक्षक संजय बिसेन, अजय बघेल की अहम भूमिका रही।

प्राथमिक शाला पलारी के 11 बच्चे अचानक हुए बेहोश

कोण्डागांव, 9 दिसम्बर (देषबन्धु)। जिला मुख्यालय कोण्डागांव के समीप स्थित ग्राम पलारी में संचालित षासकीय प्राथमिक शाला के 11 विद्यार्थियों के अचानक बेहोश हो जाने का मामला सामने आया है। अचानक बेहोश हुए सभी 11 विद्यार्थियों को शिक्षकों एवं बच्चों के परिजनों के द्वारा 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया, जहां सभी बेहोष हुए बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज किया गया, सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए।

कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण

श्रमदान से युवा स्वयंसेवक बदल रहे गांव की तस्वीर

जिला संगठक कन्नौजे ने किया स्वयंसेवकों को प्रेरित

कोण्डागांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। श्रमदान से जहां एनएसएस युवा स्वयंसेवक तालाब का जीर्णोद्धार करके, सोखता गड्ढों का निर्माण करने के साथ-साथ नुक्कड़-नाटक, प्रात: जागरण, प्रभातफेरी से ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास करते हुए गांव की तस्वीर बदल रहे हैं और वहीं जिला संगठक श्री कन्नौजे ने मौके पर पहुंचकर स्वयंसेवकों को प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना जैतपुरी का सात दिवसीय शिविर ग्राम कढ़ाईबेड़ा में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। जहां तीसरे दिन जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने शिविर का दौरा कर युवा स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। प्रतिदिन प्रात: जागरण प्रभात फेरी के माध्यम से ग्रामवासियों में शिक्षा स्वास्थ्य राष्ट्रभक्ति के नारों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है, स्वच्छता का संदेश देते हुए ग्राम कढ़ाईबेड़ा में स्थित सभी नलकूपों के आसपास सोखता गड्ढे का निर्माण किया गया एवं ग्रामवासियों को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। पांचवे दिन श्रमदान से तालाब का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी के मार्गदर्शन में प्रतिदिन योग एवं बौद्धिक चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। स्वयंसेवक श्रमदान के माध्यम से गांव की तस्वीर बदलने का प्रयास कर रहे हैं, नशामुक्ति, स्वच्छता मौसम जनित बीमारियों साक्षरता, केंद्र सरकार की योजनाओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाने का प्रयास कर रहे है। सभी कार्यों में ग्रामीण जन सहकारिता की भावना के साथ मेरा गांव मेरा देश की कहावत को चरितार्थ करते हुए बढ़ चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं।

छात्रा निकिता मरकाम बनी मड़ानार में एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका

कोण्डागांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है, जिससे वे देश का आदर्श नागरिक बन सकें। इसी उद्देश्य से जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत बालिका कुमारी निकिता को 9 दिसम्बर को एक दिन के लिए संस्था की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। प्रधानाध्यापिका नियुक्त किए जाने के पश्चात् निकिता द्वारा अपने साथ में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं की दैनंदिनी और उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर कर बालसंसद द्वारा आयोजित आउट डोर स्टडी का निरीक्षण किया गया। निकिता ने शतप्रतिशत 119 में 119 दिन शाला आने के साथ विद्यालय की सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। विद्यालय द्वारा अनूठी पहल करते हुए बच्चों की उपस्थिति, सह संज्ञानात्मक और नेतृत्व क्षमता के विकास को प्रोत्साहित करते हुए प्रतिवर्ष की भांति इसवर्ष भी अपने विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रधान अध्यापिका का दायित्व दिया गया।

संकुल स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार क्विज प्रतियोगिता आयोजित



नारायणपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला नारायणपुर के संकुल-मुरियापारा के अंतर्गत आने वाले तीन मिडिल स्कूल उच्च प्राथमिक शाला मुरियापारा, उच्च प्राथमिक शाला डी.एन.के एवं बालक माध्यमिक शाला के छात्रों के बीच संकुल स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में किया गया है। जिसमें तीनों स्कूलों के चयनित 6-6 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक स्कूल से 7-7 प्रश्न पृथक पृथक रूप से किया गया। प्रथम व द्वितीय चरण मे तीनों स्कूल समान अंक प्राप्त किया एवं तृतीय चरण मे उच्च प्राथमिक शाला डी.एन.के प्रथम स्थान में रहा तथा उच्च प्राथमिक शाला मुरियापारा व शासकीय बालक माध्यमिक शाला एक समान अंक पाने पर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। उक्त कार्यक्रम का आयोजन संकुल प्राचार्य मनोज बागडे के मार्गदर्शन में किया गया। अंत में प्राचार्य द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार वितरित कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन संकुल समन्वय कुलेश्वर नाग द्वारा किया गया।

प्रेस एंड मीडिया फेडरेशन सह प्रेस क्लब में आम सभा की बैठक

जल्द होगा नए अध्यक्ष का निर्वाचन

कोण्डागांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। शनिवार 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे कोण्डागांव प्रेस एंड मीडिया फेडरेशन सह प्रेस क्लब की 2020-2023 कार्यकाल के अंतिम आमसभा की बैठक प्रेस क्लब भवन में आयोजित की गई। बैठक में कई मुद्दों पर समिति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के दौरान 3 वर्षीय कार्यकाल पर चर्चा करने के साथ ही नए कार्यकाल हेतु अध्यक्ष पद पर निर्वाचन सहित क्लब के नए कार्यकारिणी निर्वाचन की घोषणा की गई। जिसमें 16 दिसंबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा और 20 दिसंबर 2023 दिन बुधवार की सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। कोण्डागांव प्रेस एंड मीडिया फेडरेशन सह प्रेस क्लब के नियमानुसार चुनाव अधिकारी की घोषणा संरक्षक सदस्यों की समिति गठित करेगी 07 सदस्यीय संरक्षक सदस्य समिति के अनुज नहरिया, सुरेंद्र सोनपीपरे, शैलेश शुक्ला, इसरार अहमद, नीरज ऊइके, रमाकांत सिन्हा व कुलजोत संधू के द्वारा गठित समिति चुनाव प्रक्रिया संचालित करवाएगी। जिसमें आज की बैठक में अमरेश झा व राजीव गुप्ता को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही बैठक की सूचना कार्यपालक दंडाधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। बैठक में प्रेस क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आयुर्वेद महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य की यात्रा में मददगार : डॉ. बीना

नारायणपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा संचालित एवं संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार आयुर्विद्या कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ. बीना खोबरागड़े आयुर्वेद चिकित्साधिकारी शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक नारायणपुर द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नारायणपुर में छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान के तहत रजस्वला परिचर्या (मासिक धर्म के दौरान आयुर्वेदिक आहार एवं दिनचर्या) की जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला अपने पूरे जीवन काल में विभिन्न शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक परिवर्तनों से गुजरती है। आयुर्वेद महिलाओं को जीवन के विभिन्न चरणों में बेहतर स्वास्थ्य की यात्रा में मदद करता है। मासिक धर्म (माहवारी) के दौरान शरीर मे शोधन गतिविधि (शुद्धि क्रिया) चल रही होती है यह सामान्य रूप से हो इसलिए शरीर और मन दोनों का इन दिनों में शांत रहना जरूरी है। डॉ. बीना खोबरागड़े ने आगे कहा कि ब्रह्मचर्य का पालन ,खाने में सात्विक भोजन, गाय के घी का सेवन, चावल एवं मधुर रस का उपयोग करें। हल्का आहार लें, मसालेदार, तैलीय आहार और जंक फूड से बचे, अत्यधिक व्यायाम से बचें परंतु शारीरिक व मानसिक रूप से शांत रहने के लिए प्राणायाम और ध्यान कर सकते हैं जिसका अभ्यास भी कराया गया। साथ ही वात दोष जो शरीर में गति का कार्य करता है उनमें विशेष रूप से अपान वायु की जानकारी दी गई। इस दौरान अधिक्षिका श्रीमती कोता गार्गी एवं समस्त महिला शिक्षिका उपस्थित रहे।

आयुर्विद्या कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान

केरावाही में प्रधान अध्यापक सहित तीन शिक्षकों को किया गया निलंबित

अंशकालीन सफाई कर्मचारी को कार्य से पृथक करने दिए गए निर्देश

कोण्डागांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। माकड़ी विकास खंड के केरावाही स्थित उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापक सहित तीन शिक्षकों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। विगत दिवस कोण्डागांव में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा शौचालय से संबंधित किसी बात को लेकर आपस में हथेलियों में गर्म तेल डाला गया। जिससे छात्राओं के हाथ में फफोला पड़ गया। इस मामले के संज्ञान में आने पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच की गई, जिसमें छात्राओं की हथेलियों में गर्म तेल डाले जाते समय प्रधान अध्यापक श्रीमती जोहर मरकाम, शिक्षक मिताली वर्मा और शिक्षक एलबी श्रीमती पूनम ठाकुर की संस्था में उपस्थिति पाई गई। इस मामले में शिक्षकों की लापरवाही मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त अनुशंसा के अनुसार संयुक्त संचालक द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत आचरण के कारण संबंधित शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के साथ ही तीनों शिक्षकों का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय माकड़ी निर्धारित किया गया है तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता दी गई है। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अंशकालीन सफाई कर्मचारी डमरूराम यादव को भी कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए गए हैं।

मलेरिया मुक्त अभियान में सुदूर गुड़से पहुंची टीम

दंतेवाड़ा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 9वा चरण 28 नवंबर से संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य दल के द्वारा जिले की प्रत्येक ग्राम में जाकर घर-घर पहुंचकर मलेरिया की जांच की जा रही है। इसके लिए गठित जिले के समस्त 206 दलों के द्वारा लगातार निरंतर रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

गठित दलों के सदस्य प्रत्येक पहुंच विहीन ग्रामों में घर-घर पहुंचकर मलेरिया की जांच करने के साथ-साथ पॉजिटिव आने वाले मरीजों को त्वरित मलेरिया की दवाइयां दे रहे है । इस क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक ने आज कटेकल्याण विकासखंड के सुदूर ग्राम गुड़से पहुंचकर अभियान के कार्य का निरीक्षण किया उन्होंने पॉजिटिव आने वाले मरीज के घर पहुंच कर पूर्ण रूप से दवाई का सेवन करने के संबंध में जानकारी ली, तथा मच्छरदानी की निरंतर उपयोगिता के बारे में निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक ने इस संबंध में बताया कि जिले में अभियान 18 दिसंबर तक चलाया जाएगा जिसमें शत प्रतिशत लोगों की मलेरिया की जांच की जाएगी अभियान में यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि पॉजिटिव आने वाले मरीजों को पूर्ण रूप से दवाई का सेवन कराया जाए एवं उसके पश्चात इसकी स्लाइड बनाकर यह भी जांच किया जाए कि उसकी स्थिति किस प्रकार की है।

- 9वें चरण में 206 दलों द्वारा निरंतर जांच एवं ईलाज
- ग्रामीणों को दी मच्छरदानी के उपयोग की सलाह

भ्रमण के दौरान डॉ. बसाक ने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली तथा शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीयन अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही टीबी मरीजों का निरंतर रूप से फॉलो अप एवं स्पूटम का कलेक्शन कर निरंतर जांच करने एवं गांव में कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर एनआरसी भेजने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. मंडल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राजेश राय, मीडिया अधिकारी अंकित सिंह, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक आशीष रंगनाथन, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी कटेकल्याण गैंद सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी नि:शुल्क बस सुविधा

जांजगीर में आयोजित भर्ती हेतु 17 को दोपहर 12 बजे बस होंगी रवाना

कोण्डागांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु जांजगीर में 15 से 23 दिसंबर तक अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में शामिल होने के लिए कोण्डागांव जिले के पात्र अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन की ओर से नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके लिए अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीसीई) का आयोजन इसी वर्ष अप्रैल माह में किया गया था। इस परीक्षा में उत्तीर्ण पात्र युवाओं की शारीरिक दक्षता और चयन परीक्षा का आयोजन जांजगीर चांपा में 15 से 23 दिसंबर तक जांजगीर के खोखराभाठा स्थित पुलिस लाईन में आयोजित किया गया है। इस रैली में 19 एवं 20 दिसम्बर की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र युवाओं के लिए 17 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला प्रशासन की ओर से नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। जो कोण्डागांव से जांजगीर के खोखराभाठा स्थित पुलिस लाईन के लिए रवाना होगी। इस नि:शुल्क बस सुविधा का लाभ लेने हेतु पात्र अभ्यर्थी को अपना नामांकन कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं मॉडल कैरियर सेन्टर कोण्डागांव (लाईवलीहुड कॉलेज परिसर) में 14 दिसम्बर 2023 तक करवाना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी केकती बर्मन मो.नं. 9584020279 पर संपर्क कर सकते है।

उल्टा पुल्टा

पिंटू– मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?
मम्मी– उसको परी किसने कहा?
पिंटू – डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
मम्मी– तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...

कांग्रेस का ओबीसी कार्ड फ्लाप, सोशल इंजीनियरिंग के सहारे भाजपा जीती चुनाव

भाजपा के राष्ट्रवाद, हिंदुत्व के आगे सभी वर्ग के प्रत्याशी जीते

रायपुर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का ओबीसी कार्ड राज्य में कोई कमाल नहीं कर पाया। वहीं दूसरी ओर भाजपा के हिंदुत्व की विचारधारा ने सोशल इंजीनियरिंग साधकर बहुमत के साथ चुनाव जीत लिया।

चुनाव परिणाम यह भी बताते हैं कि कांग्रेसी ब्राह्मण प्रत्याशियों को जनता ने नकार दिया है।वहीं भाजपा के 70 प्रतिशत ब्राह्मण प्रत्याशी जीत कर नई विधानसभा में पहुंच गए।भाजपा की जीत में सभी समाज और जाति के प्रत्याशियों ने अहम भूमिका निभाई है। इसकी बड़ी वजह राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और सबका साथ- सबका विकास का मुद्दा रहा, जिसके सामने ओबीसी कार्ड धराशायी हो गया। कांग्रेस ने इस विधानसभा चुनाव में आठ विधानसभा से ब्राह्मण प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था, जिनमें कोई भी जीत नहीं पाया।

वहीं भाजपा के सात ब्राह्मण प्रत्याशियों में से पांच ने जीत हासिल की है। कांग्रेस के इस निराशाजनक प्रदर्शन के लिए राजनीतिक पर्यवेक्षक पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की मुखर ओबीसी राजनीति को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, जिसमें कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण लटकाएं रखने के लिए राजभवन को भी जिम्मेदार ठहराया।

विधानसभा चुनाव में 32 ओबीसी उम्मीदवार विधायक चुने गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 12 साहू समाज से हैं। इसके अलावा पांच यादव व पांच कुर्मी समाज से हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने 20 साहू प्रत्याशी मैदान पर उतारा था, जिसमें भाजपा के 11 और कांग्रेस की तरफ से नौ प्रत्याशी थे। इनमें से दोनों पार्टियों से छह-छह प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है।दोनों पार्टियों ने पांच यादवों को चुनाव में प्रत्याशी बनाया था, जिसमें चार ने जीत दर्ज की है।समाज के अन्य प्रत्याशियों में निषाद, सेन, कलार, कोष्टा समाज से भी एक-एक प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है।

भाजपा के हिंदुत्व कार्ड में सब जीते

भाजपा-कांग्रेस के बीच विधानसभा चुनाव में भाजपा का हिंदुत्व कार्ड कांग्रेस पर भारी पड़ गया। कांग्रेस के ओबीसी प्रत्याशी से लेकर अगड़ी जाति के प्रत्याशियों की करारी हार हुई। साजा विधायक रविंद्र चौबे से लेकर अंबिकापुर विधायक टीएस सिंहदेव भी शामिल हैं। वहीं भाजपा ने साजा क्षेत्र में बिरनपुर गांव की घटना के बाद किसान भुवनेश्वर साहू को प्रत्याशी बनाया। सांप्रदायिक हिंसा की इस घटना ने कांग्रेस के बड़े विधायकों की जड़ें हिला दी। किसान ने सात बार के विधायक रविंद्र चौबे को पराजित कर दिया। साथ ही भाजपा के शीर्ष नेताओं ने चुनाव प्रचार में हिंदुत्व के मुद्दे को जमकर भुनाया।

कांग्रेस से चुनाव हारने वाले ब्राम्हण प्रत्याशी

रवींद्र चौबे (साजा), अमितेश शुक्ला (राजिम), महंत रामसुंदर दास (रायपुर शहर दक्षिण), विकास उपाध्याय (रायपुर शहर पश्चिम), अरुण वोरा (दुर्ग शहर), पंकज शर्मा (रायपुर ग्रामीण), शैलेश पांडे (बिलासपुर) और शैलेश नितिन त्रिवेदी (बलौदाबाजार) शामिल हैं।

कांग्रेस में 13 सवर्ण पराजित भाजपा के 18 में 16 जीते

कांग्रेस के ओबीसी कार्ड का खामियाजा सवर्णों को भी भुगतना पड़ा।ब्राम्हण के अलावा 13 सवर्ण समाज के कांग्रेसी प्रत्याशियों को पराजय का सामना करना पड़ा है। इसके मुकाबले भाजपा ने सवर्ण वर्ग से 18 उम्मीदवारों को मैदान पर उतारा था। इसमें 16 विजयी हुए हैं। इन 18 में से सात ब्राह्मण थे, जिनमें से पांच ने चुनाव जीता है। भाजपा के ब्राम्हण प्रत्याशियों में सिर्फ शिवरतन शर्मा (भाटापारा) और प्रेमप्रकाश पांडे (भिलाई नगर) को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

किसानों को 15 से मिलेगी कृषि योजनाओं की जानकारी

रायपुर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर द्वारा आज यहां कृषि विभाग के सहयोग से ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से जिले के किसानों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ऑनलाईन कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रायपुर जिले के किसानों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी 2024 तक विभिन्न किसान रथों के

''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम के तहत मोदी रायपुर जिले के किसानों से रू-ब-रू हुए

माध्यम से किसानों की बेहतरी के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर रायपुर सांसद श्री सुनील सोनी ने भी कार्यक्रम में उपस्थित किसानो को संबोधित किया। कार्यक्रम में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्र अविनास मिश्रा, कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय वर्मा सहित कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

हार के कारणों की समीक्षा और लोक सभा चुनाव की तैयारियों पर हुई बात

दिल्ली दौरे से लौटे भूपेश बघेल

रायपुर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस की समीक्षा बैठक में शामिल होने दिल्ली गए कार्यवाहक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को राजधानी लौट आए। इस दौरान रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि, हार के कारणों पर दिल्ली में समीक्षा हुई है। 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी बात हुई है।पार्टी में अभी मंथन जोरो पर है, रायपुर में भी बैठकें होंगी।

पूर्व विधायकों के आरोपों पर भूपेश ने कहा कि, किसने क्या कहा है इसकी मुझे जानकारी नहीं है।भाजपा में मुख्यमंत्री के चेहरे पर उन्होंने कहा कि सभी को इसका इंतजार है।

छत्तीसगढ़ को 10 जनपथ का एटीएम बनाकर रख दिया था, इसलिए होती थी पैसों की डिमांड : रमन

रायपुर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद कांग्रेस में अंतरकलह खुलकर सामने आ रही है। पार्टी के नेता आलाकमान और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं पर हार का ठीकरा फोड़ रहे है। जिसे लेकर अब पूर्व सीएम रमन सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व ट्वीटर) पर बैक टू बैक पोस्ट कर कांग्रेस पर आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और पूर्व विधायक विनय जायसवाल का वीडियो भी सोशल मीडिया में शेयर किया है।

पूर्व सीएम रमन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स में कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिखा '5 साल कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में क्या किया? आपसी खींचतान में विकास को बाधित किया, तानाशाही ढ़ंग से सारी शक्तियों को केन्द्रित कर लिया, जनादेश का

अपमान किया, कलेक्टर-एसपी को बुक्की नीलामी जैसे पोस्टिंग मिली, भ्रष्ट अधिकारीयों को संरक्षण मिला, गुंडों को बसाकर अपराध को बढ़ावा दिया।

पूर्व सीएम ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का एक वीडियो शेयर करते लिखा 'यह पीड़ा स्वयं पूर्व मंत्री बता रहे हैं कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को किस दुर्दशा में छोड़ा है, खैर जनता ने अपना काम कर दिया है और अब छत्तीसगढ़ में फैले इस कुशासन को जड़ से उखाड़ने का काम भाजपा की सरकार करने जा रही है।

पूर्व सीएम रमन सिंह ने पूर्व विधायक विनय जायसवाल के रुपए लेने के आरोप पर कहा कि पैसों की डिमांड इसलिए होती थी क्योंकि छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने 10 जनपथ का ऱूरू बनाकर रख दिया था। मैं हमेशा से कहता रहा हूँ कि इस सरकार ने सिर्फ प्रदेश की तिजोरी पर डाका डाला है और अब तो यह कांग्रेसी नेता खुद बताने लगे हैं कि आखिर कैसे दिल्ली से खाली थैले लेकर इनके नेता छत्तीसगढ़ आते थे और झोली भर-भरकर छत्तीसगढ़ का पैसा लूटकर ले जाते थे।

समाजकार्य विभाग द्वारा 'महिलाओं के खिलाफ हिंसा जागरूकता' व्याख्यान का किया गया आयोजन

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा 4 दिसंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रायपुर की संस्था मॉक्सीहील फाउंडेशन जो पिछले कई वर्षों से रायपुर और अन्य क्षेत्रों में लगातार महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा, वृद्धों, बच्चों, मानसिक बीमार एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है शामिल हुई इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता,सामाजिक कार्यकर्ता श्री रोहित कुमार ने अपने व्याख्यान में महिलाओं के साथ हो रही विभिन्न प्रकार की हिंसा के बारे में बताया और सभी छात्र-छात्राओं को इसके लिए सतर्क होने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि भारत ही नहीं बल्कि दुनिया में महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा के आँके बहुत चिंताजनक हैं। विश्व स्तर पर यदि देखा जाए तो 6 से 10 प्रतिशत महिलाओं को यौन हिंसा का शिकार रोज होना पता है।उन्होंने बताया की भारत में विवाहित महिलाओं के साथ हिंसा के आँके बहुत ही व्यापक हैं। जनसंख्या के हिसाब से आँकों को देखा जाए यह आँके 30 प्रतिशत से अधिक हैं। राज्यवार आँकों को दर्शाते हुये बताया कि 2019-21 में कर्नाटक 44.4, बिहार में 40, मणिपुर में 39.6, तमिलनाडु 38.1, तेलंगाना 36.9 और उत्तर प्रदेश में 34.8 प्रतिशत महिलाएँ घरेलू हिंसा का शिकार हुई हैं। यह वो आँकडेहैं, जो किसी न किसी रूप में सामने आए हैं लेकिन वास्तविकता इन आँकों से भयानक है। घरेलू

हिंसा के साथ-साथ कार्य स्थल पर हिंसा, सकों पर छेछा आदि के साथ आभासी दुनिया में ही रोज महिलाएँ किसी न रूप हिंसा का शिकार हो रही हैं। शारीरिक हिंसा के अलावा मानसिक हिंसा से भी उन्हें रोज जूझना पता है। वहीं सुश्री मीनल करहाटकरे ने हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और कानूनों के प्रति जानकारी रखने हेतु सुझाव और बचाव के तरीकों और अपने अनुभवों को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। संस्था की कराटे ट्रेनर और सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री कोमल सोनी और उनके सहयोगी श्री नीरज सोनी ने लकियों को कराटे के तमाम तकनीकों को डेमो के माध्यम से सभी के सामने साझा किया।

उन्होंने बताया कि कैसे अचानक हुए हमले, छेछा से किस तरह की सूझबूझ से बचा जा सकता है। श्री नीरज सोनी ने अपनीसंस्था में सभी लकियों को मुफ्त ट्रेनिंग देने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन में डॉ. नेरुश गौतम, सहायक प्रोफेसर, समाजकार्य विभाग ने दिया। आभार वक्तव्य उन्होंने बताया कि महिलाओं और बच्चियों से साथ सबसे अधिक यौन शोषण कि घटनाएँ उनके सबसे नजदीकी रिश्तेदारों, पोसियों द्वारा की जाती हैं, जिसकी शिकार सिर्फ महिलाएँ या बच्चियाँ ही नहीं होती बल्कि बहुत बार लके भी यौनिक हिंसा का शिकार होते हैं। जो कहीं न कहीं उनके पूरे जीवन को बर्बाद कर देते हैं। जिसका सीधा असर मनोमस्तिक पर होता है। जो जीवन भर उसे कचोटता रहता है। शारीरक हिंसा से तो वह उबर आते हैं लेकिन मानसिक हिंसा का शिकार हुये जीवन भर उससे अपनी लाई लते हैं, जो बहुत ही घातक साबित होता है। हमारे समाज की ऐसी संरचना है जो बहुत बार आवाज उठाने में बाधा बनती है और हिंसा करने वालों का मनोबल बाती है। इससे बचने के लिए महिलाओं को अपनी चुप्पी तोडनी होगी और इसके खिलाफ एक जुट हो कर आवाज उठानी होगी।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में समाज कार्य की अध्यक्ष एवं सहायक प्रोफेसर, श्रीमती मनीषा बोस, कला संकाय के डीन डॉ. मनीष वर्मा, राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर श्री योगमय प्रधान, डॉ. सुजाता घोष, सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनीता सोनवानी, डॉ. संतोष कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, जनसंचार विभाग) श्री निरंजन कुमार, सहायक प्रोफेसर, श्रीमती श्वेता बिस्वास(अंग्रेजी विभाग), सहायक प्रोफेसर साधना देवांगन (अर्थशास्त्र विभाग) एवं समस्त विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

सांसद के घर से करोड़ों रुपये मिलना कांग्रेस के करप्शन का बड़ा उदाहरण : अरूण साव

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर से मिले 300 करोड़ रुपयों को लेकर अरुण साव ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस होगी वहां करप्शन होगा। जहां कांग्रेस होगी वहां ज्ञाइम होगा, वहां कांग्रेस के कल्चर का उदाहरण है। एक राज्यसभा सांसद के घर से 300 करोड़ रुपये निकालना, ये कांग्रेस जो करती है उसका बड़ा उदाहरण है।

वहीं शनिवार को लोकसभा में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर हुई कार्रवाई को लेकर साव ने कहा कि हर एक जनप्रतिनिधि से अपेक्षा की जाती है कि वो कानून का पालन करे, और जिस प्रकार से लोकसभा की जो आचार संहिता बनी हुई है उसका पालन करे। विधिवत समिति ने जांच की और लोकसभा ने सर्वानुमति से यह पास किया गया है। तो एक जनप्रतिनिधि के लिए कदाचरण जैसा व्यवहार करना उचित नहीं है। लोकसभा ने इसका निर्णय किया है। इसका सभी को पालन करना चाहिए।

भाजपा विधायक दल की बैठक को लेकर दी जानकारी

रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होनी है। तीनों पर्यवेक्षक कल विधायकों के साथ मीटिंग करेंगे। बैठक को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कल बैठक में सभी 54 विधायक शामिल होंगे। पार्टी ने तीन पर्यवेक्षक इस बैठक के लिए नियुक्त किए हैं। कल केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनवाल, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम यह विधायकों की बैठक लेंगे। हमारे प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन, चुनाव प्रभारी मनसुख मांडवीया इस बैठक में रहने वाले हैं। पार्टी के विधायकों की बैठक होगी। समय निर्धारित होते ही सूचित किया जाएगा। आगे की नीति और बातचीत की सूचना समय पर मिलेगी। जो हमने कहा है, जनता से जो वादा किया है, वह वादा पूरा करेंगे।

हरदेश कौर के नेत्रदान से दो जिंदगी होगी रौशन

रायपुर। संतराबाड़ी दुर्ग निवासी की हरबंस कौर भाटिया (75 वर्ष) के निधन पश्चात भाटिया परिवार द्वारा उनके नेत्रदान किए गए। इससे अब दो लोगों की जिंदगी रौशन होगी।

हरबंस कौर भाटिया के पुत्र अमरजीत सिंह भाटिया, सुखविंदर सिंह भाटिया सोनू, राजू भाटिया, बहु जसवीर कौर, हरमन कौर, पौत्र गुरप्रीत सिंह की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ।श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ पुष्पेंद्र लहरेएवडॉ विशाल नेत्र सहायक विवेक कसार संतराबाड़ी निवास पहुंचे व देर रात्रि कॉर्निया कलेक्ट किए।

छत्तीसगढ़ में महिलाएं अपनों से सुरक्षित नहीं

1213 की आबरू अपनों ने लूटी

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को गैरों से कम और अपनों से ज्यादा खतरा है ऐसा हम इसलिए कह रहे है क्योंकि छत्तीसगढ़में 1213 रेप पीड़िताएं ऐसी हैं जिनके साथ अपनों ने ही दुष्कर्म किया इसमें दोस्त, परिचित, पड़ोसी, सहकर्मी, ऑन लाईन दोस्ती वाले फ्रेंड समेत अन्य अपने शामिल है, इसमें 97 पीड़िताएं ऐसी है जिसकी आबरू परिवार वालों ने ही लूटी ये आंकड़े नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के है एनसीआरबी 2022 की रिपोर्ट कहती है कि छत्तीसगढ़ में कुल 1246 पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म हुआ इसमें 1213 पीड़िताएं ऐसी है जिनके साथ दुष्कर्म पीड़िता के जान.पहचान वालों ने किया इसमें 97 पीड़िताओं के साथ परिवार के सदस्य ने ही दुष्कर्म किया है

97 परिवार वाले भी शामिल

दोस्तों से भी सुरक्षित नहीं महिलाएं

छत्तीसगढ़ में दोस्तों से भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है यहां 724 ऐसी पीड़िताएं है जिनके साथ ऑन लाईन दोस्ती करने वाले दोस्त दोस्त लीव इन पार्टर या तलाक ले चुके व्यक्ति ने दुष्कर्म किया 392 महिलाओं को पड़ोसी और फैमली फ्रेंड ने बनाया अपनी हवस का शिकार बनाया एनसीआरबी 2022 के मुताबिक 33 केस ऐसे हैं जिसमें पीड़िताएं आरोपी को नहीं जाती है

भ्रष्टाचार की काली कमाई से कांग्रेस नेता अपनी जेब भर रहे, सारा पैसा गांधी परिवार की तिजोरी तक जाता है : केदार कश्यप

कांग्रेस राज्यसभा सांसद के ठिकाने से मिले 200 करोड़ रुपये कैश, गिनने के लिए मंगवाई गई मशीनें भी खराब हो गई

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक केदार कश्यप ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करा कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू से जुड़े व्यापारिक समूह के ठिकानों पर झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 06 दिसंबर, बुधवार से जारी आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक का कैश बरामद हो चुका है। अभी बरामद रुपयों की गिनती चल ही रही है। ऐसे में यह जब्त राशि और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि इस रेड में देश में कानूनी तरीके से जब्त की जानेवाली सबसे बड़ी नकदी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जब्त नोटों की संख्या इतनी ज्यादा कि उन्हें गिनने के लिए मंगवाई गई मशीनें भी खराब हो गई। कार्रवाई को इतना गोपनीय रखा गया था कि रेड में शामिल लोगों को मालूम नहीं था कि कहां जाना है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक कश्यप ने कहा कि एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट-खसोट और दलाली की गारंटी है और दूसरी तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है जो भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। कश्यप ने कहा कि जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक कश्यप ने कहा कि अगर एक कांग्रेसी सांसद के पास 200 करोड़ की नगदी पकड़ी गई, तो बाकी सभी कांग्रेस सांसदों के पास कितनी नकदी होगी? इस हिसाब से तो गांधी परिवार विश्व का सबसे भ्रष्टाचारी परिवार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी, ऐसे कितने आर्टिस्ट है कांग्रेस में? जनता से लूटे हुए पैसे का हिसाब-किताब हर रोज़ लिया जायेगा, ये मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने अपने नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला नोटों का पहाड़ और गिननी जारी है। मोहब्बत की दुकान के एक फ्रेंचाइजी के गल्ले में 200 करोड़ के नोट मिले हैं। खूब बिक्री हुई है लगता है। सारी मोहब्बत कुछ यूंकि गई तभी पास में सिर्फ हिंदुत्व और सनातन से नफरत बची है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस का जनप्रतिनिधि होगा, वहां इस बात की गारंटी है कि वह भ्रष्टाचार अवश्य ही करेगा। ऐसे घोटाले और भ्रष्टाचार के सेंटर का नाम यदि गांधी करप्शन सेंटर' रख दिया जाए तो यह गलत नहीं होगा क्योंकि ऐसे सभी कामों की ट्रेनिंग उन्हीं के द्वारा दी जाती है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक कश्यप ने कहा कि इंडी एलायंस यानी घमंडिया गठबंधन के नेता भ्रष्टाचार कर लूट खसोट करते हैं और जब ईडी व सीबीआई जैसी जांच एजेंसी अपना काम करती हैं, तो सारे भ्रष्टाचारी नेता एक होकर जांच एजेंसियों पर आरोप लगाने लगते हैं।श्री कश्यप ने कहा कि भ्रष्टाचार की काली कमाई से कांग्रेस नेता अपनी जेब भर रहे हैं और यह सारा पैसा गांधी परिवार की तिजोरी तक जाता है। यह सारा पैसा जनता की गाढ़ी कमाई का है, जिससे कांग्रेस के नेता अपने घर भर रहे हैं। यह बहुत आश्चर्यजनक है कि खड़गे, सोनिया गाँधी और राहु गांधी चुप्पी इन मामलों साधे बैठे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक कश्यप ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के नेता भारत की अर्थव्यवस्था, गरीबों की कमाई और नागरिकों अधिकारों को दीमक की तरह खा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी, आप, टीएमसी सहित इंडी एलायंस के दल आज भ्रष्टाचार का पर्याय बन गए हैं। क्या कारण रहा कि चतरा से 2 बार लोकसभा का चुनाव हार चुके धीरज साहू को कांग्रेस ने तीसरी बार राज्य सभा सांसद बनाया। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक कश्यप ने सवाल करते हुए कहा कि छत्तीसग? कांग्रेस के नेता ईडी, सीबीआई और आईटी का विरोध कहीं इसलिए तो नहीं कर रहे थे कि कहीं उनके भी अवैध उगाही का पैसा उजागर न हो जाए।

फिस्टा हार्मोनी में बिखरी भारतीय संस्कृति की छटा

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। कृष्णा पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल के वार्षिक उत्सव में भारतीय संस्कृति की छटा बिखरी। छात्रों ने देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधानों के साथ स्थानीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। वार्षिक उत्सव में छात्रों ने पृथ्वी के पांच तत्व, चंद्रयान चांद पर भारत,देशभक्ति भारत की बेटी आदि रंगारंग प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। अतिथियों सहित पालकों और स्कूल स्टाफ ने खूब तालियों से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही अतिथियों ने अपने मोटिवेशनल स्पीच से छात्रों को गहरा संदेश दिया। कृष्णा पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल ना रायपुर के एनअल फिस्टा हार्मोनी 2023 की शुरुआत वेलकम सॉन्ग, एनअल रिपोर्ट और अतिथियों के स्वागत से हुई। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। स्कूल की प्रिंसिपल विनीता मैराल ने वेलकम स्पीच दी। कार्यक्रम में चेयरमैन एमएम त्रिपाठी व वाइस चेयरमैन आंद्र त्रिपाठी कृष्णा रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन ,स्कूल के डायरेक्टर अभिषेक त्रिपाठी,मुख्य अतिथि डॉक्टर देवेंद्र नायक ने अपनी मोटिवेशनल स्पीच से छात्रों और पालकों का मार्गदर्शन किया, उत्साहवर्धन किया और भविष्य गढ़ने गहरा संदेश दिया।

एनुअल फिस्टा हार्मोनी 2023 कृष्णा पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल में प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन शिक्षा के साथ खेलकूद और इंटरनेशनल लेवल पर बेस्ट परफॉर्म करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट परफॉर्मिंग स्टाफ का भी सम्मान किया गया। देर रात तक छात्रों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति से समां बांधे रखा। कार्यक्रम में एस सुंदरी वाइस प्रिंसिपल केपीएसआई भी मौजूद थीं। कार्यक्रम का संचालन अरिदम जाना,जयश्री रॉय ने किया। सभी स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

जो पाना चाहते हैं उसके बारे में सोचना और सपने देखना शुरू करिए

केपीएसआई नया रायपुर के डायरेक्टर अभिषेक त्रिपाठी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद करते हुए उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत की। अपने संक्षिप्त और प्रेरणादायक उद्बोधन में अभिषेक त्रिपाठी ने बच्चों को मेनोफेस्टेशन के लिए प्रेरित किया। इसका अर्थ है कि आप जो चीज पाना चाहते हो,उसके लिए इतना सपर्पित व केंद्रित हो जाओ कि वह सच में घटित हो जाए। इसके लिए उन्होंने विराट कोहली,नीरज चोपड़ा जैसे यूथ आइकॉन का उदाहरण दिया, जिससे छात्र स्वयं प्रेरित हो सके। उन्होंने कहा कि आप जो पाना चाहते हैं उसके बारे में सोचना शुरू करिए,उसके लिए सपने देखना शुरू करिए, जब आप ऐसा करना शुरू कर देते हैं तो वह आपके साथ घटित होना शुरू हो जाता है।

छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति से जीता दिल

अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि मैंने आज के एनवल फंक्शन के बारे में जब सोचा और मौसम को देखा, फिर मैंने यह सोचना शुरू किया कि आज बारिश नहीं होगी और हमारा कार्यक्रम सफलता पूर्वक होगा। नतीजा आपके सामने है, आज बारिश नहीं हुई,मौसम ने साथ दिया और हमारा कार्यक्रम सफलतापूर्वक रहेगा।

बच्चों को शिक्षा नहीं अच्छे संस्कार व संस्कृति दीजिए : डॉ. देवेंद्र नायक

मुख्य अतिथि डॉक्टर देवेंद्र नायक ने पेरेंट्स से कहा कि आप बच्चे का इंटरेस्ट जानिए, आप बच्चों के ऊपर दबाव मत बनाइए, आप बच्चों के लिए रोल मॉडल हैं। डॉ. नायक ने कहा कि आप बच्चों को शिक्षा नहीं दे सकते, आप गलतफहमी में जी रहे हैं कि सुबह से शाम तक ऑफिस में काम करने के बाद आप घर आएंगे और बच्चे को 4 घंटे पढ़ाएंगे, बच्चों को डॉक्टर,इंजीनियर,आईएएस आदि बनाएंगे, मेरे हिसाब से बिल्कुल गलत है। आप बच्चे को मोटिवेट करिए,आप उसको संस्कार दीजिए लेकिन उसको शिक्षा मत दीजिए। शिक्षा उसका खुद का इंटरेस्ट होगा, उसका खुद का भविष्य होगा, उसको सपना दिखाइए लेकिन वह सपनों को पकड़ता है कि नहीं पकड़ता वह उसे पर छोड़ दीजिए। आप बच्चे को कभी भी शिक्षा के लिए फोर्स मत करिए,यदि उसके भाग्य में लिखा होगा तो वह करेगा। आज जितना भी सफल इंसान है चाहे नरेंद्र मोदी की बात करें,अंबानी की बात करें, अडानी की बात करें,विराट कोहली आदि की बात करें , ऐसा नहीं है कि वह अच्छा पढ़ा लिखा है, इसलिए बच्चा जो फील्ड में जाना चाहता है,उसको जाने दीजिए, आप उसको संस्कार अच्छे दीजिए,संस्कृति अच्छे दीजिए,आप देखेंगे वह अपनी जिंदगी में बहुत खुश रहेगा। जहां आपने उससे शिक्षा की बात की और उसको फोर्स किया, आप उसका भी भविष्य बिगड़ेंगे और घर भी टूट जाएगा।

यदि सोच लों यह करना है फिर करना ही चाहे,तमाम रुकावटों को क्रॉस कर लिए तो निश्चय ही जीत आपकी : आनंद त्रिपाठी

आनंद त्रिपाठी वाइस चेयरमैन कृष्णा एजुकेशन सोसाइटी ने कहा कि च्कहते हैं मंजिल तो मिल जाएगी भटकते-भटकते, गुमराह वह है, जो घर से निकलते नहीं हैज्ञ डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि जब कभी भी आप सोचे यह काम करना है, तो करना ही है,तमाम रुकावटे आएंगी और यदि आप इन्हें क्रॉस कर लेंगे,निश्चय ही जीत आपकी होगी। गार्जियन-पेरेंट्स आपने कृष्णा पब्लिक स्कूल को चुना, मैंने रिजल्ट्स देखें,आप सच में एक सुरक्षित हाथों में हैं, हर माता-पिता से निवेदन है कि आप अपने बच्चों के लिए रोल मॉडल हैं,जब तक आप रोल मॉडल अपने बच्चों के लिए नहीं रहेंगे, तब तक आप आगे नहीं कुछ नहीं कर सकते। बच्चे टीचर को ऑब्जर्व करते हैं, आपको ऑब्जर्व करते हैं, आपके हैबिट को अडॉप्ट करते हैं,तो बेहतर होगा, आप उनसे बराबर जुड़िए, काउंसलिंग करिए, बात करिए, चैलेंज रोजाना आता है। ?? प्रतिशत लोग पैर खींचने वाले होते हैं, केवल एक परसेंट आपका हाथ खींचते हैं। इसके लिए आप बिल्कुल तैयार रहिए। लाइफ में चैलेंज बहुत आएंगे आपको आगे बढ़ाना है, केपीएसआई नया रायपुर को बहुत आगे जाना है। आप लोगों के लिए एक छोटा सा किंडर गार्डन का स्कूल अगले साल से स्टार्ट हो जाएगा,वह शहर का नंबर वन स्कूल होगा, यह मेरा वादा है।ज्ञ

18 से भरत चरित्र पर भाईजी का प्रवचन

रायपुर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। श्रीरामकिंकर विचार मिशन द्वारा 18 दिसंबर, सोमवार से श्रीराम कथा का आयोजन महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑडोरियम भीमसेन भवन समता कॉलोनी में किया जा रहा है। कथा वाचक श्रीरामकिंकर महाराज जी के परम् शिष्य स्वामी मैथलीशरण महाराज (भाईजी) इस बार भरत चरित्र विषय पर प्रवचन देंगे। यह जानकारी श्रीरामकिंकर विचार मिशन के डा. नवनीत जैन और पुरुषोत्तम सिंघानिया ने विज्ञप्ति में दी।उन्होंने बताया कि इस बार राम कथा का विषय भरत चरित्र पर केंद्रित है जिस पर भाईजी अपनी सूक्ष्म व्याख्या 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक करेंगे। प्रवचन संध्या 6.30 बजे से 8.30 बजे तक होगा। इससे पूर्व भक्ति संगीत का कार्यक्रम कार्यक्रम होगा। वहीं दैनिक प्रार्थना तथा अभिषेक प्रातः 8.30 बजे से 10 बजे तक श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल पुरानी बस्ती में होगी। कथा वाचन के लिए स्वामी श्री मैथलीशरण भाईजी का 16 दिसंबर को रायपुर आगमन होगा।

एचडीएफसी बैंक ने स्टार-स्टडेड पेज़ैप अभियान लॉन्च किया

रायपुर, 9 दिसंबर। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज सितारों से सुसज्जित पेज़ैप अभियान शुरू करने की घोषणा की। इस अभियान में अभिनेता टाइगर श्रॉफ, प्रभु देवा और कपिल शर्मा व्यापक उपभोक्ता जुड़ाव के लिए अपनी अपार लोकप्रियता का उपयोग कर रहे हैं। एक मार्केट नेटवर्क, वंडरलैब इंडिया द्वारा परिकल्पित टंग-इन-चिक अभियान में तीन अभिनेताओं की विशेषता वाली तीन फिल्में शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक पेज़ैप द्वारा प्रदान किए जाने वाले भुगतान विकल्पों की एक श्रृंखला को प्रदर्शित करती है। रवि संथानम, ग्रुप हेड, ने कहा, पेज़ैप के साथ, हमने सभी उपभोक्ताओं के लिए भुगतान अनुभव को बड़े पैमाने पर नया रूप दिया है, जिससे यात्रा सुगम और आसान हो गई है।

बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

बेमेतरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थों, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 6 व 7.12.2023 को थाना खम्हरिया, साजा, परपोडी में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 07 प्रकरण में 07 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। इसी क्रम में 6 व 07.12.2023 को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 09 चालान में 09 व्यक्ति, थाना साजा 08 चालान में 08 व्यक्ति, कुल 17 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 08 प्रकरण में माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा 09 प्रकरण में कुल 2,900/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 06 व 07.12.2023 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी कंडरका 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी मारो 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 107,116 (3), 151 जा.फौ. के तहत कुल 04 प्रकरण में 05 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

जटकन्हार में जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

डोंगरगढ़, 9 दिसंबर। क्षेत्र के ग्राम जटकन्हार में बेलगांव जोन स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ,अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सभापति त्रिवेणी वर्मा, ग्राम सरपंच राधिका कंवर ,ग्राम प्रमुख धनेश वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मुकुंद कवर, उपसरपंच फ्रांसिस टेडी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी विरेंद्र कौर गरचा , प्राचार्य संकुल के तिवारी, ग्राम पटेल नंदकुमार महोबिया रुपेश वर्मा, कीर्तन मंडावी , महेश कुमार कवर , (प्रमुख) धनेश्वर वर्मा रामदयाल कंवर पुरुषोत्तम कंवर यशवत, नरसिंग, सेवकराम , शंभु राम उपस्थित थे । उक्त प्रतियोगिता में बेलगांव संकुल, माडिताराई संकुल, ढारा संकुल, मुसरा संकुल कोल्हापुरी संकुल एवं ठाकुरटोला संकुल के विजयी छात्र- छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि खेल जीवन को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है खेल के माध्यम से अपने हुनर को आगे लाकर बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है उन्होंने मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़िया खेलो पर भी पर भी प्रकाश डाला एवं छात्र-छात्राओं तथा ग्रामवासियों को बधाई दी । इस दौरान संकुल समन्वयक राजेश शर्मा , एम आर साहू सर, महेंद्र कंवर सर, फलेश साहू ,प्रदीप वर्मा ,अनुपम पटेल, भेल सिंह वर्मा ,बी एस राव ,नेम सिंह साहू, परिणीता चंद्राकर ,चेतन सिंह ,एम डी साहू , शिवराम वर्मा आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश राजपूत , एवं अमिताभ दुफारे द्वारा किया गया । कार्यकम में बच्चों द्वारा मनमोहक सास्कृतिक कार्यक्रम की भी सराहनीय प्रस्तुति दी गई ।

बीएसएस प्रणवानंदा अकादमी में भव्य खेल महोत्सव का आयोजन

रायपुर, 9 दिसंबर। भारत सेवा संघ प्रणवानंदा अकादमी व्ही आई पी रोड परिसर में चार दिवसीय भव्य खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भारत सेवा श्रम संघ प्रणवानंदा अकादमी के सचिव श्रीमत् स्वामी शिवरूपानंद महराज के शुभ कर कमलों द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ा कर किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है बच्चे बड़े उमंग के साथ हर खेल में अपनी भागीदारी लेते हुए खेल प्रतिस्पर्धा का खूब आनंद ले रहे है। इस खेल महोत्सव का, आनंद मेला के साथ समापन दिनांक 09.12.2023 को खाने पीने का लुत्फ उठाते हुए किया जाएगा।

निधन

फुलकुंवर पटेल

झेलप-महासमुंद, 9 दिसंबर। ग्राम गोंगल निवासी श्रीमती फुलकुंवर पटेल का आज निधन हो गया। वे लगभग 98 वर्ष की थीं। श्रीमती पटेल सरपंच संघ जिलाध्यक्ष रूपलाल पटेल व भूषण लाल पटेल की माता थीं। उनकी अंतिम संसर गृहग्राम गोंगल में किया गया। जिसमें आसपास के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

फिरतूराम चतुर्वेदी

संडीबगेला/बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर। ग्राम सुन्दावन के पूर्व पंच फिरतू राम चतुर्वेदी उम्र 78 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे सरपंच रूपेन्द्र कुमार चतुर्वेदी व प्रकाश चंद के पिता एवं मनीष कुमार के दादा थे। उनकी अंतिम संस्कार मे आस पास के सामाजिक, गणमान्य नागरिक सहित परिवारजन बड़ी सख्या में उपस्थित थे।

हजारीमल भंसाली

राजनांदगांव/ डौंडी लोहारा, 9 दिसंबर। धर्मनिष्ठ सुश्रावक वीर पिता हजारीमल भंसाली (पिता स्व. बक्सीमल भंसाली) का आकस्मिक निधन 9 दिसंबर को हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है। जिनका अंतिम यात्रा 10 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान अतिशय ज्वेलर्स, दुर्गा चौक, राजनांदगांव से निकाली जाएगी। वर्तमान में आचार्य श्री रामलाल जी म.सा. के शासन में आपके 5 बेटियां (शारदा श्रीजी, दिव्यप्रभा, लक्षिता, श्री यशस्वी जी, श्री मनस्वी जी म. सा.) शासन की प्रभावना कर रहे है।



रहेजा निर्वाणा 2 की भव्य लॉन्चिंग को जबरदस्त रिस्पांस मिला

रायपुर, 9 दिसंबर। यहां बायर्स ने अपने सपनो का घर बनाने के लिए अपनी जरूरत के हिसाब से प्लॉट्स बुक किए हमने कुछ बायर्स से बात की और उनका फीडबैक लिया। उनका कहना था कचना जैसी शांत और प्राइम लोकेशन में रिजनेबल रेट्स पर सारी लक्जरी सुविधाओ के साथ उन्हें ये कैपस बहुत पसंद आया और उन्होंने अपनी पसंद का प्लॉट बुक कराया।बता दे की स्पॉट बुकिंग पर सभी को एश्योर्ड गिफ्ट भी दिया जा रहा है साथ ही स्पॉट बुकिंग पर विशेष ऑफर्स भी दिए जा रहे है जिसका आज अंतिम दिन है एवम विजिट पर भी गिफ्ट्स दिए जा रहे है। पूरे छत्तीसगढ़ एवम आसपास के राज्यों से सभी ग्राहकों का आना लगा हुआ है। और लॉन्चिंग मेले को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर दीपक रहेजा एवम संजय रहेजा ने बताया कि रहेजा निर्वाणा की अपार सफलता और ग्राहकों की काफी डिमांड पर रहेजा निर्वाणा 2 प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है जो 21 एकड़ में लगभग 350 यूनिट्स का टीएनसी अप्रूव्ड एवम रजिस्टर्ड सिक्योर कवर्ड कैंपस है जहां आज के ट्रेंड के मुताबिक मॉर्डन अमेनिटीज दी जा रही है। यह भी प्रीमियम प्लाटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें 1000,1200,1500 व 2000 की साइज में प्लाट उपलब्ध होंगे। कुल 23 एकड़ का यह प्रोजेक्ट अपनी सुविधाओं,लेआउट और लोकेशन को देखते हुए काफी पसंद किया जा रहा है। इसकी कनेक्टिविटी मुख्य बाजार,शैक्षणिक संस्थान,हास्पिटल से काफी समीप है। रहेजा निर्वाणा -2 राजधानी रायपुर के कचना में लोकेटेड एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें वो सभी लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध है जो किसी प्रीमियम प्रोजेक्ट में होनी चाहिए। रहेजा निर्वाणा -2 के लॉन्चिंग अवसर पर हर बुकिंग पर निश्चित उपहार प्रदान किया जायेगा। रहेजा निर्वाणा -2 में प्रीमियम प्रोजेक्ट की सभी सुविधाएं जैसे क्लब हाउस, लाइब्रेरी, कैफे, स्वीमिंग पूल, जकूज़ी, जिम, लान टेनिस,स्केवेश कोर्ट,गार्डन, चिल्ड्रन प्ले एरिया, इनडोर-आउटडोर गेम्स, मंदिर इत्यादि उपलब्ध होंगे। अष्टविनायक रियल्टीज के विक्की लोहाना ने बताया कि रविवार 10 दिसंबर मेले का अंतिम दिन है एवम मेले में ग्राहकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है ग्राहक अपने परिवार और मित्रों के साथ प्रोजेक्ट विजिट कर अपने सपनो के आशियाने हेतु प्लॉट्स बुक करवा रहे है।

ग्रामीण अंचल में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

गुरुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्रामीण अंचल में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। खासकर सब्जी उत्पादक किसानों को बंदर सर्वाधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेत और बाड़ियों में सब्जी भाजी की फसल को चट कर जाते हैं। इसके अलावा घरों के बाहर व छत पर रखें सामान को तो नुकसान पहुंचाते हैं साथ ही खपरैल वाले घरों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। नगर के अलावा ग्राम कोलिहामार, दानीटोला, बोरतरा, कन्हारपुरी, बोहारडीह के ग्रामों में बंदरों का आतंक बहुत ज्यादा है।खेत और बाड़ियों में सब्जी भाजी की फसल को नुकसान पहुंचाने के साथ ही खपरैल युक्त मकानों में कूद कूदकर जर्जर करते हैं। इससे ग्रामीणों का सर्वाधिक नुकसानी हो रही है। ग्रामीण एकजुट होकर बंदरों को भगाने के लिए अभियान भी चलाते हैं। जिससे कुछ दिन तक बंदरों के आतंक से राहत मिलती है। ग्रामीण अंचल में ज्यादातर सब्जी उत्पादक किसान रहते हैं। ऐसे किसान बंदरों के आतंक से हर समय परेशान रहते हैं। गांव के लोगों ने सामान को बंदरों से बचाने के लिए अपने छतों पर कांटा तार भी लगा दिया जाता है। इसके बाद भी बंदर नुकसान करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

उबल रहा दूध पाउडर और पैक्ड मिल्क

भाटापारा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। दूध के बाजार में मिल्क पाउडर और पैक्ड मिल्क की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। बढ़ता के बाद इन दोनों ने इस बाजार के लगभग 40 फ़ीसदी हिस्से में कब्जा जमा लिया है। यह बढ़त की ओर ही नजर आ रहा है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र की किराना दुकानों में दोनों की उपलब्धता सहज होने लगी है। मांग के दिनों में दस्तक दे दी है। मौसम का भी पूरा साथ मिल रहा है। हालत यह है कि डेयरियों का समूचा दूध खप जा रहा है क्योंकि होटल और घरेलू मांग में लगभग ड्योढ़ी बढ़त हो चुकी है। ऐसे में मांग का दबाव पैक्ड मिल्क और दूध पाउडर पर बढ़ रहा है।

निकली मांग होटल और स्वीट कॉर्नरों से

पहली मांग यहां से

स्वीट कॉर्नर और टी स्टॉल। यह ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दूध की सबसे ज्यादा खपत होती है। नियमित मांग को पूरा कर पाने में लगभग अक्षम हो चुकी डेयरियों की स्थिति देखते हुए यह बड़ा उपभोक्ता क्षेत्र, अब मिल्क पाउडर और पैक्ड मिल्क की ओर कदम बढ़ा चुका है। दूसरा मांग क्षेत्र घरेलू बाजार है, जहां मासिक उपभोक्ताओं की पहुंच होती है। इसके अलावा सीजन और पर्व पर अलग से डिमांड निकलती है।

मांग और उपलब्धता

शीत ऋतु ने दस्तक दे दी है। ऐसे में घरेलू और टी कॉर्नर की मांग लगभग 12 हजार से 15 हजार लीटर दूध की बताई जा रही है लेकिन उपलब्धता महज 9 हजार लीटर की ही है। ऐसे में स्वीट कार्नरों की खरीदी का प्रवाह दूध पाउडर और पैक्ड मिल्क की ओर बढ़ा हुआ है। आगत दिनों में इसमें गति और बढ़ाने की संभावना है क्योंकि मौसम का पूरा लाभ मिल रहा है दूध की मांग बढ़ने से।

इसलिए पाउडर और पैक्ड मिल्क

स्वीट कॉर्नर से मिली जानकारी के अनुसार पैक्ड मिल्क और मिल्क पाउडर से बनाए जाने वाले दूध की सेल्फ लाइफ अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। इसलिए इससे बनने वाली सामग्रियों की उम्र ज्यादा हो जाती है। कारोबारियों के अनुसार बेकरी आइटम, कन्फेक्शनरी के अलावा दोनों का उपयोग रबड़ी और दूध से बनने वाली खाद्य सामग्रियों में किया जा रहा है।

अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में होगा कार्यक्रम

फिंगेश्वर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। आज फिंगेश्वर नगर में श्री राम मंदिर अयोध्या से आने वाले अक्षत कलश का वितरण के संबंध में आवश्यक बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं सभी समाज के लोगो के साथ रखा गया था जिसमे 22 जनवरी 2024 को होने वाले श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं अयोध्या से आये अक्षत एवं आमंत्रण कार्ड को प्रत्येक घरों में वितरण की वितरित किया जाएगा । इस महाअभियान में हमारा फिंगेश्वर विकासखण्ड के प्रत्येग ग्राम के प्रत्येक घरों में मनाने का आग्रह इस समिति के माध्यम से किया जाएगा। वितरण के लिए प्रत्येक ग्राम तक समिति का निर्माण एवं 22 जनवरी 2024 को भगवान राम जी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने पर प्रत्येक ग्राम, नगरों के प्रत्येक घरों में दीपावली जैसा माहौल हो इस अवसर को दीपोत्सव हो, आतिशबाजी हो इस निमित्त सभी स्थानों पर समिति का निर्माण के माध्यम इस कार्य होना है। बैठक ले रहे विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री श्री वेद राम नन्दे जी ने बताया कि राम मंदिर 500 सालों की तपस्या का परिणाम है। हिन्दू समाज ने आनेक बलिदान दिए जिसके कारण आज राम जी का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ और हम सभी हिन्दू समाज के लोगो से अपील करने आये हैं कि आप सभी इस प्राण प्रतिष्ठा को भव्य तरीके से मनाए। फिंगेश्वर नगर समिति में संतोष पूरी गोश्वामी को नगर संयोजक, मोहन शर्मा को नगर सह संयोजक, धनञ्जय हरित को नगर सह संयोजक बनाया गया है। महिला समिति के लिए श्रीमती शीतल राजपूत को मातृशक्ति संयोजिका, श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव को सह संयोजिका, श्रीमती मंजुलता हरित को सह संयोजिका बनाया गया। विकासखण्ड समिति में संयोजक श्री भानुप्रताप ध्रुव, सह संयोजक जयप्रकाश साहू जी, कुणाल साहू को सह संयोजक बनाया गया। बैठक के बाद सभी ने ? का उच्चारण कर सहमति बनी एवं सभी ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने अस्वस्थ किया। बैठक में फिंगेश्वर नगर सहित विकासखण्ड के लोग उपस्थित रहे।

बीएसयूपी कॉलोनी और अटल आवास में चलाया गया चेकिंग अभियान

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। बी.एस.यू.पी कालोनियों एवं अटल आवासों में निवासरत अपराधिक तत्वों व संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार शिकायतें प्राप्त हो रहीं थी जिसपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक मयंक गुर्जर भा.पु.से नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन मनोजधुव नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी गोलबाजार, मौदहापारा, सरस्वती नगरए आजाद चौक, तेलीबांधा,सिविल लाईन, राखी, टिकरापारा,डी.डी.नगर एवं चौकी प्रभारी चम्पारण सहित रायपुर पुलिस के अन्य अधि कर्म लगभग 100 सदस्यीय पुलिस टीम द्वारा आज तड़के प्रातः 6.00 बजे थाना तेलीबांधा सरस्वती नगर गोलबाजार एवं टिकरापारा स्थित बी.एस.यू.पी. कालोनी एवं अटल आवास कालोनी में वेरीफिकेशन व चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बी.एस.यू.पी कालोनी एवं अटल आवास के मकानों में निवासरत व्यक्तियों व किरायेदारों की तस्दीक कर रजिस्टरों में सभी का नाम पता व मोबाईल नंबर अंकित कर डाटा तैयार किया जा रहा है।

पूछताछ कर दी गई समझाइश

पुलिसकर्मियों द्वारा लाऊडहेलर के माध्यम से एलाउंस कर किरायेदारों व बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन कराने जिन व्यक्तियों द्वारा अपने मकानों को किराये में दिया गया है उनको संबंधित थानों में किराये में रहने का फार्म जमा करने व जानकारी देने के निर्देश देने के साथ ही बाहरी व्यक्तियों का थानों में मुसाफिर रिपोर्ट दर्ज कराने की समझाईश देने के साथ ही अपराधिक तत्वों को अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक जीवन यापन करने की भी समझाईश दी गई। जो भी बाहरी व्यक्ति आवासों में निवासरत है यदि संदिग्ध प्रतीत होते है अथवा अपराधों में संलिप्त रहते ह ऐसे व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने कहा गया। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पुलिस द्वारा गोपनीय रखा जाएगा। इसके साथ ही जिनके नाम पर नगर निगम द्वारा मकान आवंटित किया गया है किंतु मकान स्वामियों द्वारा मकान में स्वयं निवास न कर किराये में दिया गया है ऐसे मकान स्वामियों की सूचना नगर निगम को दी जाएगी।

बाजार में दुकानों के बाहर सामान रखने वालों को समझाइश

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। सडक पर अवैध कब्जोंए ठेले.गुमटियों पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे सामानों एवं अवैध वाहन पार्किंग पर कार्यवाही की। एएसपी यातायात सचिन्द्र चौब डीएसपी सुशान्तो बेनर्जी के नेतृत्व में यातायात थानों का बल सहित नगर निगम के आला अधिकारियों. कर्मचारियों को साथ दुकानों के बाहर रखें सामानों व अवैध रूप से पार्किंग दो पहिया चार पहिया वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

मौदहापारा गोलबाजार क्षेत्र के एम जी रोड संहित समस्त थाना क्षेत्रों के मुख्य मार्गो में स्थित दुकान संचालकों को अवैध रूप से दुकान के बाहर रखे समानों को दुकान के अंदर रखने समझाईश दी गई। साथ ही कुछ दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे सामानों जिससे यातायात बाधित होता था ऐसे दुकान संचालकों पर कार्यवाही भी किया गया। इसके साथ ही अलग.अलग स्थानों के मुख्य मार्ग में स्थित दुकानों के बाहर अवैध रूप से पार्किंग किये गए वाहनों को पुलिस द्वारा हटाने के निर्देश देने के बावजूद नहीं हटाने पर ऐसे 21 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। दुकान संचालकों को भविष्य हेतु समझाईस दी जा रही है की वे दुकानों के बाहर मुख्य मार्गो में सामान व वाहनों को अवैध रूप से ना रखें ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके।

धारदार चाकू के साथ 2 गिरफ्तार

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम द्वारा थाना सरस्वती नगर क्षेत्रातर्गत इनच कालोनी कोटा मे एक व्यक्ति अपने हाथ में धादार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते हुये आरोपी महेश साहू उर्फमहैशु पिता संतोष साहू उम्र 19 साल पता वाटिका नगर कोटा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे01 नग स्टील का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना सरस्वती अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। वही आरोपी रोबिन महानंद पिता गोखरू महानंद उम्र 20 साल पता बीएसयूपी कालोनी कोटा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे01 नग स्टील का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना सरस्वती नगर में आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

अयोध्या से 'अक्षत कलश' पहुंचे रायपुर, स्वागत के साथ निकाली गई शोभायात्रा

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है. रामलला के नवनिर्मित मंदिर में श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी।इसी कड़ी में आज राजधानी के सदियों पुराने महामाया मंदिर से श्री राम मंदिर प्रांत प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति द्वारा 14 नगरों के लिए अयोध्या से लाए गए अक्षत कलश के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। अक्षत कलश का राज्य के विभिन्न शहरों में भव्य स्वागत किया गया और शोभा यात्रा निकाली गई।

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी ने कहा कि अयोध्या में राम जन्मभूमि में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए 500 से अधिक वर्षों तक संघर्ष किया गया, लाखों लोगों ने प्राणों की आहुति की।आज हमारा सौभाग्य है कि हमें भव्य मंदिर में रामलला के विराजने का उत्सव मनाना है।

घनश्याम चौधरी ने इसके लिए समस्त हिंदू समाज का आवाहन करते हुए कहा की अयोध्या से आया हुआ अक्षत, राम का चित्र और तीर्थ क्षेत्र का पत्रक लेकर रायपुर के सभी हिंदू घरों में 1 से 15 जनवरी के बीच सभी कार्यकर्ता जाए और 22 जनवरी 2024 को निकट के मंदिर में इकट्ठा होकर 11 से 1 बजे के बीच प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त करें।वहीं शाम को हर घर में दीप उत्सव कर इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाएं। सभी राम भक्त मार्च 2024 से अयोध्या पहुंचकर मंदिर दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर सकते हैं।

प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर-घर दिया जाएगा निमंत्रण

राजधानी में कलश यात्रा प्रभात फेरी

रायपुर के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति की ओर से 17 दिसंबर को रायपुर के सभी बस्तियों में 24 दिसंबर को सभी मोहल्लों में बैठक, कलश यात्रा, प्रभात फेरी आदि कायक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

22 जनवरी को सभी मंदिर में सभी समाज जनों की सहायता से उत्सव मनाया जाएगा।आज अयोध्या से लाए गए अक्षत कलश के वितरण के अवसर पर महामाया मंदिर के व्यवस्थापक दुर्गा प्रसाद पाठक, भास्कर राव किन्हेकर, महेश बिड़ला और जितेन्द्र मौजूद थे।

73 साल की मां को बेटे ने पीटा

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। रायपुर में एक बेटे ने अपनी 73 साल की बुजुर्ग मां को पीट दिया जिससे मां चोटिल हो गई। बेटे की मारपीट के पीछे की वजह मां का घर में सब्जी नहीं बना पाना था। इस बात से बेटे को गुस्सा आ गया। उसने अपनी मां से पहले गाली गलौज की फिर उससे मारपीट की। इस घटना के बाद मां ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। पूरा मामला दुर्गा मंदिर के पास विनोबा भावे नगर का है। सरला दास ने शुक्रवार देर शाम थाने में एफआईआर दर्ज कराई हैं।

नशे का सामान बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा सिविल लाईन स्थित सी-ध भवन के सभाकक्ष में रायपुर के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में उनके द्वारा गुंडे बदमाशों ,आपराधिक तत्वों व संदिग्धों के विरुद्ध किए जा रहे कार्यवाही को लगातार जारी रखने तथा दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखने वाले सामानों व अवैध रूप से वाहन पार्किंग तथा अतिक्रमण पर की जाने वाली कार्यवाही को यातायात पुलिस व नगर निगम की टीम के साथ मिलकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए इसके साथ.साथ ठण्ड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए चोरी की घटनाओं के बढ़ने की संभावना के मद्देनजर रात्रि गश्त को और पुख्ता एवं मुस्तैदी पूर्वक कराने एवं बाहरी व्यक्तियों पर सतत निगाह रखने कहा गया। थानों में दर्ज लंबित प्रकरणों में आरोपियों की पतासाजी करते हुए गिरफ्तार कर प्रकरणों का जल्द से जल्द निकाल करने के निर्देश दिये गये। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग कर अड्डेबाजी असामाजिक तत्वों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने के निर्देश देने के साथ ही वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते हुए थानो में दर्ज अधिक से अधिक लंबित अपराधों का निकाल करते हुए प्रकरणों का चालान माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कानून व्यवस्था ड्यूटी को सयम व मुस्तैदी पूर्वक करने कहा गया

पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की बैठक में लिया गया निर्णय

स्वास्थ्य कर्मियों और प्रदाताओं पर होने वाले हमलों को रोकने कड़े कदम उठाना जरुरी

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। नई दिल्ली में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स इंडिया एएचपीआई के संयोजन में नेशनल हेल्थ समिट का आयोजन पिछले दिनों किया गया जिसमें स्वास्थ्य प्रदाताओं और स्वास्थ्य कर्मियों पर होने वाले हमलों को रोकने के लिए उठाये जाने वाले जरुरी कदमों पर व्यापक चर्चा हुई। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के महासचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए इस हेल्थ समिट में एएचपीआई छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डा राकेश गुप्ता शामिल हुए। समिट में आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा शरद अग्रवाल महासचिव डॉ अनिल कुमार नायक आगामी चयनित राष्ट्रीय अध्यक्ष ड आर वी अशोक एएचपीआई के पैट्रन डॉ एलेक्जेंडर थॉमस राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भाबातोश बिश्वास डायरेक्टर जनरल डॉ गिरिधर ज्ञानी समेत देश भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल हुए और इस विषय पर अपनी बात रखी। डा राकेश गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों पर होने वाले हमले एक बेहद गंभीर विषय है। हमारे देश में एक मजबूत स्वास्थ्य सुविधा का ढांचा बनाने के लिए इस ज्वलंत विषय का समाधान बहुत जरूरी है। डॉ गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रस्ताव को दिल्ली डिक्लेरेशन का नाम दिया गया है। गहन विचार विमर्श के बाद एएचपीआई और आईएमए का केंद्रीय नेतृत्व इस प्रस्ताव को केंद्र शासन को सौंपेगा।

सड़क सुरक्षा तथा यातायात प्रबंधन संबंधी दी गई जानकारी

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद से वर्ष 2023 में प्रशिक्षण उपरांत छत्तीसगढ़ कैडर के 04 आईपीएस परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने इंडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य नियंत्रण अकादमीए चंदखुरी में प्रशिक्षणरत इन अधिकारियों को एआईजी ट्रैफिक एवं अध्यक्ष.अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा संजय शर्मा द्वारा प्रवर्तनए जनजागरूकता यातायात शिक्षा आदि के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणए नियंत्रण हेतु प्रयास अभियांत्रिकीय सुधार प्रयास आपातकालीन देखभाल ड्रायविंग सिम्यूलेटर ई.ट्रैक यातायात कर्मियों एवं वाहन चालको के प्रशिक्षण ड्रायविंग लायसेंसिंग फिटनेस जांच के नवीन उपायों सहित सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण तथा समीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

वर्तमान में सुभाषचन्द्र बोस राज्य पुलिस कक्ष डॉयल 112 इंस्टीट्यूट ऑफड्रायविंग एण्ड ट्रैफिक रिसर्च सहित राज्य के सड़क सुरक्षा परिदृश्य यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा के कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

सूने मकान में चोरी, जेवरात नगदी पार

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। पुरानी बस्ती इलाके में कल रात चोरी हो गई। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखा आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोना.चांदी के जेवर, नगदी 8 हजार और 30 हजार की मोबाइल चोरी कर ले गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक रवि मोटवानी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह तिरंगा चौक पुरानी बस्ती में रहता है। शुक्रवार रात उसके सूने मकान में अज्ञात चोर घुस कर नगदी जेवर को चोरी कर ले गए। जिस समय चोरी हुई वे घर से बाहर गए हुए थे। वा वापस आने पर घर में देखा तो कमरे में सामान फैला हुआ था। और आलमारी का दरवाजा भी खुला हुआ था। उसमें रखा सोना चांदी के जेवर भी नहीं थे। रवि ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पर कुछ पता नहीं चल पाया। इसकी रिपोर्ट रवि मोटवानी ने पुरानी बस्ती थाना जाकर की है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 457,380 का अपराध दर्ज कर इलाके के बदमाशों से घटना की पूछताछ की जा रही है। इधर गुढियारी के मुर्रा भट्ठी से घर के बाहर रखी बाइक चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर बाइक का ताला खोलकर उसे चोरी कर ले गया। जितेंद्र गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह मुर्रा भट्ठी में रहता है। जहां वह घर पर अपनी बाइक सीजी 04 एल जी 7389 को खड़ी किया हुआ था। और घर के अंदर चला गया। दूसरे दिन जब उसने आगन में देखा तो बाइक वहां नहीं था। कोई अज्ञात चोर उसे चोरी कर ले गया। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर भी कुछ पता नहीं चला। तब इसकी शिकायत जितेंद्र ने इसकी रिपोर्ट गुढ़ियारी थाना जाकर कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 379 का अपराध दर्ज कर आसपास के लोगों से पूछताछ कर अज्ञात चोर की तलाश की जा रही है।

तिरूपति ट्रेवल्स का संचालक व 2 कर्मचारी गिरफ्तार

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। मोतीपारा दुर्ग स्थित तिरूपति ट्रेवलें में रेलवे ई टिकट के अवैध व्यवसाय की सूचना पर दबिश दी। आरपीएफने दुकान संचालक व कर्मचारी रौशन कुमार राजपूत संदीप साहू से 20 आरक्षित है टिकट से साथ गिरफ्तार किया। इन टिकिटों की कुल कीमत 42919.88 रूपय 4 लाईव टिकट कीमत 7974.25 रूपये एवं 16 पासट टिकट कीमत 34945.63 रुपए पर्सनल आईडी से बने हुए थे। उपस्थित गवाहों के समक्ष उक्त टिकटों के संबंध में धारा 91 सीआरपीसी के तहत नोटिस देकर अधिकार पत्र की मांग करने पर उनके द्वारा कोई अधिकार पत्र नहीं होना बताया। तब दुकान संचालक रोशन कुमार राजपूत और कर्मचारी संदीप साहू को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत जप्त किया। कर्मचारी को धारा 143,179 के तहत गिरफ्तार किया गया।

सड़क दुर्घटना में आर्मी जवान घायल

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। रायपुर में सेना के एक जवान की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सरोना ओवरब्रिज के पास पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई है। हालांकि जवान को किसी प्रकार की चोट लगने की सूचना नहीं है। दुर्ग के कैलाश नगर निवासी जितेंद्र जायसवाल ने आमानाका थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है कि वो सेना में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। शुक्रवार की दोपहर वो अपनी कार से ड्यूटी कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान जब वह सरोना ओवर ब्रिज के पास पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी। इस घटना से कार के ड्राइवर साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मामले में आमानाका पुलिस आगे की जांच कर कार्रवाई कर रही है।

हॉकर की सड़क दुर्घटना में मौत, भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ ने परिजनों को सौंपी सहायता राशि

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके में बीते दिनों हॉकर का काम करने वाले नाबालिग प्रियांशु निर्मलकर की कार की चपेट में आने मौत हो गई थीण् मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी जिसके कारण वह अखबार बांटकर अपनी पढ़ाई का खर्च निकालता था जिसे देखते हुए शनिवार को भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने प्रियांशु निर्मलकर के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और संगठन के तरफसे इस दुख की घड़ी में उन्हें सहायता राशि प्रदान की है भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने प्रियांशु निर्मलकर के परिवार को आश्वस्त किया की आगे भी हर संभव सहायता के लिए संगठन उनके साथ खड़ा रहेगा। इस दुखद घटना के लिए परिवार को कानूनी सहायता भी मुहैया कराएगा। आपको बता दे की दुर्घटना में मरने वाला प्रियांशु निर्मलकर नूतन स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ता थाए जो हॉकर का काम कर के परिवार की आय में सहायता करता था और उसकी एक छोटी बहन हैं जो छठवीं क्लास में पढ़ती हैए प्रियांशु के पिता नगर निगम की कचरा गाड़ी में सफाई कर्मचारी है और उनकी मां घरों का काम कर के जीवन यापन करती हैं कि सुदामा नगर निवासी 16 वर्षीय प्रियांशु निर्मलकर बीते गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे अपनी साइकिल से संजय नगर पंचमुखी मंदिर की ओर जा रहा था वहां से संजय नगर की ओर मुड़ते समय पीछे की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार सीजी 04 एनई 2076 ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। इससे उनकी मौत हो गई थी इस हादसे के बाद कार चला रहा ड्राइवर लक्ष्मीनारायण मौके से फरार हो गया था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कार को भी जब्त कर लिया है

मोदी को जिता दिए बोलने पर जड़ा थप्पड़

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। एक युवक ने दूसरे युवक से मारपीट की है। मारपीट की वजह पीड़ित का आरोपी युवक को मोदी जी को जिता दिए बोलना था। इस बात से आरोपी को तेज गुस्सा आ गया। उसने पीड़ित को थप्पड़ जड़ दिया फिर गाली गलौज कर बांस के डंडे से उस पर हमला कर दिया। यह पूरा मामला रायपुर के मौदहापारा थाना क्षेत्र का है। पीड़ित अरबाज खान ने शुक्रवार देर रात मौदहापारा थाना में एफआईदर्ज कराई हैं।

माना बाल संप्रेक्षण गृह में नाइट इंचार्ज पर हमला

रायपुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के माना बाल संप्रेक्षण गृह में नाइट इंचार्ज पर हमले की खबर सामने आई है।

खबरों के अनुसार बाल अपराधियों ने नाइट इंचार्ज पर हमला कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में नाइट इंचार्ज गंभीर रूप से घायल हो गए। नाइट इंचार्ज को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने बाल अपराधियों पर हत्या की कोशिश,बलवा और मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

दोस्त के हत्यारे को बचाने पर किया अटैक

पुलिस की जांच में पता चला कि छह नाबालिगों ने अपने दोस्त की हत्या का बदला लेने के लिए एक नाबालिग पर हमला किया था। उसने कुछ दिन पहले उनके दोस्त की हत्या की है। उन्हें जैसे पता चला कि उनके दोस्त की हत्या करने वाला संप्रेक्षण गृह में आया है तो वे उस पर हमला कर दिया। उसी को बचाने के लिए नाइट इंचार्ज मोहन साहू वहां पहुंचे तो आरोपियों ने उसकी जान लेने की कोशिश की।

उल्टा पुल्टा

पिंटू– मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?
मम्मी– उसको परी किसने कहा?
पिंटू – डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
मम्मी– तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...

दुर्ग से गजेंद्र यादव की ऐतिहासिक जीत पर बधाई देने वालों का लगा तांता

दुर्ग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी का गजेंद्र यादव की ऐतिहासिक जीत के बाद शहर की जनता का अपने नवनिर्वाचित विधायक से मुलाकात करने और बधाई देने का सिलसिला जारी है। विधायक निवास पर जनता संस्थाओं के पदाधिकारी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि एवं शहर के गणमान्य नागरिक व समाज प्रमुखों का आने का सिलसिला जारी है सभी ने गजेंद्र यादव के दुर्ग शहर के विधायक में निर्वाचित होने पर खुशी जाहिर की एवं विधायक गजेंद्र यादव के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

गजेन्द्र यादव को बधाई देने वालों में शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, नगर पालिका निगम दुर्ग के कर्मचारी, निषाद समाज के जनप्रतिनिधि, सतनामी समाज के जनप्रतिनिधि, नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति के प्रतिनिधि, श्रीराम मानस मंडली पोटिया कला के प्रतिनिधि सहित कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल है।

दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने बधाई देने वालों का आभार प्रकट किया जिन्होंने एक सामान्य परिवार के व्यक्ति को सेवा का अवसर दिया ।

दुर्ग ग्रामीण में डीएमएफ व बीएसीसीएसआर पद के कार्यों में भारी अनियमितता, होगी जांच : चंद्राकर

दुर्ग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक ललित चंद्राकर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर काफी संजीदा हैं। हाल ही में हुए चुनाव में जीतकर विधायक निर्वाचित होने के बाद ललित चंद्राकर लगातार जन सरोकार के मुद्दों व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में हुए विभन्न कार्यों में अनियमितता की शिकायतों पर उन्होंने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में डीएमएफ और बीएसपी सीएसआर के कार्यों में अनियमितता की जांच होगी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

ललित चंद्राकर ने कहा है कि पिछली सरकार में सरकारी विभागों से राशि का बंदरबाट किया गया है। योजनाओं के नाम पर राशि का दुरुपयोग हुआ। जिस हिसाब से राशि जारी हुई उसके अनुसार क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हुए। शहरी ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास शून्य है। जिला खनिज न्यास मद के अलावा निकाय से कराए गए विकास कार्यों में भारी अनियमितता देखी गई है। ललित चंद्राकर ने कहा है कि जिन लोगों ने जनता के लिए विकास के लिए बने सरकारी विभाग को अपनी घर की दुकान समझ रखा था और मनमाने ढंग से पैसों का दुरुपयोग किया गया उसकी उच्च स्तर पर जांच कराएगी जाएगी।

कार्यों में पारदर्शिता का कहा अभाव

ललित चंद्राकर ने कहा है कि दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में जिला खनिज न्यास के मद से जितने भी कार्यादेश जारी हुए सभी कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है। खनिज न्यास के मद से मिले पैसों जमकर दुरुपयोग किया गया। विकास कार्यों के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ है। फर्जीवाड़ा को अंजाम देने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कड़ी कर्रवाई होगी ।▶▶ शेष पृष्ठ 9 पर ▶

आबकारी विभाग ने होटल-ढाबों की जांच कर दी समझाइश

दुर्ग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला आबकारी विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 8 दिसम्बर को जांच के दौरान जिले के मुख्य मार्गों एवं जिले से लगे हुए जिलों / राज्यों से लगी सड़कों एवं मार्गों के आस-पास होटल-ढाबों में शराब के अवैध संग्रहण एवं अवैध विक्रय की जांच की कार्यवाही की गई।

सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार जांच में गब्बर ढाबा, अल लजीज ढाबा, अमन ढाबा, अपना ढाबा, अर्जुन दा ढाबा, क्रॉस रोड होटल, मिश्रा ढाबा,

छत्तीसगढ़ ढाबा एवं अन्य होटल ढाबों की सघन जांच की कार्यवाही की गई। सभी होटल ढाबा मालिकों को होटल ढाबा परिसर में मदिरा पान नहीं करवाये जाने तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्तता ना होने संबंधी सख्त निर्देश दिए गए। विशेष चेकिंग अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक अग्रवाल, पंकज कुजुर, आबकारी उप निरीक्षक हरिश पटेल, मुख्य आरक्षक संतोष दुबे, भोजराम रबारकर, फागू राम टण्डन, आरक्षक लोकनाथ इंदौरिया, अशोक वर्मा एवं वाहन चालक दीपक राजू, प्रकाश राव का सहयोग रहा।

दुर्ग। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व व सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में आज नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों का भव्य व आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में जिला के नवनिर्वाचित विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग, ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा अहिवारा, ईश्वर साहू साजा शामिल थे।

आयुक्त की मौजूदगी में निगम अमले ने उतई से पटेल चौक तक हटाया अतिक्रमण

दुर्ग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा शहर क्षेत्र में आवागमन को व्यवस्थित बनाने सड़क किनारे और चौक चौराहों पर अतिक्रमण कर कारोबार करने वालों को हटाने का सिलसिला चौथा दिन भी जारी रहा। आज उतई चौक से लेकर पटेल चौक जिला अस्पताल के सामने एवं नया बस स्टैंड सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण कर रखे गए ठेलों को हटाया गया। वहीं मुख्य मार्गों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कुछ लोगों को कब्जा हटाने के लिए चेतावनी देते हुए मोहलत दी गई है।

नगर निगम की अतिक्रमण दस्ता विरोधी टीम ने पटेल चौक, तहसील कार्यालय क्षेत्र जिला चिकित्सालय के सामने और नया बस स्टैंड तक अतिक्रमण कर अवैध संचालित ठेलों को हटाने की कार्रवाई की गई। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा दुकानदारों को समझाइश के साथ चेतावनी भी दी।

सड़क किनारे तंबू तानकर तथा दुकान के बाहर टीन सेड बनाकर रखा गया था, जिसे बुलडोजर से तोड़ा गया। दुकानों के बाहर लगे साइन बोर्ड, पोस्टर सहित अन्य सामग्रियों को हटाने के साथ-साथ जब्ती की कार्रवाही की गई। शहर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही लगातार जारी रहेगी।

ग्राम पंचायत गाड़ाडीह स्वच्छता की एक मिसाल

दुर्ग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से 26 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम गाड़ाडीह, जनपद पंचायत पाटन स्थित है जहां कुल घरों की संख्या 385 तथा कुल जनसंख्या 1635 है। गाँव को स्वच्छ तथा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए पंचायत के द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। चूंकि स्वच्छता ही स्वास्थ्य जीवन का आधार स्तम्भ है, जिसको मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायत गाड़ाडीह में शिखर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा गांव को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा रैली निकाल कर लोगों को गिला कचरा सूखा कचरे की जानकारी देकर जागरूक किया। साथ ही स्वच्छताग्रही महिलाओं द्वारा गांव को कचरा मुक्त करने के उद्देश्य से घर-घर कचरा एकत्रित कर कार्य किया जा रहा है। ग्राम गाड़ाडीह को साफ़ और स्वच्छ बनाये रखने तथा गाँव को बीमारियों से दूर रखने के लिए गाड़ाडीह में शिखर महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा घरेलु स्तर पर

निकलने वाले सूखे व गिले कचरे का कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। कचरा एकत्रीकरण करने के लिये 02 सायकल रिक्शा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से उपलब्ध कराया गया है एवं 1 ई-रिक्शा समर्थन संस्था द्वारा ग्राम पंचायत को गोद लेकर एल.आई.सी., एच.एफ.एल. हृदय परियोजना के सहयोग से उपलब्ध कराया गया है। स्वच्छताग्राही समूह के सदस्यों के द्वारा सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं रविवार को गाँव के प्रत्येक घर, बाज़ार व दुकानों से होते हुए ठोस अपशिष्टों का संग्रहण करते हैं तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं महात्मा गांधी नरेगा अभिशरण से निर्मित पृथकरण केंद्र में ले जाकर पृथक कर इकठ्ठा करके रखा जाता है। पृथक्कीकरण करने हेतु सेग्रीगेशन शेड में अलग-अलग प्रकार के कचरे को रखने के लिये प्लास्टिक के कंटेनर की व्यवस्था की गई है। अधिक मात्रा एकत्रित हो जाने पर अच्छे मूल्य प्रदाय करने वाले कबाड़ी के पास बेच कर आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इस आमदनी को समूह के सदस्यों में मानदेय के रूप में वितरित किया जाता है। स्वच्छताग्राही समूह को ग्राम पंचायत से राशि 2 हजार रूपए प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि के रूप में मानदेय भी दिया जा रहा है। साथ ही सभी घरों, दुकानों से कचरा लेने के लिए पंचायत द्वारा निर्धारित स्वच्छता कर की राशि भी घरों से 20 रूपए व दुकानों से 50 रूपए प्राप्त हो रही है। स्वच्छाग्राही समूह में अध्यक्ष दुलौरिन बाई, सचिव कुमारी बाई एवं सदस्य सोहद्रा यदु, कमीन यदु, ममता यदु, शकुन, बिमला है। मनोष वर्मा, सरपंच एवं विनोद कौशिक सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा जानकारी दी गई कि सार्वजनिक स्थान की सफाई हेतु ग्राम पंचायत द्वारा 15 सौ रूपए प्रति माह दिया जा रहा है। बाजार की सफाई हेतु बाजार ठेकेदार द्वारा 10 हजार रूपए प्रतिवर्ष दिया जा रहा है। अब तक कबाड़ी के पास कचरा विक्रय से 20 हजार प्राप्त हुआ है। स्वच्छग्राही समूह को लगभग 6 हजार से 8 हजार रूपए प्रतिमाह आय हो रही है। इसके अतिरिक्त शिखर स्व-सहायता समूह को सामुदायिक शौचालय के संचालन एवं संधारण का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा दिया जा रहा है। इस प्रकार शिखर महिला समूह के सदस्यों को ग्राम पंचायत में ही ▶▶ शेष पृष्ठ 9 पर ▶

हरवंश कौर के नेत्रदान से दो जिंदगी होगी रौशन



दुर्ग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। संतराबाड़ी निवासी की हरबंस कौर भाटिया (75 वर्ष) के निधन पश्चात भाटिया परिवार द्वारा उनके नेत्रदान किए गए। इससे अब दो लोगों की जिंदगी रौशन होगी।

हरबंस कौर भाटिया के पुत्र अमरजीत सिंह भाटिया, सुखविंदर सिंह भाटिया सोनू, राजू भाटिया, बहु जसवीर कौर, हरमन कौर, पौत्र गुरप्रीत सिंह की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ पुष्पेंद्र लहरेएवं विशाल नेत्र सहायक विवेक कसार संतराबाड़ी निवास पहुंचे व देर रात्रि कॉर्निया कलेक्ट किए। नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया, राज आहूतिया, रितेश जैन, मंगल अग्रवाल, प्रभु दयाल उजाला, राजेश पारख ने नेत्रदान हेतु व्यवस्था की एवं नेत्रदान सम्पन्न करने में सहयोग किया।

हेमचंद विवि इंटर कॉलेज युवा उत्सव का आरंभ 16 से

दुर्ग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक विभिन्न 14 विधाओं में पृथक-पृथक महाविद्यालयों में किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि इन 14 विधाओं में एकल शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी/कर्नाटक शैली, समूह गायन (हिन्दुस्तानी), एकल शास्त्रीय नृत्य, समूह लोक नृत्य/जनजाति नृत्य, चित्र, ताकालिक भाषण, वाद-विवाद, स्किट, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मेहंदी एवं सुगम संगीत शामिल है।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार वि.वि. की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने इस संबंध में आज वि.वि. के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विधाओं को आयोजित करने हेतु महाविद्यालय का आबंटन एवं तिथि निर्धारित कीं। बैठक में लिए गये निर्णय अनुसार 16 दिसंबर को कल्याण महाविद्यालय, भिलाई में प्रातः 10:30 बजे से तात्कालिक भाषण एवं उसके पश्चात् दोपहर 2 बजे से वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय आयोजन तिथि के 01 दिन पूर्व घोषित किया जायेगा।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि 19 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे से सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई में चित्र प्रतियोगिता तथा खालसा कॉलेज, दुर्ग में प्रातः 10 बजे से रंगोली एवं महेंदी प्रतियोगिता आयोजित होगी। रंगोली में प्रतिभागियों को फूलों की पंखुड़ी, लकड़ी का बुरादा अथवा विभिन्न प्रकार के अनाज उपयोग करना अनिवार्य हैं। महेंदी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को अपने साथ एक साथी लाना अनिवार्य है। 20 दिसंबर को श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी में स्किट प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से तथा सुगम संगीत प्रतियोगिता दोपहर 2 बजे से आरंभ होगी। 21 दिसंबर को कृष्णा कॉलेज, खम्हरिया में एकल शास्त्रीय नृत्य प्रातः 11 बजे से तथा समूह लोक नृत्य/जनजाति नृत्य का आयोजन दोपहर 2 बजे से होगा।

शासकीय वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक, पोस्टर मेकिंग 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगी। इन विधाओं में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता जोनल स्तर की विधाओं में विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पीएमएफएमई योजना अंतर्गत् गुड़ निर्माण सहित खाने की वस्तुएं बनाने मिलेगा 10 लाख तक का अनुदान

कवर्धा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएं बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित है। योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए जिले में 65 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक डी.एल. पुसाम ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत व कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते हैं, जिसमें परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपए अनुदान प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पूर्व से स्थापित गुड़ इकाई जो पहले किसी अन्य योजना के तहत अनुदान ले चुके है, उन्हें भी इस योजना अंतर्गत पुनः 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। इसके अतिरिक्त हालर मिल, मिनी राईसमिल, कोदो मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन मिक्चर निर्माण, पापड़ निर्माण, बेकरी, टमाटर सॉस, चिप्स, पापड़ी, रेवड़ी, ब्रेड, मिठाई, पुपचुप, लड्डू, ट्रेडी टू ईट निर्माण जैसे सभी तरह के खाने की वस्तुएँ बनाने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना अंतर्गत आवेदन ऑनलाईन पीएमएफएमई के पोर्टल में करना होगा। जिसमें फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक व अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होगा। योजना के तहत आवेदन भरने में सहायता के लिए डी.आर.पी. नियुक्त है, जो आवेदकों का ऑनलाईन आवेदन पूर्ण कराएंगे।

कलेक्टर ने महात्मा गांधी नरेगा, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की

कवर्धा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें अप्राप्य कार्यों को प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार देने के साथ साथ सभी कार्यों को शेड्यूल्ड बनाकर पूरा करने के निर्देश कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के

दौरान दिए। विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत बनाए जा रहे सक्रिय्रेशन सेट को माह अंत तक पूर्ण करने कहा गया। सभी निर्मित शेड्डो में कचरा कलेक्शन के कार्य प्रारंभ कर महिला स्व सहायता समूह को जोड़ने के निर्देश दिए गए। ऐसे कार्य जो प्रारंभ नहीं हो सके हैं उन्हें यथाशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश सभी सीईओ जनपद पंचायत को दिए गए। विभाग में चल रहे है निर्माण कार्यों का सतत निरीक्षण करने एवं कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यात्रीकी सेवा को कहा गया।

स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत एस्पायरिंग ग्राम राइजिंग ग्राम एवं मॉडल ग्रामों में प्रगति लाने कहा गया साथ मे लक्ष्य के अनुरूप कार्य योजना बनाकर इसे पूर्ण किया जाय। तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत सोकपिट निर्माण नाडेफ निर्माण व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने सभी सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश देते हुए कहा कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य के लिए हितग्राहियों को प्रेरित करें तथा कार्य को जल्द ▶▶ शेष पृष्ठ 9 पर ▶

अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए : डॉ. तिवारी

दुर्ग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वॉ. वॉ. पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता में बड़ी संख्या मेंछात्राओ ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानवाधिकार दिवस मनाने का मूल उद्देश्य सभी को अपने अधिकारो, तथा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा प्रति वर्ष 10 दिसंबर को यह अकाल दिवस एक आम नागरिक या जनता को उसकेअधिकाठो को अधिकारो के प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान की विभावस्यक्ष डॉ सुषमा यादव ने मानवअधिकार को पंथ, जाति, वंश, नस्ल, धर्म से ऊपर है। मनुष्य में सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, राजनैतिक उत्थान के लिए यह मार्ग प्रशस्त करता है।

भाषण प्रतियोगिता में बी.काम. प्रथम वर्ष की कु आर्या अवस्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर कु मानसी रही। तृतीय स्थान पर कु गीतु यादव रही। पोस्टर प्रतियोगिता में बी.एस.सी द्वितीय वर्ष की, कु. दीक्षा सिन्हा और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्रा कु. ज्या ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर कु. पूजा साहू, व तृतीय स्थान पर कु. उज्जवला राजपूत और कु. दुर्गेश साहू रही। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. अल्का दग्गल, डॉ. ऋतु दुबे, डॉ. मंजुलता साव तथा कु मधु पाण्डेय ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह तथा आभार प्रदर्शन कु. रश्मि नौरंगे द्वारा किया गया।

यातायात पुलिस ने सिखाया मानवता का पाठ

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। राम गोपाल गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम एवं सुरक्षित बनाने के दिये गये निर्देश के परिपालन में यातायात जोन सतीष ठाकुर, सतानंद विष्वराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में ऑटो चालको की मीटिंग ली गई। जिसमें ऑटो चालको को समझाईस दी गई की शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाये रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप लोगो का ही होता है। किसी अन्य जिले से कोई व्यक्ति बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन पहुंचता है तो वह सर्वप्रथम उसे अपने गंतव्य स्थान पर जाने के लिए आप लोग का ही सहयोग लेना होता है। यदि आप लोग उन लोगो से मधुर व्यवहार एवं निर्धारित शुल्क वसूल करते हो और अपने वाहन को क्रमबद्ध निर्धारित पार्किंग, स्थान पर खडा करते हो जिससे उस व्यक्ति के मन में जिले के प्रति एक अच्छी छवि बनती है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा मीटिंग में उपस्थित 250 आटो चालको को व्यक्तिगत छवि के साथ साथ यातायात नियमों जैसे बिना वर्दी वाहन न चलाना, शराब एवं किसी भी नशीली पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाना। नाबालिक को वाहन चलाने न देना। निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाना, वाहनो को दस्तावेज दुरूस्त रखना, निर्धारित पार्किंग, स्थान पर ही वाहन खडा करना, किसी चौक पर सवारी उतारने चढाने का कार्य न करना, चौक के पहले या बाद में सवारी को उतारना, तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन न चलाने हेतु समझाईस दी गई साथ ही आज जो आटो चालक इस मीटिंग में उपस्थित नहीं हुए है। उन सभी तक इन सभी बातो को पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त मीटिंग में यातायात जोन दुर्ग प्रभारी निरीक्षक यशकरण ध्रुव, सहायक उप निरीक्षक रमेश दुबे, बोधन साहू, मदन साहू, कुंवर सिंह, सत्यनारायण पाठक, दयालु राम रोहित मालेकर एवं 250 आटो वाहन चालक उपस्थित रहें।

जमीन दलाली कर रहे लोगों पर कसे शिकंजा

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन से भिलाई नगर निगम के ठेकेदारों ने मुलाकात कर चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। इसके पश्चात एक औपचारिक चर्चा के दौरान निगम भिलाई के ठेकेदारों ने लंबित भुगतान सहित अन्य समस्याओं के संबंध में भी विधायक का ध्यान आकृष्ट किया। उनसे वर्ष 2017-18 से निगम से रुका भुगतान न दिए जाने से हो रही परेशानियों को भी ठेकेदारों ने बताया और निगम में लंबित उनके भुगतान हेतु आवश्यक पहल का अनुरोध किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार पाटनी अध्यक्ष, प्रमोद पांडेय सचिव, शिवाकांत सेंगर, बद्री प्रसाद, प्रहलाद, सुनील शर्मा, राम साहू, गौरव, विकास साहू, परविंदर रंधावा, रविंद्र गेडाम, पंकज तिवारी, जुनैब आदि ठेकेदार मौजूद रहे। विधायक रिकेश सेन ने ठेकेदारों को कहा कि वे सभी लोग कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान दें और कार्य समय अवधि में पूर्ण करें। रुकी हुई राशि का भुगतान ऊपर चर्चा करके अतिशीघ्र चर्चा कर इस समस्या के निराकरण का प्रयास वो अवश्य करेंगे।

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आबकारी और रेवेन्यू अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि अवैध कारोबार और कब्जे को लेकर स्वतंत्र रूप से अधिकारी क्षेत्र में कार्रवाई करें। वैशाली नगर विधानसभा में जमीन दलालों का जो अब तक प्रभाव था वो तत्काल खत्म किया जाए। जो जमीन दलाल बिना कालोनाइजर लायसेंस लिए जमीन खरीदी बिक्री में इन्वाल्व रहे हैं वो अब एक इंच जमीन की भी दलाली नहीं कर सकेंगे। रेवेन्यू का नुकसान कर जो भी कारोबार पूर्व शासनकाल में दबावबश होते रहे हैं, उन सब पर तत्काल रोक लगाएं। आबकारी विभाग के अधिकारियों से विधायक रिकेश सेन ने कहा कि शराब अवैध रूप से कोचियों तक कैसे पहुंच रही थी इसकी जांच करें और क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों तक शराब न पहुंचे, ऐसा सुनिश्चित करें। विधायक ने शहर के सभी बार लायसेंस की सूची लेने के बाद आबकारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वो सभी बार की समय समय पर जांच कर सुनिश्चित करें कि लायसेंस नियमावली के अनुसार ही बार संचालित हो रहे हैं या नहीं। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारी और नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर अशोक द्विवेदी की संयुक्त बैठक लेकर उन्होंने दोनों विभागों का तालमेल बैठा दिया गया ताकि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र की ऐसी शराब दुकानें जो रिहायशी क्षेत्र में हैं, जिन रास्तों से माताएं बहनें आती जाती हैं, ऐसे क्षेत्र से जितनी जल्दी हो सके शराब दुकानें स्थानांतरित की जाएं। हो सकता है इसमें 10 दिन से लेकर महीने भर समय लगे लेकिन यह कार्रवाई होगी जरूर। शराब दुकानें ऐसी जगह होंगी जो आमजन और आवागमन करने वालों के सामने न दिखाई दें। स्थानों पर चयन करके हमें जहां उनको भेजना है दुकानों को दोनों विभाग के तालमेल से शिफ्ट किया जायेगा। सभी बार संचालकों को एक नोटिस देने का निर्देश मैंने दिया है कि जो बार नीति है जो लायसेंस नियमावली है उसके तहत ही बार संचालक काम कर रहे हैं, यह सुनिश्चित हो। नियमों की अवहेलना कर जो बार शराब पिला रहे हैं उन पर तत्काल कार्रवाई होगी। शिकायत मिली है कि बार में पिलाने का लायसेंस लेकर बार संचालक बोतलें बेच रहे हैं। आपको बार के अंदर शराब पिलाना है या कि आपको बोतल बेचने का लायसेंस दिया गया है। बहुत कंफ्लेन आ रही है ऐसे बार जो नियम तोड़ कारोबार कर रहे उनकी दुकानों को सील करने के लिए मैंने कहा है। खामियां जांच में पाई जाती हैं तो तत्काल बार सील किया जाएगा और गुमाश्ता लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा।

छत्तीसगढी फिल्म गुइंया की कामेडी लोगों को आ रही पसंद

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढी फिल्म गुईया दर्शक कमेडी के बाद अमलेश का एक्शन और चुलबुली हिरोईन हेमा का रोल दर्शक कर रहे। एन माही फिल्म्स के बेनर तले एवं मनीष मानिकपुरी के निर्देशन में बनी अमलेश नागेश की बहुप्रतिक्षित फिल्म्स गुईया को देखने दुर्ग भिलाई सहित प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में दर्शक उमड रहे है। अधिकांशत: सिनेमाघरों में टिकिट नही मिल रही है, हाउसफूल का बोर्ड लग रहा है। फिल्म के अच्छे गीत संगीत, दशको ने खूब सराहा। यह फिल्म जहा एक्शनऔर रोमांश व कमेडी से भरपूर है वहीं इसकी कहानी सस्पेंस व बेहद ही रोचक है जो दर्शकों को बहुत भा रही हैं। दर्शकों का कहना है कि हम लोगो ने अभी तक अमलेश को कमेडी किंग के रूप ने अपनी भूमिका निभाई है। फिल्म के हिरो अमलेश नागेश जहां छग में पहली पसंद वाले यूट्यूबर है, वहीं सतीश जैन के निर्देशन मे बनी फिल्म ले शुरू होगे मया के कहानी से दर्शकों के दिल पर राज करने लगे है। जिसके कारण इनके कई लाख फालोअर है। ले शुरू होगे मया के कहानी के बाद दर्शकों को अमलेश नागेश की दूसरी फिल्म है। शुक्रवार 8 दिसंबर को सिनेमा घरों में अमलेश की इस फिल्म के लगते ही दर्शक इस फिल्म को देखा। फिल्म के हिरो अमलेश नागेश, हिरोईन हेमा शुक्ला, खलनायक पुष्पेन्द्र सिंह, क्रांति दीक्षित, दिव्या नागदेवे, आर मास्टर, नितेश, सहित सभी कलाकार ने दर्शकों से रूबरू हुए वहीं। मनीष मानिकपुरी के डायरेक्शन की भी हो रही है। मनीष मानिकपुरी ने अबतक जितनी भी फिल्मे बनाई वे सभी फिल्में बहुत ही बेहतरीन रही है लेकिन इतना दर्शको का प्यार उनके किसी भी फिल्म को नही मिली है, छॅलीवुड के सुपर स्टार अनुज शर्मा को लेकर मार डारे मया माए व लीक हटकर इनके द्वारा बनाई गई वैदेही सहित इनकी सभी फिल्मों को इतना मया दुलार दर्शकों का नही मिला था जितना इस फिल्म से मनीष को मिल रहा है। हालांकि जनके ये फिल्मे भी काफी उच्च स्तर की थी इस फिल्म से मनीष मानिकपुरी छॅलीवुड में पूरी तरह से अच्छे ढंग से स्थापित हो जायेंगे।

पांच प्रांतों के मांझी सैनिकों का समारोह

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। डौंडीलोहारा तहसील के बघमार गांव में मांझी उत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हजारों मांझी सैनिक छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र तथा उड़ीसा से आए। सैनिकों के परेड़ का नेतृत्व कुंभदेव कांगे ने किया। मांझी की बेटी राजकुमारी कांगे लिखित पुस्तक का विमोचन हुआ। प्रथम दिवस 5 दिसम्बर को देवपूजन समारोह में राजमाता फुलवा देवी तथा मुख्य अतिथि दुर्ग मंडी अध्यक्ष अश्विनी साहू ने मांझी के चित्र पर माल्यार्पण का समारोह कर उद्घाटन किया। अश्विनी साहू ने कहा कि यह मेरे जीवन का अद्भुत समारोह है। इस समारोह में छत्तीसगढ़ की आत्मा के दर्शन हुए। मांझी ने छत्तीसगढ़ का स्वाभिमान, मान बढ़ाया । कार्यक्रम संचालन राजीव उइके ने किया। दूसरे दिन कांकेर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव और समारोह के अध्यक्ष लेखक जी.एस. राना, विशेष अतिथि बी.एल. ठाकुर, मुनीलाल निषाद, खड़गंद वर्मा, बद्रीप्रसाद निषाद थे। अगासदिया कंगला मांझी सम्मान प्रफुल्ल ठाकुर, एस.पी. तथा शहीद दुर्वाशाल लाल निषाद सम्मान परिवहन विभाग के संयुक्त आयुक्त देवव्रत सिरमौर को प्रदान किया गया। डॉ.उर्मिला शुक्ल को अगासदिया संत पवन दीवान सम्मान प्रदान किया गया। लेखक दिनेश चौहान ने पवन दीवान एवं परदेशीराम वर्मा का पॅसिल से निर्मित चित्र भेंट करते हुए कहा कि दोनों ने दस वर्षों तक साथ रहकर इस मांझी धाम को छत्तीसगढ़ का गौरवप्राप्त बनाने में भरपूर सहयोग किया। इसलिए मैंने राजिम के साधक पवन दीवान एवं छत्तीसगढ़ के चर्चित साहित्यकार परदेशीराम वर्मा का चित्र बनाकर भेंट किया। दिनेश चौहान का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में कुंभदेव ने स्वागत भाषण दिया। राजमाता फुलवादेवी कांगे ने कहा कि अब हमारी नई पीढ़ी मेरे काम को आगे बढ़कर सम्हाल रही है। मैं बहुत आशा करती हूँ कि आदिवासी समाज मांझी के सपनों को पूरा करेगा। आगे बढ़ेगा। जागकर अपना सही हक लेगा। संयोजक डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि मुझे मांझी समारोह में 18 वर्षों से संयोजन का काम करते हुए बहुत कुछ सीखने को मिला। यह स्वाभिमानी, दाता और देशप्रेमी समाज है। आदिवासी सबको मान देता है। वह एक दिन अपना असली हक भी पायेगा यह मेरा विश्वास है । तीसरे दिन 7 दिसम्बर को बस्तर के कलाकारों ने ढुलकी नृत्य प्रस्तुत किया। कंकालीन गांव के गंगासागर नृत्यदल ने कार्यक्रम दिया। बघमार गांव के तथा अन्य राज्यों से आए सिपाहियों के बच्चों ने कार्यक्रम दिया। मिथिलेश नुरूपी मुख्य अतिथि थे। जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष नरुपी ने कहा कि मांझी धाम से बालोद और छत्तीसगढ़ को बहुत आशाएं है। कार्यक्रम के अध्यक्ष शाग राम तराम थे। कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रमों का संचालन प्रख्यात कलाकार महेश वर्मा एवं राजीव उइके ने दिया।

सौ से अधिक प्रेशर हार्न एवं 45 मोडिफाईड वाहनों पर कार्रवाई

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर यातायात नियमो का उल्लंघन एवं संदिग्ध वाहनों पर कार्यवाही करते हुए प्रेशर हार्न एवं मोडिफाईड सायलेंसर वाहनो पर कार्यवाही की गई। विगत एक माह में 100 से अधिक प्रेशर हार्न एवं 45 मोडिफाईड वाहनो पर की गई कार्यवाही की गई। मोडिफाईड सायलेंसर वाहनों की जानकारी देने के लिये यातायात पुलिस ने 9479192029 हेल्प लाईन जारी किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के दिये गये निर्देश के परिपालन में एवं सतीष ठाकुर, सदानंद विष्वराज, उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा जिले के अंतर्गत मोडिफाईड सायलेंसर एवं प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले वाहन चालको के उपर अभियान कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के दौरान यातायात जोन प्रभारियों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में कार्यवाही की गई। जिसमें विगत एक माह में 103 प्रेशर हार्न एवं 45 मोडिफाईड सायलेंसर' वाहन चालको पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही करते हुए प्रेशर हार्न वाले चालको उपर 2000 रूपये, मोडिफाईड सायलेंसर वाहन चालको के उपर 5000 रूपये चालान वसुल किया गया साथ ही मोडिफाईड सायलेंसर एवं प्रेशर हार्न को कार्यवाही स्थल पर निकाला गया और ऐसे वाहन चालको को भविष्य में ऐसी गलती न करने हेतु समझाईस दी गई। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा यह कार्यवाही निरंतर आगे जारी रहेगा। यातायात मुख्यालय में वाहन मालिक को बुलाकर ऐसे वाहन का सायलेंसर निकलवाया जा रहा है और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर वाहन चालक को समझाईस दी जा रही।

सेंट थॉमस कॉलेज कार्यशाला का आयोजन

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। रसायन विज्ञान विभाग में टेन्सियोमीटर पर कार्यशाला सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा ॅटेन्सियोमीटर विषय पर एक अंत: विषय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य टेन्सियो मेट्री के सिद्धांतों और अनुप्रयोगों के बार`में प्रतिभागियों के ज्ञान और समझ का विस्तार करना था। डा. दीप्ति जांगड़े, प्रमुख रसायन विज्ञान विभाग, पी.एस.जी.एम.एन.एस.ए शासकीय पीण्जीण् कॉलेज कवर्धा ने कार्यशाला के लिए संसाधन व्यक्ति के रूप में काय`किया। क्षेत्र में अपनी व्यापक विशेषज्ञता के साथ डॉ. जांगड़े`ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयो `मेंटेन्सियोमीटर की प्रगति और महत्व पर अंत दृष्टि और बहुमूल्य जानकारी साझा की। इंटरैक्टिव व्याख्यान और व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से डॉ.जांगड़े ने रासायनिक, भौतिक जैविक और पर्यावरण विज्ञान मेंटेन्सियो मीटर के अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसस `विचारों और दृष्टिकोणों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ। सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा के प्राचार्य ने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिये अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों बच्चों के लिये काफी लाभदायक होते है।

रिटायर्ड सहायक कमांडेंट से गैस एजेंसी लेने के नाम पर ठगी

भिलाईनगर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। आज शनिवार सुबह सेक्टर-8 चौक के समीप एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। मिली जानाकारी के अनुसार 22 वर्षीय अविनाश वर्मा एवं 16 वर्षीय अवियाश की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों युवक मोटर सायकिल में सवार होकर जा रहे थे। तभी मोटर सायकिल का संतुलन खो गया। जिससे दोनों मोटर सायकिल सवार गंभीर रुप से घायल हो गये। इस घटना की सूचना तत्काल 112 को दी गई। दोनों घायल को भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय में ईलाज हेतु लाया गया। जहां डॉक्टरों में जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि दोनों मोटर सायकिल सवार ने हेलमेट नही पहना हुआ था। जिसके कारण यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों के शवों को सुपेला स्थित लाल बहादूर शासकीय चिकित्सालय के मरचुयरी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक अविनाश कैलाश नगर स्थित श्री राम हाईट्स निवासी संतोष वर्मा का एकलौता पुत्र था। संतोष वर्मा रायपुर की निक्कों कम्पनी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। अविनाश बैगलोर में आईटी कम्पनी में कार्यरत था। पिछले लम्बे समय से वे घर से ही अपने आफिस का काम कर रहा था। उनकी एक पुत्री भी है। वही मिली जानकारी के अनुसार अविवेश राउलकेला विहार का रहना वाला था। उनके घर पर मां का रो-रोकर बूरा हल है। लोगों के अनुसार घटना शनिवार को सुबह लगभग 6 बजे की होना बताई जा रही है। घटना में समय दो अन्य मोटर सायकिल भी थी, जिनमें सवार युवक चाय पीने के लिये जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

भाजपा की अब की बार 400 पार : ब्रजेश

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर में जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें सभी पदाधिकारी भेंट मुलाकात कर विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर और उनके द्वारा किए गए संघर्ष के लिए सभी को बधाई प्रेषित की गई और आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सभी को कमर कसने को कहा और 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पूर्ण बहुमत से लाना है और नरेंद्र मोदी को भारी मतों से प्रधानमंत्री बनाना है। ज्ञात है कि जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के राजनीतिक एवं संगठनात्मक अनुभव का फायदा 2024 लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा क्योंकि चाहे नवागढ़, साजा, बेमेतरा, दुर्ग ग्रामीण हो, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा हो या पाटन हो उन्होंने सभी विधानसभा में 1985 से लेकर अभी तक संचालक के रूप में पार्टी को जीत दिलाई है और 1996, 98, 99, 2004, 2009 से लेकर 2019 तक लोकसभा चुनाव में पार्टी का संचालन करते हुए हमेशा लोकसभा प्रत्याशियों को जीत को सुनिश्चित किया है और 2024 लोकसभा में भी निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछली बार से ज्यादा बहुमत से लगभग 6 लाख मतों से दुर्ग लोकसभा में विजयश्री प्राप्त करेंगे और भिलाई भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री को दुर्ग लोकसभा की सीट तोहफे के रूप में भेंट करेंगे। कार्यालय में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष शिवसागर मिश्रा, श्रीमती मिथिला खिचरिया, महेश वर्मा, वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष एस एन सिंह, जिला मंत्री बृजेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता संजय सिंह, अशोक गुप्ता, दुरा सिंह, स्वीटी कौशिक, अमित मिश्रा, सरला आचार्य, कंचन सिंह, विजय शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, जेपी घनघोरकर, शैलेन्द्र शिंदे, गजानंद बंछोर, प्रदीप चौधरी, महेंद्र शर्मा, दिनेश मिश्रा, अर्जुन साहू, रितेश सिंह एवं बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं सभी देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेक्टर-10 पेट्रोल पम्प में हैप्पी शॉप का उद्घाटन

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। गत दिनों बी.एम.सी.सी. सेक्टर-10 स्थित भिलाई पेट्रोल पम्प में हैप्पी शॉप का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन एच.पी.सी.एल. के रिजनल मैनेजर नीतिश श्रीवास्तव एवं सेल्स आफिसर गौरव पाल एवं सरोज लेंका के द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि यह ग्लोब चौक पर स्थित वही पंप है जहां महिलाओं के लिए अलग से पिंक आईलैंड बनाया गया है। जिसको सिर्फ महिला कर्मचारी ही ऑपरेट करती हैं, तथा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर पेट्रोल वितरित करती है। हैप्पी शॉप में सभी तरह के घरेलू सामानों की बिक्री की जाएगी एवं ज्यादा ऑडर होने पर निशुल्क घर पहुंच सेवा भी दी जाएगी। इस अवसर पर वीनू जैन ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त पेट्रोल पम्प के महा प्रबंधक वीपिन बंसल ने यह जानकारी दी है।

यूनिवर्सल रेल मिल में शिरोमणि पुरस्कार समारोह

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में गत दिनों शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में यूनिवर्सल रेल मिल के प्रबंधक रोहित चौधरी को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया तथा ओसीटी एम वी राव, एसीटी अमृत टोप्पो तथा ओसीटी धर्मेंद्र सिंह को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में कार्मिकों को कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक यूआरएम विशाल गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, उनके जीवनसाथी हेतु प्रशंसा पत्र तथा एक मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित होने वाले कार्मिकों को बधाई देते हुए उनके कार्य के प्रति कर्मठ योगदान की प्रशंसा की। समारोह में महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला, महाप्रबंधक रजत मुखर्जी, महाप्रबंधक जुड फ्रांसिस, महाप्रबंधक डी बेहरा, महाप्रबंधक एलियास अहमद, महाप्रबंधक पंकज कुरील, महाप्रबंधक रणवीर पालए महाप्रबंधक भास्कर राय सहित अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी जसबीर सिंह, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी बहोरन लाल साहू सहित अन्य अधिकारी तथा कार्मिक उपस्थित थे। कर्म शिरोमणि पुरस्कार एवं पाली शिरोमणि का मुख्य उद्देश्य अपने कार्यस्थल में नवीनतादा बेहतर संसाधनों का उपयोग एवं संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने, सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ एवं सृजनशील कर्मियों को विशेष पहचान प्रदान कर सम्मानित करना है। पुरस्कृत कार्मिक ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक कार्मिक नरेन्द्र इंगले ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अतिरिक्त एमटीए सुश्री शिरीन ने किया।

टेक्स वसूली के लिए निगम लगाएगा जोनवार शिविर

भिलाईनगर, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों का संपत्तिकर, यूजर चार्ज, जल कर, भू.भाटक, दुकान किराया का टेक्स जमा करने निगम के चार जोन क्षेत्र मे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के राजस्व वसूली हेतु ठेका प्राप्त एजेंसी पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 9 एवं 10 दिसम्बर को जोन-1 नेहरूनगर के जोन कार्यालय वार्ड 2 में चौहान टाऊन में वार्ड 69 एवं 70 हुडको श्री राम चौक में, जोन 2 वैशालीनगर के जोन कार्यालय एवं वार्ड 24 में आम्रपाली, जोन 3 मदरटेरेसा नगर के जोन कार्यालय एवं वार्ड 37 रविदास भवन इंदिरा मूर्ति के पास उसी प्रकार जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन कार्यालय एवं वार्ड 43 जलाराम मंदिर बापूनगर में क्षेत्रवासियो की सुविधा के लिए सम्पत्तिकर, युजर चार्ज, जलकर, भुभाटक, दुकान किराया जमा करने शिविर लगाया जा रहा है। निगम प्रशासन ने कहा है कि नागरिक आयोजित शिविर मे अपने भवन दुकान का टेक्स जमा कर शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

शुष्क दिवस आज

बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर। कलेक्टर चंदन कुमार ने शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को तहसील सोनाखान अंतर्गत संचालित देशी, विदेशी मदिरा दुकान बया को सम्पूर्ण दिन के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है।

अयोध्या में प्रभु राम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का घर-घर देगी आमंत्रण : विहिप

- 22 जनवरी को देश में पुन: दिवाली व होली का वातावरण : विहिप जिला अध्यक्ष गुप्ता
- हिन्दू समाज के बीच जाकर विहिप आयोजन के लिए अन्नदान करने कर रहे आग्रह

दल्लीराजहरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्या नगरी में रामजन्मभूमि में बने राममंदिर में प्रभु श्री राम जी के विराजमान होने व इस अवसर पर भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन पूरे बालोद जिला के शहर,नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य उत्साह व भक्ति के वातावरण में हिंदू धर्म समाज खुशियां मनाएगा देश मे एक बार पुन: दीवाली व होली का वातावरण होगा,घरों में दिए जलाए जाएंगे वही जिले के प्रत्येक मंदिरो में भी रामायण पाठ व हनुमान चालीसा,विजय महामन्त्र का जाप होगा। उक्त बातें विहिप के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कही है।

उन्होने आगे बताया की बालोद जिला में संघ परिवार व विहिप सहित अन्य हिन्दू धर्म संगठन व साधु,संत पुरोहित व अन्य पंथों से जुड़े लोग इस महत्त्वपूर्ण घड़ी को यादगार बनाने में लगातार मिलकर काम कर रहे है। बलराम गुप्ता ने यह भी बताया की 1 से 15 जनवरी को सभी सनातनों को आमंत्रण देंगे। आमंत्रण विहिप नेताओ के अनुसार जिले में अयोध्या नगर से प्रभु श्री राम मंदिर से पूजित अक्षत कलश आ गया है। जो गंगा मैया मंदिर में माता जी के बगल में दर्शन हेतु रखा गया है। जिसे कुछ समय बाद विहिप के समस्त कार्यकर्ता व संघ के स्वयंसेवक जिले के प्रत्येक घरों में जाकर हिंदू समाज को अक्षत,रामजी की फोटो व आमंत्रण पत्र देंगे व अयोध्या धाम जाकर नए मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन करने का न्योता देंगे। उन्होने यह भी कहा की विश्व हिंदू परिषद व संघ संगठन के कार्यकर्ता बालोद जिला के हिंदू धर्म समाज के बीच जाकर इस आयोजन के लिए अन्न दान करने का आग्रह कर रहे है। जो अन्न एकत्र करने के बाद बड़े वाहनों से अयोध्या भेजा जाएगा दिसंबर माह में जिले में आमंत्रण देने हेतु प्राप्त कलश का वितरण सभी 5 ब्लाकों में व 2 नगर केंद्रों में भेजा जाएगा जिसकी तैयारी चल रहा है। लाखों साधु संत व रामभक्त जाएंगे।22 जनवरी को जब भव्य मंदिर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में गर्भगृह में रामजी विराजमान होंगे इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए देश भर के साधु संत, धर्माचार्य पुरोहित व अन्य हिंदु संगठनों के प्रमुखों के साथ लाखों रामभक्त आयोजन में शामिल रहेंगे। इस आयोजन में भोजन की समुचित व्यवस्था हेतु भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से भी रामभक्तो के द्वारा अन्न दान किया जा रहा है। इस पुण्य नेक काम मे अन्न दान चावल का किया जा रहा है। जो दिसंबर माह तक चलेगा।

चीचा स्कूल में बाल मेला

बालोद, देवरी बंगला, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला चीचा के द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष में बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें बालक बालिका ने स्वयं अपने हाथों से बना कर खाने-पीने का दुकान लगाकर उन्होंने अपने व्यावसायिक शिक्षा को सकारात्मक तरीके के साथ प्रस्तुत किया गया था जिसमें ग्रामीण जनों ने बाल मेला कार्यक्रम में अपना उपस्थित प्रदान करते हुए उन्होंने बच्चों के हौसला को बढ़ाया और उन्होंने स्वयं उनके दुकान से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को खरीद कर स्वाद लिया गया जिसमें गुलाब जामुन गुपचुप दोसा इटली गुलगुला भजिया बड़ा मिर्ची भजिया चना भेल पेयुष अरिशा रोटी ब्रेड पकोड़ा और चीला छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्वाद बढ़ चढ़ कर लोगों ने लिया जिससे बच्चों को पैसा कमाने का एक हुनर मिला इस अवसर पर प्रधान पाठक डीडी देशमुख संकुल समन्वयक वीरेंद्र देवांगन हरीश बंजारे हिरेंद्र साहू सेवती ठाकुर रेणुका साहू चंद्रहास साहू युवा सामाजिक कार्यकर्ता सरिता साहू कविता साहू सोना साहू लक्ष्मी नारायण गजभिम सरपंच तेजराम साहू उप सरपंच बेणोराम सिन्हा पाराशर साहू सेवानिवृत शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

पेंशनर एसोसिएशन की बैठक 12 को

डोंगरगढ़, 9 दिसंबर। पेंशनर एसोसिएशन द्वारा आगामी 12 दिसंबर को बैठक आयोजन कर क्षेत्र की नव निर्वाचित विधायक हर्षिता स्वामी बघेल का सम्मान किया जाएगा। ज्ञात हो कि एसोसिएशन के पदाधिकारी श्री के आर. देवागन संरक्षक सचिव रमेश बहेकर , कोषाध्यक्ष बी आर बघेल व अन्य सहस्यों द्वारा नव निर्वाचित विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से सौजन्य मुलाकात. की गई तथा उन्हें प्रत्येक माह में, होने वाली द्वितीय मंगलवार की बैठक अनुमति ली गई, जिनकी स्वीकृति प्राप्त हो गई। उक्त तिथि की बैठक में नव निर्वाचित विधायक हर्षिता स्वामी बघेल का सम्मान किया जावेगा, साथ ही पेंशनर एसोसिएशन द्वारा नये सदस्यों का सम्मान, एवम् वरिष्ठ पेंशनर जिन्होंने 80 वर्ष आयु पूर्ण कर लिया है, का का सम्मान तथा संघ में चल रही अन्य गतिविधि यो पर संघ के अध्यक्ष ललित किशोर नारंग के मार्गदर्शन पर चर्चा की जाएगी । जिस हेतु पेंशनर एसोसिएशन समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण दिनांक 12-12-2023 दिन मंगलबार सुबह 11 बजे अपनी गरिमामय उपस्थिति हेतु पेंशनर एसोसिएशन होंगरगढ़ ने अपील किया । उक्त जानकारी सचिव रमेश बहेकर द्वारा दी गई।

पिथौरा के खेल मैदान में लगेगा विद्युत लाइट

पिथौरा, 9 दिसंबर। नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव के सारहनीय प्रयास से पहले पिथौरा खेल मैदान में चारों ओर विद्युत पोल लगाकर खेल मैदान को आकर्षक बनाया। अब पिथोरा नगर के खिलाड़ियों के लिए एक और खुशखबरी है पिथोरा नगर के खेल मैदान में फ्लड लाइट लगाने का कार्य आरंभ किया गया।

आज नगर के सभी खिलाड़ियों के उपस्थिति में अध्यक्ष आत्माराम यादव ने मैदान में फ्लड लाइट कार्य आरंभ किया। नगर के सभी खिलाड़ियों ने पिथोरा का खेल मैदान की इस उपलब्धि के लिए अध्यक्ष आत्मा राम यादव, नगर पंचायत अधिकारी महेंद्र महेंद्र गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

बेमेतरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थों, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 6 व 7.12.2023 को थाना खम्हरिया, साजा, परपोडी में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 07 प्रकरण में 07 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। इसी क्रम में 6 व 07.12.2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 09 चालान में 09 व्यक्ति, थाना साजा 08 चालान में 08 व्यक्ति, कुल 17 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 08 प्रकरण में माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा 09 प्रकरण में कुल 2,900/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 06 व 07.12.2023 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी कंडरका 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी मारो 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफ धारा 107,116 (3), 151 जा.फौ. के तहत कुल 04 प्रकरण में 05 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

जटकन्हार में जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

डोंगरगढ़, 9 दिसंबर। क्षेत्र के ग्राम जटकन्हार में बेलगांव जोन स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ,अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सभापति त्रिवेणी वर्मा, ग्राम सरपंच राधिका कंवर ,ग्राम प्रमुख धनेश वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मुकुंद कंवर , उपसरपंच फ्रांसिस टेडी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी विरेंद्र कौर गरचा , प्राचार्य संकुल के तिवारी, ग्राम पटेल नंदकुमार महोबिया रुपेश वर्मा, कीर्तन मंडावी , महेश कुमार कवर , (प्रमुख) धनेश्वर वर्मा रामदयाल कंवर पुरषोत्तम कंवर यशवत, नरसिंग, सेवकराम , शंभु राम उपस्थित थे । उक्त प्रतियोगिता में बेलगांव संकुल, माडिताराई संकुल, ढारा संकुल, मुसरा संकुल कोल्हापुरी संकुल एवं ठाकुरटोला संकुल के विजयी छात्र- छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि खेल जीवन को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है खेल के माध्यम से अपने हुनर को आगे लाकर बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है उन्होंने मंच के माध्यम से छत्तीसगढिया खेलो पर भी पर भी प्रकाश डाला एवं छात्र-छात्राओं तथा ग्रामवासियों को बधाई दी । इस दौरान संकुल समन्वयक राजेश शर्मा, एम आर साहू सर, महेंद्र कंवर सर, फलेश साहू ,प्रदीप वर्मा ,अनुपम पटेल, भेल सिंह वर्मा ,बी एस राव ,नेम सिंह साहू, परिणीता चंद्राकर ,चेतन सिंह ,एम डी साहू , शिवराम वर्मा आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश राजपूत , एवं अमिताभ दुफारे द्वारा किया गया । कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सास्कृतिक कार्यक्रम की भी सराहनीय प्रस्तुति दी गई ।

बच्चों की हौसला बढ़ाने पहुंची प्रभा साहू

डोंगरगढ़, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। उरई डबरी संकुल बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता कार्यक्रम ग्राम झंडा तलाव के आश्रित ग्राम भरकाटोला में आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू बच्चों की हौसला बढ़ाने कार्यक्रम में पहुंची और विभिन्न खेलों का आनंद लेते हुए बच्चों का हौसला बढ़ाया उरईडबरी संकुल में ग्राम पटपर ,भरवाटोला, झंडातलाव ,उरईडबरी टोला, भरकाटोला प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों ने अपने जीहर दिखाया अपने संबोधन में बच्चों की उज्जवल भविष्य के साथ सफलता की नई उड़ान भरने की शुभकामनाएं दी तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया एवम जो बच्चे विजेता नहीं बने हैं उन्हें और मेहनत करआगे बड़ने हेतु शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में झंडा तलाव सरपंच देवराम ठाकुर उरईडबरी संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं संकुल प्राचार्य जैन मैडम , ग्राम प्रमुख बांसोड़ जी युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बाबूलाल सिन्हा एवं बड़ी संख्या में समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

गंडई नगर में भी बुलडोजर का असर दिखा

गंडई पंडरिया, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर में भी बुलडोजर का असर देखने को मिल रहा है। सत्ता में भाजपा की वापसी के साथ अतिक्रमण और अवैध चखना दुकानों पर बुलडोजर चलना शुरू हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर स्थित शास्कीय देशी विदेशी मदिरा दुकान के आसपास संचालित चखना दुकानों को आबकारी विभाग ने उखाड़ फेंका है। सीएमओ गंडई के बताए अनुसार देशी विदेशी मदिरा दुकान के दायरे के बाहर ठंढार रोड के किनारे संचालित चखना दुकानों को हटवाने के लिए भाजपाइयों ने निकाय में शिकायत किया है। शिकायत के बाद चखना दुकानों को हटाने नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची पर दुकानदारों ने स्वयं से ही दुकानों को हटाने की बात कही।

बीते कई सालों से देशी विदेशी मदिरा दुकान के आस पास दर्जनों चखना दुकानों का संचालन किया जा रहा था। जिसे हटाने की मांग किया जा रहा था। बतादें कि उसी मार्ग से अटल आवास के रहवासी गुजरते है, कन्या स्कूल के बच्चे, आदिवासी छात्रावास और मणिकांचन केंद्र सहित आम लोग का आना जाना लगा रहता है। इसके बावजूद भी आबकारी विभाग ने कभी सुध नही लिया। उल्टा चखना दुकानों से रुपए वसूलने में लगे हुए थे। अचानक अबकारी विभाग कुंभकरणीय निद्रा से जाग कर जागना कई श्री के सवालिया निशान खड़े कर रही है।

भाजपा वालों की शिकायत पर कार्यवाही शिकायत किया था कि भट्ठों के आगे अवैध चखना दुकान लगाया गया है जिससे वातावरण खराब होता है। कुछ जगहों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाया है इसलिए नगर पंचायत ने कार्रवाई किया है।

- गिरीश साहू
(सीएमओ गंडई)

पूरे छत्तीसगढ़ में सरकार स्वत: अपना काम कर रही हैं। गंडई ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया जा रहा हैं।

- अनिल अग्रवाल (केसीजी जिला भाजपा उपाध्यक्ष)

ग्रामीण अंचल में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

गुरुर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्रामीण अंचल में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान है। खासकर सब्जी उत्पादक किसानों को बंदर सर्वाधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेत और बाड़ियो में सब्जी भाजी की फसल को चट कर जाते हैं। इसके अलावा घरों के बाहर व छत पर रखें सामान को तो नुकसान पहुंचाते हैं साथ ही खपरैल वाले घरों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। नगर के अलावा ग्राम कोलिहामार, दानीटोला, बोरतरा, कन्हारपुरी, बोहारडीह के ग्रामों में बंदरों का आतंक बहुत ज्यादा है खेत और बाड़ियों में सब्जी भाजी की फसल को नुकसान पहुंचाने के साथ ही खपरैल युक्त मकानों में कूद कूदकर जर्जर करते है। इससे ग्रामीणों का सर्वाधिक नुकसानी हो रही है। ग्रामीण एकजुट होकर बंदरों को भगाने के लिए अभियान भी चलाते हैं। जिससे कुछ दिन तक बंदरों के आतंक से राहत मिलती है। ग्रामीण अंचल में ज्यादातर सब्जी उत्पादक किसान रहते हैं। ऐसे किसान बंदरों के आतंक से हर समय परेशान रहते हैं। गांव के लोगों ने सामान को बंदरों से बचाने के लिए अपने छतों पर कांटा तार भी लगा दिया जाता है। इसके बाद भी बंदर नुकसान करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

प्रादेशिकी का शेष...

दुर्ग ग्रामीण में डीएमएफ ...

बीएसपी सीएसआर मद के कार्यों की भी होगी जांच

ललित चंद्राकर ने कहा है कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा सीएसआर मद से भी कार्य कराए जाते हैं। लेकिन देखने में आया है कि बीएसपी के सीएसआर मद से मिली राशि से जो कार्य हुए हैं उनमें भी अनियमितता बरती गई है। ग्रामीण क्षेत्र में बीएसपी के सीएसआर मद से मिली राशि का दुरुपयोग करने व इनमें संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ग्राम पंचायत गाड़ाडीह ...

आजीविका का साधन उपलब्ध कराकर शासकीय योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिससे स्वच्छता में स्थायित्व के साथ-साथ गाँव को ओ.डी.एफ प्लस श्रेणी में लाया गया है जो कि अन्य ग्रामों के लिये भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है।

कलेक्टर ने महात्मा गांधी नरेगा...

पूर्ण कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका का अवसर उपलब्ध कराने के लिए कचरा कलेक्शन हेतु महिला स्व सहायता समूह को तैयार करें शौचालय का जिओ ट्रैकिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत समय पर मजदूरी भुगतान करने अधिक से अधिक रोजगार मूलक कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार देने के निर्देश दिए गए। मजदूरी मूलक कार्यों के लिए नया तालाब निर्माण तालाब गहरीकरण, कच्ची नाली निर्माण, मिट्टी सड़क जैसे कार्यों की पहचान कर काम स्वीकृति का प्रस्ताव जिला पंचायत में प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5413 शेष आवास निर्माण को समय पर पूर्ण करने कहां गया। जनपद पंचायत द्वारा एवं ग्राम पंचायत वॉर कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रथम किस्त के उपरांत जारी आवास की स्थिति एवं दूसरी द्वितीय एवं तृतीय किस्त के साथ चतुर्थ किस्त में जारी की गई राशि की कार्य वॉर समीक्षा की गई। सीईओ जनपद पंचायत पंडरिया एवं बोड़ला को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जंगल क्षेत्र में आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को सभी जरूरी तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करें जिससे कि समय सीमा में कार्य हो सके।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिले में समूह गठन एवं परिवार समावेश के साथ निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा की गई। ग्राम संगठन चक्रीय निधि एवं सामुदायिक निवेश निधि के साथ बैंक लिंकेज की प्रगति की बैकवार समीक्षा किया गया। कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित करते गए हुए कहा गया कि लगातार फील्ड का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल उप संचालक पंचायत श्री राज तिवारी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग सर्व सीईओ जनपद पंचायत सभी कार्यक्रम अधिकारी एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जनपद पंचायत जिला पंचायत के विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी गरीबों को मिलेगा अपना पक्का मकान नपा कवर्धा से विधायक ने की शुरुआत

कवर्धा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ''मोर आवास मोर अधिकार'' के तहत कवर्धा शहर के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रक प्रदान करने नगर पालिका परिषद कवर्धा पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधित किया। संबोधन में उन्होंनें कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री आवास बनाये बर शुरू से प्रयास करत है...अब तुहंर आवास के पैसा आगे हे मोर दीदी महतारी हो...आप सबो झन के काम ल जल्दी शुरू कराये बर हमन इंहा आये हन...उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के काम शुरू कराये बर, स्वीकृति कराये खातिर बहाना करके... कोनो पैसा कौडी मांगही...मोला अतका देदे...ओतका देदे...रेवांबंद तरिया के बाजू में रहिथव दीदी बहिनी हो.....तुरंते घर आके बताहु....तुहंर आवास के पैसा ल कोई नई खा सके...जेन खाई ओ ह सोंच ले... ।

गरीबों के आवास के एवज में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा : विजय शर्मा

नवनिर्वाचित विधायक विजय शर्मा ने भी उपस्थित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की जानकारी दी तथा सरकार द्वारा चार किस्तों दी जाने वाले स्वीकृति राशि के बारे में भी अवगत कराया। गरीबों को ''मोर आवास मोर अधिकार' का लाभ दिलाने छत्तीसगढ़ स्तर पर रायपुर से आंदोलन की शुरूवात किया। उन्होनें कहा कि सभी गरीब परिवार को उनका पक्का आवास प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया और कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रदान करने की शुरूवात आज नगर पालिका कवर्धा से हुई है गरीब परिवारों के आवास में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही किये जाने की हिदायत दी।

गुणवत्ता को ध्यान में रखने निर्देश

उन्होनें मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा को निर्देशित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति सभी हितग्राहियों को समय-सीमा में कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण होने वाले कार्यो की गुणवत्ता पर भी ध्यान रखे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा अनुसार किस्तों की राशि जारी किये जाने व हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका पूर्ण ध्यान रखे।

50 हितग्राहियों को कार्य शुरू करने की मिली अनुमति

कवर्धा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत 163 हितग्राहियों की स्वीकृति प्राप्त हुआ है आज प्रारंभिक तौर पर 50 हितग्राहियों को कार्य शुरू किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया है जल्द ही सभी परिवारों को आवास स्वीकृति पत्रक प्रदान किया जायेगा।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पंडरिया विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, मंडल उपाध्यक्ष श्रीकान्त उपाध्याय,नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष उमंग पाण्डेय, पार्षद भीखम कोसले, पवन जायसवाल, रिंकेश वैष्णव, श्रीमती मनीषा अनिल साहू, प्रमोद शर्मा, मनहरण कौशिक सहित अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण, पत्रकारगण उपस्थित रहे।

निधन

फुलकुंवर पटेल

झेरपा-मेहासमुंद, 9 दिसंबर। ग्राम गोंगल निवासी श्रीमती फुलकुंवर पटेल का आज निधन हो गया। वे लगभग 98 वर्ष की थीं। श्रीमती पटेल सरपंच संघ जिलाध्यक्ष रूपलाल पटेल व भूषण लाल पटेल की माता थीं। उनकी अंतिम संसर गृहग्राम गोंगल में किया गया। जिसमें आसपास के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

फितूराम चतुर्वेदी

संडीबंगला/बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर। ग्राम सुन्द्रावन के पूर्व पंच फितू राम चतुर्वेदी उम्र 78 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे सरपंच रूपेन्द्र कुमार चतुर्वेदी व प्रकाश चंद के पिता एवं मनीष कुमार के दादा थे। उनकी अंतिम संस्कार में आस पास के सामाजिक, गणमान्य नागरिक सहित परिवाजन बडी सख्या में उपस्थित थे।



हजारीमल भंसाली

राजनांदगांव/ डोंडी लोहारा, 9 दिसंबर। धर्मिन्द्र सुश्रावक वो पिता हजारिमल भंसाली (पिता स्व. बक्सीमल भंसाली) का आकस्मिक निधन 9 दिसंबर को हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है। जिनका अंतिम यात्रा 10 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान अतिशय ज्वेलर्स, दुर्गा चौक, राजनांदगांव से निकाली जाएगी। वर्तमान में आचार्य श्री रामलाल जी म.सा. के शासन में आपके 5 बेटियां (शारदा श्रीजी, दिव्यप्रभा, लक्षिता, श्री यशस्वी जी, श्री मनस्वी जी म. सा.) शासन की प्रभावना कर रहे है।



विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े ज़िले के किसान

■ रबी फसलों के उन्नत कृषि तकनीक के तरीकों के बारे में दी गयी जानकारी

■ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के महत्व के बारे में बताया

बेमेतरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सभी के समवेत प्रयास से ही भारत विकसित बनेगा। हम सभी को पूरी निष्ठा और बेहतर प्रयासों से ही भारत को विकसित बनाना है। मज़बूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी का कृषकों को संबोधन का सीधा प्रसारण से कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा में ज़िले के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आये हुए कृषक वर्चुअल जुड़े । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री एम.डी. डड़सेनाए उप संचालक कृषि, जिला बेमेतरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बेमेतरा जिला के राष्ट्रीय स्तर के मिलेनियम अवार्ड प्राप्त कृषक श्री नेमसिंह साहूए जैविक खेती के मास्टर ट्रेनर, श्री धनेश्वर साहू एवं प्रगतिशील कृषक डॉ. खोमराम साहू तथा जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन करने वाले बजाज फायनेन्स के प्रतिनिधि श्री रघुवेन्द्र रघुवंशी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, श्री तोषण कुमार ठाकुर ने की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण करने के पूर्व एवं पश्चात् प्राकृतिक खेती अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत श्री एम.डी. डड़सेना एवं केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा उपस्थित कृषकों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, डॉ. लव कुमार, डॉ. तृप्ति ठाकुर एवं डॉ. अखिलेश कुमार द्वारा विभिन्न रबी फसलों के उन्नत कृषि तकनीक एवं उसकी प्राकृतिक खेती के तरीकों के बारे में संक्षिप्त जानकारी के साथ ही उपस्थित जैविक खेती के मास्टर ट्रेनर एवं प्रगतिशील कृषक ने कृषकों को अपना अनुभव भी साझा किया। कृषि विभाग द्वारा चयनित कृषकों को उनके द्वारा कराये गये मृदा परीक्षण के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण किया गया एवं बजाज फायनेन्स के प्रतिनिधि द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के महत्व के बारे में बताते हुए रबी फसलों के पंजीयन की अंतिम तिथि के बारे में जानकारी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में श्री तोषण कुमार ठाकुर के द्वारा किसानों को विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान जो कि पूरे देश में 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2023 तक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौजूद किसानों को इस अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण करने वाले किसान रथ जिसके अंतर्गत केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रचार.प्रसार किया जाना है का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 18 से अधिक ग्राम पंचायतों के 100 से अधिक कृषकों के साथ कृषि विभाग के अधिकारी श्री हितेन्द्र सिन्हाए श्री एस.एल. धुर्वे, श्री देवानंद देवांगन, श्री टिकेश्वर वर्मा एवं श्री ओमप्रकाश जाटव भी उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर स्कूली बच्चों के मध्य संविधान प्रश्नोत्तरीय, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

■ प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को आज प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

बेमेतरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। नालसा द्वारा संचालित च्स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2023ज्ज अनुसार जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा श्री बृजेंद्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा गत दिवस 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस के परिपेक्ष मे शासकीय कन्य उ. मा. शाला साजा, शासकीय पूर्व मा. शाला परपोड़ी, शासकीय पूर्व मा: शाला तेंदुभाठा, शासकीय पूर्व मा. शाला, कंडरका विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संविधान के मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य एवं संविधान के प्रस्तावना के बारे में बताते हुये छात्र जीवन में उपयोगी विभिन्न कानून के संबंध में जानकारी प्रदान की गई थी । तथा स्कूली छात्र-छात्राओं के मध्य संविधान प्रश्नोत्तरीय प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गुलदस्ता प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की सचिव/ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक एवं श्रीमती अंकिता मुदलियार, न्यायिक मजिस्ट्रेट, साजा द्वारा शासकीय उ. मा. शाला साजा के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. आरती राज, द्वितीय कु. गौरी साहू, तृतीय कु. भुनेश्वरी नेताम एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना साहू, द्वितीय निधि साहू, तृतीय उमेश्वरी साहू एवं शासकीय कन्या पूर्व मा. शाला परपोडी के छात्राओं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु सरिता ठाकुर, द्वितीय कु. रीति निषादए तृतीय कु गीतांजली पटेल एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु डाली योगी, द्वितीय कु. गुनगुन केसरिया, तृतीय झांसी साहू एवं शासकीय पू. मा. शाला कंडरका छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. चितेश्वरी साहू, द्वितीय कु. ओमेश्वरी, तृतीय चंद्रशेखर एवं गुलदस्ता प्रतयोगिता में प्रथम स्थान कु. विनिता, द्वितीय राधिका, तृतीय केसरी एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. कोमिका यादव, द्वितीय कुलीना तृतीय भूमिका निषाद एवं शासकीय पू. मा. शाला तेंदुभाठ के छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. लक्ष्मी, द्वितीय कु. ईशा, तृतीय स्थान रोशनी को प्रमाण पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। उक्त अवसर पर संबंधित शाला के प्राचार्य व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

क्लीन टॉयलेट कैंपेन के तहत स्कूली बच्चों ने किया सार्वजनिक शौचालय का भ्रमण

बेमेतरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में नगर पंचायत बेरला में पिछले माह 17 तारीख़ से 25 दिसंबर 2023 तक क्लीन टॉयलेट कैंपेन प्रारम्भ किया गया है।

■ स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

नगरपालिका की स्वच्छता टीम द्वारा रोज निकाय के सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई की जा रही है। नागरिकों को जागरूक भी किया जा रहा है। सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का कायाकल्प सुनिश्चित करने के लिए 5 सप्ताह तक गतिविधियां चलेंगी। इसमें मूलभूत सुविधाएं देने का प्रयास भी होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री वनीष दुबे के द्वारा नागरिकों को अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही है। अभियान के दौरान स्व सहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचालय का भ्रमण भी कराया जा रहा है। आज कन्या शाला बेरला के बच्चों के द्वारा वार्ड क्रमांक 12 के बस स्टैंड परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय का भ्रमण किया गया तथा शौचालय के उपयोग, सफाई और रखरखाव हेतु जागरूक भी किया गया। अभियान के अंत में समस्त शौचालयों का ग्रेडिंग भी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा की जानी है।

स्कूल में मानव अधिकार दिवस मनाया गया

बेमेतरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। बेमेतरा 9 दिसंबर 2023 /- मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है । कल 10 तारीख को रविवार होने के चलते आज शनिवार को बेमेतरा के स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयए में मानव अधिकार दिवस पर प्रश्नोत्तरी ;च्ित्रद्ध प्रतियोगिता सम्पन्न हुआविद्यालय के चारों सदन अरपाए इन्द्रावतीए महानदीए एवं शिवनाथ के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ।इस प्रतियोगिता में महानदी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । इस दल का प्रतिनिधित्व अंजली पाठकए अभिनवए नोमिन साहू एवं रेणुका वर्मा ने कियाइस आयोजन की अध्यक्षताए प्राचार्य श्रीमती सुदेशा चटर्जी ने कियानिर्णायक के रुप में श्रीमती रश्मि वशिष्ठ व सुश्री डालेश्वरी साहू थीइस प्रतियोगिता के आयोजक श्रीमती निमिषा कौर व श्री इशांत कुमार थे। इस पूरे कार्यक्रम में शाला के सभी छात्र-छात्राएं एवं सभी शिक्षकगण मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में शाला की प्राचार्या श्रीमती सुदेशा चटर्जी ने महानदी सदन के सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए

केसीजी जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में होने लगा धान का उठाव कार्य

■ केसीजी में 94 हजार चिंटल डीओ जारी, 76 हजार चिंटल का हो चुका है धान उठाव

खैरागढ़, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी व धान के उठाव पर खाद्य संचालक जितेंद्र शुक्ला एमडी मार्कफेड इफफत आरा ने 7 दिसंबर को वर्चुअल बैठक मे केसीजी जिले के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया बैठक में खैरागढ़, छुईखदान, गंडई जिले में विपणन वर्ष 2023 - 24 के अंतर्गत शासकीय धान खरीदी केंद्रों के उठाव की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी व उठाव पर खाद्य संचालक जितेंद्र शुक्ला व एमडी मार्कफेड इफफत आरा ने वर्चुअल बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि खराब मौसम के कारण उपार्जन केन्द्रों में धान को व्यवस्थित करने व उचित रखरखाव के निर्देश दिया गया बैठक में खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक ने जानकारी देते हुए बताया कि खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में विपणन वर्ष 2023 -24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से व्यवस्थित व नियमित तरीके से चल रहा है. जानकारी अनुसार बताया गया कि किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है. जिसमें से अब तक 94 हजार 800 चिंटल धान डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 76 हजार 80 चिंटल का धान उठाव कर लिया गया है. उपार्जन केन्द्रों में शेष धान सुरक्षित है डीएमओ चंद्रपाल दीवान ने बताया कि आगामी दिवसो में धान के उठाव में तेजी से ढ्ढकार्य किया जाएगा, जो खराब मौसम के कारण बाधित हुआ था. मौसम में सुधार होते ही धान खरीदी व उठाव से संबंधित कार्य पुनः गति से प्रारंभ की जाएगी बैठक में खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सीसीबी नोडल आलोक शर्मा, नॉन के डीएम नीलिमा ठक्कर, डीएमओ चंद्रपाल दीवान सहित खाद्य निरीक्षक बैठक में उपस्थित रहे.

बाबा साहब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस पर जुटे बौद्ध व अंबेडकरवादी

कुम्हारी, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी के तत्वावधान में आयोजित स्वतंत्र भारत में धम्मचक्र प्रवर्तन करने वाले संविधान के प्रमुख शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर क्षेत्र के बौद्ध अनुयाई और अंबेडकरवादी जुटे।

वार्ड क्रमांक 9, शिवनगर कुम्हारी में भारतीय बौद्ध महासभा की अध्यक्ष करूणा मेश्राम ने नील ध्वज फहराकर बाबा साहब की स्मृति में सस्म्मान ध्वज आभा झुकाया गया। सुबह पंचशील बुद्ध विहार में पूजा, वंदना कर सामूहिक पंचशील ग्रहण किया गया। उपस्थित जन समुदाय ने बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर महासभा की अध्यक्ष उपासिका करूणा मेश्राम ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा -भारत के वंचित किए गए बड़े समुदाय और शोषित समाज के अधिकार और सम्मान के लिए लड़ने वाले क्रांतिकारी सामाजिक योद्धा बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। संविधान में इस समुदाय को प्रतिनिधित्व देकर जो महान कार्य किया गया है, उसके लिए बाबा साहब अंबेडकर युगों-युगों तक याद किए जाएंगे।

महापरिनिर्वाण दिवस पर अंत में श्रद्धांजलि सभा हुई जिसमें जन समुदाय द्वारा दो मिनट मौन धारण कर बाबा साहब को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भा.बौ. महासभा के पदाधिकारियों सहित बौद्ध उपासक/उपासिकाएं और अंबेडकरवादी उपस्थित थे, जिसमें प्रमुख रूप से संरक्षक किशन बोरकर, इंद्रसेन मेश्राम, सुरेश वाहने, राजकुमार डोंगरे, दिगंबर टेंभेकर, दुर्गा वाहने, प्रतिमा कोचे, धर्मशीला नंदेश्वर, प्रेमलता डोंगरे, स्वर्णलता टेंभेकर, बारसा बाई, वंदना गायकवाड़, अत्रु शिवनकर, सुनिता साखरे, हरसीला साखरे, जोसना सहारे, पूजा रामटेके आदि शामिल हैं।

4 किलो गांजा का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी को मोहगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

खैरागढ़, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा ने मादक पदार्थ व अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ अंकुश लगाने के लिए दिशा निर्देश जारी किया था. एसपी अंकिता शर्मा के दिशा निर्देश पर एएसपी नेहा पांडे एसडीओपी गंडई प्रशांत खांडे के मार्गदर्शन में वनांचल थाना मोहगांव में एक टीम तैयार कर नशे के अवैध कारोबार करने वालो पर नजर रखी जा रही थी इस दौरान 8 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ग्रे रंग के होंडा साईन मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 सीजे 5997 में एक भूरे रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर गंडई से साल्हेवारा की ओर बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहा था. उक्त मुखबिर की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मुखबीर के बताये सूचना के आधार पर तत्काल टीम तैयार कर थाना मोहगांव के सामने मेन रोड मे पहुचकर नाका के पास घेरा बंदीकर रेड कार्यवाही किया गया जो एक ग्रे कलर के होण्डा साईन मोसा क्रमांक सीजी 07 सीजे

■ आरोपी को नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

5997 मे एक व्यक्ति कंधे मे भूरे रंग का लाईनिंग पिट्ठू बैग रखा था. जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम पुष्पेन्द्र सिंह पिता मृत्युंजय सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी खैरागढ वार्ड नं 02 थाना खैरागढ़ का रहने वाला बताया जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जिसका कीमत लगभग 60000 रुपए बरामद कर जप्त किया गया तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कमांक सीजी 07 सीजे 5997 कीमत 40000 रुपए 1 नग मोबाईल फोन कीमत 5000 रूपए कुल जुमला कीमत 105000 एक लाख पांच हजार रुपए को जप्त किया गया आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह पिता मृत्युंजय सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी खैरागढ वार्ड नं 02 थाना खैरागढ़ जिला केसीजी का उक्त कृत्य धारा 20 बी एनडीपीएस का घटित करना पाए जाने से 8 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक धर्मेंद्र वैष्णव, प्रआर. रंजित तिर्की, आर भीखम ओगरे, लोकेश ठाकुर, जैनलाल ध्रुव, सायबर सेल प्रभारी सउनि. टैलेश सिंह, त्रिभुवन यदू, सत्यनारायण साहू सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा

कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने निकाली आभार रैली

गुरुर, 9 दिसम्बर (देशबंधु)। कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने विधानसभा चुनाव में जीत के बाद जनता का आभार व्यक्त करने के लिए विजय रैली निकालकर पूरे गुरुर नगर का भ्रमण किया। संगीता सिन्हा ने अपने दूसरे चुनाव के कड़े मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर दूसरी बार विधायक बनने में सफल रही।

चुनाव का रिजल्ट आने के बाद गुरुर नगर के ऐतिहासिक प्राचीन देऊर मंदिर परिसर में पूजा अर्चन कर विजय रैली का शुभारंभ किया गया। रैली में नगर वासी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से सभी कांग्रेसी शामिल हुए।

रैली में गीत संगीत और बाजे गाजे की धुन पर जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता झूमते हुए धनेली चौक,बस स्टेशन,बाजार चौक, अंबेडकर चौक से तहसील रोड पहुंचें मार्ग में विधायक संगीता सिन्हा कि जगह-जगह नगर वासियों के द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संगीता सिन्हा ने रैली के दौरान नगर के मतदाताओं का जीत में सहभागी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने के लिए अभिवादन कर आभार जताया।

सामुदायिक भवन में रैली का समापन कर आयोजित सभा में दूसरी बार विधायक बनी संगीता सिन्हा ने अपनी जीत के लिए कार्यकर्ताओं की संघर्ष और जनता से मिले आशीर्वाद के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि यह जीत मेरी नहीं यह जीत आप सबकी है आप सबके बिना यह जीत नामुमकिन थी आप सब की कड़ी मेहनत का परिणाम हमारी जीत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार नहीं रहने के बाद भी वे 5 साल जनता के हिसाब से कार्य करेगी। सरकार नहीं होने के बाद भी जनता के आशीर्वाद और समर्थन से जिले की विकास कार्य योजना को पूरा किया जाएगा। हर कार्य जनता के अनुरूप कराएं जायेंगे।

इस दौरान पूर्व विधायक भैय्यारम सिन्हा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तामेश्वर साहू,महामंत्री सादिक अली,दुर्गाराम सिन्हा,सुमित राजपूत,नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, डा.किशोर , कांग्रेस के वरिष्ठ पूरन साहू , जनपद अध्यक्ष प्रभात ध्रुव, उपाध्यक्ष तोषण साहू, यशवंतपुरी गोस्वामी,जीतेन्द्र यादव , जनपद सदस्य एस कुमार कलिहारी ,पार्षद ललिता जामदार,प्रमोद सोनवानी,जितेंद्र ओझा,गजेंद्र मंडावी,सोनू लोहले,किशोर साहू,ओमकार महामक्षा,तुलेश सिन्हा, मनोज सिन्हा, भूषणपुरी गोस्वामी,कल्याणपुरी गोस्वामी,पुरषोत्तम सेन,युगल सेन,गोपाल राठी,तोखन महामक्षा, एवं सभी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नगर वासी उपस्थित रहे।

शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता से दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के थाना सिटी कोतवाली में 08 दिसंबर .2023 को थाना क्षेत्र की प्रार्थीया द्वारा थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। कि राजेश धुर्वे से मेरा वर्ष 2019 से जान पहचान है। जो मुझसे कहता था की तुम मुझे अच्छी लगती हो, मैं तुमसे शादी करना चाहता हूँ, तुमको अपनी पत्नि बनाकर रखूंगा, कहकर मेरा मना करने पर भी मेरे साथ जबरदस्ती कई बार शारीरिक संबंध बनाया है। जब मै शादी करने को बोली, तो आज करूंगा, कल करूंगा, कहकर एक साल से घुमा रहा है। 20 नवंबर 2023 को मै पुनः बोली कि तुम मेरे साथ शारीरिक शोषण करते आ रहे हो। अब शादी करने से इंकार कर रहे हो। तो कहने लगा कि तुम दूसरे समाज की हो, मैं दूसरे समाज का हूँ, मेरे घर वाले तुमको स्वीकार नहीं करेंगे जिस कारण मैं तुमसे शादी नहीं करना चाहता। तुमको जो करना है, कर लो कहकर चला गया। मेरे बार बार मनाने के बाद भी कहने लगा कि मैं तुमसे आज शादी करूंगा ना कल करूंगा कहकर शादी करने से इंकार कर रहा है। राजेश धुर्वे मुझे शादी का झांसा देकर मेरा शारीरिक शोषण किया है। मेरे मना करने के बाद भी मेरे साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध कमांक - 860/23 धारा 376 (2) (ह्र) भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा प्रकरण की विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रार्थिया एवं गवाहों का कथन लिया गया है। प्रकरण में अब तक की विवेचना से आरोपी राजेश धुर्वे पिता सहसराम धुर्वे उम्र 26 साल साकिन पालीगुडा थाना पिपरिया जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करने का साक्ष्य पाये जाने पर 09.12.2023 को आरोपी राजेश धुर्वे पिता सहसराम धुर्वे उम्र 26 साल साकिन पालीगुडा थाना पिपरिया जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

छापे मे मिले करोड़ों रुपयों की नगदी ने कांग्रेस सांसद के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी: खूबचंद पारख

राजनांदगांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यालय मे आयोजित पत्रकार वार्ता लेकर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के झारखंड राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों मे इनकम टैक्स और ई डी की छापेमार कार्यवाही मे मिले 200 करोड रुपये कैश को लेकर भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा की जब एक कांग्रेस सांसद के यहां इतना बड़ा नगद नोटो का जखीरा मिला है तो फिर कांग्रेस पार्टी के अन्य सांसदों के यहां कितनी नगदी होगी इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट-खसोट और दलाली की गारंटी है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है जो भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने कहा कि जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी।

अगर एक कांग्रेसी सांसद के पास 200 करोड़ की नगदी पकड़ी गई, तो बाकी सभी कांग्रेस सांसदों के पास कितनी नकदी होगी? इस हिसाब से तो गांधी परिवार विश्व का सबसे भ्रष्टाचारी परिवार है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जैसे कितने आर्टिस्ट है कांग्रेस में? जनता से लूटे हुए पैसे का हिसाब-किताब हर रोज़ लिया जायेगा, ये च्मोदी की गारंटीच है। कांग्रेस ने अपने नेताओं के करप्शन का एटीएम बना दिया था।कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला नोटों का पहाड़ और उसकी गिनती जारी है। मोहब्बत की दुकान के एक फ्रेंचाइजी के गले में 200 करोड़ के नोट मिले हैं। खूब बिक्री हुई है लगता है। सारी मोहब्बत कुछ यूं बिक गई तभी पास में सिर्फ हिंदुत्व और सनातन से नफरत बची है। कांग्रेस नेता धीरज साहू की अघोषित, अनैतिक बेईमानी संपत्ति के संबंध में वार्ताकार खूबचंद पारख , रमेश पटेल जिला भाजपा अध्यक्ष , अशोक लोहिया, अमर लालवानी, शिव वर्मा, तरुण लहरवानी, योगेश दत्त मिश्रा,मनोज बैद, तथा वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

निगम में कमीशन और टेंडरों को रोकने से बाज आए अधिकारी :किशुन यदु

■ भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को छिपाने फाईलों को पुरानी तारीख में निपटाने की शिकायतें आ रही

राजनांदगांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बयान जारी कर निगम प्रशासन को जनहितैषी कार्यों में देर न करने और गड़बड़ियों से बचने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में मोदी की गारंटी और भाजपा के विश्वास और विकास का मॉडल चलेगा। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास की गति में अड़ंगा डालने वालों पर भी अब जाहिर तौर पर बड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पांच सालों में कांग्रेस के पश्चपात ने राजनांदगांव शहर को उजाड़ कर दिया। लेकिन अब जनता ने जनसरोकार वाली भाजपा सरकार चुनी है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि ङ्क शिकायतें मिल रही है कि निगम में भी कुछ प्रकरणों की पुरानी फाईलों को बैकडेट पर निपटाया जा रहा है ताकि उसमें हुई गड़बड़ियों को छिपाया जा सके। जीरो टॉलरेंस वाली भाजपा की सत्ता आते ही निगम में कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति है। और कार्रवाई से बचने वे कागजी खेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ङ्क इस तरह की अनुचित प्रक्रियाओं से आयुक्त और निगम के अन्य अधिकारियों को बचना चाहिए।

शहर के लिए स्वीकृत कई कार्यों के टेंडर को लेकर किशुन यदु ने कहा कि - अब भी कई टेंडर नहीं खुलने की शिकायत मिलती रही है। आयुक्त को इस पर अब त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। शहर के विकास कार्यों से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। कमीशन के लिए टेंडरों को रोके जाने का विरोध भाजपा शुरु से करती रही है। विकास कार्यों के टेंडर में कमीशन का खेल अब नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि - शहर में पानी, बिजली, सड़क और सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाना निगम की प्राथमिकता होनी चाहिए। स्ट्रीट लाईट और दूसरी व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जाना चाहिए। इन विषयों पर तेजी से कार्रवाई हो। शहर के हितग्राहियों को सीधी, सरल प्रक्रिया के तहत योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अजाक्स एवम विद्यार्थियों ने की श्रद्धांजलि अर्पित

राजनांदगांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जी के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर उनके बताए मार्ग पर अनुसरण करने का संकल्प लेने हेतु दिनांक 6 दिसंबर 2023 दिन बुधवार समय संध्या 6:00 बजे स्थान सामुदायिक भवन/छात्रावास, हल्बा समाज, शाखा राजनांदगाँव में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर अजाक्स के सरंक्षक डॉ जी पी राज़े सर ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के जीवन परिचय, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कैसे वे 32 डिग्री प्राप्त किए, शोषित पीड़ित वंचित समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए महान समाज सुधारक कार्य किए, महिलाओं को सम्मान दिलवाए, और विश्व का सबसे अच्छा महान भारतीय संविधान बाबा साहेब ने बनाया, बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश का विकास करने का आव्हान किया। हल्बा समाज के अध्यक्ष श्री एच आर ठाकुर सर ने बाबा साहब की जीवन वृतांत को रखा तथा बताया कि आदिवासियों को मिले समस्त अधिकार बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी की देन है. अजाक्स के जिला अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ चौरे ने अपने संबोधन में संविधान में प्राप्त अधिकारों के प्रति जागृत रहने और समाज से अंधविश्वास और कुरुतियों को दूर करने का प्रयास करने, सभी को संगठित रहकर समाज हित और देश हित में कार्य करने का आव्हान किया। संक्षिप्त सभा को अजाक्स के उपाध्यक्ष श्री भूषण भुआर्य एवं मेघनाथ भुआर्य ने बाबा साहेब के संघर्षों से प्रेरणा लेते हुए कार्य करने का आव्हान किए। आपने बाबा साहेब के विचारों कि शिक्षित बनो; संघर्ष करो एवं संगठित रहो पर प्रकाश डाला और अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षित होने का आव्हान किया। इस सभा का संचालन अजाक्स के सचिव दिनेश सुधाकर ने किया। सभा को जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार रामटेके, सह सचिव प्रशांत सुखदेवे, क्लॉक अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर भूआर्य, श्री पंकज मेश्राम , एवम हल्बा सामुदायिक भवन/छात्रावास के विद्यार्थियों ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर हल्बा समाज के सामुदायिक भवन कौरिन भाठा राजनांदगांव में बड़ी संख्या में छात्र एवं सभी समुदाय के लोग इकट्ठा होकर बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें को नमन किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए किया जा रहा कार्य: प्रधानमंत्री मोदी

■ प्रधानमंत्री ने जनता से सीधे किया संवाद
■ सांसद ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना
■ कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े जनप्रतिनिधि एवं किसान हुए शामिल

राजनांदगांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत जनता से सीधे संवाद कर उनसे केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्रतिक्रिया ली। इस दौरान सांसद श्री संतोष पाण्डेय, श्री भरत वर्मा, कलेक्टर श्री डोमन सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव से विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में हजारों लोग सहभागी बन रहे हैं और व्यापक पैमाने पर मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी पहुंच चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के माध्यम से जनसामान्य को लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के शत-प्रतिशत पहुंच के लिए वाहन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक शासन के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सरकार गरीब एवं वंचित लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विशेषकर गरीब एवं जरूरतमंद, युवा, महिला एवं किसान को सशक्त करना है और उनके सपनों को पूरा करना है। देश के किसानों की आय बढ़ाना है और उन्हें आधुनिक कृषि को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ गरीब एवं वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। गांव-गांव के स्वसहायता समूह की महिलाएं सशक्त बन रही हैं। हमें विकसित भारत का सपना पूरा करना है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान प्रगतिशील कृषक, व्यावसायी एवं जनसामान्य के लिए है, जिसमें वाहन के माध्यम से शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। वाहन में प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाईल हेल्थ कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें जानकारी दी जाएगी। एक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें रक्त जांच, ब्लड प्रेशर जांच एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अच्छा रहने से समृद्धि एवं खुशहाली आती है। उन्होंने सभी के सुख-शांति की कामना करते हुए देश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक श्रीमती गुंजन झा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, स्टार्टअप योजना, स्टैण्डअप इंडिया, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, प्रधानमंत्री जन-औषधि योजना, अटल मिशन (अमृत योजना), उजाला योजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना, खेलो इंडिया, वंदे भारत ट्रेन एवं अमृत भारत स्टेशन योजना तथा अन्य महत्वपूर्ण योजना के जनसामान्य तक शत-प्रतिशत पहुंच के लिए व्यापक पैमाने पर जागरूकता लाने एवं हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

डॉ रमन सिंह की ऐतिहासिक जीत , अभिषेक के नेतृत्व क्षमता का सफल परिणाम: योगेश बागड़ी

राजनांदगांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। विगत दिनों संपन्न विधान सभा चुनावों में राजनांदगांव विधान सभा से लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक (आर्थिक प्रकोष्ठ) एवं शक्ति केन्द्र (3) प्रभारी योगेश बागड़ी का मानना है कि इस प्रचंड जीत का मुख्य श्रेय पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को जाता है।

राजनांदगांव के समस्त कार्यकर्ता अभिषेक सिंह के नेतृत्व में जिस उत्साह एवं लगन से मेहनत कर रहे थे तभी लगने लगा था कि हम बड़ी जीत की ओर बढ़ रहे हैं। मतदान के समय जब यह बात सर्वविदित हो चुकी थी कि सामने स्थित दल द्वारा भारी धन बल का प्रयोग किया जा रहा है तब कार्यकर्ताओं में कुछ शंका-कुशंका हुई थी ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं ने और अधिक मेहनत कर संस्कारधानी की ओर से ऐसे किये गये धन बल को निष्प्रभावी कर दिया। पूरे चुनावों के दौरान चुनाव संचालक मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल , सुरेश एच. लाल सहित अन्य नेताओं का मार्गदर्शन हमेशा प्राप्त होते रहा। इस प्रचंड जीत में युवा मोर्चा - महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं की मेहनत उल्लेखनीय रही। इस चुनाव के परिणाम ने बता दिया राजनांदगांव की जनता के दिल में रमन सिंह जी ही बसते हैं। शहर की जनता को विश्वास है कि फिर से अवश्कृ हो चुकी विकास की गंगा डॉ. रमन सिंह जी के नेतृत्व में अनवरत बहेगी।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एवं लोक परंपरा है मेला मड़ई:गिरीश देवांगन

राजनांदगांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव के छाया विधायक गिरीश देवांगन ढाबा वार्ड के मेला मडाई के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए ।

कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि ढाबा में अपार जनसमूह व दिलीप षड़ंगी के सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि की आसंदी से गिरीश देवांगन जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का राज्य है यहां की सांस्कृतिक एवं लोक परंपराओ में एक महत्वपूर्ण पक्ष लोक मड़ाई का भी है लोक मडाई के माध्यम से जनता जहां उत्सवपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारा सौहार्द के साथ मनोरंजन करते हैं और पारंपरिक मिष्ठान एवं खरीददारी कर अपने एवं अपने परिवार के बीच खुशियां बांटते हैं ऐसे परंपरा को जीवंत रखना हम सब की माहिती जिम्मेदारी है प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल जी के 5 वर्षीय कार्यकाल में जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ की संस्कृति लोक कला को जो संरक्षण एवं संवर्धन एवं बढ़ावा मिला जिसके कारण छत्तीसगढ़ी संस्कृति को पूरे देश में एक विशेष पहचान मिली ऐसी संस्कृति को हमें अक्षुण रखना है मेला मड़ाई के स्टालों में जाकर दुकानदारों से भेंट मुलाकात किए जिससे व्यवसाई देवांगन जी के व्यवहार मिलनसारिता के कायल हुए जनता से मिलते हुए कहा कि मैं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं चुनाव में हार और जीत होती रहती है लेकिन आप सभी ने जो आशीर्वाद मुझे दिया उससे मुझमें और उत्साह का संचार हुआ है जिससे मैं निरंतर आपकी,क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी होने के साथ-साथ निरंतर सेवा करने का प्रयास करूंगा और राजनांदगांव की विकास के लिए निरंतर आवाज बुलंद कर आवश्यकतानुसार संघर्ष करने से भी हम पीछे नहीं हटेंगे। आयोजन में गिरीश देवांगन के साथ राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख वार्ड के पार्षद सचिन दूरहाटे, पार्षद राजा तिवारी विनय झा, गणेश पवार,वीरेंद्र चौहान डा अरुण देवांगन,पुरुषोत्तम सिंह चौहान, सत्यम सिंह, सहित बड़ी संख्या में वार्ड, जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।

डॉ रमन के विश्वास व मोदी की गारंटी की जीत: आभा तिवारी

राजनांदगांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई भाजपा जिसका श्रेय विश्वास और गारंटी को जाता है लगातार सक्रिय भूमिका निभाते हुए जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी ने कहा कि हमारा संगठन मजबूत था हमारे पन्ना प्रमुख मजबूत था बूथ अध्यक्ष मजबूत थे कांग्रेसियों के पैसों के आगे मोदी की गारंटी का जादू चला । जनता ने दिखा दिया कि पैसा मायने नहीं रखता डॉक्टर रमन जैसे विश्वास लाना होगा सबके दिलों में और हर एक चीज की विश्वसनीयता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा देना होगा । जनता ने मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई प्रचंड बहत दबाकर बहुमत दिलाए हम सभी को धन्यवाद देते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में हर बूथ में कमल खिलेगा और जहां कांग्रेस को बूथ में 65 मत मिले हैं ऐसे अन्य जगह जो 100 से नीचे हैं 2024 में वह बूथ भी कांग्रेस मुक्त हो जाएगा। आभा तिवारी ने आगे कहा कि भ्रष्टाचारी नेताओं की जनता के आगे कुछ नहीं चली। जनता का अडिग विश्वास उनके साहस को हम सलाम करते हैं। 5 साल में ही कांग्रेस ने अपने छवि स्पष्ट कर दी कि वह जनता को गंगाजल के स्थान पर शराब की नदी बनाना चाहती है कांग्रेस भूल चुकी थी कि अब जनता मूर्ख नहीं है। किसी प्रकार में दबाव में आने वाली नहीं है पढ़ी-लिखी जानता है जिसे वोट करना आता है। विकास विश्वास और सब का साथ देने वाली पार्टी को चुनी जनता ने। आभा तिवारी ने कई ऐसे उदाहरण भी दिए कि वह जिस भी गांव जाती थी वहां कांग्रेस के और भाजपा के दोनों के झंडा और बैनर चुपके थे तो उनसे उन्होंने पूछा तो लोगों ने सीधा कहा कि आभा यह जो चिपका है उसे चिपके रहने दे तू देशेंन मत ले हम भाजपा को ही देंगे मोदी को ही देंगे रमन को ही देंगे। मगर मुझे फिर भी कई रणनीति पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो चुके थे मैं विश्वास और विश्वास के बीच झुलस रही थी । तभी मेरे सतगुरु देव बर्फानी दादा जी का कहा वह वचन याद आया कि दादाजी ने कहा था कि इसे तो जानता ही खदेडेगी तू चिंता मत कर तेरी जय होगी। लेकिन उन्हें कहे सालों साल बीत रहे थे चिंता तो बनी थी मैं वह वचन भूल चुकी थी ,लेकिन आज जब रिजल्ट आया तो समझ आया कि सच में एकदम सही है.. जीत जनता की।

शहर के चौक-चैराहो पर फेरी लगाने व घूमने वाले 21 संदिग्धों का किया गया एस एस रोल जारी

राजनांदगांव, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्ग दर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनादगांव के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों के खिलाँफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 09/12/2023 को शहर के चैक चैराहों में फेरी करने व घुमने वाले 21 लोगों की गतिविधियाँ संदिग्ध लगने पर सभी का एस एस रोल जारी कर उसके निवास क्षेत्र के थानों में तस्दीक हेतु प्रतिवेदन भेजा गया, तस्दीक रिपोर्ट में प्रतिकूल टीप पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही किया जावेगा। लगातार थाना क्षेत्रों में फेरी करने वाले लोगो की जानकारी ली जा रही है कोतवाली पुलिस राजनांदगाँव शहर के लोगो से अपील करती है कि सभी अपने किरायेदारों की जानकारी थाने में उपलब्ध करायें एवं बाहर से आये संदिग्ध लोगो की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित किया जावें।

डोंगरगांव महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान आयोजित

डोंगरगांव, 9.दिसंबर (देशबन्धु)। महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में प्राचार्य डॉ.बी.एन.मेश्राम के मार्गनिर्देशन में तथा रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष चंचल स्टेला कजूर के तत्वाधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजित किया गया था। अतिथि व्याख्यान में शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर के सहायक प्राध्यापक डॉ. अरूनेन्द्र कुमार तिवारी उपस्थित थे इस व्याख्यान महाविद्यालय स्नातक बी.एस.सी. एवं स्नातकोत्तर एम.एस.सी. रसायन शास्त्र के समस्त छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। डॉ. तिवारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को रसायनिक आबंधन और उससे संबंधित सिद्धांत पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। डॉ. तिवारी ने रासायनिक आबंधन के बारे में छात्रों के मध्य बहुत ही प्रभावी एवं सरलपूर्वक तरीके के उनके बारे में जानकारी दियें। इस कार्यक्रम में रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. चंचल स्टेला कुजूर, स्ववित्तीय शिक्षक अर्चना देवांगन, पवन कुमार देवांगन तथा बी.एस.सी. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष एवं एम.एस.सी. के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

शादी का प्रलोभन देकर करता रहा अनाचार

डोंगरगांव, 9.दिसंबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे एक आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है आरोपी ने एक नाबालिक लड़की को अपने साथ लेकर शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार किया गया है पुलिस ने अपराधियों पर सिकंजा कसने हेतु जारी कार्यवाही मे थाना डोंगरगांव मे दर्ज अपहरण के मामले मे लगातार अपहृता एवं आरोपी की पता तलाश मे ,सायबर सेल रा30, व मुखबीर की सहयोग के, दौरान 5.दिसंबर को अपहृता आरोपी से बचकर अपने माता पिता को फोन किया , जिसे थाना डोंगरगांव मे बरामदगी पंचनामा तैयार कर अपहृता का विधि अनुसार कथन दर्ज किया , एवं आरोपी की लगातार पता तलाश के दौरान, मुखबीर से पता चला कि आरोपी अपने गृह ग्राम किरगी मे है , सुचना पर पुलिस ग्राम किरगी मे जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया , जिसे पुलिस हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर नाबालिक लड़की को अपने साथ शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाकर नागपुर शहर महाराष्ट्र मे बलात्कार करना जुर्म स्वीकार किया गया आरोपी ललित साहू पिता दलीराम साहू उम्र- 23 वर्ष ग्राम किरगी निवासी कोधारा-363,366,376,376(2)(द) भादवि, एवं 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत 9 दिसंबर को गिर0 कर न्यायालय के समक्ष ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । बलात्कारी आरोपी को पकडने मे ,थाना प्रभारी के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम मे देवकुमार रावटे, भुपेन्द्र कौंचे, राकेश कुमार साहू की विशेष योगदान रहा है ।

उल्टा पुल्टा

रेलवे टीटी- टिकट दिखाओ, कहां जाना है?
पिंटू - जहां राम का जन्म हुआ था,
टीटी- टिकट दिखा दो, जहां जाना है जाओ।
पिंटू - टिकट नहीं है सर।
टीटी- तो चलो...
पिंटू - कहां सर ?
टीटी- जहां भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था।

सिनोधा में भी चारा-पानी के अभाव में तीन गौवंशों की मृत्यु

कसडोल/बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। विकासखण्ड कसडोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्दा एवं मड़कडा के बाद समीपस्थ ग्राम पंचायत सिंनोधा में आज चारा पानी के अभाव में तीन गायों की मरने की खबर सामने आयी है। दो दिन पहले ही समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित हुआ है कि गौठान व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के निर्देश का नही हो रहा है पालन और आज 3 गायों की मौत ने समाचार में मोहर लगाकर प्रमाणित कर दिया है कि उनके फरमान की कितनी धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसी क्रम में ग्रामीणों का कहना है कि कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार की महती योजना क्या अब बंद हो जाएगा। उक्त स्थिति में अब गौवंशो का क्या होगा यह सोचने का विषय है।

जिला प्रशासन की चुप्पी समझ से परे

उल्लेखनीय है कि गौठानो में पर्याप्त चारा-पानी की उपलब्धता नहीं होने की शिकायतों को कलेक्टर ने बड़ी गंभीरता से लेते हुए 24 नवंबर को सभी जनपद पंचायत सीईओ को गौठानो में पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था करने को भले ही कहा हो लेकिन वर्तमान स्थिति में गौठान व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के निर्देश का पालन नही हो रहा है। जिसके चलते क्षेत्र में गौवंशों की मृत्यु हो रही है। ज्ञात हो कि कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि गौठान में समुचित व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार का बहाना बाजी नहीं चलेगा। साथ ही साथ गौठानो के व्यवस्था संबंधित मूलभूत कार्यो को करना अनिवार्य है। इसके लिए सभी पंचायत सचिवों की रूटीन में ड्यूटी लगवाईएं गए है किसी भी स्थिति में गोठान के कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होने पशु चिकित्सा विभाग को सभी गौठानो में जाकर पशुओ का नियमित स्वास्थ्य चेकअप करने कहा गया है। आवश्यकता पड़ने पर सभी गौठानो में शिविर लगाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। लेकिन इन सभी बातों को दरकिनार करते हुए जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत ग्राम पंचायतो में संचालित गौठानों में चारा-पानी की अभाव में गायों की हो रही मौत ने प्रशासन की आदेश को ठेंगा दिखा रहा है। जहाँ पंचायत प्रतिनिधियों की निष्क्रियता के चलते चारा-पानी, देखरेख की अभाव में गायों की हुई मौत ने जमीनी हकीकत को जगजाहिर करते हुए गौठान विकास का पोल खोल दिया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व ग्राम पंचायत मड़कडा के अलावा पास ही ग्राम पंचायत मल्दा सहित कई गावों के गोठनो में भी बड़ी संख्या में गायों की मौत चारा पानी के अभाव में हो गया था लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

सहाड़ा देव से लगा हुआ लाखों की खर्च से बना पौनी पसरी, स्थल में अब तक सब्जी बाजार

नवापारा राजिम, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। गोबरा नवापारा पालिका के लापरवाही की वजह से क्षेत्र में सहाडा देव से लगा हुआ लाखो की खर्च से बना पौनी पसरी रुपए स्थल मे अब तक सब्जी बाजार नही लग पाया।जबकि उक्त स्थल का निर्माण सुभाषचौक मे अव्यवस्थित सब्जीबाजार को व्यवस्थित करना था और इसके लिए पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के हाथों 3 माह पूर्व उद्घाटन कराया गया था। इसके बाद भी पालिका प्रमुख यहां सब्जी विक्रेताओं को सब्जी बेचने वालो को नही बैठा, पाये। अभी भी यह स्थान सुनसान पड़ा हुआ है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा अनुसार बाजार व्यवस्थित हो इसके लिए इस स्थल ङपर पौनी पसरी का निर्माण किया गया। इसी के अंतर्गत लेकिन देखा गया है आज वह स्थान में बहुत सारे मवेशियों के साथ नशा करने वालों का अड्डा बन गया है।

यहां चारों ओर लाइट जल रही हैं जिसे देखने पर ऐसा लगता है कि अभी-अभी बाजार समाप्त हुआ है लेकिन बाजार यहां नहीं लगती पौनी पसरी अभी भी सब्जी विक्रेता के इंतजार में बैठी हुई है। इंतजार इसकी इतनी लंबी हो गई है चबूतरे में धूल जमा हो रहा है टाइल्स उखड़ रहे हैं बनते समय जितनी यह सुंदर दिख रही थी आज उसका रूप बदलता हुआ नजर आ रहा है करोड़ों खर्च करने के बाद भी आज इसका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।

शराब दुकानों के करीब चखना सेंटरों पर चला बुलडोजर

महासमुंद, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर की शराब दुकानों के पास चल रहे अवैध चखना सेंटरो पर कार्रवाई हुई। शनिवार को नगर पालिका, पुलिस आबकारी विभाग के अधिकारियों की टीम ने शहर से लगे सितली नाला के पास जहां लगभग 30 अवैध रूप से संचालित चखना सेंटरों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने जेसीबी की मदद से चखना सेंटर्स को गिरा दिया। इन अवैध चखना सेंटरों की वजह से आस पास का माहौल खराब हो रहता था। दिन भर असामाजिक तत्वों के जमावड़ा चखना सेंटर्स में लगा रहता था। इस कार्यवाही मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि सितली नाला के आसपास लगातार अवैध रूप से चखना सेंटरों का संचालन किया जा रहा था। लंबे समय से इसकी शिकायत मिल रही थी। इस वजह से वहां कार्रवाई करना आवश्यक था। अचार संहिता लगा होने के कारण कार्रवाई नहीं हो रही थी, यह नियमित रूटीन की कार्यवाही है।

कांग्रेस ने अपने नेताओं को बना दिया है करप्शन का एटीएम : चुन्नीलाल

महासमुंद, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने अपनी नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है। एक तरह से पूरे देश में कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है। अब मोदी की गारंटी है कि जनता से लूट खषोट, भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी व्यक्ति को नही छोड़ा जाएगा और उनसे पाई-पाई वसूल की जाएगी।

उक्त बातें पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला भाजपा कार्यालय में सांसद चुन्नीलाल साहू और भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने कही। इस मौके पर चंद्रहास चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, पार्षद देवीचंद राठी, हेमलता, मीना वर्मा, सुभ्रा शर्मा उपस्थित थे। पत्रकारों को बताया कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े व्यापारिक समूह के ठिकानों पर आयकर विभाग द्वारा झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में छापेमारी की गई जिसमें अब तक 200 करोड़ रुपए से अधिक का कैस बरामद हो चुका है। रुपयों की बरामदगी का दौर जारी है तथा जब्ती की राशि बढ़ सकती है। इस रेड में कानूनी तरीके से जब्त की जाने वाली सबसे बड़ी नगद होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जब्त नोटों की संख्या इतनी ज्यादा है कि गिनने के लिए मंगवाई गई मशीने खराब हो गई। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि एक कांग्रेसी सांसद के पास 200 करोड़ की नगदी के 200 करोड़ पकड़ी गई है तो बाकी कांग्रसी सांसदों के पास कितनी नगदी होगी। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या गांधी परिवार सबसे भ्रष्टाचारी परिवार है, कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से नोटों का पहाड़ निकल रहा है। लगता है मोहब्बत की एक फैन्चायजी के गढ्ढे में 200 करोड़ के नोट मिले हैं। कांग्रेस नेताओं और आईएनडीआई एलायंश के गठबंधन से जुड़े नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन के नेता जमकर भ्रष्टाचार और लूट खषोट करते है जब ईडी, सीबीआई और आईटी जैसी जांच एजेंसियां जांच करती है तो सारी भ्रष्टाचारी नेता एक होकर जांच एंजेसियों पर आरोप लगाने लगते है। आश्चर्य का विषय है कि इन मामलों पर खरड़े, सोनिया गांधी, राहुल गांधी चुप्पी साधे बैठे है। क्या कारण है कि चतरा से दो बार लोकसभा का चुनाव हार चुके धीरज साहू को कांग्रेस ने तीसरी बार राज्य का सांसद बनाया।

मोदी की गांरटी है भ्रष्टाचारियों से वसूले जाएंगे पाई-पाई

उन्होंने अनके घोटालों में शामिल बड़े-बड़े नेताओं पीयूश जैन, बेंगलुरू में कांग्रेस नेता के रिश्तेदार समेत छापेमार कार्रवाई अधिकारियों के घरों से मिले करोड़ों के कैस का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने इर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है।

साहू छात्रावास में विकासखंड स्तरीय काव्य गोष्ठी संपन्न

राजिम, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। स्थानीय साहू छात्रावास में विकासखंड स्तरीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। उपस्थित कवियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कवि नूतन लाल साहू ने मंच का संचालन करते हुए सरस्वती वंदना के लिए गीतकार भोले साहू को आमंत्रित किया। उन्होंने वंदना है वंदना मां सरस्वती के वंदना, वंदना के बिना मुझे आए ना आनंदना। हास्य व्यंग्य के कवि काशीपुरी कुंदन ने सिस्टम की कमियों को उजागर करते हुए व्यंग्य रचना दिया। बानगी देखिए-योग्य व्यक्ति नियुक्ति, स्थानांतरण, पेंशन हर स्तर पर मार खाते हैं और अयोग्य व्यक्ति अपने परिस्तों के कारण बैतरणी पार कर जाते हैं। युवा शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने शानदार रचना पढ़कर खूब तालियां बटोरी। पेश है चंद लाइनें - एक रात खामोशी ने खुदकुशी कर ली, ताफ्तीश से पता चला कि, इस शोर शराबे से भरी इस दुनिया में, उनकी कोई सुनता नहीं था। गीतकार मकसूदन राम साहू बरीवाला ने छत्तीसगढ़ी में रचना पढ़ी - नई लागे मंजन दूधपेस्ट, मुखारी वन ऑफ़ बेस्ट। डॉ रमेश सोनसायटी ने योग के महत्व को बताते हुए कविता की लाइन प्रस्तुत किया कि-तू कर ले प्राणायाम, सब रोग दूर जाएगा। रोना नहीं तेरा, जीवन खुशियों से भर जाएगा। मोहनलाल मानिकपन भावुक की कविता देखिए- तोर कोरा में माता कौशल्या, पहिचान बनाये. जगत विधाता राम ल पाके, ममा भांजा के मान बढ़ाये। कोपरा के कवि राधेश्याम सेन ने गीत पढ़कर नया साल के बधाई दिया। पुरुषोत्तम चक्रधारी पांडुका ने गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। जिन्हें सुनकर श्रोता खुश हो गए। कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने नई कविता सुनाते हुए जीवन की मार्मिक सच्चाई को उजागर किया। उन्होंने अजनबी शीर्षक से जोरदार पंक्ति पेश की। पढ़िए-कोई नहीं हमदर्द, जो समझ सकें, बहते अश्रुओं का भाव, कल तक जो थे अपने, आज हो गए हैं पराए, दुनिया की भीड़ में, बन गया अजनबी। आभार प्रगट सुनीति साहू ने किया। फोटो सेशन यांशु साहू ने किया।

अयोग्य व्यक्ति अपने परिस्तों के कारण बैतरणी पार कर जाते हैं, कोई नहीं हमदर्द, जो समझ सकें, बहते अश्रुओं का भाव, कल तक जो थे अपने, आज हो गए हैं पराए, दुनिया की भीड़ में, बन गया अजनबी - सन्तोष सोनकर

नगर में नवनिर्वाचित विधायक इंद्रकुमार साहू का निकला विजय जुलुस

नवापारा-राजिम, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद नवनिर्वाचित विधायक इंद्रकुमार साहू जैसे ही नवापारा शहर पहुंचे वैसे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया। उसके बाद श्रीसाहू बग्गी पर सवार होकर आभार एवं विजय रैली शहर में निकाली। सबसे पहले विधायक श्रीसाहू कर्मा माता मंदिर, शीतला माता मंदिर और यहां से सीधे श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुंचकर विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना करते हुए नवापारा शहर सहित समूचे विधानसभा क्षेत्र के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना की। श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद नेहरू गार्डन के पास पहुंचे। नेहरू गार्डन से आभार एवं विजय रैली धुमाल बाजे के साथ इंदिरा मार्केट, सदर बाजार, कुम्हार हटरी, साहू गुड़ी, सुभाष चौक होते हुए बस स्टेण्ड पहुंची। यहां बस स्टेण्ड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में माल्यार्पण कर शीश नवाया उसके बाद गंज मार्ग होते हुए रैली आगे बढ़ी। मां काली मंदिर के पास >> शेष पृष्ठ 9 पर>

घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी लूटखसोट और दलाली की गारंटी : कृष्णा अवस्थी

बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने जिला भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू से जुड़े व्यापारिक समूह के ठिकानों पर झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 6 दिसंबर बुधवार से जारी आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक का कैश बरामद हो चुका है। अभी बरामद रुपयों की गिनती चल ही रही है। ऐसे में यह जब्त राशि और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि इस रेड में देश में कानूनी तरीके से जब्त की जानेवाली सबसे बड़ी नकदी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जब्त नोटों की संख्या इतनी ज्यादा कि उन्हें गिनने के लिए मंगवाई गई मशीनें भी खराब हो गई। कार्रवाई को इतना गोपनीय रखा गया था कि रेड में शामिल लोगों को मालूम नहीं था कि कहां जाना है।

भ्रष्टाचार की काली कमाई से कांग्रेस नेता अपनी जेब भर रहे हैं : टेसूलाल धुरंधर

भाजपा जिला महामंत्री श्री अवस्थी ने कहा कि एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट-खसोट और दलाली की गारंटी है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है जो भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अवस्थी ने कहा कि जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी। भाजपा जिला महामंत्री श्री अवस्थी ने कहा कि अगर एक कांग्रेसी सांसद के पास 200 करोड़ की नगदी पकड़ी गई, तो बाकी सभी कांग्रेस सांसदों के पास कितनी नकदी होगी इस हिसाब से तो गांधी परिवार विश्व का सबसे भ्रष्टाचारी परिवार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ऐसे कितने आर्टिस्ट हैं कांग्रेस में जनता से लूटे हुए पैसे का हिसाब-किताब हर रोज लिया जावेगा, ये मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने अपने नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है।

भाजपा जिला महामंत्री श्री अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला नोटों का पहाड़ और गिनती जारी है। मोहब्बत की दुकान के एक फ्रेंचाइजी के गढ्ढे में 200 करोड़ के नोट मिले हैं। खूब बिक्री हुई है लगता है। सारी मोहब्बत कुछ यूं बिक गई तभी पास में सिर्फहिंदुत्व और सनातन से नफरत बची है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस का जनप्रतिनिधि होगा, वहां इस बात की गारंटी है कि वह भ्रष्टाचार अवश्य ही करेगा। ऐसे घोटाले और भ्रष्टाचार के सेंटर का नाम यदि गांधी करप्शन सेंटर रख दिया जाए तो यह गलत नहीं होगा क्योंकि ऐसे सभी कामों की ट्रेनिंग उन्हीं के द्वारा दी जाती है। श्री अवस्थी ने कहा कि भ्रष्टाचार की काली कमाई से कांग्रेस नेता अपनी जेब भर रहे हैं और यह सारा पैसा गांधी परिवार की तिजोरी तक जाता है। यह सारा पैसा जनता की गाढ़ी कमाई का है, जिससे कांग्रेस के नेता अपने घर भर रहे हैं। यह बहुत आश्चर्यजनक है कि खड़गे, सोनिया गाँधी और राहुल गांधी चुप्पी इन मामलों साधे बैठे हैं।

भाजपा नेता टेसुलाल धुरंधर ने सवाल करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता ईडी, सीबीआई और आईटी का विरोध कहीं इसलिए तो नहीं कर रहे थे कि कहीं उनके भी अवैध उगाही >> शेष पृष्ठ 9 पर>

कलेक्टर रघुवंशी ने लिया धान उपार्जन केन्द्रों का जायजा

धमतरी, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी आज धमतरी के संबलपुर और कुरूद विकासखंड के भाठागांव धान खरीदी केंद्रों का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जिले के धान उपार्जन केंद्रों में की जा रही अब तक कुल धान खरीदी एवं उठाव, धान के सुरक्षित रख रखाव, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्होने उपार्जन केन्द्रों में खरीदी पश्चात रखे गए शेष धान को बेमौसम बारिश से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर और पानी के निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्रम, जिला विपणन अधिकारी एस. मिश्रा के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले के 1 लाख 24 हजार 406 किसानों में से अब तक 41 हजार 160 किसानों से 15 लाख 42 हजार 358 क्विंटल धान बेचा है, जिसकी राशि 337 करोड़ 88 लाख 14 हजार 340 रूपये हैं।

धान खरीदी केन्द्रों में धान को सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

कृषि विज्ञान केंद्र में सुना गया विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संवाद

भाटापारा/बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद कार्यक्रम को कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा की उपस्थिति में सुना गया। कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखने व सुनने की व्यवस्था यहां की गई थी। संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अनेक राज्यो से ऑनलाइन जुड़े विभिन्न योजनाओं के कई हितग्राहियों से सीधा संवाद किया तथा हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये।

हितग्राहियों को दी गई विभागीय योजनाओं की जानकारी

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने सबोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ऐसे लोगो तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है जो योजनाओं के लाभ से वंचित थे। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में अब तक करीब 1.50 लाख लोगों ने अपने अनुभव साझा किया है। इस यात्रा से देश के 40 हजार गांव के 1.50 करोड़ लोगों तक पहुंचना है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का स्वागत लोग दिल खोलकर कर रहे है जो अदभुत है। स्कूली बच्चे रंगोली बनाकर इसका स्वागत करते है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में यह गाड़ी पहुंचे तो वहां बच्चे, युवा एवं बुजर्गों को जाना चाहिए। किसी योजना से वंचित लोगों को ऑन स्पॉट पंजीयन किया जाता है।

कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा जल्द शुरू होगा। इसके अंतर्गत वाहन भी जल्द आने वाली है। >> शेष पृष्ठ 9 पर>

शुष्क दिवस आज

बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर। कलेक्टर चंदन कुमार ने शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसम्बर को तहसील सोनाखान अंतर्गत संचालित देशी, विदेशी मदिरा दुकान बया को सम्पूर्ण दिन के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है।

कलेक्टर सहित जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा में जुड़े

धमतरी, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सभी के समवेत प्रयास से ही भारत विकसित बनेगा। हम सभी को पूरी निष्ठा और बेहतर प्रयासों से ही भारत को विकसित बनाना है। मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं का पूर्ण लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जिससे लोगों को कम समय में ही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, मुद्रा योजना ने लोगों के जीवन में बदलाव लाया है, इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। स्वसहायता समूह से जुड़कर महिलाएँ नये रोजगार सृजित कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रहीं हैं। युवा वर्ग कौशल उन्नयन कर स्वरोजगार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना आगामी समय में कृषि व महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। ड्रोन के माध्यम से उन्नत कृषि व आधुनिकीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा तथा ड्रोन के संचालन से महिलाएं स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त करेंगी। इस दौरान उन्होंने फिट इंडिया मुवमेंट के संबंध में भी चर्चा की और सभी वर्ग के लोगों को फिट रहने

हम सभी के समवेत प्रयास से बनेगा विकसित भारत : प्रधानमंत्री

प्रोत्साहित किया। उक्त वर्चुअल कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से देशभर से लोग जुड़े रहे। धमतरी जिले के गंगरेल रेस्ट हाउस में कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी सहित जिलाधिकारी शामिल हुए वन्ही कृषि विज्ञान केन्द्र में उक्त वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, उप संचालक कृषि श्री मोनेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शक्ति वर्मा ने केन्द्र की योजनाओं तथा कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी द्वारा किये जा रहे प्रमुख कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने केन्द्र की जैविक खेती, ड्रोन तकनिक "पर ड्राप मोर क्राप' तथा जैविक खेती मिशन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के आरंभ में जैविक खेती करने वाले कृषक गाडाडीह के रमन साहू ने जैविक खेती के विषय में अपने अनुभव बताये। कृषक सखाराम साहू ने फसल चक्र परिवर्तन हेतु दलहनी व तिलहनी फसलों के उत्पादन के विषय में अपने अनुभव साझा किया। बिसराम सोनकर सारंगपुरी निवासी ने उद्यानिकी फसल की खेती के बारे बारे में अपने अनुभव साझा किया।

उपसंचालक कृषि मोनेश साहू तथा महेश बघेल उपसंचालक पशुपालन एवं मछली पालन विभाग से आये अधिकारी कमलनारायण तिवारी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। केन्द्र के वैज्ञानिक प्रेमलाल साहू ने कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित प्राकृतिक खेती योजना के बारे में जानकारी दिया। केन्द्र की मृदा वैज्ञानिक डॉ. वैधिका साहू ने मृदा परीक्षण तथा सॉयल हेल्थ कार्ड के बारे में बताया।

इंटरनेशनल लेवेल आर्ट कॉम्पटिशन में एबीसी पब्लिक स्कूल के 28 विद्यार्थी हुए क्वालीफाय

खरोरा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। रंगोत्सव सेलेब्रेशन महाराष्ट्र द्वारा हुये नेशनल लेवेल आर्ट कॉंपीटीशन में एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव के 28 विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। रंगोत्सव सेलेब्रेशन के हैड राइटिंग कॉंपीटीशन में कक्षा 6वीं के अंजलि वस्त्राकर को आर्ट मेरिट अवार्ड, जीविका साहू (कक्षा 1ली), मित निषाद, रीतिका वर्मा (कक्षा 2री), आकृति ओगरे (कक्षा 3री), जागृति सिंह, अनिमेष यादव (कक्षा 5वीं), गुड़िया कुमारी (कक्षा 6वीं), मुस्कान चक्रधारी (कक्षा 12वीं) को गोल्ड मेडल अवार्ड, प्रियंका थवैत (कक्षा 9वीं) को ब्रोंज मेडल अवार्ड, कलरिंग कॉंपीटीशन में शिवम वर्मा, पहल देवांगन (कक्षा 1ली), तोशिका पाल (कक्षा 2री), साक्षी वर्मा (कक्षा 3री), नमन निर्मलकर (कक्षा 3री), ऐशानी ओगरे, नगमा फातिमा (कक्षा 4थी), सुमन वर्मा, अंशिका वर्मा (कक्षा 7वीं), प्रिया वर्मा (कक्षा 8वीं), मानसी पांडे (कक्षा 9वीं) को गोल्ड मेडल अवार्ड, जिज्ञासा यादव (कक्षा 1ली), रिया वर्मा (कक्षा 5वीं), आयुष नायक (कक्षा 7वीं) को ब्रोंज मेडल अवार्ड, ग्रीटिंग कार्ड कॉंपीटीशन में मो. ताबिश (कक्षा 3री) को गोल्ड मेडल अवार्ड, दिव्यान्श यादव (कक्षा 5वीं) को ब्रोंज मेडल अवार्ड मिला 7 कलरिंग कॉंपीटीशन में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए आराध्य वर्मा उर्मि वर्मा को सरप्राईज गिफ्ट प्राप्त हुए। प्राचार्य एवं डायरेक्टर्स ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए।

सार-संक्षेप

पिथौरा के खेल मैदान में लगेगा विद्युत लाइट

पिथौरा, 9 दिसंबर। नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव के सराहनीय प्रयास से पहले पिथौरा खेल मैदान में चारों ओर विद्युत पोल लगाकर खेल मैदान को आकर्षक बनाया। अब पिथोरा नगर के खिलाड़ियों के लिए एक और खुशखबरी है पिथोरा नगर के खेल मैदान में फ्लड लाइट लगाने का कार्य आरंभ किया गया। आज नगर के सभी खिलाड़ियों के उपस्थिति में अध्यक्ष आत्मारम यादव ने मैदान में फ्लड लाइट कार्य आरंभ किया। नगर के सभी खिलाड़ियों ने पिथोरा का खेल मैदान की इस उपलब्धि के लिए अध्यक्ष आत्मा राम यादव, नगर पंचायत अधिकारी महेंद्र महेंद्र गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

भागवत कथा समिति ने की साफ-सफाई

खरोरा, 9 दिसंबर। ग्राम पंचायत माठ में माता चितावर दाई के प्रांगण पर छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति के नेतृत्व व भागवत कथा समिति के द्वारा सफाई किया गया। ग्राम पंचायत माठ के माता रानी देवस्थल में 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन यहां श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलता है। समिति के सदस्यों ने कहा कि हम सब अपने गांव को साफ सुथरा करते हुए बदलाव कर सकते हैं जिसमें सभी साथ मिलकर एक अच्छे विचार के साथ लोगों के पास पहुंच कर जागरूक करने अथक प्रयास करेंगे।

सहकारी समितियों से 4 लाख क्विंटल धान उठाव के लिए राइस मिलरों को डीओ जारी

बिलाईगढ़, 9 दिसंबर(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर राज्य सहकारी जिला विपणन केंद्र (मार्कफेड) द्वारा राइस मिलरों के माध्यम से धान का उठाव प्रारंभ किया गया है। सहकारी समिति में धान खरीदी के बाद विगत एक सप्ताह से हल्की बारिश का मौसम था। समितियों को अब तक खरीदे गए धान का रखरखाव करना पड़ता है। इसके निराकरण के लिए अभी तक खरीदी किए गए 05 लाख क्विंटल धान में से 04 लाख क्विंटल का डीओ जारी किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव ने जानकारी दी है कि जिले के सहकारी समितियों में किसानों से किए गए धान खरीदी को राइस मिलरों द्वारा अब तक 12 हजार क्विंटल धान का उठाव कराया गया है। जिले में अभी तक 99 राइस मिलर द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

उबल रहा दूध पाउडर और पैक्ड मिल्क

भाटापारा, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। दूध के बाजार में मिल्क पाउडर और पैक्ड मिल्क की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। बढ़त के बाद इन दोनों ने इस बाजार के लगभग 40 फीसदी हिस्से में कब्जा जमा लिया है। यह बढ़त की ओर ही नजर आ रहा है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र की किराना दुकानों में दोनों की उपलब्धता सहज होने लगी है। मांग के दिनों में दस्तक दे दी है। मौसम का भी पूरा साथ मिल रहा है। हालत यह है कि डेयरियों का समूचा दूध खप जा रहा है क्योंकि होटल और घरेलू मांग में लगभग दुगोदी बढ़त हो चुकी है। ऐसे में मांग का दबाव पैक्ड मिल्क और दूध पाउडर पर बढ़ रहा है।

निकली मांग होटल और स्वीट कॉर्नरों से

पहली मांग यहां से

स्वीट कॉर्नर और टी स्टॉल। यह ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दूध की सबसे ज्यादा खपत होती है। नियमित मांग को पूरा कर पाने में लगभग अक्षम हो चुकी डेयरियों की स्थिति देखते हुए यह बड़ा उपभोक्ता क्षेत्र, अब मिल्क पाउडर और पैक्ड मिल्क की ओर कदम बढ़ा चुका है। दूसरा मांग क्षेत्र घरेलू बाजार है, जहां मासिक उपभोक्ताओं की पहुंच होती है। इसके अलावा सीजन और पर्व पर अलग से डिमांड निकलती है।

मांग और उपलब्धता

शीत ऋतु ने दस्तक दे दी है। ऐसे में घरेलू और टी कॉर्नर की मांग लगभग 12 हजार से 15 हजार लीटर दूध की बताई जा रही है लेकिन उपलब्धता महज 9 हजार लीटर की ही है। ऐसे में स्वीट कार्नरों की खरीदी का प्रवाह दूध पाउडर और पैक्ड मिल्क की ओर बढ़ा हुआ है। आगत दिनों में इसमें गति और बढ़ाने की संभावना है क्योंकि मौसम का पूरा लाभ मिल रहा है दूध की मांग बढ़ने से।

इसलिए पाउडर और पैक्ड मिल्क

स्वीट कॉर्नर से मिली जानकारी के अनुसार पैक्ड मिल्क और मिल्क पाउडर से बनाए जाने वाले दूध की सेल्फ लाइफ अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। इसलिए इससे बनने वाली सामग्रियों की उम्र ज्यादा हो जाती है। कारोबारियों के अनुसार बेकरी आइटम, कन्फेक्शनरी के अलावा दोनों का उपयोग रबड़ी और दूध से बनने वाली खाद्य सामग्रियों में किया जा रहा है।

पलारी में शोभायात्रा 17 को

पलारी, 9 दिसम्बर (देशबन्धु)। पलारी ब्लाक मुख्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास जयंती के पूर्व संध्या पर पलारी नगर में सतनामी समाज द्वारा भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाली जाएगी। गुरु दर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान करने धर्म गुरु मुक्ति दास जी खपरीपुरी धाम के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी।जिसमें अंचल के जनप्रतिनिधि गण सभी समाज के प्रमुख गण उपस्थित रहेंगे। शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए समाज प्रमुखों का सतनाम भवन पलारी में आवश्यक बैठक आहूत किया गया जिसमें आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें महेश डीढी को संयोजक एवं वावेल राबर्ट एवं जेएल जोशी को सहसंयोजक बनाया गया है इस संचालन समिति में ललित घृतलहरे,मोहन बंजारे,सरजू प्रसाद घृतलहरे,महेश बास्ले, नीलकमल आजाद,हरिश गेन्ड्रे जसनारायण गायकवाड़, कमल नारायण कूर्रे,गुलशन गायकवाड़ विक्रम राय, बसंत जांगड़े, एम मनहर, कृष्णा जांगड़े,रवि बंजारे,खेलावन घृतलहरे, अनिल आडिल, नेमूदास सोनवानी विश्वनाथ मांडले, संत जलहरे,नेमसिंह बांधे चरणदास तेहरवंश ,मोहर चतुर्वेदी , परमेश्वर गेन्ड्रे को जिम्मेदारी दी गई है।।आयोजन को सफल बनाने तन मन धन से सहयोग करने तथा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील किया गया है। समाज प्रमुखों द्वारा पूरे क्षेत्र में गुरु घासीदास जयंती पर्व को सादगी के साथ 18 दिसम्बर को ही आयोजित करने की अपील किया गया है।

निधन

फुलकुंवर पटेल

झलेप-महासमुंद, 9 दिसंबर। ग्राम गोंगल निवासी श्रीमती फुलकुंवर पटेल का आज निधन हो गया। वे लगभग 98 वर्ष की थीं। श्रीमती पटेल सरपंच संघ जिलाध्यक्ष रूपलाल पटेल व भूषण लाल पटेल की माता थीं। उनकी अंतिम संस्र गृहग्राम गोंगल में किया गया। जिसमें आसपास के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



फिरतूराम चतुर्वेदी

संडीबंगेला/बलौदाबाजार, 9 निधन हो गया। ग्राम सुन्द्रावन के पूर्व पंच फिरतू राम चतुर्वेदी उम्र 78 वर्ष का आकस्मिक वे सरपंच रूपेन्द्र कुमार चतुर्वेदी व प्रकाश चंद के पिता एवं मनीष कुमार के दादा थे। उनकी अंतिम संस्कार में आस पास के सामाजिक, गणमान्य नागरिक सहित परिवारजन बडी सख्या में उपस्थित थे।



प्रेस क्लब के सदस्यों ने बृजमोहन को दी बधाई

गरियाबंद, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से प्रचण्ड बहुमत से विजयी हुए भाजपा के लोकप्रिय विधायक व पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से गरियाबंद प्रेस क्लब के सदस्यों ने शनिवार शाम नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फ़ू मेमन के साथ सौजन्य मुलाकात की। श्री अग्रवाल के ऐतिहासिक जीत पर उन्हें गुलदस्ता भेट करते हुए बधाई दी। ज्ञात हो कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने लगातार आठवीं बार रिकॉर्ड 67 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज की। पूरे प्रदेश में वे सबसे अधिक मतों से जीतने वाले प्रत्याशी भी है। जीत के बाद लगातार उनके निवास में बधाई देने वाले उनके समर्थकों, शुभचिंतकों, पार्टी कार्यकर्ताओ की भीड़ देखने को मिल रही है। इस अवसर पर गरियाबंद प्रेस क्लब के संरक्षक फारूक मेमन, भीखु भाई मयाणी, जिला अध्यक्ष ज्ञानेश तिवारी, उपाध्यक्ष महेंद्र सहिस, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर फुलझेले, सागर मयाणी, फराज मेमन, रमेश देवदास, सुनीता राजपूत, खिलेश गोस्वामी के साथ ही भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सह संयोजक आशीष शर्मा भी उपस्थित थे।

प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण युवाओं के लिए अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 को जांजगीर-चांपा में

बिलाईगढ़, 9 दिसंबर (देशबंधु)। भारतीय थलसेना (अग्निवीर) भर्ती रैली की अप्रैल में आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश (सीईई) परीक्षा में उत्तीर्ण सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं का आयोजन 16 दिसंबर 2023 को जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस लाईन खोखराभांठा में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रैली में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक दस्तावेजों को लेकर जाना अनिवार्य है। जिसमें कक्षा 10वीं, 12वीं अंकसूची, टीसी, निवास प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त जाति प्रमाण पत्र, स्कूल या सरपंच द्वारा जारी फोटो युक्त चरित्र प्रमाण पत्र, सरपंच या पार्षद द्वारा जारी अविवाहित प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सेंट्रल कास्ट सर्टिफिकेट, एनसीसी सर्टिफिकेट, नेशनल लेवल का खेल प्रमाण पत्र, सिंगल बैंक खाता, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पुलिस स्टेशन का चरित्र प्रमाण पत्र, 10 रूपए के स्टाम्प पेपर में रैली भर्ती शामिल होने हेतु नोटरी द्वारा जारी शपथ पत्र, 03 माह के भीतर वाला सफेद या नीला बैकग्राउंड वाला 20 पासपोर्ट साईज फोटो, आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर, 10वीं, 12वीं ओपन स्कूल से पास हुए अभ्यर्थी बीईओ-डीईओ से सत्यापित मार्कशीट तथा ट्रैडमेन भर्ती के लिए केवल 8वीं की अंकसूची आदि शामिल है।

नशे के खिलाफ खरोरा पुलिस प्रशासन मुस्तैद

69 पौव्वा देसी शराब के साथ पुलिस ने 2 कोचिए को पकड़ा

खरोरा, 9 दिसंबर। इलाके में शराब की अवैध बिक्री को रोकने पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। इसके तहत शुक्रवार को खरोरा पुलिस ने 2 गांवों में 2 कोचियों से 69 पौव्वा देसी शराब जब्त की है। इसकी कीमत 8,370 रुपए बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने सबसे पहले असींदा गांव में मांठ कॉलेज के पास 19 साल के चंद्रहास निर्मलकर से 32 पौव्वा शराब जब्त किया। इसकी कीमत 3.520 रुपए बताई गई है। जबकि, दूसरी कार्रवाई कोरासी गांव में रतवा तालाब के पास की गई। यहां 45 साल के शत्रुहन सेन से 35 पौव्वा शराब जब्त की गई है। इसकी कीमत 3,850 रुपए बताई जा रही हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। टीआई केके कुशवाहा ने बताया, कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी। जो भी शराब बिक्री, जुआ, सट्टा, गांजा या दूसरे अनैतिक काम में लिप्त है, उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। गांववालों ने इस कार्रवाई पर कहा कि पुलिस ने जिस तरह से कोचियों की धरपकड़ शुरू की है, यह सराहनीय है। इसकी शिकायत हम लगातार करते आ रहे थे। कुछ लोगों ने डराया-धमकाया। फिर भी हम पीछे नहीं हटे। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई से शराब बिक्री कर गांव का माहौल खराब करने वालों में दहशत है। ये कार्रवाई आगे भी जारी रहनी चाहिए।

प्रादेशिकी का शेष...

नगर में नवनिर्वाचित विधायक...

विधायक श्रीसाहू रथ से नीचे उतरकर सपरिवार मंदिर पहुंचे और माताजी की पूजा-अर्चना की। यहां से नगर पालिका चौक,मंडी चौक,सोमवारी बाजार चौक,पंजवानी चौक होते हुए वापस नेहरू गार्डन पहुंचे। रास्ते भर विधायक श्री साहू का नगरवासियो ने ऐतिहासिक स्वागत किया। कई जगह श्री साहू की आरती उतारी गई।

घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार...

का पैसा उजागर न हो जाए। क्या जब्त किए गए अरबों रुपए में कहीं प्रदेश के कांग्रेसी नेताओ के पैसे तो नहीं है। श्री धुरंधर ने सवाल किया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने जो तीन परदेसिया सांसद छत्तीसगढ़ के बाहर के बनाए हैं क्या उसमें भी इसी प्रकार का भ्रष्टाचार हुआ है ? आईएनडीआई एलायंस का सामान, बेंगलुरु में कांग्रेस नेता के रिश्तेदार के घर से मिले 42 करोड़ कैश, यूपी विधानसभा चुनाव के समय की रेड में पीयूष जैन के यहाँ से मिले 200 करोड़ रुपये कैश, जुलाई 2022 में ममता दीदी के मंत्री पार्थ चटर्जी के ठिकानों से मिले 50 करोड़ कैश और करोड़ों के गोल्ड 142 करोड़ रुपए चेन्नई में आयकर विभाग की छापामारी के दौरान जब्त किए गए थे, जून 2022 में सत्येंद्र जैन के ठिकानों से ईडी को मिला 2.82 करोड़ कैश के साथ सोने के 133 सिक्के झारखंड में मई 2022 में ईडी की छापेमारी में अधिकारियों के घर से 20 करोड़ से अधिक कैश बरामद हुए, कानपुर में आयकर छापे में बंद हो चुके 500-1000 के 95 करोड़ बरामद हुए, झारखंड में ईडी सरकार में मनरेगा में 550 करोड़, कोयला आवंटन घोटाला, अवैध खनन में 1,500 करोड़, ग्रामीण विकास निधि में 1,500 करोड़, भूमि घोटाला में 3,000 करोड़, शराब में, 1500 करोड़ के घोटाला सहित कई घोटालों के मुद्दों को भारतीय जनता पार्टी ने प्रमुखता से उठाया।

वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता श्री धुरंधर ने कहा कि आयकर विभाग की 40 सदस्यीय टीम ने बुधवार की सुबह 6.30 बजे से धीरज साहू के व्यापारिक समूह के 10 ठिकानों पर ओडिशा के बौध, बोलांगीर, रायगढ़ा व संबलपुर के अलावा झारखंड के रांची-लोहरदगा और कोलकाता में एक साथ छापेमारी शुरू की थी। कार्रवाई अभी जारी है। धीरज साहू की शराब बनाने वाली कंपनी बलदेव साहू एंड रुप ऑफकंपनीज पर आयकर विभाग की छापेमारी की गई है। साहू रुप में सांसद के परिजन शामिल बलदेव साहू एंड रुप ऑफकंपनीज में सीधे तौर पर धीरज साहू के अलावे उनके परिवार के राज किशोर साहू, स्वराज साहू और परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हैं। धीरज साहू तीसरी बार राज्यसभा सांसद बने हैं। धीरज साहू के रिश्तेदारों के नाम पर ओडिशा में शराब का बड़ा कारोबार है। बलदेव साहू एंड रुप ऑफकंपनीज मूल रूप से लोहरदगा की है। पत्रकार वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी भाजपा रितेश श्रीवास्तव, प्रणव अवस्थी, पोखराम विश्वकर्मा, आयुष बाजपेई, सुनील यादव मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र में सुना गया...

प्रत्येक दिन दो कार्यक्रम 4 -4 घंटे का होगा। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत पात्र लोगों को दिलाना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना आदि योजनाओं से वंचित लोगों का पंजीयन किया जाएगा। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र ,कृषि विभाग एवं बैंक के अधिकारियों के द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में खाद्य विभाग, कृषि विभाग, आयुष विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा स्टाल भी लगाए गए थे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम भाटापारा श्री नरेन्द्र बंजारा, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अंगद सिंह राजपूत, उप संचालक कृषि श्री दीपक कुमार नायक, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ एलएस ध्रुव सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में होगा कार्यक्रम

फिंगेश्वर, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। आज फिंगेश्वर नगर में श्री राम मंदिर अयोध्या से आने वाले अक्षत कलश का वितरण के संबंध में आवश्यक बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं सभी समाज के लोगो के साथ रखा गया था जिसमे 22 जनवरी 2024 को होने वाले श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं अयोध्या से आये अक्षत एवं आमंत्रण कार्ड को प्रत्येक घरों में वितरण की वितरित किया जाएगा । इस महाअभियान में हमारा फिंगेश्वर विकासखण्ड के प्रत्येग ग्राम के प्रत्येक घरों में मनाने का आग्रह इस समिति के माध्यम से किया जाएगा। वितरण के लिए प्रत्येक ग्राम तक समिति का निर्माण एवं 22 जनवरी 2024 को भगवान राम जी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने पर प्रत्येक ग्राम, नगरों के प्रत्येक घरों में दीपावली जैसा माहौल हो इस अवसर को दोपोत्सव हो, आतिशबाजी हो इस निमित्त सभी स्थानों पर समिति का निर्माण के माध्यम इस कार्य होना है। बैठक ले रहे विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री श्री वेद राम नन्दे जी ने बताया कि राम मंदिर 500 सालों की तपस्या का परिणाम है। हिन्दू समाज ने आनेक बलिदान दिए जिसके कारण आज राम जी का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ और हम सभी हिन्दू समाज के लोगो से अपील करने आये हैं कि आप सभी इस प्राण प्रतिष्ठा को भव्य तरीके से मनाए। फिंगेश्वर नगर समिति में संतोष पूरी गोश्वामी को नगर संयोजक, मोहन शर्मा को नगर सह संयोजक, धनझय हरित को नगर सह संयोजक बनाया गया है। महिला समिति के लिए श्रीमती शीतल राजपूत को मातृशक्ति संयोजिका, श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव को सह संयोजिका, श्रीमती मंजुलता हरित को सह संयोजिका बनाया गया। विकासखण्ड समिति में संयोजक श्री भानुप्रताप ध्रुव, सह संयोजक जयप्रकाश साहू जी, कुणाल साहू को सह संयोजक बनाया गया। बैठक के बाद सभी ने ? का उच्चारण कर सहमति बनी एवं सभी ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने अस्वस्थ किया। बैठक में फिंगेश्वर नगर सहित विकासखण्ड के लोग उपस्थित रहे।

कलेक्टर से की श्रमजीवी पत्रकार संघ भटगांव के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट

पत्रकारों ने सारबिला कोचिंग भटगांव व अन्य विषयों पर की चर्चा

भटगांव/बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी ने अब्बास अली सैफी प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष गोल्डी नायक की अगवाई में जिले की संवेदनशील कलेक्टर डॉक्टर फरिहा आलम सिद्दीकी से सौजन्य भेंट की। जिले में विधानसभा चुनाव निर्वाचन के दरमियान निर्वाचन कार्य की निर्विवाद रूप से शांति और सफलतापूर्वक संचालन को लेकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न समस्त जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की।

जिला अध्यक्ष गोल्डी नायक ने जिले के पत्रकार साथियों से परिचय करवाते हुए जिला कलेक्टर को पत्रकार साथियों के लिए अस्थाई रूप से भवन कार्यालय एवं स्थाई रूप से जमीन आवंटन करने की विषयों पर चर्चा की। वरिष्ठ पत्रकार अब्बास अली सैफी ने बताया कि पत्रकार साथियों को बिलाईगढ़ डोंगरीपाली बरमकेला कोसीर सरिया जैसे दूरस्थ अंचल से जिला मुख्यालय में आकर समाचार संकलन तथा अन्य पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने हेतु भटकना पड़ता है। पूर्व में पत्रकारों ने आवेदन भी दिया है जिस पर उचित पहल करें। भटगांव क्षेत्र के पत्रकारों ने भटगांव में संचालित सारबिला कोचिंग में जो की प्रथम पाली में संचालित हो रही है उसे द्वितीय पाली में भी समय व सुविधा अनुसार संचालित करने की बात रखी। जिस पर जिला कलेक्टर ने कोचिंग सेंटर की कार्यप्रणाली, युवा और छात्रों की जागरूकता और शिक्षा स्तर के विषय में जानकारियां ली और संबंधित विभागीय अधिकारियों सुबह के पाली में बहुत से छात्रों को कोचिंग का लाभ नहीं मिल पा रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए 3 से 5 बजे के बीच पाली के समय लगता है तो बहुत से छात्रों में कोचिंग का लाभ मिल सकता है। पत्रकारों ने अन्य कई विषयों पर जिला कलेक्टर से चर्चा की तत्पश्चात उन्होंने जिले के अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी एवं सहायक कलेक्टर तथा चुनाव अधिकारी प्रकाश भारद्वाज के चेंबर में मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर उन्हें बधाई प्रेषित की। जिला कलेक्टर एवं जिले के अधिकारियों ने पूरे चुनाव दरमियान जिले के पत्रकारों और संपूर्ण मीडिया कर्मियों के सहयोग और चुनाव कार्य के निरंतर प्रसारण हेतु धन्यवाद दिया। उक्त अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव अब्बास अली सैफी, संभाग सचिव यशवंत सिंह ठाकुर, गोल्डी नायक जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार भरत अग्रवाल, धर्मेंद्र साहू भटगांव तहसील अध्यक्ष, रुपनारायण सिंह राजपूत, देवेंद्र केसरवानी सरसीवा, योगेश केसरवानी, खिलेश्वर पटेल, राजा खान, जीतू गुप्ता, अरुण निषाद, सुभाष जायसवाल, इंद्रजीत सिंह मेहरा, विश्वनाथ बैरागी, दिलीप टंडन, मंथन जी आदि पत्रकार साथी शामिल रहे। जिला अध्यक्ष गोल्डी नायक, सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गोपेश रंजन द्विवेदी, बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र देवांगन, बरमकेला ब्लाक अध्यक्ष अश्वनी साहू ने जिला अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को सफल चुनाव कार्यक्रम के संचालन की बधाई प्रेषित की।

अति कलेक्टर निष्ठा पांडे एवं प्रकाश भारद्वाज को दी

अल्ट्राटेक ने किया दिवाली मिलन समारोह का आयोजन

बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक निकटवर्ती 15 गांव के सरपंच एवं जनपद सदस्यों के सम्मान में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन सी.एस.आर. सेन्टर आडिटोरियम मे किया गया। इस मिलन समारोह मे ग्राम रावन, झीपन, रवेली, पडकीडीह, खपराडीह, सरसेनी, चुचरुंगपुर, गुमा, पेन्ड्री, कसहीडीह, अमेरी, छीराही,नेवारी, फुलवारी, तिल्दाबांधा, से माधुरी संतराम वर्मा, गंगा इनुराम वर्मा, लीलाराम ध्रुव, जसपाल रात्रे, उर्मीला रमेश ध्रुव, लक्ष्मी रोमनाथ साहू, सीमा सुरेन्द्र सोनवानी, सीरोजनी मनी मांडले, रोशनी रामगोपाल बांधे, सुनिता ईंगुराम बांधे, वेद प्रकाश वर्मा, अनिता घनश्याम साहू, सुनंदनी मांडलेश्वर जांगडे, गंगोत्री अनिल यादव सरपंच, रावन झीपन रवेली से जनपद दम्मयती सुरेन्द्र कुमार वर्मा, पडकीडीह खपराडीह से सरोजनी श्यामलाल बघमार, सरसेनी चुचरुंगपुर गुमा से लखनलाल ध्रुव, पेन्ड्री कसहीडीह से अनुपम अग्रवाल, नेवारी फुलवारी तिल्दाबांधा से करुणा राजू भरद्वाज जनपद सदस्य ने भाग लिया।

अल्ट्राटेक प्रबंधन से संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर, एफएचआर बिनोद नांबियार, एफएच मांइस विनय सारदा चितले, एफएच टेकनिकल पवन कुलकरनी, एफएचसी राजेश केडीया, एडमीन सेक्युरीटी डीएच संजीव मिश्रा ने भाग लिया। कार्यक्रम में गुमा से आये बाल कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभी सरपंच एवं जनपद सदस्यों ने अल्ट्राटेक रावन के सी.एस.आर. गातिविधियों की सराहना की तथा इस आयोजन का पर आंमत्रित करने हेतु सधन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से यूनिट हेड राजेश शंकर ने अपने वक्तव्य मे मिलजुल कर आगे बढने की बात कहीं। श्री नाम्बियार ने गाँव की विकास की भूमिका मे सरपंच पंचायत एवं जनपद सदस्य की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सी.एस.आर. टीम से सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति सुरेन्द्र यादव, दया वर्मा, द्वारिका वर्मा जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, शाहिल पैकरा, धनेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू का भूमिका रही।

ठिठुरन से बचने पालिका द्वारा की जा रही है चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था

महासमुंद, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। तेज़ ठंड और ठिठुरन को देखते हुए कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे के आदेश पर नगर के विभिन्न स्थानों में अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। नेहरू चौक, बरोड़ा चौक, एकता चौक, बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। ताकि लोगों को ठंड से निजात मिल सके। अलाव जलते ही आने जाने वाले राहगीर ठंड से बचने के लिए अलाव के पास पहुंच रहें हैं। ठंड के मौसम तक नगर पालिका के चौक चौराहों आदि स्थानों में प्रतिदिन अलाव जलाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने कहा है कि तापमान में गिरावट आ रही है। जिससे ठंड काफी बढ़ गयी है। शहर में गरीब और नि:सहाय लोगों और वैसे लोग जिन्हें ठंड से बचने के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं है, वैसे लोगों के लिए अलाव ही एकमात्र सहारा है। इसको देखते हुए प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव जलाया जा रहा है। जिले के अन्य नगरीय निकायों में भी अलाव की व्यवस्था कलेक्टर के निर्देश पर की जा रही है

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से किया संवाद

महासमुंद, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों एवं किसानों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर महासमुन्द में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू मौजूद थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं का पूर्ण लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद में मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू ,कलेक्टर प्रभात मलिक,जिला पंचायत सीईओ आलोक मौजूद थे। वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सभी के समवेत प्रयास से ही भारत विकसित बनेगा। हम सभी को पूरी निष्ठा और बेहतर प्रयासों से ही भारत को विकसित बनाना है। मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है।

सांसद चुन्नी साहू शामिल हुए वर्चुअल कार्यक्रम में

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं का पूर्ण लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है। जिससे लोगों को कम समय में ही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, मुद्रा योजना ने लोगों के जीवन में बदलाव लाया है, इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। स्वसहायता समूह से जुड़कर महिलाएँ नये रोजगार सृजित कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रहीं हैं। युवा वर्ग कौशल उन्नयन कर स्वरोजगार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना आगामी समय में कृषि व महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। ड्रोन के माध्यम से उन्नत कृषि व आधुनिकीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा तथा ड्रोन के संचालन से महिलाएं स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त करेंगी। इस दौरान उन्होंने फिट इंडिया मुवमेंट के संबंध में भी चर्चा की और सभी वर्ग के लोगो को फिट रहने प्रोत्साहित किया। उक्त वर्चुअल कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से देशभर से लोग जुड़े रहे। सांसद श्री साहू ने जानकारी दी कि महासमुंद में जल्दी ही विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ सभी ग्राम पंचायत में जाएगी और लोगों को सरकार की योजना के बारे में जानकारी देगी, जिससे सभी लोगों को इसका लाभ मिल सके। महासमुंद जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर के वर्चुअल कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक संदीप दीवान, येतराम साहू, श्रीमती मीना वर्मा ,श्रीमती हेमलता यादव,श्रीमती सुधा साहू,श्रीमती शुभा शर्मा,मधु यादव, जितेंद्र साहू,पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमुख एस के वर्मा,कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप, अधिकारीए कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही मौजूद थे।

जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य पर जिले में हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य गतिविधियों पर ग्राम स्तर पर विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर पर्यावरण बचाने का संदेश समुदाय में दिया गया। इस बारे में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर 2 दिसम्बर से 8 दिसम्बर तक जिले भर में जलवायु परिवर्तन तथा मानव स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पर्यावरण को बचाने दिया गया संदेश

जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के माध्यम से स्कूल कॉलेज में विद्यार्थियों हेतु परिचर्चा पोस्टर रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के संबंध में जानकारी देते हुए दुनिया मे बढ़ रहे प्रदूषण से उत्पन्न खतरे पर चर्चा की गई। समुदाय में इसके बचाव के लिए प्रदूषण की रोकथाम एवं इको फ्रेंडली दैनिक व्यवहार जैसे धूम्रपान न करना, प्लास्टिक का प्रयोग न करना, कचरा इधर-उधर ना फेंकना जैसे तरीकों को बताया गया। इसके साथ ही साथ स्कूल परिसर में नीम, आँवला जैसे वृक्षों का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। इस पूरे कार्यक्रम का थीम रहा ष्हरियाली अपनाये और शुद्ध सांस लेंषु (गो ग्रीन एंड ब्रीथ प्योर एयर)।

कार्यक्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता एवं जन आरोग्य समितियों के सदस्य गण भी उपस्थित रहे मितानिनों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता दिखाई।

आज आरंग पहुंचेगी पवित्र अक्षत कलश, स्वागत के लिए आरंग में उत्साह का माहौल

आरंग, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश रविवार को महान दानी राजा मोरध्वज की नगरी आरंग पहुँचेगी।आरंग में अक्षत कलश के भव्य स्वागत की तैयारी है जिसे लेकर आरंग के नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।रविवार को अक्षत कलश प्रभु श्री राम के ननिहाल और माता कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी से आरंग लाया जाएगा।आरंग के बैहार से पवित्र अक्षत कलश का स्वागत वंदन शुरू होगा जो कॉलेज चौक,इंदिरा चौक,महामाया पारा, बस स्टैंड,नेताजी चौक होते हुए श्याम बाजार,आज़ाद चौक,मछली चौक से बागेश्वर मंदिर पहुँचेगी। बागेश्वर मंदिर में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।पवित्र अक्षत कलश बाबा बागेश्वर मंदिर में 1 जनवरी तक विराजमान रहेंगे और प्रतिदिन श्रद्धालु इनके दर्शन कर सकेंगे। आरंग में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा अक्षत कलश का स्वागत किया जाएगा।स्वागत को लेकर आरंग में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

तिगड्डा चौक में मछली मार्केट लगने से लोगों को हो रही परेशानियां

अर्जुनी/बलौदाबाजार, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। अर्जुनी के टोनाटार तिगड्डा चौक में मछली मार्केट लगने से लोगों को आने-जाने में असुविधा हो रही है। इस मार्ग से स्कूल पढ़ने वाली छात्र-छात्राएं,महिलाएं एवं टोनाटार, नवागांव, धवाई बोरसी, मोपका तक जाने वाले लोग यहीं पर बस स्टॉप होने के कारण रुकते हैं और यही से आगे प्रस्थान करते है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के बाउंड्री वॉल हैं बाउंड्री वॉल की फिनिशिंग तार टूटने के कारण मछली बेचने वाले लोग अपने चार पहिया वाहन बोलोरो पिकअप को स्कूल परिसर में रख देते हैं और शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। गंभीर दुर्घटना की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल मछली मार्केट को हटाने की मांग शासन प्रशासन से किया है जबकि ग्राम पंचायत के सरपंच प्रमोद जैन के द्वारा मछली बेचने वाले कोचियों को वहां पर दुकान नहीं लगाने की हिदायत पूर्व में दिया गया था।

आज स्थिति यह हो गई है कि टोनाटार चौराहे पर शराबियों का भीड़ लगा रहता है लोग वहीं पर शराब पीते रहते हैं। इस पर प्रशासनिक अधिकारी मौन है।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से की चर्चा

गरियाबंद, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा 15 नवम्बर से प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का उददेश्य समस्त देशवासियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरूक करते हुये अधिकाधिक लोगों को इनका लाभ दिलाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभांवित देशभर के हितग्राहियों से चर्चा की। वर्चुअल कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद में भी आयोजित किया गया। इसमें जिले के ग्रामीणों ने शामिल होकर प्रधानमंत्री के वक्तव्य का श्रवण किया। इं. गां.कृ.वि.वि. के कुलपति एवं कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद श्रीमती रीता यादव की उपस्थिति में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा कार्यक्रम च्वॅविकसित भारत संकल्प यात्राज का वेबकास्टिंग के माध्यम से कृषकों द्वारा अवलोकन किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद में जिले के कृषकगण वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

वर्चुअल कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, 'देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की किसी न किसी योजना से लाभ जरूर हुआ है। और जब ये लाभ मिलता है तो आत्मविश्वास बढ़ता है। जीवन जीने की एक नई ताकत आती है। पीएम मोदी ने कहा कि मौजूदा सरकार महतारी-बाप की सेवा की सरकार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का हर गरीब और वंचित व्यक्ति उनके लिए पूज्य है। पीएम श्री मोदी ने नमो ड्रोन दीदी अभियान के बारे में कहा कि वे इस देश की बहनों को नमो दीदी अभियान और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से लखपति दीदी बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुँचने का एक सशक्त माध्यम बन गई है, जिन्हें सरकारी स्कीमों का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने लाभार्थियों की पहचान की है और इस अभियान के माध्यम से उन तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंच चुके है। इन वाहनों के माध्यम से 35 लाख से अधिक आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गए हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद में इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया के द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एवं उद्देश्य के बारे में बताया गया। साथ ही उप संचालक कृषि श्री चन्दन कुमार राय द्वारा उपस्थित कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति, मुदा स्वाथ्य कार्ड योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल क्षति की स्थिति में 72 घण्टों के भीतर टोल फ्री नम्बर 18002095959 में अपनी फसल क्षति की सूचना देने का आग्रह किसानों से किया गया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. शालू अब्राहम के द्वारा प्राकृतिक खेती के विषय पर विस्तृत प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक खेती के घटक जीवामृत, घनजीवामृत बनाने की विधि का जीवन्त प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण उपरांत चयनित कृषकों को मुदा स्वास्थ्य कार्ड, सब्जी बीज मिनिकिट, दलहन बीज मिनिकिट, फलदार पौधों का वितरण एवं सहायक संचालक मछली पालन श्री वशिष्ठ के द्वारा मछली जाल, आईस बॉक्स का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में उप संचालक पशु धन विकास विभाग ओंकार तिवारी, सहायक संचालक कृषि संदीप भोई, नरसिंग ध्रुव, महेश पैकरा, रमेश कुमार निषाद एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक मनीष आर्या, डॉ. ईशु साहू इंजी. प्रवीण कुमार जामरे, डॉ. ज्योति रमा भारद्वाज, श्री तुषार मिश्रा एवं जिले के कृषकगण उपस्थित रहे।

कार से शराब का अवैध परिवहन, भेजा गया जेल

महासमुंद, 9 दिसंबर (देशबन्धु)। पटेवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 53 पर स्थित नूनमीचां ढाबा के संचालक प्रहलाद बैस पिता जगदीश बैस द्वारा अपने कार क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 6003 में 62 पौव्वा देशी शराब अवैध तरीके से परिवहन करते मिला। जिस पर पटेवा पुलिस द्वारा कार्रवाई कर मामला बनाया गया है। उक्त आरोपी मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम गोही के श्रीराम चौक भाठापारा का रहने वाला है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति अवैध शराब का परिवहन कर रहा है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, एसडीओपी पिथौरा प्रेमलाल साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शशांक पौरानिक, भागवत, आशीष जांगड़े की भूमिका रही। आरोपी को धारा 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।